सूर्योदय : 6:32
सूर्यास्त : 5:13
अधिकतम तापमान : 27.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-166 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 25 नवम्बर 2023
09 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com

## न्यूज डायरी

### सुनवाई टली

**वाराणसी।** ज्ञानवापी स्थित व्यास जी की गद्दी डीएम को सुपुर्दगी के मामले में जिला जज की अदालत में सुनवाई टल गई है। एक अधिवक्ता के निधन के कारण सुनवाई नहीं हो पाई। अदालत ने अब 29 नवंबर की तारीख नियत की है। बता दें कि पक्षकार बनने के लिए विश्वनाथ मंदिर के वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने इसे सामान्य नहीं राष्ट्रीय मसला बताते हुए लंबी दलील रखने की बात कही। अदालती समय कम होने के कारण अदालत ने सभी पक्षकारों की सहमति से 24 को लंच बाद सुनवाई की तिथि तय कर दी थी।

### सीएम ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान वीरगति को प्राप्त अलीगढ़ निवासी पैरा कमांडो सचिन लौर को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने अपने एक्स एकाउंट पर लिखा कि राष्ट्र की सेवा में शहीद हुए जनपद अलीगढ़ निवासी पैरा कमांडो श्री सचिन लौर जी को विनम्र श्रद्धांजलि। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। इस दुःखद घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं। प्रभु श्री राम दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान व शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति दें। ऊं शांति।

### मांस की दुकानें आज बंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 25 नवंबर को साधु टीएल वासवानी की जयंती के अवसर पर नो नॉन-वेज डे घोषित किया गया।

शनिवार को प्रदेश में सभी स्लॉटर हाउस और मांस की दुकानें बंद रहेंगी। उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने प्रदेश के सभी मंडल आयुक्त, नगर आयुक्त और जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर कहा महावीर जयंती, बुद्ध जयंती, गांधी जयंती, शिवरात्रि महापर्व और साधु टी एल वासवानी की जयंती पर प्रदेश भर में सभी मांस की दुकानें और बूचड़खाने बंद रखे जाएं।

### मुंबई से अहमदाबाद चलेगी पहली बुलेट ट्रेन

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना का काम अब काफी ऊंचाई से दिखने लगा है। भारत की पहली बुलेट ट्रेन मुंबई से अहमदाबाद के बीच चलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापानी पीएम शिंजो आबे ने 14 सितंबर, 2017 को अहमदाबाद में इस प्रोजेक्ट का इनॉगरेशन किया था। इस प्रोजेक्ट का नाम मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर रखा गया है। प्रोजेक्ट के पहले फेज का काम चालू है। 100 बरूका पुल तैयार हो चुका है और 250 किमी तक पुल खड़े किए जा चुके हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की झलक दिखाने वाला एक वीडियो शेयर किया। साथ ही प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी भी शेयर की।

मुख्यमंत्री योगी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत बच्चों के लिए 'हॉट कुक्ड मील' योजना का शुभारंभ किया

# बच्चों के स्वास्थ्य में हुआ है सुधारः योगी

- 3401 आंगनवाड़ी केंद्रों का शिलान्यास किया
- राम मंदिर का भी किया निरीक्षण
- निर्माण से खुश होकर थपथपाई इंजीनियरों की पीठ

सीएम ने अपने हाथों से परोसा भोजन

मुख्यमंत्री ने पुलिस लाइन के कंपोजिट विद्यालय की कक्षाओं में जाकर बच्चों से मुलाकात की और उनसे पढ़ाई व स्कूल ड्रेस आदि के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से स्कूली बच्चों को भोजन भी परोसा।

**अयोध्या।** रामलला 500 वर्षों के बाद 22 जनवरी को अपने स्वयं के मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। इससे पहले प्रदेश में 3 से 6 साल के बच्चों को मिड डे मील की तर्ज पर गर्म बना हुआ भोजन परोसने के कार्य का शुभारंभ अयोध्या से होना अत्यंत ही शुभ कार्य है।

सुपोषित और स्वस्थ बच्चे ही सशक्त भारत का आधार बनेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां पुलिस लाइन स्थित कंपोजिट विद्यालय से हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारंभ करते हुए कही।

इस दौरान उन्होंने 403 करोड़ की लागत से 35 जनपदों में 3401 आंगनवाड़ी केंद्रों का शिलान्यास किया। साथ ही अयोध्या रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले पोषाहार की योजनाओं पर बहुत से प्रश्न खड़े होते थे। मगर, बीते 6-7 साल में काफी सुधार हुआ है। बच्चों में एनीमिया के स्तर में सुधार हुआ है, अल्प वजन, लंबाई और वजन के मामलों में काफी सुधार देखने को मिला है। शिशु मृत्यु दर में भी कमी आई है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में महिला कल्याण बाल विकास और पुष्टाहार विकास मंत्री बेबी रानी मौर्या, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, अमित सिंह, महिला बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव बीना कुमारी मीना, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी मौजूद रहे।

> सीएम योगी आदित्यनाथ ने हनुमानगढ़ी पहुंचकर हनुमंतलला के दरबार में हाजिरी लगाई। हनुमान जी की आरती पूजा के बाद वे सीधे रामलला के दरबार पहुंचे। उन्होंने रामलाल की पूजा आरती करने के बाद निर्माणाधीन राम मंदिर का भी दर्शन किया। मंदिर निर्माण के लिए चल रहे कार्यों की प्रगति देखी। इंजीनियरों ने उन्हें मंदिर की प्रगति से अवगत कराया। मंदिर निर्माण कार्य देखकर वे खुश नजर आए और इंजीनियरों की पीठ भी थपथपाई। दोपहर 12328 बजे बड़ा भक्तमाल आश्रम पहुंचे। वह यहां एक धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए। मंदिर में विराजमान भगवान सीता वल्लभ को सोने का मुकुट धारण कराया।

# राजस्थान में आज मतदान

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। मतदान शनिवार को होगा। इसके लिए राज्य में सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त कर लिए गए हैं। राजस्थान में 200 विधानसभा की सीटें हैं। इनमें से 199 सीटों पर मतदान हो रहे हैं। राजस्थान के 5.25 करोड़ मतदाता उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। 199 सीटों पर 1862 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। राजस्थान में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। हालांकि बसपा, आम आदमी पार्टी और हनुमान बेनीवाल की पार्टी राज्य के कुछ हिस्सों में अपना वर्चस्व जरूर दिखा सकती हैं। राजस्थान विधानसभा चुनाव वर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और भाजपा की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करियर को लेकर भी बेहद ही अहम है। राजस्थान में पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार ने कई बड़ी चुनौतियों का सामना किया जिसमें पार्टी के भीतर का कलह भी शामिल है।

**तैयारियां पूरी, भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला**

# युद्ध विराम के बाद हमास ने 25 बंधकों को किया रिहा

- रेड क्रॉस को सौंपे गए इजरायली बंधक

**तेल अवीव।** इजरालय-हमास युद्ध में शुक्रवार को युद्धविराम लागू होने के बाद पहली अच्छी खबर सामने आई है। हमास ने संघर्षविराम के बाद पहली बार 25 बंधकों को रिहा किया है। इनमें 13 इजरायली और 12 थाईलैंड के नागरिक हैं। गौरतलब है कि शर्तों के तहत दोनों देश चार दिनों के लिए युद्ध रोकने पर सहमत हुए हैं।

इस समझौते के तहत इजरायल भी बंदी बनाए गए फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने 12 बंधकों की रिहाई की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि सात अक्टूबर को इजरायल में हमास के हमले के दौरान फलस्तीन आतंकवादियों द्वारा अपहरण किए गए 12 थाई बंधकों को युद्धविराम शुरू होने के कुछ घंटों के भीतर रिहा किया गया।

बकौल एजेंसी, सूत्रों ने बताया कि हमास द्वारा रिहा किए गए 13 इजरायली बंधकों को रेड क्रॉस को सौंप दिया गया है।

## भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगाः शाह

**हैदराबाद।** तेलंगाना में चुनावी प्रचार अपने आखिरी चरण में प्रवेश कर चुका है। भाजपा के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज प्रचार करने पहुंचे थे। इसी कड़ी में उन्होंने मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर हजारों करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप लगा दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि केसीआर को लगता है कि कुछ नहीं होगा, लेकिन तेलंगाना में भाजपा की सरकार आने पर जांच की जाएगी और भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि बीआरएस सरकार ने तेलंगाना राज्य को नष्ट कर दिया है। केसीआर पिछले 9 वर्षों में किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं। एकमात्र चीज़ जो वह करने में कामयाब रही वह है भ्रष्टाचार! भाजपा नेता ने कहा कि बीआरएस के विधायकों ने बस डिपो के लिए आवंटित जमीन पर कब्जा कर उसे शॉपिंग मॉल में तब्दील कर दिया है।

# हिंदुत्व की ओर देख रहा विश्वः भागवत

**विश्व हिंदू कांग्रेस सम्मेलन में शामिल हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत**

- दुनिया को भारत से रास्ता दिखाने की उम्मीद
- अपने साथी हिंदुओं और दुनिया के साथ संपर्क बनाइए

**बैंकॉक।** विश्व हिंदू कांग्रेस सम्मेलन इस बार थाइलैंड की राजधानी बैंकाक में आयोजित हो रहा है। इसमें भाग लेने पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि सब भौतिक सुख सुविधाएं प्राप्त करने के बाद भी दुनिया संतुष्ट नहीं है। भौतिकवाद, साम्यवाद और पूंजीवाद के प्रयोगों से लड़खड़ा रही दुनिया को भारत खुशी और संतुष्टि का रास्ता दिखाएगा। भागवत ने दुनिया भर के हिंदुओं से एक-दूसरे तक पहुंचने और दुनिया के साथ जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमें दुनिया के हर हिंदू तक पहुंचना होगा और सभी को साथ में लाना होगा। हिंदू एक साथ मिलकर दुनिया में हर किसी को जोड़ेंगे। चूंकि हिंदू अधिक संख्या में जुड़ रहे हैं, इसलिए दुनिया के साथ जुड़ने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि दुनिया कोविड महामारी के बाद महसूस कर रही है और यह सोचने में एकमत है कि भारत खुशी और संतुष्टि का रास्ता दिखाएगा। उन्होंने कहा, हमें जाना होगा और हर किसी से संपर्क करना होगा और उन्हें अपनी सेवा से हमारे पास लाना होगा। निस्वार्थ सेवा के मामले में हमें दुनिया पर बढ़त हासिल है। यह हमारी परंपरा और मूल्यों में है। इसलिए, आगे बढ़ो और दिलों के अलावा कुछ भी मत जीतो। भागवत ने कहा कि हिंदुओं को वसुधैव कुटुंबकम की भावना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।



### आज की दुनिया अब लड़खड़ा रही

मोहन भागवत ने आगे कहा, आज की दुनिया अब लड़खड़ा रही है। इसने दो हजार वर्षों से खुशी, आनंद और शांति लाने के लिए कई सारे प्रयोग किए हैं। इतना ही नहीं, भौतिकवाद, साम्यवाद और पूंजीवाद की कोशिश की है। सब भौतिक सुख प्राप्त कर लिया है, लेकिन फिर भी संतुष्टि नहीं है। उन्होंने कहा, भौतिक सुख सुविधाओं के बावजूद लोग खुश नहीं हैं। दुनिया ने कोविड काल के बाद पुनर्विचार शुरू कर दिया है। ऐसे में लगता है कि वे इस सोच में एकमत हैं कि भारत रास्ता दिखाएगा क्योंकि भारत पहले भी ऐसा कर चुका है। उन्हें भारत से उम्मीद है और वहीं हमारे समाज और राष्ट्र का भी यही उद्देश्य है।

> आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, कुछ महीने पहले, विश्व मुस्लिम परिषद के महासचिव भारत आए थे और वहां अपने भाषणों में उन्होंने कहा था कि अगर हम विश्व में शांति और सद्भाव चाहते हैं, तो भारत के साथ जुड़ना जरूरी है। इसलिए यह हमारा कर्तव्य है। यही कारण है कि हिंदू समाज अस्तित्व में आया।

# मल्टीप्लेक्सों में अब महंगा होगा फिल्म देखना

- नगर निगम का टैक्स हुआ चार गुना
- आमदनी से होंगे विकास कार्य

**लखनऊ।** शहर के मल्टीप्लेक्सों में फिल्म देखना अब महंगा पड़ेगा। ऐसा नगर निगम के एक फैसले की वजह से होने जा रहा है। मल्टीप्लेक्स से नगर निगम प्रति शो 25 रुपये टैक्स वसूलता है। इसे 100 रुपये करने का प्रस्ताव पास हुआ। नगर आयुक्त ने बताया कि प्रस्ताव विधिक परीक्षण के बाद लागू किया जाएगा।

जानकारों ने बताया कि वर्ष 2018 में भी मल्टीप्लेक्स का शो टैक्स 25 से 600 रुपये प्रति शो किया गया था, लेकिन विरोध के चलते लागू नहीं हो सका था। इस फैसले का सीधा असर टिकट के दामों पर पड़ेगा। यह फैसला लागू होते ही लखनऊ शहर के मल्टीप्लेक्सों के टिकट दाम दूसरे शहरों के मुकाबले बढ़ जाएंगे। शहर के विकास कार्यों को में 238 करोड़ रुपये के पुनरीक्षित बजट की डोज मिली है।

इस रकम से मार्च तक सड़क, नाली, इंटरलॉकिंग, पेयजल के लिए सबमर्सिबल के काम कराए जाएंगे। इसके साथ ही 2750 स्ट्रीट लाइटें राजधानी को जगमग करेंगी। बृहस्पतिवार को हल्की नोकझोंक के बीच करीब छह घंटे चली नगर निगम सदन की बैठक में ये निर्णय लिए गए। इसके साथ ही चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 का 20 अरब का पुनरीक्षित बजट पास कर दिया गया। पार्षद कोटे से कराए जाने वाले कामों का बजट 70 से 240 करोड़ कर दिया गया है। इसमें से सितंबर तक महज दो करोड़ रुपये ही खर्च हुए हैं। ऐसे में बाकी 238 करोड़ रुपये से अब विकास कार्य कराए जाएंगे। महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि 31 मार्च तक जिन कार्यों के टेंडर होकर काम शुरू हो जाएगा उनका बजट लैप्स नहीं होगा। जो काम टेंडर होने के बाद भी शुरू नहीं हो पाएंगे, उनका बजट लैप्स हो जाएगा। यह व्यवस्था कड़ाई से लागू की रहेगी। पहले यदि पार्षद कोटा बच जाता था तो उसे अगले वर्ष की देनदारी में शामिल कर लिया जाता है, जिससे नगर निगम पर बोझ बढ़ता था। ऐसे में अब प्रस्ताव पास किया गया है कि चालू वित्तीय वर्ष के बजट से काम उसी वित्तीय वर्ष में ही कराने होंगे। इसके साथ ही चालू वित्तीय वर्ष में हुए कामों का भुगतान भी हर हाल में 31 मार्च तक कर दिया जाएगा। इससे देनदारी का मामला नहीं रहेगा। शहर के सभी 110 वार्डों में 25-25 स्ट्रीट लाइटें लगाने का प्रस्ताव भी सदन ने पास कर दिया है। विस्तारित क्षेत्र की ज्यादा जरूरत को देखते हुए महापौर अपने स्तर पर भी स्ट्रीट लाइटें उपलब्ध कराएंगी।

# एलजी और सीएम साथ मिलकर क्यों नहीं करते हैं चर्चाः सुप्रीम कोर्ट

- दिल्ली में नए मुख्य सचिव की नियुक्ति को लेकर कोर्ट की अपील
- अगली सुनवाई 28 नवंबर को

**नई दिल्ली।** दिल्ली में नए मुख्य सचिव की नियुक्ति को लेकर दिल्ली सरकार और केंद्र आमने-सामने हैं। इस मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि दिल्ली के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री मुख्य सचिव की नियुक्ति के लिए नामों पर चर्चा करने के लिए क्यों नहीं मिल सकते हैं।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने सुनवाई के दौरान कहा, दिल्ली के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री इस मुद्दे को लेकर आपस में क्यों नहीं मिलते। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, हमेशा से मुख्य सचिव की नियुक्ति केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा की जाती है। सीजेआई ने कहा, हमारे पास एक तरीका होना चाहिए, जिसके तहत सरकार काम करती है। मुझे यकीन है कि आप दोनों हमें कोई रास्ता दे सकते हैं। उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से वकील हरीश साल्वे ने कहा, मुख्य सचिव की नियुक्ति के मुद्दे पर अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा, जो दुखद है। मामले में पीठ अब 28 नवंबर को सुनवाई करेगा। बता दें सुप्रीम कोर्ट केंद्र द्वारा बिना किसी परमार्श के नए मुख्य सचिव की नियुक्ति या कार्यकाल बढ़ाने के खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका पर सु नवाई कर रही है। बता दें वर्तमान मुख्य सचिव नरेश कुमार 30 नवंबर को अपने पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। दिल्ली सरकार ने सवाल उठाया है कि केंद्र बिना किसी परामर्श के मुख्य सचिव की नियुक्ति कैसे आगे बढ़ा सकता है। अगस्त माह में अधिसूचित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम, केंद्र को राष्ट्रीय राजधानी में नौकरशाही पर नियंत्रण देता है।

# फिर बदलेगा मौसमः यूपी में बन रहे हैं बारिश के आसार

- मौसम विभाग ने ठंडक को लेकर की भविष्यवाणी
- यूपी में धीरे-धीरे गिरेगा रात का पारा
- ठंडी हवायें चलने से सर्द हुआ मौसम

**लखनऊ।** यूपी का मौसम एक बार फिर से करवट लेने जा रहे हैं। मौसम विभाग ने ठंडक और बारिश को लेकर भविष्यवाणी की है। आने वाले समय में जिसका असर पारे पर पड़ना निश्चित है।

प्रदेश में एक बार फिर मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता होने से 27 नवंबर को पश्चिमी यूपी में बारिश की संभावना जतायी है। वहीं, बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 28.1 डिग्री के करीब और न्यूनतम पारा 12 डिग्री तक पहुंच गया। इससे पहले 2014 में न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री पहुंचा था। शुक्रवार से पछुआ हवाओं का प्रभाव कम होने से पारे में बढ़ोतरी होगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, 24 से 27 नवंबर तक पारे में दो डिग्री के आसपास बढ़ोतरी होगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 27 को बारिश की संभावना है। इसके बाद पारा गिरने से ठंड बढ़ेगी। इसका असर लखनऊ समेत आसपास के जिलों में भी होगा। पश्चिम यूपी में होने वाली बारिश का असर प्रदेश के बाकी हिस्सों में भी दिख सकती है।

**सफर**

**उम्मीद में गुजरा 13वां दिन, रोकी गई ड्रिलिंग**

# सुरंग में कैद 41 जिंदगियां, बढ़ रही इंतजार की घड़ियां

- ऑगर मशीन के सामने फिर आए लोहे के पाइप
- अब तक मलबे में करीब 47 मीटर ही पाइप पहुंच पाया है
- मंत्री वीके सिंह ने सुरंग के भीतर जाकर निरीक्षण किया और हौसला बढ़ाया

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने के लिए अमेरिकी ऑगर मशीन शुक्रवार शाम 24 घंटे बाद चली, लेकिन फिर लोहे का अवरोध आने से रुक गई। जिससे एक बार फिर मजदूरों के बाहर निकलने का इंतजार बढ़ गया। अब तक मलबे में करीब 47 मीटर ही पाइप पहुंच पाया है।

अधिकारियों के मुताबिक अभी करीब 9 मीटर का सफर बाकी है। बृहस्पतिवार शाम 4 बजे बेस हिलने से ऑगर मशीन ने काम करना बंद कर दिया था। मरम्मत आदि में करीब 24 घंटे बीत जाने के बाद मशीन 13वें दिन शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे चली तो उम्मीदें फिर जग गईं। लेकिन कुछ देर बाद ही रेस्क्यू टीमों को फिर झटका लग गया। एनएचआईडीसीएल के महाप्रबंधक कर्नल दीपक पाटिल ने बताया कि करीब शाम 6:40 बजे मशीन की राह में फिर लोहे का अवरोध आने से काम रुक गया। समाचार लिखे जाने तक लोहे के अवरोधों को काटने का काम चल रहा था। ऑपरेशन सिलक्यारा को शुरू करने से पहले एनएचआईडीसीएल ने पारसन कंपनी के जियो फिजिकल विशेषज्ञों से टनल के मलबे की मैपिंग कराई, जिसमें बताया कि अगले 5 मीटर तक कोई लोहे जैसा अवरोध नहीं है। हालांकि उनकी मैपिंग का ये फार्मूला 1.5 मीटर बाद ही फेल हो गया। केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह (सेनि.) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ऑपरेशन सिलक्यारा के पूरा होने के इंतजार में उत्तरकाशी में ही डटे हुए हैं। शुक्रवार को दिनभर मंत्री वीके सिंह ने कई बार सुरंग के भीतर जाकर निरीक्षण किया और बचाव दलों का हौसला बढ़ाया। शाम को करीब चार बजे हरिद्वार से लौटकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरिद्वार सांसद डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक भी सुरंग में पहुंचे और बचाव अभियान की प्रगति जानने के बाद भीतर फंसे मजदूरों का हौसला बढ़ाया।

### रेस्क्यू के लिए बड़े काम का है ड्रोन

उत्तरकाशी में भी हो रहा इस्तेमाल, सेंसर देते हैं डाटा ड्रोन और एआई रोबोट का इस्तेमाल लंबे समय से कई तरह के कार्यों के में हो रहा है। जटिल रेस्क्यू ऑपरेशन में भी ये बड़े काम आते हैं। उत्तरकाशी में 11 दिनों से चल रहे ऑपरेशन सिलक्यारा में भी अब ड्रोन और रोबोट से आखिरी उम्मीद है। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन ने बंगलूरू से दो एडवांस ड्रोन मंगाए हैं। इन ड्रोन को ऑपरेट करने के लिए एक्सपर्ट भी बुलाए गए है।

# वीबीएसवाईः जनजातीय समाज को सरकारी योजनाओं से जोड़ने को अफसरो ने झोंकी ताकत

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** योजनाओं का रथ विकसित भारत संकल्प लेकर दसवें दिन नोडल डीसी-एनआरएलएम की अगुवाई में लाभार्थियों के पथ पर निघासन ब्लॉक के सुदूरवर्ती जनजातीय क्षेत्र बेलापरसुआ -मोहबतियाबेहड़ गांव पहुंचा, जहा भारी संख्या में जनजातीय समाज ने जोरदार स्वागत किया।डीसी एनआरएलएम राजेंद्र श्रीवास ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को सरकार के लक्ष्यों को प्राप्त करने का सशक्त माध्यम बताया। यह यात्रा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है ताकि लोगों को केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हो। यह यात्रा विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करने के लिए कारगर सिद्धि होगा।पीओ यूके सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव व गरीब के जीवन स्तर को उठाने का उचित माध्यम है। विभिन्न विकासपरक योजनाओं की जानकारी मिल पायेगी। सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए शासन के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। बीडीओ निघासन जयेश कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित हुए इस यात्रा की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ।

## नोडल ने जनजातीय समाज को दिलाया विकसित भारत संकल्प, लाभार्थी सम्मानित

कार्यक्रम में नोडल अफसर डीसी (एनआरएलएम) राजेंद्र श्रीवास ने उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत का संकल्प÷ दिलाया। नोडल अधिकारी ने पीओ यूके सिंह संग केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को हितपत्र देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि इस यात्रा के माध्यम से सरकार की ओर से संचालित न केवल योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा, बल्कि पात्र एवं संभावित लोगों के नामांकन की प्रक्रिया मौके पर पूरी की गई। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बेला परसुआ के विद्यार्थियों ने दी शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, मोहा मन*राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बेला परसुआ के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर जनजातीय समाज का मन मोहा। इस दौरान बालको ने नाट्य प्रस्तुति देकर सरकार द्वारा समुदाय के बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने वाले प्रयासों को भी रेखांकित किया।

# कार्यवाहीः पराली घटनाओं को रोकने में नाकाम रहे दो लेखपाल, एक प्राविधिक सहायक निलंबित

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने धान/ गन्ने की पराली जलाने की घटनाओं की बढ़ती संख्या को देख सख्त रुख अख्तियार किया है। शुक्रवार को पराली जलाने के मामले में विभिन्न तहसीलों के 12 किसानों पर जुर्माना, 107/116 की कार्यवाही करते हुए सट्टे को निलंबन की कार्यवाही हुई। इसके अलावा डीएम ने पराली जलाने से रोकने के लिए दिए गए दिशा निर्देश में लापरवाही पर 02 लेखपालों, एक प्राविधिक सहायक को निलंबित कर दिया है।गन्ने/धान की पराली ना जलाए जाने के संबंध में क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार न किए जाने एवं लापरवाही बरतने के मामले में एसडीएम गोला रत्नाकर मिश्रा ने लेखपाल शशि प्रकाश सिंह तोमर और पंकज कुमार को किया निलंबित किया। वही डीडी कृषि ने प्राविधिक सहायक गोकुल प्रसाद को भी पराली सहित अन्य लापरवाही बरतने के मामले में निलंबित किया। वही कई लेखपालों को इसी मामले में संबंधित एसडीएम द्वारा प्रतिकूल प्रविष्टि भी दी गई है। इसके अलावा जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने अबतक पराली जलाने के दोषी 19 काश्तकारों को सट्टे को निलंबित किया।

**धौरहरा।** एसडीएम धीरेंद्र सिंह ने बताया कि सैटेलाइट के माध्यम से प्राप्त सूचना के अनुसार तहसील धौरहरा अंतर्गत 04 स्थानों पर पराली/ गन्ने की पत्तियां जलाए जाने की सूचना प्राप्त हुई। शुक्रवार को एसडीएम धीरेंद्र सिंह ने तहसीलदार आदित्य विशाल संग चिन्हित स्थलों का स्थलीय निरीक्षण और सत्यापन किया। पराली जलाने की 03 घटनाएं ग्राम दुलही थाना पढुआ व 01 घटना ग्राम अदलिसपुर मजरा फूलपुर थाना ईसानगर में घटित पाई गई। सभी स्थानों पर गन्ने की पत्तियां जलाए जाने की पुष्टि हुई। उत्तरदायी कृषकों को नोटिस देते हुए निर्धारित जुर्माना वसूला व 107/116 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही भी प्रारंभ की। इसके अलावा उत्तरदायी काश्तकारों के गन्ने का सट्टा निलंबन हेतु डीसीओ को रिपोर्ट प्रेषित की।

**मितौली।** एसडीएम विनीत उपाध्याय ने बताया कि सेटेलाइट से दो घटनाएं प्रकाश में आई। स्थलीय निरीक्षण के दौरान दोनों काश्तकारों पर 2500-2500 की धनराशि का जुर्माना लगाते हुए 107/116 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही भी प्रारंभ की।

वही सट्टा निलंबन के लिए डीसीओ को रिपोर्ट प्रेषित की। वही एक छेत्री लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि भी दी है।

**गोला।** एसडीएम रत्नाकर मिश्रा ने बताया कि उनके तहसील क्षेत्र में सेटेलाइट के जरिए 02 घटनाएं प्रकाश में आई। जिस पर स्थलीय निरीक्षण करते हुए दोषी काश्तकारों से 2500-2500 रुपए जुर्माना लगाते हुए 107/116 की कार्यवाही की। वही सट्टा निलंबन के लिए डीसीओ को रिपोर्ट भेजी। इसके अलावा गन्ने/धान की पराली ना जलाए जाने के संबंध में क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार न किए जाने एवं लापरवाही बरतने के मामले में डीएम के निर्देश पर एसडीएम गोला रत्नाकर मिश्रा ने दो लेखपालों (शशि प्रकाश सिंह तोमर और पंकज कुमार को किया निलंबित किया।

**लखीमपुर।** तहसील प्रशासन ने सेटेलाइट के जरिए प्रकाश में आई तीन पराली जलाने की घटनाओं में स्थलीय निरीक्षण किया। दोषी काश्तकारों से 2500-2500 रू का जुर्माना लगाते हुए 107/116 की कार्यवाही की। वही सट्टा निलंबन के लिए डीसीओ को रिपोर्ट भेजी।

मोहम्मदी। एसडीएम डॉ अवनीश कुमार ने बताया कि सेटेलाइट के जरिए एक घटना ग्राम हरनाजाट में ट्रेस हुई। जिसमें दोषी काश्तकार से ?2500 का जुर्माना लगाते हुए 107/116 की कार्यवाही की।

## 2 नफर वारन्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना खमरिया पुलिस द्वारा 02 नफर वारन्टी अभियुक्तों जयनारायन पुत्र हरद्वारी नि0 ऊंचागाँव थाना खमरिया जनपद खीरी एवं बलराम पुत्र हरद्वारी नि0 ऊंचगाँव थाना खमरिया जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही करके अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष भेजा गया है।

## मेले में एक महिला की चेन स्नेकर ने खींची चैन

**लखीमपुर खीरी।** मेले में एक महिला की चेन स्नेकर ने खींची चैन महिला चोर हुई रफूचक्कर महिला गई हुई थी अपनी बेटी के साथ देखने मेला एस एस बी कैंप गाड़ी रोड की रहने वाली थी महिला रो रो कर महिला की हालत हुई खराब जब महिला की बेटी ने देखा अपनी मां का गला उस समय चैन थी गायब मेले के अंदर कोई भी सुरक्षा कर्मी की नहीं है तैनाती जब चोरों के दिन में हौसले हैं बुलंद तो रात में क्या करते होंगे इसका अनुभव लगाया जा सकता है प्रशासन की हीला हवाली के चलते यह घटना हुई घटित महिला गढ़ी रोड पर बने एस एस बी कैंप में तैनात एक पुलिस कर्मी की थी पत्नी, दशहरा मेला खत्म होने के बाद भी मेले के अंदर लग रही है लगातार भीड़ और इसी भीड़ का फायदा उठा रहे हैं इस समय मिले के अंदर घूम रहे इस तरह के चैन स्कैनर और कई प्रकार के लोग मेले में इसी का फायदा उठा रहे हैं महिला चोर व युवक।

## बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा हॉट कुक्ड मील योजना किया गया शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग जनपद रायबरेली के अंतर्गत आंगनबाडी केंद्र खमरिया, सलोन में 3 से 6 वर्ष के बच्चों हेतु हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारंभ किया गया , इस अवसर पर माननीय विधायक अशोक कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलित कर योजना का शुभारंभ किया, जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया सरकार अब आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को हॉट कुक्ड फूड मुहैया कराएगी। जिसके अंतर्गत केंद्र पर पंजिकृत बच्चो को गर्म पका पकाया खाना दिया जाएगा, प्रत्येक केंद्र पर औसतन 25 से 30बच्चे नामांकित हैं। इस प्रकार 2833 आंगनबाड़ी केदो के माध्यम से 90000 बच्चे योजना से लाभान्वित होंगे इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों का कुपोषण दूर करना है। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हॉट कुक्ड फूड योजना को मिड डे मील योजना के मेन्यू के अनुसार संचालित किया जाएगा। इसके लिए विभाग हर चौथे महीने अनाज भी उपलब्ध कराएगा। विधायक जी ने अपने हाथों से छोटे छोटे बच्चों को खाना परोस कर खिलाया, इसी प्रकार अन्य विकास खण्डों में आँगनबाड़ी केंद्रो पर योजना का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया, हॉट कुक्ड मील योजना को माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश स्तर पर योजना का शुभारंभ किया, इसके साथ ही इसका सजीव प्रसारण समस्त बाल विकास परियोजना अंतर्गत आंगनबाडी केंद्र और लाभार्थियो का दिखाया गया, इसी कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में नव स्वीकृत 184 आंगनबाड़ी केदो का शिलान्यास भी किया गया।

# चार मिलें किसानों का भुगतान करने में फिसड्डी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** चालू पेराई सत्र में खीरी जिले की नौ चीनी मिलों में तीन मिलें जहां बकाया भुगतान कर रही हैं, वहीं अन्य चार मिलें किसानों का भुगतान करने में फिसड्डी हैं। जबकि, शासन की तरफ से चीनी मिलों को गन्ना खरीद के 14 दिन के अंदर भुगतान करने के निर्देश हैं। उधर, भुगतान न मिलने से उन चीनी मिल क्षेत्रों के गन्ना किसान सस्ते दामों में क्रशर पर गन्ना बेचने को मजबूर हैं कुल नौ चीनी मिलें संचालित हैं, जिनमें दो सरकारी और शेष अन्य सात निजी क्षेत्रों की चीनी मिलें हैं। इनमें अभी तक जहां कोऑपरेटिव द्वारा संचालित संपूर्णानगर व बेलरायां चीनी मिल पेराई सत्र शुरु नहीं कर सकी हैं, वहीं तीन चीनी मिलें किसानों का बकाया भुगतान नहीं कर पा रही हैं। जबकि, निजी क्षेत्र की ही गुलरिया, कुंभी और अजबापुर चीनी मिल ने 14 दिन के अंदर किसानों के बकाया भुगतान का पैसा उनके खातों में भेज दिया है बजाज ग्रुप की गोला, पलिया व खंभारखेड़ा चीनी मिलें अभी पिछले सत्र का ही पूरा बकाया भुगतान नहीं कर सकी हैं। ऐसे में नए सत्र का भुगतान कैसे हो, इसको लेकर संशय बना हुआ है। मजबूरन किसान भी अपना गन्ना नकदी जरूरत के लिए क्रशर पर औने-पौने दाम में बेचने को मजबूर हैं। इसके अलावा उन्हें गेहूं की बुआई के लिए अपने खेत भी खाली करने हैं। ऐसे में उनके सामने नकदी की समस्या बड़ी है चालू पेराई सत्र में सात निजी चीनी मिलों ने 22 नवंबर तक कुल 75 लाख 84 हजार क्विंटल गन्ने की खरीद की है। जिसमें देय रकम कुल 263 करोड़ रुपया बनी लेकिन महज 38 प्रतिशत ही भुगतान हुआ है 163 करोड़ रुपया अब भी बकाया है। इसमें सबसे ज्यादा बकायेदारी बजाज की गोला, पलिया और खंभारखेड़ा पर है। जहां कुल 29.27 लाख क्विंटल खरीद हुई और चालू सत्र की कुल देनदारी 104 करोड़ रुपये है डीसीएम श्री राम ग्रुप की अजबापुर चीनी मिल व बलरामपुर ग्रुप की गुलरिया चीनी मिल ने 14 दिन के अंदर ही किसानों का संपूर्ण भुगतान कर दिया है। इन पर बकायेदारी शून्य है संपूर्णानगर व बेलराया सहकारी चीनी मिल में अभी पेराई सत्र की शुरुआत नहीं हो पाई है। आज दोनों जगह रोलर पहुंचेगा, फिटिंग के बाद 29 नवंबर से पेराई सत्र शुरू किया जाएगा चीनी मिल- गन्ना की खरीद- भुगतान- बकाया राशि

1- गोला (बजाज)- 15.21 लाख क्विंटल, शून्य- 52.91 करोड़ रुपये

2- पलिया (बजाज)- 4.46 लाख क्विंटल, शून्य- 15.45 करोड़ रुपये

3- खंभारखेड़ा (बजाज)- 10.3 लाख क्विंटल- शून्य- 35.79 करोड़ रुपये

4- ऐरा (जुआरी ग्रुप)- 2.62 लाख क्विंटल- शून्य- 9.06 करोड़ रुपये

5- अजबापुर (डीसीएम)- 19.5 लाख क्विंटल- 43.30 करोड़ रुपये- शून्य

6- कुंभी (बलरामपुर)- 11.59 लाख क्विंटल- 26.73 करोड़ रुपये- शून्य

7- गुलरिया (बलरामपुर)- 12.16 लाख क्विंटल- 30.33 करोड़ रुपये- शून्य

8- बेलराया (सहकारी)- शून्य- शून्य- शून्य

9- संपूर्णानगर (सहकारी)- शून्य-शून्य-शून्य

पिछले पेराई सत्र का बजाज ग्रुप की तीनों चीनी मिलों पर कुल 244.75 करोड़ रुपये बकाया रह गया है।

## निजी बस से टकराई कार, कार में सवार तीन लोग समेत छह घायल

**लखीमपुर खीरी।** मैगलगंज थाना क्षेत्र में सीतापुर बरेली नेशनल हाईवे पर शुक्रवार सुबह निजी बस से तेज रफ्तार कार टकरा गई, जिससे कार में सवार तीन लोग समेत छह घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन सीएचसी भिजवाया गया, जहां से पांच लोगों को शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की सुबह करीब 8ः00 बजे निजी बस एक ढाबे पर रुकी थी। बस से सवारी उतार रही थी, तभी बरेली की तरफ से आ रही कार ने बस को टक्कर मार दी।

इससे कार की चपेट में आने से तीन यात्री और कार में सवार तीन लोग समेत कुल छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी मितौली भेजा गया हादसे में सलीम पुत्र मेहंदी निवासी गुरदेव खेड़ा, नरेश पुत्र रामेश्वर निवासी गुरदेव खेड़ा, लक्ष्मी पुत्री मुनेंद्र यादव निवासी चौखड़िया, नरेश वर्मा पुत्र ईश्वर दीन, वंदना वर्मा, आयुषी वर्मा निवासी बरेली घायल हुई हैं। पांच घायलों को शाहजहांपुर रेफर किया गया है।

## वन स्टाप सेंटर महानन्दपुर में स्थापित जयपाल वर्मा

**रायबरेली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि वन स्टाप सेंटर कार्यालय अस्थायी रूप से जिला विकलांग कल्याण पुनर्वासन केन्द्र, जिला चिकित्सालय के पीछे रायबरेली में संचालित किया जा रहा था, किन्तु वन स्टाप सेंटर का भवन निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात स्थायी रूप से वन स्टाप सेंटर का कार्यालय इन्दिरा उद्यान के पीछे महानन्दपुर में स्थापित कर दिया गया है।

## सर छोटू राम ने गरीब किसानो के थे देवताः चौ.नीरपाल

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने दीन बंधु सर छोटू राम की 136वीं जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर सर छोटू राम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

हकीकत नगर कार्यालय पर आयोजित विचार गोष्ठी में राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि सर छोटू राम उन महापुरूषों में से एक है, जिन्हे कभी देश भुला नही सकता। सर छोटू राम ने गरीब किसानो के लिए देवता के रूप में अवतरित होकर अन्नदाताओं का उद्धार किया। किसान मसीहा दीन बंधु सर छोटू राम को रेहबरे आज़म की उपाधि देश के किसानों ने दी। सर छोटू राम और पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह देश की वो विरासत है जिनके विचारो को संजोए रखना, विचारो को गांव-गांव जन-जन तक पहुंचाने का कर्तव्य हमारा है। ये हम सबके प्रेरणास्रोत है। देश की अनमोल धरोहर है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हम सब मिलकर संकल्प लें कि युवाओं को जागरूक करेंगे, युवाओं को नशे से बचाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाएंगे। ये ही सर छोटू राम को राष्ट्रीय लोकदल की तरफ से सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान चौ. अरविंद मलिक, चौ.नरेन्द्र सिरोही, चौ.अर्जुन सिंह, निकेत मलिक, शरण दास, मौ.आरिफ़ कमल, चौ.नितिन, सुरेंद्र, वीरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## मुरैनी गांव की विकास योजनाओं का निरीक्षण किया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्राम चौपाल अभियान को गांवों के विकास का ग्रोथ इंजन साबित करने की मुहिम की तरह शुरू किया है। इसी क्रम में हर सप्ताह शुक्रवार को होने वाले ग्राम चौपाल कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की मौजूदगी में आज मुरैनी गांव की विकास योजनाओं का निरीक्षण किया गया, और जन शिकायतों का समाधान भी अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। इसी के साथ ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर अवर अभियंता दीपक कुमार के नेतृत्व में विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का एक दल ग्राम चौपाल में शामिल हुआ, और एक मुश्त समाधान योजना का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों ने रजिस्ट्रेशन करा कर लिया।

आपको बता दें कि, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि, उनकी ग्रामसभा मुरैनी में आज शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार व ग्राम प्रधान दीपू पासी की अध्यक्षता में बिजली विभाग के अवर अभियंता दीपक कुमार और उनकी टीम के द्वारा एक मुश्त समाधान योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कर बड़ी तादाद में विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ दिया गया। इसके अलावा विकास पर भी चर्चा हुई, तथा शिकायतों का निस्तारण किया गया।

अवर अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि, शासनादेश के अनुसार उक्त योजना चलाई जा रही है। बकायदार उपभोक्ता एक मुश्त या तीन किस्त में जमा कर सकते हैं। 8 नवंबर से 30 नवंबर तक शत प्रतिशत ब्याज माफ होगा। दूसरा चरण 1 से 15 दिसंबर व तीसरा चरण 16 से 31 दिसंबर तक होगा। उन्होंने बताया कि, ग्राम प्रधान को बाकी के बकाएदारों की लिस्ट देकर बकाया जमा करने को प्रेरित किया जा रहा है।

ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार ने कहा कि, वह हर शुक्रवार को ग्राम चौपाल में शि?रकत करते हैं। चौपाल में लोगों का उत्साह देखते बनता है। इसके संतोषनक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि, इस अभि?यान के तहत प्रत्येक शुक्रवार को निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम चौपालों का आयोजन किया जाता है। हर शुक्रवार को होने वाली ग्राम चौपालों में जनप्रतिनिधियों को चौपालों में भाग लेने की अपील की जाती है। आज की ग्राम चौपाल में बड़ी तादाद में विद्युत विभाग की समस्याओं का निस्तारण हुआ है।

इस मौके पर रमेश कुमार शर्मा, दीपक मिश्रा, कल्पेश शुक्ला एडवोकेट व पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, सुशील मिश्रा, बाबूलाल शुक्ला, सौरभ सिंह, जीतू पंडित, हरी नारायण सिंह, शिवराम सिंह, रणधीर सिंह, राहुल मिश्रा, कमलेश पासी, अंकित कुमार, देशराज रावत आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**रायबरेली।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विखं बछरावां के असन जगतपुर व बहादुर नगर एवं विखं राही के अकबरपुर कछवाह व इब्राहिमपुर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव भी सम्मिलित हुई और उन्होंने सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को प्रमाण पत्र दिया।कार्यक्रम में स्वागत समारोह के उपरांत माननीय प्रधानमंत्री जी का रिकॉर्ड संदेश सुनाया गया तथा वीडियो के माध्यम से विकसित भारत संकल्प को दिखाया गया।कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी% योजना के अंतर्गत सफल अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा किये। साथ ही सतत कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर आधारित प्रगतिशील किसानों के साथ चर्चा की गई।

# नहीं थम रहा है रियल टाइम अटेंडेंस अभियान का विरोध

**लखीमपुर खीरी।** रियल टाइम अटेंडेंस अभियान का विरोध थम नहीं रहा है। पहले शिक्षकों ने इंटरनेट व सिम खरीदने के लिए मद न होने की बात कही थी अब निजी आईडी देने का विरोध कर रहे हैं विरोध के चलते तीसरे दिन भी एकाध स्कूलों को छोड़कर किसी भी विद्यालय में अटेंडेंस नहीं लगाई गई वहीं, शासन ने बीएसए से स्पष्टीकरण भी मांगा है पहले चरण में जिले के 3106 परिषदीय स्कूलों में तैनात अध्यापकों और बच्चों की रियल टाइम अटेंडेंस लगनी थी शिक्षकों के बढ़ रहे विरोध को देखते हुए पहले दिन एकाध स्कूलों को छोड़कर अन्य सभी स्कूलों के अध्यापकों ने इस अभियान का विरोध किया शिक्षा विभाग के अधिकारी इस कार्य को लेकर शिक्षकों को समझाने और वार्ता करने की बात कह रहे हैं एक प्रतिशत भी उपस्थित नहीं लगाई जा सकी।

बता दें कि हाजिरी के अलावा उपस्थिति पंजिका, प्रवेश पंजिका, कक्षावार छात्र उपस्थिति पंजिका, एमडीएम पंजिका, समेकित निशुल्क सामग्री वितरण पंजिका, स्टॉक पंजिका, आय-व्यय व चेक इश्यू पंजिका, बैठक पंजिका, निरीक्षण पंजिका, पत्र व्यवहार पंजिका, बाल गणना पंजिका के अलावा पुस्तकालय एवं खेलकूद पंजिका को भी डिजिटल करना था शासन ने बीएसए से स्पष्टीकरण तलब किया है पहले दिन करीब 5500 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने-अपने ब्लाक में रजिस्टर में साइन किए थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह की प्रतिमा खंडित होने जताया रोष

**सहारनपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री व किसान मसीहा चौ.चरण सिंह की एसबीडी चौक स्थित प्रतिमा के आंशिक रूप से खंडित होने पर राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ताओं ने रोष व्याप्त करते हुए जिला मुख्यायल पर प्रदर्शन किया और नगर मजिस्ट्रेट से मामले की जांच कराये जाने का ज्ञापन सौंपा। आज रालोद कार्यकता जिलाध्यक्ष राव कैसर के नेतृत्व में चौधरी चरण सिंह चौक पहुचे और खंडित प्रतिमा को देख रोष प्रकट किया। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष राव कैसर एवं प्रदेश महासचिव चौ. धीर सिंह के नेतृत्व में ज़िलाधिकारी कार्यालय पहुँचे। ज़िलाधिकारी के उपलब्ध न होने के कारण सिटी मजिस्ट्रेट से मिले और उक्त घटना पर विरोध दर्ज कराया। उन्होने नगर मस्ट्रिेट को सौपे ज्ञापन मांग करते हुए कहा कि पूरे प्रकरण की जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। साथ ही सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं की देखरेख की समुचित व्यवस्था करायी जाये। सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र सिंह ने रालोद कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अयूब हसन महानगर अध्यक्ष भूषण चोहान पार्षद आसिफ़ अंसारी, अल्पसंख्यक ज़िलाध्यक्ष शमीम अहमद, फ़ख़रूल इस्लाम, अनुज वर्मा, परवीन धनगर, संजय काम्बोज, विशाल काम्बोज, श्रवण काम्बोज, अंकित चौधरी, मोहतारीन, मोहम्मद अदनान, साजिद अली आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मासिक सत्संग में नशे से दूर रहने का लिया संकल्प

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मिशन के तत्वाधान में सतगुरु रविदास आश्रम प्रबंधक महात्मा गुरुमुख दास ब्रह्मचारी ने कहा कि लालच, लोभ व मोह में व्याकुल रहने वाले मनुष्य का मन परेशान रहता है, जिससे मुक्ति पाने के लिए सत्संग ही माध्यम है। गांव हरडेकी में आयोजित मासिक सत्संग का आयोजन सतगुरु स्वामी समनदास महाराज को साक्षी मानकर किया गया। संगत को प्रवचन करते हुए आश्रम प्रबंधक महात्मा गुरुमुख दास ब्रह्मचारी ने कहा कि लालच, लोभ व मोह में व्याकुल रहने वाले मनुष्य का मन परेशान रहता है।

# कैडेट्स को रक्तदान के लिए किया प्रोत्साहित

## 30 वॉलिंटियर कैडेट्स ने किया रक्तदान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** यूपी डायक्ट्रेट, मेरठ ग्रुप की 83 यूपी बटालियन के कमान अधिकारी और कैंप कमांडेंट कर्नल नवेंद्र सिंह मान सेना मेडल, एडम ऑफिसर डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल चंचल सिंह कपकोटी के निर्देशन में चल रहे एनसीसी के कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप 266 में आज प्रातः पीटी परेड करायी गयी तथा मानव मंदिर आश्रम में कैडेट्स ने श्रम दान करते हुए साफ-सफाई की। साथ ही वहां रह रहे बुजुर्गों से बातचीत करके उनकी विभिन्न गतिविधियों द्वारा मनोरंजन भी किया।

मिशन कम्पाउड स्थित ब्रज ब्राहमण इंटर कॉलेज में कैडेट्स को रक्तदान के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ डिप्टी कैंप कमांडेंट ले. कर्नल चंचल

सिंह कपकोटी, सूबेदार मेजर सारदूल सिंह, ले. गौरव शर्मा ने अपना रक्तदान कर किया। जिसमें एसबीडी चिकित्सालय से आई डॉ.विजय लक्ष्मी तनेजा और उनके सहयोगी अशोक कुमार, अमित, जुनेथ सहित टीम ने लगभग 30 वॉलिंटियर कैडेट्स से रक्तदान एकत्र किया। चीफ ऑफिसर ब्रिजेश पुंडीर ने रक्तदान करके बताया कि रक्तदान निस्वार्थ भावना से किसी जरूरतमंद की जान बचाने के लिए किया जाता है। एक स्वस्थ व्यक्ति तीन माह बाद पुनः रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से शरीर मे कोई कमी नहीं आती। इसके उपरांत कैडेट्स को अग्नि समन विभाग से आए फायर आफिसर ऋषभ पवार ने आग के कारण एवं आग से बचाव के उपायों की जानकारी कैडेट्स को दी। सी सर्टिफिक्रेट प्राप्त एशियन गेम्स फिलिपींस में हाल ही में प्रतिभाग करके लोटी हैमर थ्रो खिलाड़ी नीलम सत्संगी ने कैडेट्स को एनसीसी की उपयोगिता के साथ-साथ खेलों में भी बढ़ चढ़कर भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बीएचएम प्रदीप, हवलदार तरसेम सिंह, जुनिथ ख्वास, तरविंदर सिंह, प्रवेंद्र सिंह, नरेश कुमार, कुलदीप सिंह नायक विकास व सुशील कुमार वर्मा आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## शोएब को उप्र की सीनियर टीम विजय हज़ारे में मिली जगह

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जनपद के खिलाड़ी शोएब सिद्दीकी को उत्तर प्रदेश की सीनियर टीम विजय हज़ारे में जगह दी है। इस उपलब्धि पर जनपद के क्रिकेट खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के चैयरमैन मौ.अकरम ने जानकारी दी। विजय हजारे ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश का पहला मैच 25 नवंबर को चंडीगढ़ में हिमाचल की टीम से खेला जाना है। टीम में सहारनपुर के शोएब का चयन होना गर्व की बात है। सहारनपुर के ग्राम हरोड़ा निवासी शोएब सिद्दीकी पुत्र राशिद सिद्दकी इससे पहले अण्डर-19, अण्डर 23, अण्डर 25 टीम का हिस्सा रह चुके है। इस साल हुई यूपी टी 20 लीग में भी मेरठ की टीम का हिस्सा थे, उत्तर प्रदेश की अण्डर 23 टीम को चैंपियन बनाने में भी शोएब का शानदार प्रदर्शन रहा। शोएब ने अण्डर 23 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 69 के एवरेज से 488 रन बनाए जिसमे 3 शानदार शतक भी लगाए। रनों के मामले में पूरे यू पी में टॉप पर रहे और पूरे इंडिया में नंबर 4 पर रहे। शानदार प्रदर्शन करने का परिणाम विजय हजारे टीम में चयन पर मिला। शोएब ने अपनी सफलता का श्रेय एसडीसीए के चैयरमैन मौ. अकरम को देते हुए उनका धन्यवाद किया। इस कामयाबी पर एसडीसीए के पदाधिकारियों अमर गुप्ता, राजकुमार राजू, साजिद उमर, राजीव गुप्ता, पुण्य गर्ग, सत्यम शर्मा, सैयद मशकूर, परविंदर सिंह, अक्षय चौहान आदि व खेल प्रेमियों ने खुशी का इजहार किया है।

# नर सेवा ही नारायण सेवा है: मुख्यमंत्री

**पहले हिंदू बोलने में लोग करते थे संकोच, अब आया है धर्म के प्रति सम्मान का भाव: योगी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी कहा कि भारत में संत परम्परा का व्यापक महत्व है। गुरु व शिष्य में रक्त सम्बन्धों से ज्यादा गहरा सम्बन्ध एवं मर्यादा होती है। हमारे संतों तथा उनके त्याग, बलिदान एवं समर्पण के कारण 500 वर्षों के बाद अयोध्या में श्रीरामलला मन्दिर का निर्माण हो रहा है। श्रीरामलला 22 जनवरी, 2024 को अपने भव्य मन्दिर में विराजमान होंगे। यह देश और दुनिया के लिए एक अद्भुत क्षण होगा।

मुख्यमंत्री जी आज जनपद अयोध्या में बड़ा भक्तमाल के महन्त श्री अवधेशदास जी द्वारा आयोजित सीताराम जी/अवध बिहारी जी को स्वर्ण मुकुट समर्पित करने तथा भक्तमाल के साकेतवासी पीठाधीश्वर की स्मृति में आयोजित संत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने पूज्य भक्तमाल जी को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गुरु-शिष्य की परम्परा कैसी होती है और भगवान तथा भक्त के बीच किस प्रकार का सम्बन्ध होता है, यह समारोह इसका उदाहरण है। आज बड़े भक्तमाल जी के शिष्यों ने प्रभु श्रीराम तथा माता जानकी को सोने का मुकुट और छत्र प्रदान करते हुए प्रभु के प्रति समर्पण का भाव प्रदर्शित किया है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पूज्य संतों के नेतृत्व में श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन एक लम्बे संघर्ष के बाद आज निर्णायक स्थिति प्राप्त कर रहा है। अयोध्या पूरे देश में रामराज्य की आधारशिला को पुष्ट करते हुए उसके गुण-गान के लिए तैयार हो रही है। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार अयोध्या को भव्य रूप में विकसित करने के लिए संकल्पबद्ध है। इसी क्रम में यहां पर सड़कों एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि हम लोग मिलकर श्रीरामलला के भव्य मन्दिर में विराजमान होने के कार्यक्रम को सफल बनाये। इस कार्यक्रम के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आएंगे और यह क्रम लगातार चलता रहेगा। ऐसे में अयोध्यावासियों को आदर-सत्कार का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा कि आज एक नए भारत का दर्शन हो रहा है। पहले लोग हिंदू बोलने में भारतीय बोलने में संकोच करते थे। आज हर व्यक्ति सनातन व भारतीयता के प्रति सम्मान का भाव रखता है। यह जो दृष्टिकोण बदला है इसमें हम क्या योगदान दे सकते हैं। यह हमें समझना होगा। अयोध्या की व्यवस्था को सुन्दर व सुव्यवस्थित करने में अपना योगदान देना होगा। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के प्रति सद्व्यवहार हो, जो भी यहां आए वह प्रभावित होकर जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि एक भाई का भाई के प्रति, पुत्र का पिता के प्रति, पुत्र का माँ के प्रति, पति का पत्नी के प्रति तथा पत्नी का पति के प्रति क्या दायित्व होना चाहिए, मानवीय जीवन से जुड़े सभी रिश्ते भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन से प्रेरणा प्राप्त करते हैं। आज हिन्दू व भारतीय शब्द बोलने में संकोच नहीं होता। हर व्यक्ति सनातन, भारत तथा भारतीयता के प्रति सम्मान का भाव रखता है। इस दृष्टि से अयोध्या दुनिया की सुन्दरतम नगरी के रूप में दिखाई दे, यह कार्य हमें अभी से प्रारम्भ करना होगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसका एक आदर्श उदाहरण विभिन्न धार्मिक आयोजन तथा कुम्भ के अवसर पर पूज्य संतों के माध्यम से हमें देखने को मिलता है।

## दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार के प्रयास से व क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना महराजगंज तराई में विगत दोनों हुए चोरी का पर्दाफाश कर अपराधियों की गिरफ्तारी पुलिस द्वारा कर ली गई है लूट के अभियोगों के सफल अनारण के क्रम में दिनांक 24.11.2023 को प्रभारी निरीक्षक थाना महराजगंज तराई गिरजेश कुमार तिवारी व प्रभारी निरीक्षक थाना हरैय्या गोविन्द कुमार तथा एसओजी प्रभारी श्याम लाल यादव की मय संयुक्त टीम द्वारा सम्बंधित अभियोग का सफल अनावरण कर अभियुक्तगण रिजवान पुत्र शमीउल्लाह नि. टेगनहिया मानरकोट थाना को. देहात जनपद बलरामपुर व अभियुक्त विशाल सोनी पुत्र रघुवर सोनी नि. हरिहरगंज थाना को. देहात जनपद बलरामपुर को अभियोग उपरोक्त से सम्बंधित लूटे गये जेवरात के साथ खरझार पुल ललिया रोड थाना महराजगंज तराई के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

## टीचर प्रीमियर लीग में पाली ने पिपरौली को हराया

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** टास जीतकर पिपरौली ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पाली राइडर्स की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट पर विशाल दुबे के शानदार 55 रनो के बदौलत 99 रन बनाया जवाब में पिपरौली की टीम 10 ओवर में मात्र 50 रन बनाकर ऑल आउट हो गई पाली की तरफ से कृष्णानंद ने 4 विकेट, कृष्णगीपाल पांडेय और हिमांशु ने 2, 2 विकेट लिया पिपरौली को तरफ से आशुतोष ने जुझारू पारी खेली मैन ऑफ द मैच विशाल दुबे रहे। पाली राइडर्स की जीत पर खंड शिक्षा अधिकारी रजनीश कुमार द्विवेदी समेत सभी शिक्षकों ने बधाई दिया।

## कवि गोष्ठी का आयोजन कल

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित श्रीदेवी पाटन मंदिर परिसर में 26 नवंबर को प्रातः 10 बजे से अवधी साहित्य संस्थान की ओर से एक कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया है। उक्त का आशय की जानकारी देते हुए संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पांडेय ने बताया कि कवि गोष्ठी में साहित्यिक गतिविधियों पर विचार विमर्श के साथ ही ख्यातिलब्ध साहित्यकार अपनी रचनाओं को प्रस्तुत करेंगे। जिसमें बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी आमंत्रित किए गए हैं।

## घर-घर सूप बजाकर महिलाओं ने भगाया दरिद्र

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिले में शुक्रवार को भोर में घर-घर सूप का बाजा बजाया गया। महिलाओं ने ईंख की अगोरी से सूप बजाकर दरिद्र भगाया। एक गाना गुनगुना रही थी और सूप बजा रही थी ईश्वर आवें दरिद्र जांय। देव उठनी एकादशी पर मान्यता है कि भगवान का जागरण होता है। इसी के साथ मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। गुरुवार को देव उठनी एकादशी का पर्व जिले में परंपरागत रूप से मनाया गया। व्रत रहकर लोगों ने शाम को पूजन अर्चन किया बच्चों ने आग के लूंगारे से हुडाहुड़ाई खेली। रात में गन्ने को चूस कर दांत जगाया गया। भोर में उठकर महिलाओं ने सूप का बाजा बजा कर दरिद्र भगाया और ईश्वर को आर्मन्त्रित किया। उसके बाद स्नान आदि करके पूरे घर को पवित्र किया गया। फिर व्रतियों ने विधि विधान से व्रत का पारण किया।

## ठंड के दृष्टिगत नगरीय निकायों में रैन बसेरे संचालित

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि ठंड के दृष्टिगत जनपद के चारों नगरीय निकायों क्रमशः नगर पालिका गौरीगंज एवं जायस तथा नगर पंचायत अमेठी और मुसाफिरखाना में रैन बसेरा संचालित किया गया है। जिसमें समस्त मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि ठंड में कोई भी व्यक्ति बाहर खुले में न सोए बल्कि रैन बसेरे में जाकर आश्रय लें।

## सुतली बम फटने से किशोर की हालत गम्भीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास के मोहल्ला बगर निवासी शकील का 11 वर्षीय पुत्र अखिल सुतली बम चला रहा था तभी अचानक वह फट गया। बम फटने से अखिल गंभीर रूप से घायल हो गया घायल अवस्था में उसे सरकारी अस्पताल कायमगंज में भर्ती कराया गया पिता शकील ने बताया कि वह अपनी भांजी की शादी में गया हुआ था वहीं से सुतली बम उठाकर लाया था। पिता ने कहा कि वह डिलीवरी का काम करते हैं और वह अपने काम पर गए हुए थे। सूचना मिली तो घायल अवस्था में पुत्र अखिल को सरकारी अस्पताल कायमगंज में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

## मुख्यमंत्री योगी ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू और कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए जनपद अलीगढ़ निवासी सेना के पैराट्रूपर श्री सचिन लौर को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री जी ने शहीद के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण शहीद श्री सचिन लौर के नाम पर करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री जी ने शहीद श्री सचिन लौर के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। प्रदेश सरकार द्वारा शहीद के परिवार को हर सम्भव मदद प्रदान की जाएगी।

## 21 बेटियों का आज होगा सामूहिक विवाह

**लखनऊ।** बिटिया फाउंडेसन एवं व्यापारी समाज द्वारा 21 बेटियों का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन 25 नवम्बर दिन शनिवार को रामाधीन सिंह उत्सव लान बाबूगंज में किया जाएगा। संयोजक मनीष गुप्ता ने बताया कि विवाह की शुरुआत शाम छह बजे बारात आगमन व स्वागत से होगी। रात आठ बजे सामूहिक जयमाला और अगले दिन 26 नवम्बर को प्रात- विदाई होगी। इस मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों कथक, राधा कृष्ण लीला, डांडिया, भजन, फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक व महापौर सुषमा खर्कवाल है,विधायक नीरज बोरा,दिनेश शर्मा,नीरज सिंह,संघ प्रांत प्रचारक कौसल, नगर अध्यक्ष आनंद बाजपेइ, लखनऊ व्यापार मंडल से अमरनाथ मिश्रा सहित अन्य महत्व पूर्ण लोग रहेंगे। उन्होंने बताया कि बिटिया विवाह उत्सव में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। जिसकी तैयारियां तेजी से चल रही है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में अब मिलेगा पका पकाया भोजन

**बांदा।** बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पका पकाया भोजन देने का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अलीगंज प्राथमिक विद्यालय में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य द्वारा योजना का शुभारंभ किया गया। केंद्र पर उपस्थित बच्चों को तहरी और खीर खिलाकर योजना का शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि बाल विकास एवं पोषण विभाग 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य पोषण तथा शैक्षणिक स्तर में गुणात्मक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास की नींव डालना है। छह वर्ष से छोटे बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार लाना है। माता की क्षमताओं का विकास करना जिससे वे बच्चों के स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं को पहचान सके।

## समधी की 13वीं में आई महिला से दबंग ने की मारपीट

**नवाबगंज फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** महिला अपनी पुत्री की ससुराल समधी की तेरहवी संस्कार में आई हुई थीं तभी उसके साथ दबंग पड़ोसी ने मारपीट कर दी। पीड़ित महिला ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है थाना क्षेत्र के ग्राम गेरुआ नगला में अपने समधी के 13वीं संस्कार में महिला के साथ दबंगों ने मार पीट कर दी अजना देवी पत्नी स्वर्गीय रामेश्वर नाथ निवासी ग्राम कंचौसी थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात की रहने वाली है महिला अपनी पुत्री प्रीती के यहां 22 नवंबर को 13वीं संस्कार में नगला गेरुआ सिरौली आई हुई थी तभी पड़ोसी कुलदीप निवासी नगला गेरुआ व अजीत नाथ सुखबीर नाथ सुधीर नाथ पुत्र प्रभु नाथ इन लोगों ने गाली गलौज किया जब गाली देने से मना करने पर महिला एवं उसके पुत्र व पुत्री के साथ मारपीट की जिसमें पुत्र की पर्स गायब हो गई तथा उसके गले में चांदी की जंजीर पड़ी थी एवं सोने का लॉकेट था वह भी कहीं गिर गया। महिला ने तहरीर में लिखा है कि उसके पर्स में पांच हजार रुपए भी थे वह भी गायब हो गए हैं। उसकी साइकिल भी तोड डाली द्य पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अंद्रा वामसी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक की समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए हाईवे पर घूम रहें छुट्टा पशुओ को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। इसके लिए उन्होने सीबीओ डा. अमर सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि हाईवे पर डिवाइडर के बीच में लगाये गये पौधों का कटाई एवं सफाई समय-समय पर करायें। जिलाधिकारी ने शहर में अवैध तरीके से गाड़ियों की पार्किंग करने वाले व्यक्तियों पर उचित कार्यवाही तथा चालान करने के लिए क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देशित किया है। उप जिलाधिकारी/प्रभारी ईओ नगर पालिका सत्येन्द्र सिंह को निर्देश दिया है कि टैक्स कर/टैक्स कलेक्शन में वृद्धि किया जाय। इसके साथ-साथ शहर में साफ-सफाई, कूडा उठान की व्यवस्था सुदृढ करना सुनिश्चित करें।

# खुशबू यादव गोरखपुर ने नेहा महराजगंज को दिखाया आसमान

अवधनामा संवाददाता

**खैरेटवा में आयोजित रहा विशाल दंगल कार्यक्रम**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत खैरेटवा में शुक्रवार को कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें जिले सहित गैर जनपदों के पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। पहलवानों के जोर आजमाइश देख दर्शक रोमांचित हो जा रहे थे। दंगल का शुभारंभ मुख्य अतिथि पीजी सेकेंड्री स्कूल कसानगंज के डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह ने पहलवानों से हाथ मिलवाकर कुश्ती का शुभारंभ कराया। कुश्ती एक प्राचीन भारतीय खेल है, जो संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ ही आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प और लक्ष्य निर्धारण की भावना को विकसित करता है। कहा कि ग्रामीण अंचलों में पहलवानों की कमी नही है, बशर्ते इन्हे सही दिशा देने की जरूरत है। इसके पूर्व दंगल का शुभारंभ पूर्व में सम्मानित पहलवानों ने फीता काटकर शुभारंभ कराया। अखाड़े में अभिषेक यादव संतकबीरनगर ने अमित यादव देवरिया को पटखनी दी। इसी प्रकार महिला पहलवान खुशबू यादव ने नेहा यादव महराजगंज को आमना दिखाया। दंगल में कृष्ण रुद्रपुर देवरिया ने दारा यादव पिपरा बसंत गोरखपुर को, शिवम रुद्रपुर ने प्रिंस गौंड सिहोरवा को, राजकुमार मठिया ने शिवानंद पटेल को पटखनी दी। इसी प्रकार विशाल मठिया, पृथ्वीराज गोरखपुर, गौरव ने शिवम देवरिया, कुंदन, संतोष, प्रिंस, संदीप आदि पहलवानो जोर आजमाईश किए लेकिन बराबरी पर रहे। दंगल में छोटे बड़े दर्जनों पहलवानों ने अपना दाव पेंच लगाया। सभी पहलवानों को आयोजन टीम ने पुरस्कृत किया। दंगल का निर्णायक जिला केसरी बुल्ला (अकरम) पहलवान व संचालन सोनू सिंह ने किया। आयोजक पूर्व प्रधान विजय साहनी ने आए सभी पहलवानो, क्षेत्र के सम्मानित प्रधान व अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राकेश पाण्डेय, कुंवर आकाश सिंह, सतेंद्र पांडेय, मोहन साहनी, पिंटू सिंह, अनुप पाण्डेय, संजय यादव, लालबहादुर साहनी, राहुल गुप्ता, मोहन साहनी, कन्हैया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जिला कार्यक्रम समन्वयक ने जांची एसीएफ कार्यक्रम की जमीनी हकीकत

अवधनामा संवाददाता

**मुसहर बस्ती में कार्यरत टीम का हुआ निरीक्षण**

**15 टीमें ने 4730 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग 55 के नमूने हुए एकत्र**

**कसया, कुशीनगर।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चल रहे सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान (एसीएफ) के दूसरे दिन शुक्रवार को जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुपम मिश्र ने स्थानीय टीबी यूनिट सीएचसी द्वारा नए टीबी रोगियों के खोज के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान की जमीनी हकीकत जाँचने के लिये पहुँचे। वे सीएचसी के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के मुसहर बस्ती अन्च्या के मठिया टोला पर कार्य कर रही टीम न 8 के कार्यो को देखा। श्री मिश्र ने टीम के साथ पाँच घरों का भ्रमण किया तथा प्रपत्रों की जाँच किये एवं हाउसिंग मार्किंग भी देखा। मुसहर बस्ती में टीम द्वारा लगाये गये टीबी के प्रचार प्रसार हेतु सामग्री जैसे-बैनर,पोस्टर एवं स्टीकर मिले। टीम के कार्यो की उनके द्वारा सराहना की गयी तथा टीम के सदस्यों को सुझाव देते हुये कहे कि अधिक से अधिक टीबी के लक्षण वाले सम्भावित व्यक्तियो को चिन्हित करते हुये उनके नमूने एकत्र करे। तथा कार्य के दौरान लोगों को टीबी रोग के बारे में जागरुक भी करे। टीम के कार्य के समापन के बाद सीएमओ के आदेश के क्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी द्वारा पर्यवेक्षकों एवं टीम सदस्य के साथ संध्याकालीन बैठक कर रिपोर्ट प्राप्त किये। वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र ने बताया कि 15 टीमो द्वारा कुल 4730 व्यक्तियों के लक्षणों की स्क्रीनिंग की गयी तथा कुल 55 टीबी के लक्षणयुक्त सम्भावित व्यक्तियो के बलगम के नमूने एकत्र कर जाँच हेतु सीएचसी पर लाया गया। इस दौरान एसटीएस शाहिद अंसारी, एलटी विजयकृष्ण द्विवेदी, रामनगीना यादव, धनश्याम प्रसाद, रामदौड़ यादव, निर्मला सिंह, संजू देवी, सुरेश प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## अंजुमन के इंचार्ज को सेक्रेटरी के कमरे बैठने से रोका जायेगा: आफाक

**लखनऊ।** राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद आफाक ने अंजुमन के अध्यक्ष को पत्र लिखकर मांग की है कि अंजुमन के इंचार्ज को सेक्रेटरी के कमरे में बैठने से रोका जाय व सेक्रेटरी की गैर मौजूदगी कमरे पर ताला लगाया जाय क्योंकि सेक्रेटरी के कमरे में अनावश्यक रूप से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे अंजुमन का माहौल खराब हो रहा है और अंजुमन के कार्यों पर भी उसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

अंजुमन के सेक्रेटरी के कमरे में बैठकर वक्फ सम्पत्तियों आदि की डीलिंग व उसपर कब्जे की योजनाएँ बनायी जाती हैं और अन्य डीलिंग का काम किया जा रहा है। इससे पहले वाले अंजुमन के ऑफिस इंचार्ज इंतिखाब जीलानी जब सेक्रेटरी के कमरे में बैठते थे तो लोगों को ऐतराज होता था वह क्यों सेक्रेटरी के कमरे में बैठते हैं। इसलिए मौजूदा अंजुमन के ऑफिस इंचार्ज को भी सेक्रेटरी के कमरे में बैठने से रोका जाना चाहिए। यदि सेक्रेटरी के अलावा जो भी पदाधिकारी हो उसको आम मीटिंग हॉल में बैठना चाहिए। यदि इंचार्ज को सेक्रेटरी के कमरे में बैठने से न रोका गया राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन अपने कार्यकर्ताओं व अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर इंचार्ज को सेक्रेटरी के कमरे में बैठने से रोकेगा व अजुमन के सेक्रेटरी के कमरे पर ताला बंदी की कार्यवाही करेगा। उन्होने अंजुमन के पदाधिकारीयों से अपील है कि वह भी अंजुमन की मीटिंग में इस बात को उठाएं और इस बात को सुनिश्चित करें कि सेक्रेटरी की अनुपस्थिति में उनके कमरे में कोई न बैठें।

## पुलिस ने किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को दोनालू लाइसेंसी बंदूक 12 बोर व दो कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रविंद्र नाथ राय के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अमृतपुर पुलिस द्वारा रात्रि में वीरेंद्र पाल उर्फ़ बड़े लल्ला पुत्र राजेश पाल निवासी ग्राम वजीरपुर थाना अल्लहगंज जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 40 वर्ष को दोनालू लाइसेंसी बंदूक 12 बोर व दो कारतूस 12 बोर के साथ ग्राम वजीरपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर वीरेंद्र पाल उर्फ़ बड़े लल्ला ने गलती की माफी मांगते हुए बताया गया कि घर से इस बंदूक को लेकर आया था और ग्राम वजीरपुर में घूम रहा था। तभी पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया है कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

# भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव पर थिरके भक्त

अवधनामा संवाददाता

**सलेमपुर।** सलेमपुर के दोघड़ा में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्म होते ही भक्त जमकर झूमे। कथा वाचक जगद्गुरू रामानुजाचार्य आचार्य श्री गुसेश्वर जी महाराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन में अच्छे व बुरे दिन प्रभु की कृपा से ही आते हैं।भागवत कथा में धूम धाम से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

उन्होंने कहा कि जिस समय भगवान कृष्ण का जन्म हुआ, जेल के ताले टूट गये। पहरेदार सो गये।वासुदेव व देवकी बंधन मुक्त हो गए। प्रभु की कृपा से कुछ भी असंभव नहीं है। कृपा न होने पर प्रभु मनुष्य को सभी सुखों से वंचित कर देते हैं। भगवान का जन्म होने के बाद वासुदेव ने भरी जमुना नदी को पार करके उन्हें गोकुल पहुंचा दिया। वहां से वह यशोदा के यहां पैदा हुई शक्तिरूपा बेटी को लेकर चले आये। कृष्ण जन्मोत्सव पर नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की गीत पर भक्त जमकर झूमे। गुसेश्वर जी महाराज ने कहा कि कंस ने वासुदेव के हाथ से कन्य रूपी शक्तिरूपा को छीनकर जमीन पर पटकना चाहा तो वह कन्या राजा कंस के हाथ से छूटकर आसमान में चली गई। शक्ति रूप में प्रकट होकर आकाशवाणी करने लगी कि कंस, तेरा वध करने वाला पैदा हो चुका है भयभीत कंस खीजता हुआ अपने महल की ओर लौट गया।

# राजनीतिक भागीदारी देकर भाजपा ने महिलाओं को बनाया सशक्त: दीक्षित

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** महिलाओं को 50 प्रतिशत राजनीतिक आरक्षण दे कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को और सशक्त करने के लिए मील का पत्थर गाड़ा है। राजनीति ऐसी चाबी है जिससे प्रत्येक वर्ग के उन्नति के दरवाजे खुलते हैं। महिलाओं को हर क्षेत्र में शिखर पर आसीन करने के लिए जो प्रतिबद्धता दिखाई है वह बेमिसाल है। पहले की सरकारें महिला आरक्षण के नाम पर गाल बजाती रही लेकिन महिला आरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाया। देश की महिलाएं मोदी सरकार को हमेशा याद रखेंगी। यह बात जिला एकीकरण समिति द्वारा मनाये जा रहे कौमी एकता सप्ताह के क्रम में आज आकाँक्षा गार्डन में आयोजित नारी सशक्तिकरण दिवस कार्यक्रम के अवसर भाजपा की जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कही। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रुबी द्विवेदी ने कहा कि दहेज़ लड़कियों के लिए अभिशाप है। इससे छुटकारा पाने को बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ के आंदोलन को आत्मसात करना होगा। डॉ अंजना शर्मा एम डी ने कहा महिलाएं किसी क्षेत्र में पीछे नहीं है. उनके लिए निषिद्ध माने गए सेना और अंतरिक्ष के क्षेत्र में जब अवसर मिला तो झंडे गाड़ने में सफल हुई। देश तभी सही तरीके से आगे बढेगा जब महिलाओं को हर क्षेत्र में समुचित नेतृत्व दिया जाएगा। बिटोली देवी निरंजन, आकांक्षा अनुरागी, रजनी खरे, शारदा देवी, गरिमा पाठक, मंजू रानी एडवोकेट, रेशमा, अनीता वर्मा, प्रभा सैनी प्रभारी महिला थाना, ऊषा निरंजन, शशि सिंह, श्रद्धा सेंगर, पूजा सेंगर, रेशमा, अलकमा, रानी द्विवेदी, दीपिका दयाल ने भी विचार प्रकट किये। संचालन डॉ ममता स्वर्णकार ने किया। अनीता वर्मा, प्रेमवती वर्मा, अनीता सोलंकी भी उपस्थित रहीं। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, अशोक राठौर, लक्ष्मण बबानी, गजाधर ने उपस्थित रहकर उत्साहवर्धन किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कटिलिया भूप सिंह, विकास खण्ड चित्तौरा बहराइच।**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम पंचायत कटिलिया भूप सिंह में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) ओ0डी0एफ0 योजना से किया जाना है। इस कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों के इच्छुक ठेकेदार सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा बंद लिफाफे में दिनांक 30 नवम्बर 2023 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 30 नवम्बर 2023 को अधौहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जाएंगी। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। सभी अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेंगे। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) ओ0डी0एफ0 योजना से ब्रिक-150M, ब्रिक ब्लास्ट 40MM, 20MM स्टोन ग्रिट, सरिया, कोर्स सैंड, फाइन सैंड, सीमेंट बैग, ग्रिल और डोर वर्क, लोकल सैंड, जे-हुक, पुट्टी, व्हेदर कोट, इनामेल पेंट आदि की आपूर्ति किया जाना है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-कटिलिया भूप सिंह
विकास खण्ड- चित्तौरा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-कटिलिया भूप सिंह
विकास खण्ड-चित्तौरा

# डीएम ने देखे शहर के अनछुए हिस्से, समस्या दूर होने की आस

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** व्यस्तता की कमी नही फिर भी जिलाधिकारी ने समय निकालकर शहर के उन हिस्सो पर नजर डाली जहां पहले दशक तक किसी ने जाना गंवारा नही किया। उन्होंने कमियां देखी और समस्याओं के निस्तारण के लिए मौजूद अफसरों से कहा। बहरहाल लोगबाग बहुत खुश थे। डीएम सत्येंद्र कुमार ने शहर में विभिन्न मार्गों पर भ्रमणशील होकर विशेष तौर पर बंकी क्रॉसिंग, रेलवे स्टेशन से माल गोदाम रोड एवं देवा रोड ओवर ब्रिज के नीचे के स्थलों का निरीक्षण करते हुए मौके पर उपस्थित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नवाबगंज को आवश्यक निर्देश दिए। शहर का ही हिस्सा है रेलवे स्टेशन से मालगोदाम रोड। इसकी बद से बदतर हालत किसी से ढकी छिपी नही है। गुजरे दो दशक में शहर के तमाम हिस्सो में विकास कार्य हुए मार्ग बने अन्य कार्य हुए पर जाने प्रशासन से लेकर पीडब्ल्यूडी व नगर पालिका परिषद की इस मार्ग से क्या शत्रुता रही कि किसी ने यहां पहुँचना तक गंवारा नही किया। खैर डीएम ने न सिर्फ भ्रमण किया बल्कि सूरत ए हाल भी देखा।

## आश्रम के लिए निकला बालक हुआ लापता,मुकदमा दर्ज

**सूरतगंज,बाराबंकी।** आश्रम के लिए निकला बालक बिना बताए कहीं लापता हो गया। काफी तलाश के बाद पता न चलने पर मां की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के चंदूरा निवासी रानी मिश्रा पत्नी योगेन्द्र मिश्रा ने तहरीर में बताया है कि 21 नवम्बर की शाम लगभग चार बजे उसका पंद्रह वर्षीय बेटा प्रिंस मिश्रा जिला मुख्यालय स्थित हंसानन्द आश्रम पर राजेश्वरी पाठशाला में शिक्षणेत्तर कार्य के लिए घर से निकला था। पिता योगेंद्र मिश्रा ने उसे बस पर बैठाए था।प्रिंस आश्रम को व नाते-रिश्तेदारी को भी नहीं पहुंचा है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा 10 हजार का इनामी अपराधी

**बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 10 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज थाना कोतवाली

नगर पुलिस द्वारा यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना कोतवाली नगर से सम्बन्धित वांछित 10 हजार रूपये के पुरस्कार घोषित अपराधी मो0 आबिद पुत्र अब्दुल खालिद निवासी राजेन्द्र नगर, नौसारा थाना कोतवाली जनपद गोण्डा को चौपुला तिराहा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध जनपद बाराबंकी व राजस्थान राज्य में धोखाधड़ी से सम्बन्धित अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कार घोषित किया गया था।

# नन्हे बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर हाट कुक्ड योजना शुरु

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** 03 से 06 आयु के बच्चों हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रो पर हाट कुक्ड फूड योजना का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में जनपद में समस्त बाल विकास परियोजनाओं में माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 03 से 06 आयु के बच्चों को गर्म पका पकाया भोजन परोस कर खिलाया गया।

बाल विकास परियोजना बंकी में अंगद सिंह एमएलसी द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र सराय अकबराबाद में बच्चों को खाना परोसकर खिलाया गया। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने भी केन्द्र सराय अकबराबाद में 03 से 06 वर्ष के बच्चों को गर्म पका पकाया भोजन कराया और बच्चों को पोषण पोटली व उपहार भी प्रदान किया। ज़िलाधिकारी ने यहां पर बच्चों को दिए जाने वाला भोजन की गुणवत्ता परखने के लिए भोजन को स्वयं चख कर देखा तथा बच्चों से भोजन तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। इसी क्रम

में जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सम्बोधन का लाइव प्रसारण कराया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एमएलसी अंगद सिंह द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को हाट कुक्ड मील योजना के तहत नियमित रूप से एमडीएम मेन्यू के अनुजार गर्म भोजन बच्चों को दिया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने इस सम्बंध में बताया कि हाट कुक्ड योजना के संचालन से केन्द्र के बच्चों को पौष्टिक आहार प्राप्त होगा, जिससे इस आयु वर्ग के बच्चों में कुपोषण में कमी होगी साथ ही केंद्र पर लाभार्थियों के औसत उपस्थिति में वृद्धि होंगी।

# कांग्रेस और समाजवादी में कोई अन्तर नहीं हैं वसीम राईन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कांग्रेस व समाजवादी में कोई अंतर नही है। दोनों मन कर्म और वचन से जोड़ीदार हैं। धोखा देने की फितरत में बेहद शातिर। राजनीतिक पहचान की बात की जाए तो दोनों ही स्वार्थी स्वभाव के हैं। वोट लेकर रंग बदलना तो इन दोनों दलों से कोई सीखे। आज पसमांदा मुस्लिम समाज की बदतर हालत के लिए यही दोनों दल व इनके मुखिया जिम्मेदार हैं। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही है। उन्होंने कहा कि दशकों देश पर राज करने वाली कांग्रेस आज अपने वजूद के लिए जूझ रही संघर्ष कर रही। यही दशा यूपी की समाजवादी पार्टी की भी है। दोनों ही दलों के आकाओं ने समाज मे फूट डालो और राज करो का उसूल बनाया और उसी पर चलते रहे। समाज का भला तो नही कर पाए पर अपनी पार्टी का और परिवार का भला जरूर कर लिया। इनकी नीति और नियति में हमेशा से खोट रहा है। मतलब निकालो और सत्ता पाते ही सब भूल जाओ इन दलों की फितरत रही है जो आज तक नही बदली। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि अगर दोनों ही दल के नेता मतलबी और बदनीयत न होते तो 85 फीसदी पसमांदा मुसलमान का हाल आज बद से बदतर न होता। कांग्रेस ने आर्टिकल 341 के तहत धार्मिक प्रतिबन्ध लगाकर इस समाज को अंधेरे में कैद रखा तो सपा ने वोटबैंक बना डाला। सपा ने तो राज्यसभा में भी भागीदारी से वंचित कर दिया जबकि यूपी में इनका वजूद बनाने में पसमांदा ने कोई कसर नही छोड़ी। दोनों ही पसमांदा वोटों के सहारे सत्ता में लौटते रहे पर इस समाज से किसी को संगठन, सत्ता व सदन तक पहुंचने का मौका कभी नही दिया।

# डीएम को गुमराह कर कर्मचारी नियुक्ति की चाल हुई विफल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** फैजाबाद की आवाज जिला प्रशासन को धोखे में रखकर बिना विज्ञापन जारी किए संविदा पर कर्मचारी की भर्ती करने की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक की चाल सफल नहीं हो सकी। नियुक्ति के लिए होने वाले साक्षात्कार में शामिल जिला प्रशासन के प्रतिनिधि अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने बिना विज्ञापन जारी कराए एक पद पर कर्मचारी का साक्षात्कार कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद रिक्त पार्ट टाइम एएनएम फार्मासिस्ट की नियुक्ति के साक्षात्कार को प्रमुख चिकित्सा अध्यक्ष को रोकना पड़ा।जिला चिकित्सालय में ओएसडी केंद्र के लिए पांच पदों पर नियुक्ति होना था। जिसमें चिकित्सा अधिकारी का एक पद, काउंसलर का एक पद, डाटा मैनेजर का एक पद ,स्टाफ नर्स का एक पद और रिक्त पार्ट टाइम एएनएम फार्मासिस्ट के एक पद पर नियुक्ति होनी थी। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर बृज कुमार ने चार पदों की नियुक्ति के लिए समाचार पत्र में विज्ञापन जारी कर अभ्यार्थियों को आमंत्रित किया था। किंतु पांचवें पद रिक्त पार्ट टाइम एएनएम/ फार्मासिस्ट के पद के लिए कोई विज्ञापन जारी नहीं कराया था।

इसके पीछे मकसद यह बताया जाता है कि किसी को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया गया था। जिसकी जानकारी जब जिला प्रशासन के प्रतिनिधि अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंशुमान सिंह को हुई तो उन्होंने पांचवें पद का साक्षात्कार कराने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिलाधिकारी से अनुमोदन लिया जाए और विज्ञापन जारी किया जाए। उसके बाद में ही साक्षात्कार कराया जा सकता है। प्रकरण को लेकर समाचार पत्रों ने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक की ओर से संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति के खेल की खबर प्रमुखता से छापी थी। इसके बाद पांचवें पद का साक्षात्कार रोक दिया गया। चिकित्सा पद के लिए दो चिकित्सकों ने ही आवेदन किया था। जिसे अयोग्य मानते हुए चिकित्सक की पद पर नियुक्त नहीं की गई।

## विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**अयोध्या।** अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मण घाट बकसरिया टोला में शुक्रवार सुबह विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। पुलिस और अग्निशमन की गाड़ियों ने एक घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। आग से करीब दो लाख का नुकसान का अनुमान है।

लक्ष्मण घाट पुलिस चौकी क्षेत्र के बकसरिया टोला में अशोक पांडेय का मकान है। बताया जाता है कि शुक्रवार सुबह करीब 9-30 बजे उनके घर में शार्ट सर्किट से प्रथम तल के कमरे में आग लग गई। देखते ही देखते धुएं के गुबार ने पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया। परिजन जान बचाकर घर से बाहर निकले। घटना के समय घर में अशोक पांडेय के छोटे बेटे जयकांत पांडेय और उनकी छोटी बहू और दो बच्चे थे। सभी सुरक्षित है। शुक्रवार सुबह मोहल्ले में घर में आग लगने की सूचना पर मोहल्ले में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके अलावा लोग आग को बुझाने में जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची।करीब एक घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। परिजनों के मुताबिक करीब दो लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। अग्निशमन विभाग के नितेश शुक्ला ने बताया कि दो गाड़ियों से मौके पर पहुंचकर आप पर काबू पा लिया है। आग शार्ट सर्किट से लगी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का बाग में लटका मिला शव

*अवधनामा संवाददाता*

**सूरतगंज,बाराबंकी।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव उसी की बाग में पेड़ से लटका हुआ मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस आत्महत्या का कारण तलाश रही है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सूरतगंज के बरैया गांव निवासी सत्यवान वर्मा के इकलौता पुत्र आलोक (23) का शव उसी की बाग में आम के पेड़ से फंदे पर लटकता पाया गया। आलोक गुरुवार की रात लगभग आठ बजे भोजनकर अपने कमरे मे सोने चला गया था। परिवार के अन्य सदस्य भी सोने चले गए थे।शुक्रवार की सुबह जब आलोक कमरे से बाहर नहीं निकला तो पिता सत्यवान उसे जगाने के लिए कमरे की ओर गए। बाहर से दरवाजा एवं कुंडी बंद देख शोरगुल किया। आस-पास के लोगों से बेटे के बारे में पूछा परन्तु आलोक का पता नहीं लगा तब सत्यवान ने परिवार के साथ खोज बीन शुरू की। खोज करते हुए सत्यवान परिजनों सहित पुस्तैनी बाग रमतलइया को पहुंचे थे कि आम के पेड़ से शव लटकता देख कर स्वजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे दरोगा शबाब हैदर ने जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। सत्यवान के एक बेटा और एक बेटी थी। पिछले वर्ष बेटी की शादी हो चुकी है। जबकि आलोक एमएससी कर चुका था। नीट परीक्षा की तैयारियां कर था। साथ ही बिहुरा चौराहा स्थित आदर्श इंटर कॉलेज में निजी शिक्षक का कार्य करता था। मृतक आलोक काफी मिलनसार था। उसकी कोई से रंजिश नहीं थी। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि शव पीएम हेतु भेज दिया गया है।

## निशुल्क स्वास्थय शिविर का महापौर ने किया उद्घाटन

# कार्तिक पूर्णिमा मेले तक चलेगा शिविर

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशनुसार अयोध्या मे होने वाले परिक्रमा में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ संगीता भाटिया अयोध्या मण्डल अयोध्या द्वारा मेले मे निःशुल्क होमियोपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन कार्तिक पूर्णिमा मेले को देखते हुए चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन अयोध्या महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी द्वारा किया गया द्य निःशुल्क होमियोपैथी चिकित्सा शिविर के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ संगीता भाटिया अयोध्या मण्डल अयोध्या द्वारा महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी का माल्यार्पण करते हुए किया द्य तत्पश्चात महापौर द्वारा फीता काटकर निशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन विधिवत रूप से किया गया द्य डॉ अजय कुमार चिकित्सा अधिकारी जिला होमियोपैथी श्री राम अयोध्या द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ संगीता भाटिया अयोध्या मण्डल अयोध्या को बुके भेंट कर स्वागत किया गया डॉ संगीता भाटिया का जन्मोत्सव होने के नाते बधाई भी दिया गया द्य उद्घाटन के अवसर पर डॉ अनिल मिश्रा राम जन्म भूमि ट्रस्ट के सदस्य अयोध्या का स्वागत डॉ भाटिया द्वारा किया गया द्य उद्घाटन के अवसर पर डॉ संगीता भाटिया मुख्य चिकित्सा अधीक्षक होमियोपैथी , आज से लगातार तीन दिनों तक चिकित्सा शिविर में डॉ विपिन कुमार पाण्डेय टांडा अंबेडकर नगर, डॉ बृजेश कुमार वर्मा चिकित्साधिकारी बनी गद्दोपुर अयोध्या, डॉ गरिमा कुशवाहा हाथिगो अयोध्या , अकलेश कुमार फार्मासिस्ट जिला अस्पताल अयोध्या, सूरज सिंह फार्मासिस्ट दलपत पुर अयोध्या, जितेंद्र कुमार श्री राम चिकित्सालय अयोध्या मौजूद रहेगे द्य दिलीप कुमार अयोध्या को भारी जिम्मेदारी सौंपी गई है। 27 नवम्बर तक निशुल्क चिकित्सा शिविर में मेले की व्यवस्था हेतु तत्पर रहेंगे

## अवध विवि के दीक्षांत समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 28 वां दीक्षांत समारोह 29 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे से होगा। इसकी तैयारियों को लेकर कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में विश्वविद्यालय प्रशासन अंतिम रूप देने में जुट गया है। कुलपति सभी समितियों की तैयारियों की बारीकी से जानकारी प्राप्त कर रही है। विश्वविद्यालय के 29 नवम्बर को होने वाले दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा कुल 123 स्वर्णपदक छात्र-छात्राओं को प्रदान किए जायेंगे। इसमें 79 स्वर्णपदक छात्राओं को मिलेगा। वही 44 स्वर्णपदक छात्रों को दिए जायेंगे। दूसरी ओर समारोह में कुलाधिपति के कर कमलों से विश्वविद्यालय के सत्र 2022-23 के एक लाख 17 हजार 496 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के प्रमाण-पत्र को भारत सरकार के डिजी लाकर में उपलोड किया जायेगा। इसमें छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 55 है।

# समाजसेवी ने खोला बेसिक शिक्षा विभाग के भ्रष्चार का पिटारा

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** मिल्कीपुर के समाजसेवी की पहल के बाद अब बेसिक शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के जिन्न के बाहर आने का सिलसिला शुरू हो गया है। अमानीगंज शिक्षा क्षेत्र में एक बड़ा चौंकाने वाला मामला समाजसेवी महेंद्र प्रताप सिंह ने उठाते हुए बेसिक शिक्षा विभाग के बहुत बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा कर दिया है। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी अमानीगंज राजेश कुमार और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय की करतूतों का भंडाफोड़ करते हुए मामले की शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट ऑनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल पर करते हुए कार्रवाई की गुहार की है। समाजसेवी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि अमानीगंज शिक्षा क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय रानिकपुर में तैनात शिक्षिका रेनू पांडे विगत 3 वर्षों से विद्यालय कभी भी नहीं आ रही हैं। उन्हें शासनादेश के विरुद्ध अनियमित तरीके से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय जाफर नगर से संबद्ध किया गया था, किंतु अब उन्हें बीएसए द्वारा राजकीय संप्रेषण गृह किशोर जनपद अयोध्या से संबद्ध कर दिया गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय पूरे रामदीन में तैनात सहायक अध्यापिका नीतू के विद्यालय न आने की शिकायत की है। इसके अलावा कंपोजिट विद्यालय धमथुआ में तैनात प्रधानाध्यापक की बहू, अनुचर के रूप में तैनात हैं। उक्त महिला अनुचर कभी भी विद्यालय नहीं जाती और उसका हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक द्वारा उपस्थिति पंजिका घर ले जाकर कराया जाता है। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय टिकटी में तैनात शिक्षक आनंद कभी भी विद्यालय नहीं जाता। उक्त के अलावा शिक्षा क्षेत्र में अन्य कई ऐसे विद्यालय हैं जहां पर तैनात शिक्षक विद्यालय से नदारत रहते हैं और विद्यालय न जाने के नाम पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार को मासिक सुविधा शुल्क देते रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि बीएसए संतोष कुमार राय के संरक्षण में बीईओ अमानीगंज राजेश कुमार द्वारा लापरवाही करने वाले शिक्षकों से अवैध वसूली करते हुए बंदर बांट किया जा रहा है। बीएसए संतोष कुमार राय द्वारा परिषदीय शिक्षा को पूरी तरह से मजाक बनाकर रख दिया गया है और खूब जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिधौना निवासी समाजसेवी महेंद्र प्रताप सिंह ने मांग की है कि प्रकरण की जांच बेसिक शिक्षा विभाग से अलग किसी अन्य विभाग के उच्चाधिकारी से स्थलीय सत्यापन कराते हुए कराई जाए, ताकि बेलगाम बीएसए तथा बीईओ के भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सके।

## अंतर महाविद्यालयीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में नंदिनी नगर विजेता

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** रामनेवाज सिंह महाविद्यालय बवां कुमारगंज में दो दिवसीय अन्तर महाविद्यालयीय वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें नंदिनी नगर पीजी कॉलेज गोंडा, राणा प्रताप पीजी कॉलेज सुल्तानपुर, के एन आई सुल्तानपुर, किसान पीजी कॉलेज बहराइच, विनायक पीजी कॉलेज खजुराहट ,अवध यूनिवर्सिटी कैंपस अयोध्या सहित कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अवध यूनिवर्सिटी कैंपस व नंदिनी नगर पीजी कॉलेज गोंडा के बीच खेला गया जिसमें नंदनी अगर पीजी कॉलेज की टीम ने 25/ 12, 25/12 से अवध यूनिवर्सिटी कैंपस के टीम को हराकर फाइनल का खिताब जीता।

# मुख्यमंत्री ने रामलला व हनुमानगढ़ी दरबार में टेका मत्था

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। राम कथा पार्क हेलीपैड से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे? हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां पहुंचकर हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद श्रीराम लला के दर्शन-पूजन कर देश-प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। रामलला के दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर निर्माण की प्रगति का हाल जाना। यहां श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को मंदिर निर्माण से जुड़ी जानकारी दी।

बता दें कि एक महीने के अंदर मुख्यमंत्री ने तीसरी बार रामलला एवं हनुमानगढ़ी का दर्शन पूजन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री 9 नवम्बर को कैबिनेट बैठक में शामिल होने अयोध्या आए थे, तब मंत्रियों के साथ उन्होंने दोनों मंदिरों में दर्शन पूजन किया था। पुनः मुख्यमंत्री 11 नवम्बर को दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उसके अगले दिन उन्होंने हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन किये थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर फंदे से लटका मिला महिला का शव

# पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर कर रही जांच

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर थाना के पुलिस चौकी बारुन बाजार अंतर्गत अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थिति चमनगंज में एक ढाबा के पीछे जंगल में एक अधेड़ महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर फंदे से लटका मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी गई। पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। इनायत नगर थाना क्षेत्र के चमनगंज बाजार के पास जंगल में शुक्रवार की सुबह शौच को आए ग्रामीणों ने 40 वर्षीय महिला का शव चिलवल की पतली डाल से जमीन तक लटका देखा। लोगों द्वारा सूचना इनायत नगर पुलिस को दी गई। थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक ब्रह्म दत्त पाण्डेय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच। फोरेंसिक टीम ने भी मौके

पर पहुंच कर जांच - पड़ताल की है। महिला के शव के पास से एक मोबाइल फोन, चप्पल तथा शाल बरामद हुई है। थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच केन्द्रित है। मृतका की शिनाख्त सुनीता पत्नी स्वर्गीय लल्लन निवासी खिहारन के रूप में हुई है। पुलिस ने मोबाइल का सीडीआर निकलवाने की बात कही है।

## श्रद्धालुओं की सहायता के लिए लगाया कैंप

**अयोध्या।** देवउत्थानी एकादशी पर पंचकोसी परिक्रमा में आरोही एक उड़ान संस्था द्वारा पंचकोसी परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं की सहायता के लिए कैंप लगाया गया। कैंप में फलाहार , काढ़ा तथा श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा पल्लवी वर्मा ,अमिता सिंह , संजीव वर्मा,सुनील अवस्थी ,राजीव रंजन,देशदीपक श्रीवास्तव,अमरेश सिंह,शिवम जयसवाल,आशुतोष सिंह,सास्वत श्रीवास्तव।

# पल पल पर है दलाल नही सुधरेगा जिला अस्पताल

**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय के प्रभारी प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक की उदासीनता के चलते प्रत्येक ओपीडी मैं चिकित्सकों के पास मेडिकल स्टोर एवं पैथोलॉजी के दलाल चिकित्सकों के ओपीडी आने से पहले ही उपस्थित हो जाते हैं ओपीडी में बैठकर अपनी निर्धारित दुकान एवं कमीशन युक्त दवाई लिखवाते हैं बताते चलें कि अधीक्षक का कार्य देख रहे डॉक्टर विपिन कुमार

वर्मा ने इन दलालों के खिलाफ पूर्व में रहे सीएमएस डॉक्टर चंद्रभूषण नाथ त्रिपाठी के द्वारा दलालों पर अंकुश लगाने हेतु एक पत्र पुलिस को दिया था जिससे सर्जरी ओपीडी से लेकर अन्य ओपीडी मैं दलालों में हड़कंप मच गया था परंतु डॉक्टर त्रिपाठी के सेवानिवृत्ति हो जाने के बाद प्रभारी सीएमएस का कार्यभार ग्रहण करते ही दलालों की संख्या दिन प्रतिदिन पल पल बढ़ती जा रही है परंतु प्रभारी सीएमएस डॉक्टर बृज कुमार द्वारा इन दलालों पर अंकुश लगाने से कतरा रहे हैं हो सकता है कि आने वाली जनवरी में सेवानिवृत्ति होने के कारण इन दलालों पर अंकुश नहीं लगा रहे हैं।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों का हुआ शिलान्यास

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन बाजार के आने वाले ग्राम पंचायतों में 31 आंगनवाड़ी केन्द्रों का शिलान्यास किया गया। शुक्रवार को ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय करुआवल कला मे प्रधान निसार अहमद ने पुजा कर आगनबाड़ी भवन क शिलान्यास किया। इसी तरह पननी, लकड़ा, करुआवल कला, गुजरौलिया, खखरा, बनियाडीह, पोखरभिटवा, महदेईया, खीरीडिहा, चनरैया भुसौला अदाई, भेलौजी बुजुर्ग, भिटपरा, भगतां, फुलवरिया, करुआवल कला, लोहरौली, केसारी, सपही, पटखौली, धरनिहवा, महुआकाशीराम, मुडली,पीकापार, पोखरभिटवा, रसियावल कला, सैनुआ, तरघौना, गदहमरवा गांवों में आंगनवाड़ी केंद्रों का शिलान्यास ग्राम प्रधानों के मौजूदगी हुआ।

## खाटू श्यामजी का केक काटकर मनाया जन्मोत्सव

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** इंडो नेपाल सीमा पर स्थित कृष्णानगर के श्री लक्ष्मी नारायन मन्दिर में श्रीं खाटू श्यामजी का वृहस्पतिवार की रात्रि में केक काटकर जन्मोत्स्व मनाया गया। जिसमे भक्ति गीतो पर श्रद्धालु रात भर झूमते रहे। लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी विजय पाठक ने बताया कि प्रत्येक वर्षों की तरह इस बार भी श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव मनाया गया।भजन गायक कृष्णानगर तथा वढ़नी की मण्डली में मनीष सिघल, ज्योत अग्रवाल, रामऔतार टिवडे वाल, गोपाल अग्रवाल ने मेरी नइया तेरे हवाले जाने तू खाटू वाले, बम भोले वम भोले वम भोले वम, मुझे तेरी जरूरत है, आज बिरज मे होरी रे रसिया, भजन गाकर लोगो मे शमा बांध दिया रात्रि एक बजे तक श्रधालु भक्ति के रस मे ड्वे रहे। इस दौरानन नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि,मनीष सिंघल, निश्चल सिंघल, विक्रम सिंह, पंकज भादोरिया, तरुण, कमलेश अग्रवाल, राजू, तरुण टिबड़ेवाल,पशुपति अग्रवाल, प्रदीप कुमार, पवन कसौधन, अमन, दिनेश केडिया, संजय केडिया, आकांक्षा अग्रवाल, रीमा सिंघल, डाक्टर अमृत मित्तल, कमल मित्तल गोकुल, चन्द्र गोयल, राजेन्द्र केडिया, पंकज बाजोरिया, केशव तिवडे वाल, हिमांशु कंछल, दीपक खेतान,रोहित साहू, आशीष भक्तगण मौजूद रहे।

## स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ का निधन

**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** लालगंज थाना क्षेत्र के कुदरहा

निवासनी स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ की गुरुवार की देर रात हास्पिटल मे निधन हो गया। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गयी। कुदरहा गांव निवासनी स्त्री रोग विशेषज्ञ डा ज्योती ओझा पत्नी डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा दक्षिण दरवाजा चौराहे पर सृजन हास्पिटल का संचालन करती थी। रोज की तरह रात में मरीजों की जांच कर हास्पिटल के कमरे में सोने गयी। सुबह सात बजे 6 वर्षीय इकलौता बेटा अथिक अपने चचेरे भाई मनीष के साथ स्कूल जा रहा था कि माँ से मिलने हास्पिटल पहुंचा और दरवाजा खोला तो अंदर से बंद था। जब दरवाजा नही खुला तो अस्पताल के कर्मचारी हैरान हो गए। मनीष ने चाचा डा सत्येंद्र मणि ओझा व डा शेंलेद्र मणि ओझा को जानकारी दी। आनन फानन में परिजन पहुंचे और दरवाजा का कुंड़ी तोड़ा तो लंबी सांसे चल रही थी। आनन फानन में निज अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन पार्थिव शरीर पैत्रिक गांव ले गए। जहां शुभचिंतकों की भीड़ लग गई।

## उप जिलाधिकारी बस्ती सदर द्वारा की गयी छापेमारी

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** सदर तहसील क्षेत्र के ईट भट्ठों के मालिकों द्वारा काफी दिनों से रायल्टी न जमा करने पर उप जिलाधिकारी बस्ती सदर द्वारा छापेमारी की गयी। जिससे भट्ठा मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है। उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चंद्र ने ईट भट्ठा मालिको द्वारा काफी दिनों से राजस्व की रॉयल्टी ना जमा करने पर दर्जनों दर्जनों ईट भट्ठो पर छापेमारी कर शीघ्र रायल्टी जमा करने का निर्देश दिए। सदर तहसील क्षेत्र में 85 ईट भट्ठे संचालित हो रही है। जिसमें वर्ष 2023-24 का रायल्टी महज पांच ही ईट भट्ठो के मालिक जमा किए है। शेष 79 भट्ठा मालिकों द्वारा अभी रायल्टी नही जमा किया गय। इन मालिको से वसूली करने के लिए दो दर्जन अमीनों की टीम बना कर छापे मारी कर शीघ्र जमा कराने का निर्देश दिए। फुटहिया क्षेत्र में आधा दर्जन भट्ठो पर छापा मारा और निर्देशित करते हुए कहा कि 24 घंटे में यदि रॉयल्टी जमा नहीं होता है तो संबंधित भट्ठो को सीज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## शिक्षक संघ ने समर्थन का किया ऐलान

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** शिक्षामित्र शिक्षक संघ अंबेडकर नगर के जिलाध्यक्ष रामचंद्र मौर्य ने 1 दिसंबर 2023 को जिला मुख्यालय पर शिक्षामित्र के धरना प्रदर्शन व ज्ञापन के कार्यक्रम का समर्थन किया है। जिला अध्यक्ष रामचंद्र मौर्य ने बताया कि आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 1 दिसंबर 2023 को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रम का शिक्षामित्र शिक्षक संघ अम्बेडकर नगर के जिला अध्यक्ष रामचंद्र मौर्य ने समर्थन करते हुए जनपद के शिक्षामित्रो से एकजुट होकर 1 दिसंबर 2023 को जिला मुख्यालय पर होने वाले धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील किया है।

## नौकरी के नाम पर पैसा न देने पर लिखवा ली ज़मीन

**आलापुर (अम्बेडकर नगर) अवधनामा संवाददाता।** थानाक्षेत्र राजेसुल्तानपुर अन्तर्गत ग्राम मुबारकपुर पिकार निवासी युवक को नौकरी दिलाने का झांसा देकर 5 लाख रुपए की मांग की गई नकद रुपए की व्यवस्था न होने पर पीड़ित के पिता से रुपए के एवज में जमीन बैनामा करवा लिए और पीड़ित को न तो नौकरी मिली न ही जमीन की रुपया न्याय के लिए पीड़ित अधिकारियों का चक्कर लगा रहा है । मालूम हो मजे की बात यह है कि नौकरी के नाम पर दो अध्यापक शिक्षक जैसे पद को कलंकित कर रहे हैं पीड़ित परिवार न्याय के लिए मुख्यमंत्री, सीएम हेल्पलाइन 1076, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी, तहसील दिवस पर शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है । पीड़ित अनुसूचित जाति से चमार जाति का है और 2019 में बी.एड. करके रोजगार की तलाश में था । इसी बीच पीड़ित की मुलाकात जून 2021 में लक्ष्मीकांत पुत्र जयराम निवासी ग्राम शंकरपुर धरमपुर थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अंबेडकरनगर व सूर्यभान पुत्र राम बिहारी विश्वकर्मा निवासी ग्राम इंदौरपुर उर्फ घिनहापुर सिद्धनाथ थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकर नगर से हुई दोनों अध्यापक पद पर कार्यरत हैं। बातचीत के दौरान सूर्यभान विश्वकर्मा ने कहा कि अध्यापक भर्ती की शेष सूची आने वाली है हम लोगों की पकड़ ऊपर तक है किसी को प्राइमरी में नौकरी करनी हो वह हम लोगों से संपर्क कर सकता है। पीड़ित ने कहा हम भी बी.एड.पास हैं हमारा ही करवा दीजिए तब सूर्यभान व लक्ष्मीकांत ने कहा कि माह अगस्त तक 5 लाख रुपये की व्यवस्था करो हम लोग तुम्हारी नौकरी प्राइमरी में मास्टर पद पर लगवा देंगे। पीड़ित के पिता पैसे की व्यवस्था हेतु खेत बेचने को तैयार हो गए खेत बेचने की जानकारी सूर्यभान व लक्ष्मीकांत को हुई तो सूर्यभान ने कहा कि अपना खेत हमें बेच दो हम आपकी नौकरी लगवा देंगे।

# महदेवा नानकार विद्यालय का विधायक ने किया लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महदेवा नानकार मे शुक्रवार को शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने किया लोकार्पण। विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय महदेवा नानकार विद्यालय का शुक्रवार को मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके माल्यार्पण कर फीता काटकर कायाकल्प योजना के तहत लोकार्पण किया। प्राथमिक विद्यालय महदेवा नानकार में सौंदर्यीकरण का कार्य रंगाई, पुताई आदि का सुंदरीकरण कराया गया। विधायक ने कहा कि इसकी कायाकल्प होने से बच्चों में एक अनोखी पहल दिखेगी तथा उनमें पढ़ाई को लेकर अलग उत्सुकता रहेगी। वहीं विधायक ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय महदेवा नानकार में यूपी सिडको द्वारा बनाया गया प्राथमिक विद्यालय की लागत 15.14 लाख रुपये अनुमानित लागत लगाई गई है। आसपास के और भी विद्यालयों में भी कुछ विकास संबंधी कार्य किये जाएंगे।इस मौके पर विधायक विनय वर्मा ने विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के शिक्षकों को लाइन उपस्थिति दर्ज करने के लिए टैबलेट वितरण किया गया।खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि शिक्षकों को टैबलेट मिलने से बच्चों की पढ़ाई में सहयोग मिलेगा। इसके मॉनिटर के लिए विकास खण्ड स्तर पर आईसीटी लैंब की स्थापना की गयी हैं जिससे शोहरतगढ़ क्षेत्र के समस्त विद्यालय के अभिलेखों का डीटेल हों जाने से सूचनाओं का आदान प्रदान मिलेगा। इस दौरान विधायक विनय वर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला, मनोज कुमार यादव, मुस्तन शेरुल्लाह, प्रधानाध्यापिका कैसर जहां, दीपा त्यागी, देवेंद्र यादव, अरविंद वर्मा, रत्नेश सोनी, सुरेंद्र कुमार प्रजापति, जितेंद्र सोनी, पंकज जायसवाल, राकेश कुमार राज, महेंद्र यादव, सुरेश चौधरी, लाल बहादुर, पप्पू यादव, संतोष कुमार, जितेंद्र कुमार, दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी, विजय कुमार गुप्ता, कमरुद्दीन अमित कुमार, रामदास मौर्य, विष्णु सिंह, प्रदीप कमलापुरी आदि लोग मौजूद रहे।

# विवाहिता की फंदे से लटकती मिली लाश पुलिस जांच में जुटी

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के रमवापुर तिवारी गांव में एक विवाहिता की शुक्रवार सुबह कमरे में फन्दे से लटकती मिली लाश।घटना शुक्रवार की सुबह छः से सात बजे के बीच की बताई जा रही है। मृतका सूर्यमती पत्नी रंजीव उर्फ रामू उम्र लगभग 23 वर्ष रामू पुत्र तुलसीराम ने बताया कि उसकी शादी लगभग दो वर्ष पूर्व थाना कठेला समय माता क्षेत्र के कोटिया दीगर गाँव के छतीस की पुत्री सूर्यमती से हुआ था। बृहस्पतिवार की रात लगभग दस बजे अपने भाई श्यामू व उसकी पत्नी से खाना गरम करने को लेकर विवाद हो गया था। मृतका खाना खाकर श्यामू की पत्नी के साथ उसके कमरे में सोने चली गई थी। शुक्रवार सुबह सब कुछ सामान्य था। मै आर ओ पानी बेचने वाले के यहाँ नौकरी करता हूँ। सुबह अपने काम पर चला गया। कुछ देर बाद घटना की सूचना भाई श्यामू से मिली , कुछ ही देर घर पहुंचा तब घटना की जानकारी मिली कि उसकी पत्नी सूर्यमती घर के छत के उपर बने टीनशेड में फन्दे से लटकती लाश मिली। पांच भाइयों में वह सबसे छोटा है। घटना की सूचना पर शोहरतगढ़ पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुणकांत सिंह,एसएचओ राजकुमार पांडेय मय फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रहे थे। जिला मुख्यालय से फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शोहरतगढ़ पुलिस घटना से सम्बंधित मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही कर रही थी।

# पद्म भूषण मौलाना कल्बे सादिक़ की तीसरी पुण्यतिथि मनायी गयी

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** मौलाना आजाद गर्ल्स इण्टर कॉलेज जलालपुर में वरिष्ठ शिया धर्मगुरु, समाज सुधारक, पद्मभूषण मौलाना डॉक्टर सैय्यद कल्बे सादिक की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। छात्राओं ने विभिन्न संस्कृत कार्यक्रम में भाग लिया और महान विद्वान को श्रद्धांजलि दी। मौलाना ने शिक्षा को बढ़ावा देने में अहम रोल अदा किया।

लखनऊ में यूनिटी कॉलेज व एरा मेडिकल कॉलेज जैसे संस्थान खोलकर उन्होंने अपनी सोच को समाज के सामने पेश किया।उन्होंने 1982 में तोहिदुल मुस्लेमीन ट्रस्ट स्थापित कर यूनिटी कॉलेज की नीव रखी। वह ऐसे आलिम थे जिन्होंने वह रास्ता अपनाया जिस पर आमतौर पर उलमा तवज्जो नहीं देते।उनकी उदारवादी छवि के चलते पूरी दुनिया में उनकी अलग पहचान थी।कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं को मौलाना डॉक्टर सैयद कल्बे सादिक अवार्ड से सम्मानित किया गया।विद्यालय प्रबंधक मौलाना मोहम्मद खालिद कासमी ने कहा कि मौलाना डॉक्टर कल्बे सादिक ने हिंदू मुस्लिम,शिया सुन्नी इत्तेहाद के लिए हमेशा कोशिश की।उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता।स्वर्गीय मौलाना कल्बे सादिक बालिका शिक्षा के प्रबल हिमायती थे। प्रधानाचार्या गुलिस्तां अंजुम ने अपने संबोधन में कहा कि मौलाना डॉक्टर कल्बे सादिक समय के बहुत पाबंद थे वह अपना 1 मिनट भी बर्बाद नहीं करते थे। वह समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा को पहुंचाना चाहते थे।पैगाम फाउंडेशन अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद जमाल ने कहा कि मौलाना की उदारवादी छवि के चलते पूरी दुनिया में उनकी अलग पहचान थी। डॉक्टर कल्बे सादिक को दुनिया आपसी भाईचारा और मोहब्बत का पैगाम देते शिया धर्म गुरु के रूप में जानती है।वह विदेश में मजलिस्स पढ़ने जाते थे और मोहब्बत का पैगाम देते थे। कार्यक्रम का संचालन डायरेक्टर सैयद मोहम्मद फरहान ने एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय सेक्रेटरी मोहम्मद अहमद ने किया।

# सांसद जगदंबिका पाल ने कपिलवस्तु में हेलीपोर्ट की अनिवार्यता पर दिया जोर

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के लोकसभा क्षेत्र डुमरियागंज से भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने सिलीगुड़ी में आयोजित लोक लेखा समिति की संसदीय अध्ययन यात्रा बैठक के दौरान शुक्रवार को कपिलवस्तु में हेलीपोर्ट की अनिवार्य आवश्यकता पर जोर दिया। यह महत्वपूर्ण मांग सरकार की उड़ान योजना की समिति की जांच के संदर्भ में उठाई गई थी, जो एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य पूरे भारत में टियर 2 और टियर 3 शहरों में क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ाना है, जिससे हवाई यात्रा को जनता के लिए अधिक सुलभ बनाया जा सके। समिति ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ अपनी बैठक में उड़ान योजना के प्रदर्शन मूल्यांकन पर चर्चा की। उड़ान जिसका अर्थ है उड़े देश का आम नागरिक, छोटे शहरों में हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर केंद्रित है। यह पहले से वंचित क्षेत्रों में किफायती हवाई यात्रा विकल्पों की सुविधा प्रदान करके क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गौरतलब है की कपिलवस्तु में हेलीपोर्ट की मांग का महत्व उसके बौद्ध सर्किट का अंग होने के कारण बढ़ गया है, जो भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े पांच स्थानों का एक समूह है। कपिलवस्तु, कुशीनगर, बोधगया, सारनाथऔर श्रावस्ती सहित ये स्थल सामूहिक रूप से राष्ट्रव्यापी विदेशी पर्यटकों के आगमन का लगभग छह प्रतिशत हिस्सा हैं। जबकि अन्य स्थानों पर हवाई संपर्क स्थापित किया गया है। भगवान बुद्ध का जन्मस्थान, कपिलवस्तु, इस तरह के बुनियादी ढांचे से वंचित है। समग्र पर्यटन, विशेष रूप से बौद्ध तीर्थयात्रियों के लिए, सुनिश्चित करने में हवाई कनेक्टिविटी की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानना, कपिलवस्तु में इस आवश्यकता को संबोधित करने की तात्कालिकता को रेखांकित करता है।

## विधि विधान से पूजन कर हाट कुक्ड मील योजना के शुभारम्भ में बच्चों के साथ भोजन चखा

**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** कुदरहा विकास क्षेत्र के सविलियन विद्यालय परमेश्वरपुर में शुक्रवार को आंगनवाड़ी भवन का भूमि पूजन व शिलान्यास मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख व खण्ड विकास अधिकारी ने वैदिक मंत्रो चार द्वारा विधि विधान से पूजन कर हाट कुक्ड मील योजना के शुभारम्भ में बच्चों के साथ भोजन भी चखा। ब्लाक प्रमुख अनिल दूबे व खण्ड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने 12 लाख की लागत से बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र का भूमि पूजन व ईट रख कर शिलान्यास किया। ब्लॉक प्रमुख श्रीदुबे ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण होने से बच्चों को खुद का भवन मिल जाएगा। इस विद्यालय में तो आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन होने से बच्चों की समस्या होती थी। जो अब शीघ्र दूर होगा। बाल विकास परियोजना अधिकारी देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि आंगनवाड़ी भवन में पठन-पाठन हेतु एक कक्ष, महिला शौचालय, बेबी फ्रेंडली शौचालय, एक किचन, एक यूरिनल और हैंड वॉश यूनिट का निर्माण कार्य होगा। खंड विकास अधिकारी विनय दुबे ने बताया कि आंगनवाड़ी भवन निर्माण में मनरेगा योजना के तहत आठ लाख रुपया 15वें वित्त आयोग निधि से दो लाख और आईसीडीएस विभाग द्वारा दो लाख रुपया से भवन का निर्माण होगा। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत सुभाष चंद्र, संजय पांडेय, राजू पांडे, खंड शिक्षा अधिकारी सीपी गौड़, रंजन श्रीवास्तव ग्राम प्रधान भारत यादव, संतोष दुबे, अमित पांडे, सच्चिदानंद यादव, गुड़िया देवी, चंद्रावती सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।

# पशु चिकित्सा शिविर लगाकर निःशुल्क किया इलाज

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सीमा चौकी खुनुवा के कार्यक्षेत्र के खुनुवा और बगहवा गाँव में ओपीडी तथा पशु चिकित्सा शिविर लगाकर निःशुल्क पशु चिकित्सा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सीमा चौकी खुनुवा के कार्यक्षेत्र में खुनुवा और बगहवा गाँव में ओपीडी तथा पशु चिकित्सा शिविर लगाकर निःशुल्क पशु चिकित्सा प्रदान किया गया।

43वीं वाहिनी कमांडिंग अधिकारी यशवंत कुमार ने बताया कि एसएसबी द्वारा भारत नेपाल की सीमा सुरक्षा के साथ-साथ सीमावर्ती गाँवो मे बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अनेक जन कल्याणकारी कार्यक्रम और कौशल विकाश प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम मे शुक्रवार को 43वीं वाहिनी एसएसबी सिद्धार्थनगर द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सीमा चौकी खुनुवा के कार्यक्षेत्र के खुनुवा गाँव में डॉ ए. के. सिन्हा कमांडेंट/पशु चिकित्सक, सीमान्त मुख्यालय स.सी. बल लखनऊ के द्वारा ओ.पी.डी. तथा पशु चिकित्सा शिविर लगाकर निःशुल्क पशु चिकित्सा प्रदान किया गया जिसके दौरान सीमावर्ती गांव खुनुवा, अठकोनिया, चेतरा शेख, रमवापुर और उत्तर खुनुवा गाँव के कुल 45 पशु मालिको के 168 पशुओं का स्वस्थ्य परिक्षण कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया। साथ ही सीमा चौकी खुनुवा के बगहवा/ चेतरा गाँव में ओ.पी.डी. तथा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

सीमावर्ती क्षेत्र खुनुवा के 5 गाँव क्रमशः चेतरा, बगहवा, सेसई, सिरोबा और मधवापुर गाँव के 20 पशु मालिको के 34 पशुओ का निः शुल्क इलाज कर दवा वितरित किया गया। डॉ ए.के. सिन्हा कमांडेंट/पशु चिकित्सक, सीमान्त मुख्यालय, स.सी.बल, लखनऊ के द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया गया कि मौसम में बदलाव होते ही मनुष्यों के साथ पशुओं को भी कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है ठंड बढ़ते ही पशुओं का अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है और उनके खान- पान और रहन-सहन के बारे में बताया गया। तथा ग्रामीणों से अनुरोध किया गया कि सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधि की सूचना सशस्त्र सीमा बल से साझा करे और सशस्त्र सीमा बल का सहयोहग करे उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा चौकी खुनुवा के समवाय प्रभारी निरीक्षक केपीएम बेंजीनाथन, आरक्षी रोहित व अन्य वाहिनी कर्मिकों के साथ- साथ ग्राम प्रधान शीला कुमारी, किस्मत अली, बिंध्याचल गिरी,सुरेन्द्र कुमार शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक खुनुवा, और निरीक्षक अक्षय यादव कस्टम सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवा व आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गन्ना किसानों का हो रहा है क्षेत्र में शोषण

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** जिला कृषि प्रधान जिलों में एक है। यहां धान, गेंहू, गन्ना और कमोवेश सब्जियों का उत्पादन यहां किया जाता है। इन फसलों को जिले के किसानों का नकदी फसल कहा जाता है। विंडबना यह है कि इन फसलों और इनके उत्पाद की बिक्री किसाना सीधा नहीं कर पाता है। मजबूरन, उन्हें दलाल एवं बिचौलियों का सहारा लेना पड़ता है।

समर्थन मूल्य प्राप्त तीन लचर व्यवस्था के चलते नकदी फसलों धान, गेंहूं और गन्ना को बेंचने के लिए अन्नदाता किसान बिचौलियों, दलालों, माफियाओं और बनियों का सहारा लेता है। इस तरह वह अपनी जरुरत पर औने-पौने दाम पर खून-पसीने की कमाई बेचकर घर-गृहस्थी का कार्य करता है। सब्जी जिसे मार्केट में बेचने के लिए मंडी समिति में संचालित आढ़तों पर ले जाकर सब्जी उत्पादक किसान भी औने-पौने रेट पर अपना उत्पाद बेच देता है। जिसके एवज में आढ़तियों द्वारा दिए गए मनमाना अनापेक्षित पैसा ही हाथ आता है। जिले में गन्ना किसानों के सघन उत्पाद को देखते हुए डेढ़ दशक पूर्व मिझौड़ा स्थित ग्राम पंचायत के निकट अकबरपुर चीनी मिल्स के नाम से एक शुगर फैक्ट्री का निजी प्रबंधन द्वारा स्थापना की गई। जहां अब जिले के ग्रामीणांचलों में गन्ना उत्पाद कर रहे किसान इसी चीनी मिल में अपना गन्ना सरकारी रेट पर बेंचकर लाभान्वित होते हैं। लेकिन यह उनके लिए क्षणिक प्रसन्नता का विषय ही होती है। मिल में पेराई सत्र शुरु होने से पूर्व और अंत तक गन्ना माफियाओं, सट्टा माफियाओं, दलालो, बिचौलियों, क्रेशर संचालकों की आमद रफ्त इन किसानों तक होने लगती है। पैसों की जरुरत होने और समय पर चीनी मिल में गन्ना न बिक पाने की स्थिति में जिले का छोटा व मंझोला गन्ना किसान माफिया/दलाल को अपनी मेहनत की कमाई सौंप देता है। क्रेशर संचालक भी सरकारी रेट से कम कीमत पर गन्ना खरीद करता है। किसान पैसों की अत्यधिक आवश्यकता होने की वजह से मजबूरी की दशा में रहता है। इस मजबूरी का फायदा माफिया-दलाल, मिल कर्मचारी और क्रेशर संचालक भरपूर उठाते हैं। गन्ना किसानों का मनमाना दोहन करते हैं। यह कोई नई बात नहीं है। इस स्थिति/परिस्थिति और गन्ना किसानों का दोहन एक स्थाई परंपरा बन चुकी है। पेराई सत्र शुरु होते ही तौल केंद्रों पर घटतौली शुरु हो जाती है।

# जनपद को प्राप्त हुई डीएपी की तीन रैक: जिला कृषि अधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**वर्तमान में जनपद के प्रत्येक क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है**

**सिद्धार्थनगर।** वर्तमान में रबी फसलों की बुवाई प्रारम्भ हो चुकी है, जिसके लिये नत्रजन, फास्फेटिक एवं पोटैशिक उर्वरकों की अति आवश्यकता होती है। वर्तमान रबी वर्ष 2023-24 हेतु जनपद में आच्छादन का लक्ष्य 201556 हेक्टेयर निर्धारित है। जनपद में रबी की मुख्य फसल गेहूँ है, जिसका आच्छादन लक्ष्य - 180965 हेक्टेयर निर्धारित है। विगत 23 नवम्बर को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा डीएपी की उपलब्धता के सम्बन्ध में समीक्षा करते हुए तत्काल जनपद को रैक उपलब्ध कराने हेतु सार्थक प्रयास किया गया।

उक्त जानकारी जिला कृषि अधिकारी मुहम्मद मुजम्मिल ने दी है। कहा है कि जनपद के किसान भाईयों को सगुमता पूर्वक निर्धारित दर पर उर्वरकों की आपूर्ति हेतु एन0एफ0एल0 की 12000 बोरी डीएपी एवं 2000 बोरी पोटाश, इफको की 14400 बोरी डीएपी एवं 13200 बोरी एनपीके एवं पीपीएल की 10000 बोरी डीएपी व 7000 बोरी एनपीके प्राप्त हुई है, जिसको जनपद के समस्त निजी फुटकर विक्रेताओं एवं सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों को उपलब्ध करायी जा रही है। साथ ही 8500 बोरी प्रीपोजिशनिंग डीएपी को भी शुक्रवार को ही समितियों पर प्रेषण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जनपद को एन0एफ0एल0 एवं इफको की डी0ए0पी0 रैक प्रस्तावित है, जो आगामी 5 से 6 दिनों में जनपद को प्राप्त हो जायेगी। जिला कृषि अधिकारी मुहम्मद मुजम्मिल ने जनपद के समस्त किसान भाईयों से अपील है कि वर्तमान में जनपद के प्रत्येक क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है।

किसान भाई आवश्यकता के अनुसार / वैज्ञानिक संस्तुति तथा जोत बही के आधार पर ही उर्वरकों की खरीदारी कर प्रयोग करें। आवश्यकता से अधिक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से एक तरफ जहां अनावश्यक रूप से खेती के लागत में वृद्धि होती है, वहीं भूमि एवं पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है, जिसका असर हम सभी के स्वास्थ्य पर पड़ता है। किसान भाईयों को यदि उर्वरकों की खरीदारी में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो जनपद में स्थापित कन्ट्रोल रूम के 05544-297271, 7704828329 एवं 9935260276 नम्बरों पर अपनी शिकायत दर्ज कराकर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं।

## धरोहर सांस्कृतिक कार्यक्रम

लखनऊ शहर का एक खास आकर्षण है संगीत नाटक अकादमी। वाद्् एम गायक कलाकारों के दुर्लभ कार्यक्रमों का अयोजन करता है। लखनऊ के लोगो की इस क्षेत्र के सांस्कृतिक, संगीतिक मूख को शान्त करता रहता है। दुर्लभ कलाकारों का आना जाना यहां लगा रहता है। अभी संगीत नाटक अकादमी का स्थापना दिवस मनाया गया। परम्परा के अनुसार धरोहर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन गोमती नगर स्थित अकादमी परिसर के संत गडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में परम्परा अनुसार किया गया। औपचारिकता निभाते हुये पहले दिया प्रज्जवलित किया गया, इसके बाद अकादमी के निदेशक डा. शोभित कुमार नाहर ने समारोह की मुख्य अतिथि लोक गीतो की मशहूर गायिका मालिनी अवस्थी का स्वागत अभिनन्दन किया। साथ ही आमन्त्रित मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, आर्मन्त्रित शास्त्रीय गायिका कोशिकी चक्रवर्ती का भी स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि संस्कृति और पर्यटन के मुख्य सचिव मुकेश श्राम विशिष्ट अतिथि रहे। इनके अलावा दूसरे आमंन्त्रित अतिथियों में समाज कल्याण के प्रमुख सचिव डा. हरिओम भरतखन्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मन्डवी सिंह, संस्कृति के विशेष सचिव राकेश चन्द्र शर्मा, होमगार्ड के अपर मुख्य सचिव अनिल कुमार, प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की पूर्व अध्यक्ष पूर्णिमा पान्डे सहित अन्य दूसरे संगीत के मर्मझ भी शामिल रहे। शहर के प्रमुख नौकरशाह, संगीत के मर्मझ विद्वानों और आम कद्रदानों की उपस्थिति से कार्यक्रम के रौनक को चार चॉद लग रहा था। लखनऊवासियों अधिकरियों, वर्तमान और भूतपूर्व अकादमी के पदाधिकारियों के उपस्थिति से अवसर के महत्व को और उनके संगीतिक रूझान के समझा जा सकता है। यहां बाहर के कलाकार आकर अपना ज्ञान, संगीत और सृजन को सुधारते रहते है। ऐसे लोगो को फिल्मी चाह भी यहां पूरी होती है और शस्त्रीय संगीत का ज्ञान भी पूरा होता है। जो बाद में इन्सटूमेन्टल और मौखिक गायन के नामी कलाकार होकर कला की दुनियां में अपनी चमक बिखेरते रहे है। यही से सीखे और बाहर जाकर अन्य कालाकारों में संगीतकार नौशाद, गजल गायक तलत महमूद को हम कैसे भूल सकते है। इनके आलावा संस्कृतिक कला और संगीत के क्षेत्र में कई चमकते सितारे हुये है और है। लखनऊ का गौरव इन लोगो तथा यहां के कद्रदानों की वजह से जगमाता रहता है।

कार्यक्रम का संचालन अलका निषेदन ने किया। कार्यक्रम में वादक साथी मशहूर तबला वादक ओजस अदया, सरंगी वादक मुराद अली और हारमोनिया वादक जयोतिर्भय बनर्जी रहे। कंठ और वाद्य का ऐसा स्वर्गिक संगम यदा कदा सुनने और देखने को मिलता है। कौशिकी चक्रवर्ती का परिचय हलाकि औपरिचारिकता का निर्वाह मात्र है। चक्रवर्ती मैडम हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायक पद्मभूर्षण पन्डित अजय चक्रवर्ती की सुपुत्री है। कौशिकी चक्रवर्ती साल 2020 में नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित है। इस अवसर को आमन्त्रित शास्त्रीय गायिका कोलकता से पटियाला घराने की गायिका विदुशी कौशकी चक्रवर्ती ने अपने कंठस्वरो का ऐसा जादू विखेरा की अभी भी लोग इस यादगार कार्यक्रम की चर्चा करते थक नहीं रहे है। ख्याल से लेकर ठुमरी तक प्रभावी स्वर में पेश करने वाली कौशकी चक्रवर्ती शास्त्रीय और उपशास्त्री गायन की अप्रतिम कलाकार है कार्यक्रम में उनका साथ उनके पुत्र देसीकन ने भी प्रभावी साथ दिया। कार्यक्रम की शुरूआत मैडम ने श्याम कल्याण से किया। इस रचना के बोल बनाव में उन्होंने जादू भर दिया। लोग मन्त्रमुग्ध दूसरी दुनिया में विचरते रहे। यह अवसर बार बार नहीं मिलता है सब समझ रहे थे। साथ ही निशुल्क मिले यह तो शासन द्वारा आयोजित और प्रायोजित कार्यक्रमों में ही मिलता है जिसमें आमजनों के कला की प्यास बुझती है।

इस कार्यक्रम में मैडम ने शुरूआत श्याम कल्याण से की श्याम बिन नीद न आवे। पहले ही गान से कार्यक्रम को यादगार बना दिया इसके बोल और बनाव ने लोगो को बांध दिया। उन्हें स्वर्गीय आनन्द का भाष हो रहा था। आंख मूद कर सर हिला रहे थे और झूम रहे थे। समारोह के कार्यक्रम और उपस्थिजनो के मूड चेहरे पर आते जाते भाव, और उनके मुद्रा ओर प्रशंसा में मंत्रमुग्ध हो सर को हिलाना अजब आकर्षक समां बांध रहा था जिसको शब्दों में बयां करना मुशकिल है। कोई उच्च दर्जे का कलाकार भी यह कौशल नहीं दिखा सकता है। मैडम की दूसरी प्रस्तुति थी चतुरंग आज शुभ दीप जलाओं राग मधुवन्ती में गाया काहे मान करो सखी अब।

गहराती रात में स्वर और संगीत का संगम तथा कद्रदानो के तबियत और उपस्थित रहनें वाले आमजनो ने इस आयोजन की गरिमा को चार चांद लगा दिया। बेसब्री से दूसरे साल के आयोजन के प्रतीक्षरत श्रद्धा पूर्वक अलविदा कह कहकर चलते बने चर्चा करते हुये। धरोहर संस्कृति का आयोजन धरोहर यादगार बन कर लोगो के दिमाग को मथती रहेगी। अवसर का आनन्द उपस्थिति होकर ही उठाया जा सकता है शब्दो से तो सिर्फ श्रद्धा और प्रशंसा ही पेश की जा सकती है क्योकि शब्दों की तो सीमा होती है।

## भारत-मित्र हैं तो चीन के शत्रु भी!

**के. विक्रम राव**

भारत में कल तक अर्जेंटीना उसके ख्यात फुटबॉलर डिएगो मारडोना के नाम से जाना जाता था। आज से इस टीवी समीक्षक जेवियर मिलेई के नाम से जाना जाएगा। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के कई अद्भुत और भू-डुलानेवाले चुनावी वादों के फलस्वरुप। मतदाताओं को भी संभावित क्रांति का आभास तो हो गया। मसलन मिलेई ने कहा था कि अर्जेंटीना की मुद्रा पेसो की जगह अमेरिकी डॉलर का चलन होगा, ताकि दाम कम हो सकें। जननेताओं के भ्रष्टाचार से पेसो की विनिमय दर गिरी है। नए राष्ट्रपति सेंट्रल बैंक को खत्म कर देंगे। अभी तक सत्तारूढ़ वित्तमंत्री नोट छाप कर अर्थनीति पर काबू पाते रहे थे। विदेशी कर्ज से टूटी कमर को सीधा करने और चालीस प्रतिशत निर्धनों को उबारने हेतु यह जरूरी कदम लेंगे।

छप्पन प्रतिशत वोट पाकर मिलेई ने डेढ़ करोड़ जनता को आश्वस्त किया कि डेढ़ सौ फीसदी मुद्रास्फीति को घटाना उनका पहला राजकार्य होगा। अर्जेंटीना दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन का भागीदार था। अतः मिलेई की प्रथम घोषणा थी कि कम्युनिस्ट चीन से उनके गणराज्य का कोई व्यापारिक संबंध नहीं रहेगा। बड़ा मनभावन है। हालांकि चीन की विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ नींग ने बीजिंग में कहा अर्जेंटीना से मित्रता बनी रहेगी। सर्वाधिक दिलचस्प बयान नए राष्ट्रपति का धर्म पर है। अर्जेंटीना एक ईसाई राष्ट्र है। रोम के पोप का भक्त। वर्तमान पोप फ्रांसिस भी ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना) में जन्मे थे। वे चौकीदार रहे हैं। तकनीशियन भी रहे। मिलेई की घोषणा है यह ÷पोप मूढ़ हैं। वह धरती पर दुर्भावना का घोत्तक है। हालांकि यह पोप बड़े धर्मपारायण हैं। श्लाध्य रहे हैं। सोसाइटी ऑफ जीसस (जेसुइट्स) के सदस्य बनने वाले फ्रांसिस पहले पोप हैं। अमेरिका के पहले, दक्षिणी गोलार्ध से पहले बनने वाले पोप वे ही हैं। मिलेई की विजय की घोषणा होते ही उनके समर्थक राजधानी की सड़कों पर रातभर विजयोत्सव मनाते रहे। मोटर गाड़ियों पर लहराते झंडे में राष्ट्रीय पताका के साथ गैड्सडेन भी लहरा रहा था। उस पर लिपटा हुआ सांप चिन्हित था। चेतावनी लिखी थी हम पर पैर मत रखना। डस लिया जाएगा। इस खुशी के संदर्भ में फुटबॉलर माराडोना से मिलेई की समता का जिक्र हो। उनके पराजित प्रतिद्वंदी पर मिलेई के साथ मतदाताओं ने भी राष्ट्रीय हीरो माराडोना द्वारा इंग्लैंड को विश्व कप में दो गोल-दागनेवाले माराडोना को याद किया। ठीक ऐसी ही जीत रही मतदान में मिलेई की भी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

एनसीआरबी के आंकड़े भी महिलाओं के खिलाफ आपराधिक घटनाओं में वृद्धि को स्पष्ट करते हैं। इन अपराधों में बलात्कार, घरेलू हिंसा, मारपीट, दहेज प्रताड़ना, एसिड हमला, अपहरण, मानव तस्करी, साइबर अपराध और कार्यस्थल पर उत्पीड़न आदि शामिल हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार 2017 में भारत में कुल 32,559 बलात्कार हुए, जिसमें 93.1 प्रतिशत आरोपी करीबी ही थे। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो-2017 की रिपोर्ट के हिसाब से देश में सबसे ज्यादा 5562 मामले मध्यप्रदेश में दर्ज हुए। इस सूची में 3305 रेप मामलों के साथ राजस्थान दूसरे नंबर पर रहा।

# हिंसामुक्त नारी समाज का सपना अधूरा क्यों?

पूरे विश्व में महिलाओं के प्रति हिंसा, शोषण एवं उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं के उन्मूलन हेतु संयुक्त राष्ट्र के द्वारा प्रतिवर्ष 25 नवंबर को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस' मनाया जाता है। भारत ही नहीं, दुनियाभर की महिलाओं पर बढ़ती हिंसा, शोषण, असुरक्षा एवं उत्पीड़न की घटनाएं एक गंभीर समस्या है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा महिलाओं पर की जा रही इस तरह हिंसा के उन्मूलन के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता को रेखांकित करने वाले अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महिलाओं के समूह व संगठन महिलाओं की समाज में चिंताजनक स्थिति और इसके परिणामस्वरूप, महिलाओं के शारीरिक, मानसिक तथा मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को सामने लाने के लिए विविध उपक्रम किये जाते हैं। कई महिला अधिकार कार्यकर्ता एवं संगठन इस दिन दुनिया को महिलाओं के खिलाफ हिंसा से मुक्त कराने के लिए नारीवादी आंदोलनों का समर्थन करते हैं।


ललित गर्ग

यह दिवस उन मिराबल बहनों का भी सम्मान करता है जिनकी वर्ष 1960 में इसी दिन राजनैतिक कार्यकर्ता डोमिनिकन शासक राफेल ट्रुजिलो (1930-1961) के आदेश पर तीन बहनों, पैट्रिया मर्सिडीज मिराबैल, मारिया अर्जेंटीना मिनेर्वा मिराबैल तथा एंटोनिया मारिया टेरेसा मिराबैल की क्रूरता से हत्या कर दी थी। इन तीनों बहनों ने ट्रुजिलो की तानाशाही का कड़ा विरोध किया था। महिला अधिकारों के समर्थक व कार्यकर्ता वर्ष 1981 से इस दिन को इन तीनों बहनों की मृत्यु की स्मृति के रूप में मनाते हैं। देश एवं दुनिया में विकास के साथ-साथ महिलाओं के प्रति हिंसक सोच थमने की बजाय नये-नये रूपों में सामने आती रही है। इसी हिंसक सामाजिक सोच एवं विचारधारा पर काबू पाने के लिये अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा-उन्मूलन दिवस महिलाओं के अस्तित्व एवं अस्मिता से जुड़ा एक ऐसा दिवस है जो दायित्वबोध की चेतना का संदेश देता है, महिलाओं के प्रति एक नयी सभ्य एवं शालीन सोच विकसित करने का आह्वान करता है। यह दिवस उन चौराहों पर पहरा देता है जहां से जीवन आदर्शों के भटकाव एवं नारी-हिंसा की संभावनाएं हैं, यह उन आकांक्षाओं को थामता है जिनकी हिंसक गति तो बहुत तेज होती है पर जो बिना उद्देश्य समाज की बेतहाशा दौड़ को दर्शाती है। इस दिवस को मनाने के उद्देश्यों में महिलाओं के प्रति बढ़ रही हिंसा को नियंत्रित करने का संकल्प भी है। यह दिवस नारी को शक्तिशाली, प्रगतिशील और संस्कारी बनाने का अनूठा माध्यम है। हर घंटे में पांच से अधिक महिलाओं या लड़कियों की उनके ही परिवार में किसी न किसी द्वारा हत्या कर दी जाती है। लगभग तीन में से एक महिला को अपने जीवन में कम से कम एक बार शारीरिक और यौन हिंसा का शिकार होना पड़ा है। 86 प्रतिशत महिलाएँ और लड़कियाँ लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ कानूनी सुरक्षा के बिना




देशों में रहती हैं। महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा दुनिया में सबसे प्रचलित और व्यापक मानवाधिकार उल्लंघनों में से एक है। यह संकट कार्यस्थल और ऑनलाइन स्थानों सहित विभिन्न सेटिंग्स में तीव्र हो गया है, और महामारी के बाद के प्रभावों, संघर्षों और जलवायु परिवर्तन के कारण और भी गंभीर हो गया है। अनुमान है कि दुनिया भर में 35 प्रतिशत महिलाओं ने शारीरिक और यौन हिंसा का अनुभव किसी नॉन-पार्टनर द्वारा अपने जीवन में किसी बिंदु पर किया है। हालांकि, कुछ राष्ट्रीय अध्ययनों से पता चलता है कि 70 प्रतिशत महिलाओं ने अपने जीवनकाल में एक अंतरंग साथी से शारीरिक और यौन हिंसा का अनुभव किया है। दुनियाभर में पाए गए सभी मानव तस्करी के पीड़ितों में से 51 प्रतिशत वयस्क महिलाओं का खाता है। यूरोपीय संघ की रिपोर्ट में 10 महिलाओं में से एक ने 15 साल की उम्र से साइबर-उत्पीड़न का अनुभव किया है। 18 से 29 वर्ष की आयु के बीच युवा महिलाओं में जोखिम सबसे अधिक है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक वैश्विक महामारी है। 70 प्रतिशत महिलाओं की संख्या अपने जीवनकाल में हिंसा का अनुभव करती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े भी महिलाओं के खिलाफ आपराधिक घटनाओं में वृद्धि को स्पष्ट करते हैं। इन अपराधों में बलात्कार, घरेलू हिंसा, मारपीट, दहेज प्रताड़ना, एसिड हमला, अपहरण, मानव तस्करी, साइबर अपराध और कार्यस्थल पर उत्पीड़न आदि शामिल हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार 2017 में भारत में कुल 32,559 बलात्कार हुए, जिसमें 93.1 प्रतिशत आरोपी करीबी ही थे। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो-2017 की रिपोर्ट के हिसाब से देश में सबसे ज्यादा 5562 मामले मध्यप्रदेश में दर्ज हुए। इस सूची में 3305 रेप मामलों के साथ राजस्थान दूसरे नंबर पर रहा। राजस्थान में तो कन्या-शिशुओं को जन्म लेते ही मार देने की भयावह मानसिकता रही है। कुछ चिंतन और मनन करने से हमें पता चलता है कि महिलाओं के विरुद्ध यौन उत्पीड़न, फब्तियां कसने, छेड़खानी, वैश्यावृत्ति, गर्भाधारण के लिए विवश करना, महिलाओं और लड़कियों को खरीदना और बेचना, युद्ध से उत्पन्न हिंसक व्यवहार और जेलों में भीषण यातनाओं का क्रम अभी भी महिलाओं के विरुद्ध जारी है और इसमें कमी होने के बजाए वृद्धि हो रही है।

आज हिंसा एवं उत्पीड़न से ग्रस्त समाज की महिलाओं पर विमर्श जरूरी है। विकसित एवं विकासशील देशों में महिलाओं पर अत्याचार, शोषण, भेदभाव एवं उत्पीड़न का साया छाया रहता है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। माइनॉरिटी राइट्स ग्रुप इंटरनेशनल ने 'दुनिया के अल्पसंख्यकों और मूल लोगों की दशा' नामक अपनी सालाना रिपोर्ट में बताया गया है कि कैसे दुनियाभर में अल्पसंख्यक और मूल समुदाय की महिलाएं हिंसा का शिकार ज्यादा होती हैं, चाहे वह संघर्ष का दौर हो या शांति का दौर। इस संगठन के कार्यकारी निदेशक मार्क लैटिमर ने कहा कि दुनियाभर में अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव के तहत महिलाओं को शारीरिक हिंसा का दंश झेलना पड़ता है। यह स्थिति भारत के सन्दर्भ में भी भयावह है। भले ही भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान में महिला सशक्तिकरण के लिए सराहनीय कार्य कर रही है बावजूद इसके आधुनिक युग में हजारों अल्पसंख्यक ही नहीं आम महिलाएं अपने अधिकारों से कोसों दूर हैं। सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए भले ही सैकड़ों योजनाएं तैयार की हों, परंतु महिला वर्ग में शिक्षा व जागरूकता की कमी आज भी खल रही है। अपने कर्तृतव्यों तथा अधिकारों से बेखबर महिलाओं की दुनिया को चूल्हे चौके तक ही सीमित रखा है। भारत में आदिवासी समुदाय की महिलाएं अपने अधिकारों से बेखबर हैं और उनका जीवन आज भी एक त्रासदी की तरह है। नारी को छोटा व दोयम दर्जा का समझने की मानसिकता भारतीय समाज की रग-रग में समा चुकी है। असल प्रश्न इसी मानसिकता को बदलने का है। इन वर्षों में अपराध को छुपाने और अपराधी से डरने की प्रवृत्ति खत्म होने लगी है। वे चाहे मीटू जैसे आन्दोलनों से हो या निर्भया कांड के बाद बने कानूनों से। इसलिए ऐसे अपराध पूरे न सही लेकिन फिर भी काफी सामने आने लगे हैं। अन्यायी तब तक अन्याय करता है, जब तक कि उसे सहा जाये।

# रेलवे : ट्रेन में हाकर्स को लाइसेंस देने की तैयारी

स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण करने के लिए स्टॉल्स और रेलवे के दफ्तरों को शिफ्ट करने वाली मध्य रेलवे जल्द ही भीड़ भरी लोकल ट्रेनों में सामान बेचने के लिए हॉकर्स को लाइसेंस देने की तैयारी कर रही है। जल्द ही मुंबई की लोकल ट्रेनों में चाय, समोसे और कटी हुईं सब्जियां बेचते हुए लाइसेंसधारी हॉकर्स नजर आएंगे। इसके लिए 28 नवंबर के दिन रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर बोलियां लगाई जाएंगी।

वैश्विक स्तरपर कोरोना महामारी के भयंकर प्रसार के बीच भारतीय केंद्रीय वित्त बजट में हॉकर्स के लिए बिना किसी जमानत या गारंटी के लोन की घोषणा की गई थी उसके बाद बजट 2023 में भी हाकर्स के लिए प्लान थे जिसके फायदे अनेकों हॉकर्स ने लिए और लेना चालू भी है परंतु जिस तरह मीडिया में 28 नवंबर 2023 को रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑफर्स लगाने की बात मीडिया से छान छान कर आ रही है, उससे ऐसा लग रहा है कि अब रेलवे विभाग ट्रेन में हॉकर्स को खाद्य सामग्री बेचने के लिए लाइसेंस देने की तैयारी कर रही है। बता दे,पहले फेरीवाले रेलवे स्टेशनों पर और ट्रेन में सवार होकर स्थानीय उत्पाद बेचते थे, जिनमें ज्यादातर खाने-पीने का सामान होता था। हालांकि, वे रजिस्टर्ड नहीं थे और सुरक्षा और स्वच्छता दोनों चिंताएं जुड़ी हुई थीं. रेलवे ने उन्हें हटाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान भी चलाया जिससे उनका ट्रेन में चढ़ना और यहां तक कि स्टेशन पर भी घूमना मुश्किल हो गया था। परंतु अभी रेलवे का मुंबई जोन में लोकल ट्रेनों में खान-पान का सामान बेचने का लाइसेंस देने की तैयारी कर रही है, जो अभी फिलहाल दो हज़ार को दिया जाएगा जिसमें पड्र हज़ार होकर लोकल ट्रेनों में जबकि पांच सौ होकर लंबी दूरी की ट्रेनों में 3 साल की अवधि तक बेचने की अनुमति होगी। अब सवाल उठता है कि ट्रेनों में इतनी भारी भीड़ के बावजूद फेरीवालों को लाइसेंस देना चुनौती पूर्ण कार्य है। हालांकि रेलवे को इससे बड़ा लाभ होगा, एक और स्त्रोत खुलेगा परंतु यात्रियों और यात्रियों की परेशानियों को ध्यान में रखना जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे ट्रेन में हॉकर को लाइसेंस देने के पहले यात्रियों की सुरक्षा स्वास्थ्य परेशानी और सुविधाओं को रेखांकित करना जरूरी है।


किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम मुंबई में लंबी दूरी की ट्रेनों, लोकल ट्रेनों में फेरीवालों को लाइसेंस देने पर विचार करने की करें तो, मुंबई में अब भीड़ भरी लोकल ट्रेनों में हक से सामान बेचेंगे हॉकर्स, रेलवे बना रही ये योजना, हॉकर्स को इन ट्रेनों में सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक ही सामान बेचने की अनुमति होगी, जबकि लोकल ट्रेनों में खान-पान का सामान भी मिलेगा और समय की कोई सीमा नहीं होगी। स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण करने के लिए स्टॉल्स और रेलवे के दफ्तरों को शिफ्ट करने वाली मध्य रेलवे जल्द ही भीड़ भरी लोकल ट्रेनों में सामान बेचने के लिए हॉकर्स को लाइसेंस देने की तैयारी कर रही है। जल्द ही मुंबई की लोकल ट्रेनों में चाय, समोसे और कटी हुई सब्जियां बेचते हुए लाइसेंसधारी हॉकर्स नजर आएंगे। इसके लिए 28 नवंबर के दिन रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर बोलियां लगाई जाएंगी। एक



अधिकारी ने बताया कि गैर यात्री किराया के तहत राजस्व प्राप्त करने के लिए यह योजना लाई जा रही है। इन्हें मुंबई डिविजन में ही सामान बेचने की अनुमति दी जाएगी। उपगनरीय और गैर उपनगरीय ट्रेनों के लिए अलग से बोलियां लगाई जाएंगी। हॉकर्स को 3 साल तक सामान बेचने की मंजूरी मिलेगी। गैर उपनगरीय ट्रेनों में खान-पान का सामान बेचने की अनुमति नहीं होगी।, कहीं स्टेशन न बन जाएं हॉकर्स जोन,रेलवे की ओर से हॉकर्स की संख्या निर्धारित की गई है। इस तरह की संख्या बीएमसी द्वारा भी तय की गई है लेकिन मुंबई में लाइसेंसधारी हॉकर्स से करीब 20 गुना ज्यादा हॉकर्स हैं, इन पर अब बीएमसी का भी नियंत्रण नहीं है। पिछले कुछ सालों से मुंबई में हॉकर्स जोन बनानी की मांग हो रही है ऐसे में रेलवे स्टेशनों पर हॉकर्स को लाइसेंस देने के बाद ट्रेनों में और स्टेशनों पर हॉकर ज़ोन बनने की आशंका जताई जा रही है। बता दें लोकल ट्रेन को मुंबई की धड़कन कहा जाता है। सुबह और शाम के समय लोकल में सफर करना किसी चुनौती से कम नहीं होती है। डिब्बे में सांस लेने तक की जगह न होने के बावजूद कई बार कुछ लोग आपको सामान बेचते मिल जाएंगे। हालांकि इन हैंकरों को सामान बेचने की इजाजत नहीं होती लेकिन अब रेलवे लोकल में हॉकर्स को लाइसेंस देने की योजना बना रही है। इस बीच मुंबई लोकल में खाना बेचने और परोसने का विडियों यानी चलता फिरता रेस्टोरेट का विडियों भी आ गया जो सबको हैरान कर रहा है।

साथियों बात अगर हम लोकल ट्रेनों, स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रित करने की करें तो, लोकल स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रित करने के मकसद से रेलवें ने कई स्टेशनों से स्टॉल्स और रेलवे के दफ्तरों को हटा दिया दिया है। भीड़ कम करने के मकसद यह कदम उठाने वाली मध्य रेलवे अब जल्द ही भीड़ भरी लोकल ट्रेनों में सामान बेचने के लिए हॉकर्स को लाइसेंस देने की तैयारी कर रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर 28 नवंबर को इसके लिए बोलियां लगाई जाएंगी। इसके तहत रेलवे राजस्व बढ़ाना चाह रही है।

साथियों बात अगर हम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मुंबई की लोकल ट्रेनों में एक चलता फिरता रेस्टोरेंट की चर्चा करें तो, लाइसेंस दिए जाने के पहले ही मुंबई की लोकल में एक चलता फिरता रेस्टोरेंट इस समय सोशल मीडिया में खूब चर्चा में है। मुंबई की लोकल में दो लड़कों ने मुंबई लोकल में चलता फिरता रेस्टोरेट ही खोल दिया।सोशल मीडिया में इन लड़कों द्वारा शेयर किये गए वीडियो में दोनों ने एक लोकल ट्रेन के डिब्बे में एक छोटी सी फोल्डिंग टेबल लगाई और उसे कपड़े से ढक दिया। इसके बाद उन्होंने बाकायदा यात्रियों को मेन्यू दिया। जैसा कि वीडियो में देख सकते हैं कि इसके बाद उन्होंने यात्रियों को केचप के साथ मैगी और अजवायन के साथ जलेबी परोसी। चलते फिरते इस रेस्टोरेट का नाम टेस्टी टिकट दिया गया।सोशल मीडिया में वाहवाही बटोर रहे इस वीडियों ने आम यात्रियों हैरान कर दिया है। यात्रियों का कहना है कि लोकल में हैंकर्स को लाइसेंस देने के पहले यह माहौल बनाने वाली वाहवाही है। लेकिन इससे लोकल में चलने वाले लोगों को भारी परेशानी होगी, गंदगी भी होगी, क्योंकि लोकल के डिब्बों में खड़े होने तक की जगह नहीं होती, हैकर्स बिना डर के डिब्बों में आएंगे।यात्रियों को आशंका है कि डिब्बे हॉकर्स जोन बन जाएंगे। हॉकर्स की भीड़ यहां सबकुछ बेचगी। जो यात्रियों की सुरक्षा, स्वस्थ्य और सुविधा के लिए खतरनाक साबित होगा।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि रेलवे द्वारा ट्रेन में हाकर्स को लाइसेंस देने की तैयारी। फेरीवालों को ट्रेन में सवार होकर खाद्य व अन्य सामग्री बेचने के लिए लाइसेंस देने पर विचार।ट्रेन में हॉकर्स को लाइसेंस देने के पहले यात्रियों की सुरक्षा स्वास्थ्य परेशानी और सुविधा को रेखांकित करना जरूरी है।

# कब पूरा होगा किशोरियों के लिए आजादी का अर्थ?

राज्य के बागेश्वर जिला के गरुड़ ब्लॉक स्थित इस गांव की जनसंख्या लगभग 2528 है। जबकि साक्षरता की दर करीब 85 फीसदी है। जिसमें करीब 40 प्रतिशत महिलाएं और 45 प्रतिशत पुरुष साक्षरता दर है। यानी साक्षरता प्राप्त करने में महिलाएं भी पुरुषों से पीछे नहीं हैं। इस गांव में नई पीढ़ी की लगभग सभी किशोरियां कम से कम 12वीं पास अवश्य हैं। इसके बावजूद यहां की महिलाओं और किशोरियों को पुरुषसत्तात्मक समाज के अधीन रहना पड़ता है। उन्हें अपने जीवन के फैसले लेने तक का अधिकार नहीं है। 12वीं के बाद लगभग किशोरियों की शादी तय कर दी जाती है। क्या वह आगे पढ़ना चाहती हैं या नहीं? क्या वह अपने पैरों पर खड़ा होकर सशक्त बनना चाहती हैं या नहीं? वह अपने भविष्य को लेकर क्या सपने देख रही हैं? यह उनसे पूछने की ज़रूरत भी नहीं समझी जाती है।

कभी कभी हमारे देश में देखकर लगता है कि देश तो आजाद हो गया है, जहां सभी के लिए अपनी पसंद से जीने और रहने की आज़ादी है। लेकिन महिलाओं और किशोरियों खासकर जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहती हैं, उनके लिए आजादी का कोई मतलब नहीं है। उनके लिए तो नींद ही स्वतंत्रता को महसूस करने का एकमात्र साधन है क्योंकि इसमें कोई रोक टोक नहीं है। बंद आंखों से एक लड़की अपने वह सारे सपने, आजादी और अपनी खुशी महसूस करती है जिससे वह पाना चाहती है। लेकिन आंख खुलते ही वह एक बार फिर से संस्कृति और परंपरा की बेड़ियों में खुद को बंधा हुआ पाती है। सवाल यह है कि क्या सही अर्थों में यही आजादी है? देश गुलामी से आज़ादी की तरफ बढ़ तो गया लेकिन दूर दराज़ ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं और किशोरियां आज भी पितृसत्ता समाज की बेड़ियों में जकड़ी हुई हैं। उन्हें घर की चारदीवारी तक सीमित रखा जाता है। यहां तक कि उन्हें अपने लिए फैसले लेने की आज़ादी भी नहीं होती है। उन्हें वही फैसला मानना पड़ता है जो घर के पुरुष सदस्य लेते हैं, फिर वह फैसला चाहे उनके हक़ में न हो। उन्हें तो अपनी राय देने तक की आज़ादी नहीं होती है।


खुशबू बोरा

देश के अन्य दूर दराज़ ग्रामीण क्षेत्रों की तरह पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्र मेगड़ी स्टेट में भी महिलाओं और किशोरियों की यही स्थिति है। जहां उन्हें पितृसत्तात्मक समाज के अधीन जीने के लिए मजबूर होना पड़ता है। राज्य के बागेश्वर जिला के गरुड़ ब्लॉक स्थित इस गांव की जनसंख्या लगभग 2528 है। जबकि साक्षरता की दर करीब 85 फीसदी है। जिसमें करीब 40 प्रतिशत महिलाएं और 45 प्रतिशत पुरुष साक्षरता दर है। यानी साक्षरता प्राप्त करने में महिलाएं भी पुरुषों से पीछे नहीं हैं। इस गांव में नई पीढ़ी की लगभग सभी किशोरियां कम से कम 12वीं पास अवश्य हैं। इसके बावजूद यहां की महिलाओं और किशोरियों को पुरुषसत्तात्मक समाज के अधीन रहना पड़ता है। उन्हें अपने जीवन के फैसले लेने तक का अधिकार नहीं है। 12वीं के बाद लगभग किशोरियों की शादी तय कर दी जाती है। क्या वह आगे पढ़ना चाहती हैं या नहीं? क्या वह अपने पैरों पर खड़ा होकर सशक्त बनना चाहती हैं या नहीं? वह अपने भविष्य को लेकर क्या सपने देख रही हैं? यह उनसे पूछने की ज़रूरत भी नहीं समझी जाती है।



इस संबंध में 9वीं क्लास की एक छात्रा कुमारी जिया कहती कि लड़की के किशोरावस्था में पहुंचते ही परिवार की इज़्ज़त, संस्कृति और परंपरा की गठरी उसके सर पर रख दी जाती है, जिसे उम्र भर ढोने के लिए उसे मजबूर किया जाता है। हालांकि यही परिस्थिति और आशाएं परिवार के लड़कों के साथ नहीं की जाती है। उसे अपनी पसंद से जीने की पूरी आज़ादी प्रदान की जाती है। घर के फैसले भी उसके भविष्य को देखकर लिए जाते हैं। यदि लड़का जाति और धर्म से हटकर भी जीवनसाथी का चुनाव करता है तो समाज को इसमें कोई बुराई नज़र नहीं आती है। लेकिन उसी समाज को लड़की द्वारा लिये जाने वाले ऐसे किसी भी फैसले पर सख्त एतराज़ हो जाता है। यदि कोई लड़की नौकरी करना चाहती है तो उसे आजादी नहीं है। शादी के बाद नई बहू अपनी पसंद की नौकरी भी नहीं कर सकती है। इसके लिए उसे अपने पति से अनुमति लेनी होती है। जो पुरुष अहंकार में डूबे होने के कारण उसे नौकरी करने से रोक देता है। समाज भी बहू की नौकरी को परंपरा और रीति रिवाजों के विपरीत मानकर इसपर उंगलियां उठाता है।

इस संबंध में गांव की एक 40 वर्षीय महिला खष्टी देवी कहती हैं कि पिछले कुछ दशकों में महिलाओं और किशोरियों के प्रति समाज की सोच में काफी बदलाव आया है। आज लड़कियों पर उस प्रकार की पाबंदी नहीं लगाई जाती है, जैसा कि हमारे समय में होता था। वह बताती हैं कि हमारे समय में लड़कियों के पांचवीं पास करते ही शादी कर दी जाती थी। उच्च विद्यालय दूर होने के कारण माता-पिता लड़कियों को स्कूल भेजने पर पाबंदी लगा देते थे। यदि कोई लड़की आगे पढ़ने के लिए स्कूल जाने की हिम्मत भी दिखाती थी तो उसे समाज द्वारा मानसिक रूप से इस प्रकार टॉर्चर किया जाता था कि वह खुद ही स्कूल जाना छोड़ देती थी। एक अन्य महिला निशा बोरा कहती हैं कि पहले और आज के समय में लोगों की सोच में थोड़ा बहुत बदलाव आया है। चूंकि सरकार भी बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृत्ति समेत कई योजनाएं चला रही है। जिससे माता-पिता उन्हें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसकी वजह से लड़कियां भी जागरूक हो रही हैं। लेकिन 12वीं के बाद अभी भी उनके घर से बाहर आने-जाने में रोक-टोक लगाई जाती है। जिसके लिए बदलाव लाना बहुत जरूरी है।

इस संबंध में, सामाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रैंडी कहती हैं कि महिलाओं और किशोरियों के प्रति पहले की अपेक्षा ग्रामीण समाज की सोच में काफी बदलाव आया है। लेकिन शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र इस मामले में आज भी बहुत पीछे है। लड़कियों को पढ़ने की आज़ादी तो मिल गई लेकिन उनके जीवन का फैसला पुरुषसत्तात्मक समाज ही करता है। जिसे उन्हें हर हाल में स्वीकार करना होता है। दरअसल ग्रामीण समाज भले ही साक्षर हो गया हो, लेकिन वह जागरूक नहीं है। वह अभी भी महिलाओं और किशोरियों के मुद्दों को अपनी संकुचित सोच के दायरे में रख कर देखता है और उन्हें इसका पालन करने के लिए मजबूर करता है। जिसमें परिवार की मौन सहमति भी होती है। नीलम कहती हैं कि इस सोच को केवल जागरूकता के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। तब जाकर कहीं महिलाओं और किशोरियों की आज़ादी का असली अर्थ पूरा होगा। (चरखा फीचर)

# सड़क के चौड़ीकरण के लिए 3918.33 लाख अनुमोदित

अवधनामा संवाददाता

■ 25 से 30 ग्रामों की लगभग 135000 आबादी लाभान्वित होगी : जितिन प्रसाद

**लखनऊ।** लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने लखीमपुर खीरी के निधासन विधान सभा क्षेत्र के निवासियों के आवागमन की सुविधा को सुलभ बनाने और सुरक्षित यात्रा के उद्देश्य से 15.8 किलोमीटर लम्बाई में सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु 3918.33 लाख रुपये अनुमोदित किये है। इस धनराशि से निधासन के ढ़केरवा गिरिजापुरी कैनाल सेवा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जायेगा।

जितिन प्रसाद ने बताया कि ढकेरवा गिरिजापुरी कैनाल सेवा मार्ग अन्य जिला मार्ग श्रेणी का है, जो लखीमपुर-शारदानगर ढकेरवा (प्रमुख जिला मार्ग-75सी) मार्ग के कि0मी0-32 से प्रारम्भ होकर गिरिजापुरी बैराज होते हुए जनपद बहराइच के महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र कर्तनियाघाट को जोड़ता है। मार्ग की वर्तमान चौड़ाई 4.00 मी0 है, जिसे 7.00 मीटर चौड़ीकरण एंव सुदृढ़ीकरण किया जायेगा। मार्ग की कुल लम्बाई 15.800 कि0मी0 है। इस मार्ग के चौड़ीकरण एंव सुदृढ़ीकरण हो जाने से 25 से 30 ग्रामों की लगभग 135000 आबादी लाभान्वित होगी एवं कर्तनियाघाट वन्य जीव विहार का पहुँच मार्ग होने के कारण काफी ज्यादा संख्या में आने वाले पर्यटकों को भी सुविधा होगी। मार्ग में सडक सुरक्षा के दृष्टिगत भी प्राविधान किये गये है। मार्ग के चौड़ीकरण एंव सुदृढ़ीकरण किये जाने हेतु कुल लागत रू0 3918.33 लाख है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि रोड़ कनेक्टिविटी अच्छी होने से एक तरफ जहां नागरिकों का आवागमन बेहतर होता है, वहीं खेती किसानी से जुड़े काश्तकारों को अपना उत्पाद शहरों तक पहुंचाने में कम ईंधन और कम समय लगता है। इससे उनकें उत्पादों का मूल्य भी अच्छा मिलता। साथ ही उद्यमी भी आसानी से गांव-गांव पहुंचकर कृषकों एवं हस्तशिल्पियों से उत्पादों का सीधे क्रय कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कें ग्रामीणों के आर्थिक उन्नति का सशसक्त माध्यम होती हैं।

# दीपावली व छठ पर्व पर परिवहन निगम ने कमाए 23.6 लाख

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए आवश्यकतानुसार परिवहन निगम द्वारा अतिरिक्त बसों का संचालन किया गया। पर्व के अवसर पर बसों के संचालन से परिवहन निगम को लगभग 23602.63 लाख रूपये की आय हुई है। जबकि विगत वर्ष इस दौरान 16761.54 लाख रूपये की आय प्राप्त हुई थी। अर्थात इस वर्ष 6841.09 लाख रूपये अधिक की आय हुई।

परिवहन मंत्री ने बताया कि परिवहन निगम ने दीपावली व छठ पर्व के दौरान 10 से 20 नवम्बर तक कुछ खास क्षेत्रों से अतिरिक्त बसों का संचालन किया गया। इस दौरान गाजियाबाद क्षेत्र का कलेक्शन सबसे कम रहा। गाजियाबाद क्षेत्र से 94.93 लाख रूपये का कलेक्शन हुआ। लखनऊ क्षेत्र से कुल कलेक्शन 402.45 लाख रूपये का कलेक्शन हुआ।

परिवहन मंत्री ने बताया कि पर्व अवसर पर कुल 16.87 लाख यात्रियों ने यात्रा किया। उन्होने बताया कि परिवहन निगम पर यात्रियों को गन्तव्य तक लाने व ले जाने में रेलवे के बाद सबसे अधिक भार रहता है। इस भूमिका का निर्वहन परिवहन निगम बखूबी कर रहा है।

# एक से तीन दिसंबर तक अन्तर्राष्ट्रीय लघु फिल्म महोत्सव का होगा आयोजन

अवधनामा संवाददाता

■ महोत्सव के आयोजन से उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों का दुनियाभर में प्रचार-प्रसार होगा : जयवीर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिष्ठित अन्तर्राष्ट्रीय लघु फिल्म महोत्सव के छठे संस्करण का आयोजन वाराणसी के मण्डलायुक्त सभागार में आगामी 01 से 03 दिसम्बर, 2023 तक किया जा रहा है। इस महोत्सव में पर्यटन को बढ़ावा देने से सम्बंधित फिल्मों का प्रदर्शन किया जायेगा। इस महोत्सव में लघु फिल्मों के निर्माण से जुड़े जाने-माने निर्माता भाग लेंगे। इससे उत्तर प्रदेश में फिल्म निर्माण के लिए एक नया वातावरण सृजित होगा।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वाराणसी में महोत्सव के आयोजन से दुनिया भर के फिल्मकारों के बीच उत्तर प्रदेश में शूटिंग करने लायक जगहों की जानकारी पहुंचेगी और प्रदेश में फिल्म निर्माण को गति मिलेगी, जिससे प्रदेश में रोजगार बढ़ेगा। उत्तर प्रदेश सरकार नयी फिल्म नीति के तहत राज्य में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने के लिए खास छूट व अनुदान के साथ तमाम सहूलियते भी दी जा रही हैं।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस शार्ट फिल्म महोत्सव की आयोजक संस्था इंडियन इन्फोटेनमेंट मीडिया कॉरपोरेशन (आईएफएफसी) के प्रमुख व लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड्स में अपना नाम दर्ज करा चुके जाने माने शार्ट फिल्म निर्माता देवेन्द्र खंडेलवाल भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि वाराणसी के सांस्कृतिक पर्यटन के महत्व को देखते हुए इस बार यहां आयोजन करने का निर्णय किया गया है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म महोत्सव से न केवल उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों का दुनिया भर में प्रचार-प्रसार होगा व उनके प्रति लोगों में आकर्षण बढ़ेगा बल्कि इस प्रदेश की गौरवशाली संस्कृति के बारे में भी लोग जान सकेंगे।

आईएफएफसी प्रमुख देवेन्द्र खंडेलवाल के अनुसार शार्ट फिल्म महोत्सव के अब तक हुए पांच संस्करण सफल रहे हैं और इसने भारत के शार्ट फिल्म बनाने वालों को प्रोत्साहित किया है।

# किड्स गुरुकुल महाराष्ट्र ने जीती ओवरआल चैम्पियनशिप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, जॉपलिंग रोड कैम्पस द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय भूगोल ओलम्पियाड 'जियोफेस्ट इण्टरनेशनल' धरती को हरी-भरी बनाने के संकल्प के साथ आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर देश-विदेश के विजयी प्रतिभागियों को ट्राफी, मैडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। किड्स गुरुकुल इण्टरनेशनल, जलगाँव, महाराष्ट्र, के छात्रों ने ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्राफी जीतकर अपने मेधात्व का परचम लहराया जबकि बाल भारती स्कूल, नई दिल्ली की छात्र टीम ने रनर-अप खिताब जीता। विदित हो कि पाँच दिवसीय जियोफेस्ट इण्टरनेशनल में रूस, नेपाल, आयरलैण्ड, बहरीन एवं भारत के लगभग 500 छात्रों ने विभिन्न रोचक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं जैसे जेल-ओ-माइम, जियोटॉक, जियो एड, जियो क्विज, जियो कोलाज, जियो फ्लोर आर्ट, 3-डी मॉडल मेकिंग, 3-डी साफ्टबोर्ड, जियो टेस्ट, जियो टेक, जियो टून्स आदि में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ ही पर्यावरण संवर्धन अलख जगाया।

# हिंदी में है अभिव्यक्ति की अपार सम्भावनाएँ

अवधनामा संवाददाता

■ हिंदी मे कार्य करने का संकोच छोड़कर कर शुरू करें : नरेंद्र विठोबा नितनवर

**लखनऊ।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-2), की वर्ष 2023 की द्वितीय अर्द्धवार्षिक बैठक का आयोजन भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण. उत्तरी क्षेत्र, अलीगंज, लखनऊ कार्यालय में दिनांक 24.11.2023 को श्री नरेंद्र विठोबा नितनवरे, अपर महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष तथा अध्यक्ष, नराकास (का.-2), लखनऊ की अध्यक्षता में किया गया।

मूल्यांकन के आधार पर राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3), राजभाषा नियम 1976 के नियम-5 का पूर्णतःमम अनुपालन करने; छमाही के दौरान दो हिंदी कार्यशालाएं और दो हिंदी बैठकों का आयोजन करने, क, ख एवं ग क्षेत्रों में स्थित कार्यालय में हिंदी पत्राचार और हिंदी टिप्पण हेतु निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करके हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 26 सदस्य कार्यालयों को शील्ड प्रदान किया गया तथा इस छमाही के दौरान हिंदी गृह पत्रिका प्रकाशित करने वाले 5 कार्यालयों को भी प्रशस्ति-पत्र द्वारा सम्मानित किया गया।

अतिथि एवं मुख्य समीक्षक के रूप में उपस्थित अजय कुमार चौधरी, सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) द्वारा कार्यालयों के सरकारी कामकाज में अधिकाधिक प्रयोग और राजभाषा हिंदी की प्रगति के संबंध में उत्पन्न समस्याओं का निवारण किया गया तथा निर्धारित लक्ष्य नहीं प्राप्त करने वाले सदस्य कार्यालयों को भी लक्ष्य प्राप्त करने का सुझाव दिया गया। ताकि गृह मंत्रालय द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन हेतु पुरस्कृत किया जा सके। नरेंद्र विठोबा नितनवरे, अपर महानिदेशक व विभागाध्यक्ष एवं अध्यक्ष, नराकास (का.-2), लखनऊ ने कार्यालयों से अधिकाधिक कार्य हिंदी में करने का अनुरोध किया. उन्होंने कहा कि हिंदी मे कार्य करने का संकोच छोड़कर कर शुरू करें तो लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जासकता है. उन्होंने कहा कि हिंदी बड़ी सरल और सशक्त भाषा है जिसमें अभिव्यक्ति की अपार सम्भावना है।

इनके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित सभी सदस्य कार्यालयों के विभागाध्यक्ष, कार्यालय प्रमुख, कार्यालयाध्यक्ष एवं राजभाषा अधिकारी तथा राजभाषा संवर्ग के अन्य अधिकारियों का भी हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।

तत्पश्चात श्री ओम प्रकाश, निदेशक एवं राजभाषा अधिकारी तथा सदस्य सचिव, नराकास (का.-2), लखनऊ द्वारा सदस्य कार्यालयों की छमाही प्रगति रिपोर्ट के आंकड़ों की समीक्षा को प्रस्तुतिकरण पॉवर पॉइंट के माध्यम से किया गया। केंद्रीय भूजल बोर्ड की नीर हिन्दी गृह त्रिमासिक पत्रिका अंक-1 वर्ष 2023 का अनावरण भी किया गया।

अध्यक्ष, नराकास (का.-2), लखनऊ महोदय द्वारा सभी सदस्य कार्यालयों को राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आग्रह किया गया।

# वेस्टर्न क्लासिकल म्यूजिक की बारीकियों से रूबरू हुए छात्र

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) की मेजबानी में आयोजित 'वेस्टर्न क्लासिकल म्यूजिक वर्कशाप' में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्रों, शिक्षकों व संगीत प्रेमियों ने पाश्चात्य शास्त्रीय संगीत की बारीकियों से रूबरू हुए, साथ ही पाश्चात्य संगीत की विभिन्न विधाओं का आनंद उठाया। यह संगीत कार्यशाला एसोसिएटेड बोर्ड ऑफ रायल स्कूल ऑफ म्यूजिक (ए.बी.आर.एस.एम.), लंदन के तत्वावधान में सम्पन्न हुई, जिसमें एबीआरएसएम की मुख्य परीक्षक सुश्री जो बूथ, एब्रीआरएसएम के परीक्षक श्री मिशेल वाल्श, संगीतज्ञ श्री जेम्स वेलबर्न एवं इण्डिया नेशनल यूथ आर्केस्ट्रा एवं कोरस की मैनेजिंग डायरेक्टर, सुश्री सोनिया खान ने संगीत शिक्षा पर गहन चर्चा-परिचर्चा की, साथ ही दर्शकों के सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। इस वर्कशाप में लंदन से पधारे विश्व प्रसिद्ध संगीतकारों ने कंपोजीशन, परफर्मेन्स एवं समूह प्रस्तुतियों पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किये। वर्कशाप की मुख्य वक्ता एवं एबीआरएसएम की मुख्य परीक्षक सुश्री जो बूथ ने इस अवसर पर कहा कि संगीत शिक्षा आज एक नये कैरियर विकल्प के रूप में उभरी है।

## बिजली चोरी के पिछले पांच महीने के आंकडे बड़ा खुलासा

# बिजली कंपनियों में बिजली चोरों पर की जा रही मेहरबानी : उपभोक्ता परिषद

अवधनामा संवाददाता

■ बिजली कंपनियां घाटे से उबर पाएगी या और घाटे में डूब जाएगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की तरफ से जहां बिजली चोरी करने वालों को 65 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है वहीं सबसे बडी चिंता का विषय है की वर्तमान में बिजली कंपनियों में बिजली चोरी करने वाले बिजली चोरों पर पूरी मेहरबानी दिखाई जा रही है ऐसा क्यों किया जा रहा है यह तो प्रबंधन ही जाने लेकिन आने वाले समय में इसका दुष्परिणाम प्रदेश की बिजली कंपनियों पर पडेगा लाइन लॉस बढेगा घाटा बढेगा और उसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पडेगा छोटे विद्युत उपभोक्ताओं को विजिलेंस टीम के लोग परेशान करके बिजली चोरी पकड़ते हैं उन्हें परेशान ना किया जाए वह तो समझ में आता है लेकिन जो करोडों की बिजली चोरी करने वाले करोडपति बिजली चोर है उन पर मेहरबानी किसी भी स्तर पर नहीं की जानी चाहिए उपभोक्ता परिषद आज जो खुलासा करने जा रहा है उससे सभी की आंखें खुली की खुली रह जाएगी।

अभी विगत दोनों उपभोक्ता परिषद द्वारा यह मुद्दा उठाया गया था कि पूरे वित्तीय वर्ष में साल भर में लगभग 5019 करोड की बिजली चोरी सभी बिजली कंपनियों में होती है और जिस पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा रिपोर्ट तलब की गई थी अब बिजली चोरी पर सख्ती करने के बजाय उन पर मेहरबानी अपने आप में चिंता का विषय है। उपभोक्ता परिषद प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी से इस गंभीर मुद्दे पर हस्तक्षेप करते हुए कठोर कदम उठाने की मांग उठाई है। इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराना जनहित में जरूरी।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा वर्तमान में बिजली चोरी को आकलित करने के लिए और मॉनिटरिंग करने के लिए जो पावर कारपोरेशन का बिजली चोरी नामक आरएमएस पोर्टल बना है उसके आंकडों पर नजर डालें तो बेहद चौंकाने वाले हैं जुलाई अगस्त तक जहां बिजली चोरी बडे पैमाने पर पकडी जा रही थी वही अक्टूबर के बाद बिजली चोरों पर मेहरबानी दिखाई जाने लगी वर्तमान माह नवंबर का हाल तो यह है कि केवल औपचारिकता निभाई जा रही है।

# एक नजर कृपा की कर दो लाडली श्री राधे : पूनम दीदी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर तीन दिवसीय श्री श्याम जन्मोत्सव कार्यक्रम के द्वितीय दिन श्री श्याम बाबा का दरबार देखते ही बन रहा है ताता लगाए श्याम भक्त जय श्री श्याम जयकारा लगाकर दर्शन कर रहे थे वही दूसरी ओर वृंदावन रस अनुरागी पूर्णिमा पूनम दीदी भजनों का गुलदस्ता श्री श्याम प्रभु के चरणों पेश कर रही थी।

पूनम दीदी में अपने भजनों की शुरुआत मेरा छोटा सा संसार हरी आ जाओ गाकर किया फिर दीदी ने भक्तो से पूछा कि क्या तुम्हारे नैना लड़के मेरे श्याम सलोने से...भजन की लह सुनाकर भक्तो को बाबा से जोड़ दिया।

पूनम दीदी ने कार्यक्रम के दौरान भजन...मेरे जीवन की जुड़ गई डोर किशोरी तेरे चरणन में,

मोहे ब्रज की धुल बना दे,

एक नजर कृपा की कर दो लाडली श्री राधे, मेरी विनती यही है राधा रानी कृपा बरसाए रखना,

मीठे रस से भरियो रे राधा रानी,

राधे राधे राधे बरसाने वाली राधे,

तीनो लोकन से न्यारी राधा रानी,सखी री बरसाने में आज लाडली प्यार लुटाती है,राधे राधे बोल राधे राधे बोल बरसाने में डोल भजनों से पूरा वातावरण भक्ति में कर दिया। महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि इस बार श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव कार्यक्रम पर एक लाख से अधिक भक्तों ने बाबा के दर्शन संग बाबा की लीला पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन देखा।

# शिशु अनख के इलाज का ज़िम्मा उठाएगा प्रशासन, आयुष्मान कार्ड से मिली नई जिंदगी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम परसिया में आयोजित कार्यक्रम में अपने माता-पिता के शामिल हुआ शिशु अनख के इलाज का ज़िम्मा जिला प्रशासन अपने कंधों पर उठेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नोडल अफसर सौम्यशील सिंह की निगाह अचानक अनख पर पड़ी, उन्होंने अनक के माता-पिता को पास बुलाकर संवाद किया। इस दौरान अनख के माता-पिता ने बताया कि उसके बच्चों के दिल में छेद है और उसके ओठ व तालू कटा हुआ है। उन्होंने तुरंत सीएमओ और जिला दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी से समन्वय कर उसके इलाज के लिए सरकारी मदद दिलाने का निर्णय लिया। अनख का इलाज सरकारी खर्चे पर कराया जाएगा।गौरतलब है कि केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लक्ष्यों को पूरी तरह हासिल करने की दिशा में विकसित भारत के संकल्प को लेकर योजनाओं का रथ नवे दिन गुरुवार को लाभार्थियों के पथ पर पलिया ब्लॉक के सुदूरवर्ती, सीमावर्ती जनजातीय क्षेत्र के गांव बरबटा-परसिया जा पहुंचा। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के पहुँचते ही भरी संख्या में ग्रामीण रथ को देखने उत्साह के साथ पहुंचे, यात्रा की अगुवाई दिवस नोडल अफसर डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने की।

कार्यक्रम में डीपीआरओ सौम्यशील सिंह व पीओ यूके सिंह ने जनजातीय गौरव और संघर्ष के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए आजादी के आंदोलन में जनजातीय समाज के संघर्ष को याद किया। डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के माध्यम से केंद्र सरकार कीकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। साथ ही सभी ग्रामीणों और अन्य लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंने। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंने। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंने और देश की रक्षा करने वालो को सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने को लेकर शपथ दिलाई गयी।

# धूमधाम से मना महावीर स्वामी का निर्वाण महा महोत्सव

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** इन्दिरानगर दिगम्बर जैन सेवा संस्थान की ओर से श्री 1008 महावीर स्वामी का 2550 वां निर्वाण महा महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को संत गाडगे प्रेक्षागृह संगीत नाटक अकादमी गोमतीनगर में किया गया। संस्थान के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि आचार्य विशद सागर महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भी कार्यक्रम का आनन्द लिया। इस मौके पर जैन लेडीज़ क्लब के सहयोग से ऋषभ देव से महावीर महानाट्य का मंचन किया गया। इसकी पटकथा पंडित अभिषेक शास्त्री द्वारा लिखी गई है। समिति द्वारा उनको प्रत्येक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस महानाट्य में समाज के ही लगभग 100 कलाकारों के द्वारा अभिनय किया गया। जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया की इस महानाट्य का सबसे आचार्यजनक सत्य यह रहा की इसमें आधे से ज्यादा लोग पहली बार मंच पर आये थे। आचार्य विशद सागर ने आशीषवचन में महावीर के सिद्धांतों पर चलने का उपदेश दिया।

# वरदान साबित होगा क्वालिटी सर्किल फोरम

अवधनामा संवाददाता

■ क्वालिटी सर्किल के प्रशिक्षण को सत्र करने होंगे आयोजित : अनिरूद्ध कौशिक

**लखनऊ।** क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया, दिल्ली चेप्टर के कन्वीन्सन चेयरपर्सन एंड एडमिन ज्वाइंट सेक्रेटरी श्री अनिरूद्ध कौशिक बोले, क्वालिटी सर्किल दुनिया भर में एक लोकप्रिय व्यावसायिक अवधारणा है। क्वालिटी सर्किल फोरम का असल मकसद-कारिंदों की दुश्वारियों के समाधान, उत्पादों की गुणवत्ता नियंत्रण में सुधार और कार्यस्थल में उच्च मानकों को सुविधाजनक बनाना है। फोरम टीम वर्क को विकसित करता है। साथ ही साथ आत्मविश्वास और नौकरी की संतुष्टि बढ़ाना है। श्री कौशिक तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया, दिल्ली चेप्टर के सहयोग से क्वालिटी सर्किल इंपलिमेंटेशन इन यूनिवर्सिटी फ्रेमवर्क: फ्रॉम विजन टू एक्जीक्यूशन पर आयोजित ओरियंटेशन सेशन में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। श्री कौशिक ने क्वालिटी सर्किल के स्ट्रक्चर, प्राब्लम्स सॉल्विंग प्रोसेस, टूल्स, बेनिफिट्स आदि पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन असिस्टेंट डायरेक्टर एकेडमिक्स श्रीमती नेहा आनन्द ने किया।

श्री कौशिक ने क्वालिटी सर्किल की कार्यप्रणाली को समझाते हुए कहा, यूनिवर्सिटी ढांचे में गुणवत्ता चक्र लागू करने में कई चरण शामिल होते हैं। इसमें गुणवत्ता मंडलों का गठन, प्रशिक्षण और जागरूकता, विषयों का चयन, समस्या विश्लेषण, समाधान आदि शामिल है। सबसे पहले हमें क्वालिटी सर्किल में भाग लेने के इच्छुक संकाय कर्मचारियों और छात्रों की पहचान करनी हैं। उसके बाद विशिष्ट क्षेत्रों या मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए छोटे समूह बनाने होंगे। क्वालिटी सर्किल से संबंधित अवधारणा, उपकरण और कार्यप्रणाली के बारे में शिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने होंगे। मेंबर्स को यूनिवर्सिटी के शैक्षणिक कार्यक्रमों, प्रशासनिक प्रक्रियाओं, छात्र सेवाओं आदि से प्रासंगिक विषयों या क्षेत्रों की पहचान करने और चयन करने के लिए प्रोत्साहित करें, जिनमें सुधार की आवश्यकता है। विचार-मंथन, कारण-और-प्रभाव विश्लेषण आदि उपकरणों का उपयोग करके पहचानी गई समस्याओं का विश्लेषण करने के लिए क्वालिटी सर्किल्स को प्रोत्साहित करें। वीसी प्रो. रघुवीर सिंह बोले, क्वालिटी सर्किल से सेल्फ डवलपमेंट, सोशल डवपलमेंट, नॉलेज गेन करने के अवसर, पोटेंशियल लीडर, कम्युनिकेशन स्किल्स को बढ़ाने, जॉब संतुष्टि, हैल्दी वर्क इन्वायरमेंट, ऑर्गेनाइजेशन बेनिफिट्स आदि में मदद मिलेगी। इससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है। टीम भावना का विकास होता है। साथ ही संगठन की प्रोडक्टिविटी भी बढ़ती है। रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा ने कहा, क्वालिटी सर्किल कार्यस्थल में गुणवत्ता नियंत्रण में सुधार करने में प्रभावी साबित होगा। इन्हें स्थापित करना भी आसान है। यह एक उत्कृष्ट समस्या-समाधान रणनीति हैं, जिसमें फ्रंट-लाइन कर्मचारी शामिल हैं। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन बोलीं, यूनिवर्सिटी के एकेडमिक और एडमिनिस्ट्रेशन प्रोसेस की क्वालिटी में सुधार के लिए क्वालिटी सर्किल जरूरी है।

# 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' के छठे संस्करण का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) ने आज बड़ौदा किसान पखवाड़ा के छठे संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की, जो बैंक का वार्षिक, एक पखवाड़े तक चलने वाला वृहद् कार्यक्रम है जो भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था पर आधारित है। किसान सहभागिता कार्यक्रम 16 नवंबर से शुरू होकर और 30 नवंबर को बड़ौदा किसान दिवस समारोह के साथ समाप्त होगा। लखनऊ अंचल 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' के तहत शुक्रवार, 24 नवंबर को अयोध्या में एक मेगा किसान मेला 2023 का आयोजन हुआ। लखनऊ अंचल जिसमें अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर, रायबरेली, वाराणसी, प्रयागराज, अंबेडकर नगर, लखनऊ, सुल्तानपुर और फ़तेहपुर सहित उत्तर प्रदेश का पूर्वी भाग शामिल है, में कई आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से बड़ौदा किसान पखवाड़ा का आयोजन कर लगभग 1,00,000 किसानों तक पहुंचनेऔर उनको बैंक से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

# सरकार द्वारा शिशुओं की देखभाल पर दिया जा रहाज़ोरः सांसद

## सभी पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेगें ताकि हर व्यक्ति योजना लाभ उठाकर अपनी गंभीर बीमारी का ईलाज करा सकेः जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** जनपद में बनने वाले 90 आंगनबाड़ी निर्माण के तहत आज मा0 सांसद जय प्रकाश रावत ने ब्लाक हरियावां के प्राथमिक विद्यालय हबीबपुर में बनने वाले आंगबाड़ी भवन का शिलान्यास, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया तथा हाट कुक्क मील योजना का शुभारम्भ करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्र पर पंजीकृत बच्चों को गरमा-गरम भोजन परोस कर किया। इस अवसर पर मा0 सांसद ने एक नव विवाहित धात्री महिला की गोद भराई के साथ एक बच्चे को खीर खिलाकर उसका अन्न प्रसन किया तथा विद्यालय प्रागंण में वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत एवं प्रदेश सरकार नवजात शिशुओं की देखभाल, पोषण तथा प्रारम्भिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है तथा आने वाले पीड़ी कुपाषित न हो और बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी हो। जनपद में आयुष्मान कार्ड बनाने में अग्रणी जनपद के लिए जिलाधिकारी को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिलाधिकारी द्वारा आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आवास आदि विभिन्न योजनाओं में उत्कृण कार्य किये जा रहे है इसके लिए वह प्रशंसा के पात्र है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में आयुष्मान कार्ड बनाने में जनपद प्रथम स्थान पर है और जो पात्र छूट रहे है उनका भी प्राथमिकता पर आयुष्मान कार्ड बनाये जायेगें ताकि हर पात्र व्यक्ति योजना लाभ उठाकर अपनी गंभीर बीमारी का ईलाज करा सके। उन्होने कहा कि जो भी व्यक्ति आर्थिक स्थिति से संपंन है और पात्रता की श्रेणी में नहीं आते है वह अपना राशन कार्ड निरस्त करा दें ताकि किसी पात्र का राशन कार्ड का लाभ मिल सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि इन सभी 90 आंगनबाड़ी केन्द्रो का निर्माण दो माह में पूर्ण करा लिया जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मा0 सांसद को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने मुख्य अतिथि, जिलाधिकारी, ग्राम प्रधान श्रीमती रजबाला अन्य अधिकारियों तथा ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप पाठक, जितेन्द्र सिंह, अमित वर्मा व धीरेन्द्र सिंह सहित भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं ग्रामवासी आदि उपस्थित रहें।

# बैडमिंटन क्वीन साइना नेहवाल होगी डीपीएस में मुख्य अतिथि

■ 17 दिसंबर को डीपीएस इटावा के वार्षिक समारोह में पधारेंगी

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में आगामी 17 दिसंबर,रविवार को देश की विख्यात महिला बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल पधार रही है। वे स्कूल के एनुअल स्पोर्ट्स डे-2023में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय में मौजूद रहेगी और स्कूल के बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ-साथ खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रेरित भी करेगी। खास बात यह भी है कि,इस भव्य आयोजन में साइना स्वयं तो आ ही रही है साथ में उनकी मां श्रीमती उषा नेहवाल भी डीपीएस इटावा की ख्याति से प्रभावित होकर उनके साथ ही आ रही हैं। उक्त जानकारी देते हुए सर मदनलाल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन और दिल्ली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ विवेक यादव ने बताया कि,विश्वविख्यात खिलाड़ी,बैडमिंटन क्वीन साइना नेहवाल लगभग दो घंटे तक स्कूल परिसर में बच्चों के साथ मौजूद रहेंगी और बच्चों को एनुअल स्पोर्ट्स डे के अवसर पर पुरुस्कृत करने के साथ-साथ बैडमिंटन खेल के महत्वपूर्ण गुर भी सिखाएंगी।

उल्लेखनीय है कि,साइना नेहवाल विश्व की नंबर वन खिलाड़ी होने के साथ देश की पहली ऐसी महिला बैडमिंटन खिलाड़ी भी हैं जिन्होंने ओलंपिक,कॉमनवेल्थ,एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप में देश के लिए कई पदक भी जीते हैं। साइना नेहवाल के जनपद आगमन को लेकर डीपीएस,इटावा में जोरदार तैयारियां शुरू कर दी गई है। स्कूल के बच्चों में बैडमिंटन क्वीन साइना के आगमन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में आसपास जिलों के गणमान्य नागरिकों को भी स्कूल प्रबंधन आमंत्रित करेगा।

## मनीष यादव पतरे बने सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सदस्य

**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी के युवा नेता मनीष यादव पतरे को सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सदस्य बनाया गया। इसके साथ ही सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मनीष यादवपतरेको आगरा उत्तरी विधानसभा का संगठन प्रभारी भी नियुक्त किया। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने उन्हें मनोनयन पत्र सौपा। मनीष यादव ने कहा कि उनको जो जिम्मेदारी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सौपी गई है उसको पूरी ईमानदारी से निभाते हुए सपा को मजबूत करने का काम करेगें।

# स्कूली बच्चों ने दिया राष्ट्र प्रेम व सामाजिक एकता का संदेश

**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम, हरदोई।** श्री रामलाल सिंह महाविद्यालय एवं एस आर एम पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया रंगारंग कार्यक्रम के जरिए प्रतिभागी छात्राओं ने विश्व बंधुत्व की भावना व सामाजिक एकता का संदेश दिया।

सर्वप्रथम उप जिलाधिकारी संजीव ओझा तथा जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद प्रसाद सीओ सिटी एसके सिंह मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके माल्यार्पण किया उसके बाद बच्चों ने गणेश वंदना व कृष्णायन कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया राष्ट्र प्रेम व सामाजिक एकता एवं विश्व बंधुत्व की भावना से उत्पन्न अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इससे पहले कला मंच कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिला अधिकारी श्री ओझा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज का दर्पण होते हैं और विद्यालय व संस्था होती है जहां व्यक्ति के शैक्षिक के साथ-साथ नैतिक चारित्रिक और सामाजिक विकास होता है उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में बच्चों के सर्वाधिक विकास के लिए विद्यालय की अहम भूमिका होती है वहीं वही कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीआईओएस श्री प्रसाद ने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य तय करेंगे यही बच्चे आगे चलकर देश का भविष्य तय करेंगे उन्होंने कॉलेज के प्रबंध तंत्र की सराहना करते हुए कहा कि जब हमारी नीव मजबूत होगी तभी आगे चलकर परिवर्तन का सामना करना हम हो जाता है विद्यालय के संस्थापक एवं प्रबंधक रजनीकांत सिंह ने मेधावी छात्रों तथा उनके अभिभावकों को अंग वस्त्र एवं स्मृति देखकर सम्मानित किया कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती खुशबू उपाध्याय ने सभी का आभार व्यक्त किया इस मौके पर विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती रीना सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहें।

## नए चेहरों को बसपा ने दी जिम्मेदारी

**मथुरा।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के निर्देश पर एवं मुनकाद अली राष्ट्रीय महासचिव एवं सूरज सिंह गोरेलाल जाटव प्रताप सिंह बघेल संतोष आनंद विक्रम सिंह एव रविंद्र पारस मुख्य मंडल प्रभारी आगरा मंडल की सहमति पर दारा सिंह आजाद हेमेंद्र कुमार जिला प्रभारी मथुरा एवं गोवर्धन सिंह जिला अध्यक्ष मथुरा की सहमति पर दिनेश चंद राजेंद्र कुमार सैनी विधानसभा प्रभारी मथुरा वृंदावन एवं कुमर सेन विधानसभा प्रभारी मांट उदयवीर सिंह विधानसभा प्रभारी गोवर्धन रामबाबू गौतम विधानसभा प्रभारी बलदेव प्रेम सिंह को विधानसभा अध्यक्ष मांट नियुक्त किया गया है खुशी जाहिर करने वालों में जिला उपाध्यक्ष ओपी शर्मा जिला महासचिव ओमप्रकाश बघेल जिला कोषाध्यक्ष गुलमोहम्मद शाह जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश बाबू योगेंद्र सिंह विधानसभा प्रभारी निरंजन सिंह राजेश बघेल डॉ अमर सिंह कुंदन सिंह बघेल जिला पंचायत सदस्य अनिल बघेल विधानसभा महासचिव बलदेव तेज सिंह मेंबर साहब को पार्टी की और से संगठन को मजबूत बनाने के लिए विस्तार किया गया है।

# बब्बर शेरों का परीक्षण व उपचार के लिए सुझाव दिए

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** इटावा सफारी पार्क में अस्वस्थ चल रहे बब्बर शेर केसरी एवं बब्बर शेर बाहुबली का उपचार सफारी पार्क के पशु चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। विशेष परीक्षण एवं परामर्श के लिए शुक्रवार को पं.दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा के डा0 आर0पी0 पाण्डेय, प्रोफेसर एण्ड हेड सर्जरी विभाग द्वारा इटावा सफारी पार्क में उपस्थित हुए तथा उक्त बब्बर शेरों का परीक्षण किये एवं उनके उपचार के लिए आवश्यक विशेष सुझाव दिए। इसके साथ ही उनके द्वारा सफारी पार्क के अन्य वन्यजीवों को भी देखा गया। इस मौके पर सफारी पार्क के बायोलॉजिस्ट बी0एन0 सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेश,पशु चिकित्सक संदीप एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# मदद के लिए उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने दिया ज्ञापन

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नवीन फल मंडी में लगी भीषण आग से पीड़ित व्यापारियों के मदद के लिए 6 सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मलखान सिंह को सोपा।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने बताया कि फल मंडी में लगी आग को लेकर के मंडी प्रशासन का रवैया ठीक नहीं है 48 घंटे से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद मंडी प्रशासन ने व्यापारियों को स्थापित करने के लिए कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर व्यापारियों को पुनःस्थापित करने की मांग की है व्यापारियों के हित में यदि मंडी प्रशासन ने शीघ्र ही कार्रवाई शुरू नहीं की तो उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल आंदोलनात्मक रवैया अख्तियार करेगा। शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने कहा कि आग से आए दिन व्यापारियों का नुकसान होता है इसलिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने अपने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि नवीन मंडी परिषद और तहसील परिसर में 24 घंटे फायर ब्रिगेड की गाड़ी उपलब्ध रहनी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ ए के शर्मा जिला उपाध्यक्ष गोरखनाथ वर्मा सुनीता कुशवाहा बंटू यादव युवा जिला महामंत्री रिंकू यादव युवा नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता नगर महामंत्री रमेश यादव फल मंडी अध्यक्ष मोहम्मद मोबीन उर्फ कल्लू फल मंडी महामंत्री आसिफ जादरान मोहम्मद आफताब मोहम्मद यासीन मोहम्मद तारिक मोहम्मद मुरसलीन आसिफ मोहम्मद नईम राइन साहिल राइन शहाबुद्दीन इकराम सहित तमाम फल मंडी के व्यापारी उपस्थित रहे।

# घोड़े की जगह विंटेज कारों ने ली

**मथुरा।** आधुनिकता के बदलते हुए दौर में शादी के इस मौसम में घोड़े की जगह अब कार लेती जा रही हैं जो कारें पहले पुरानी फिल्मों में दिखाई देने साथ पुराने रईसों के पास कभी होती थी उस समय हुई बन्द कारें अब विंटेज कार बन गई हैं इन विंटेज कारों का दौर दोबारा से शादी व पार्टियों के लिए शुरू हो गया है ! पुराने समय की विंटेज कारों को तैयार करके बिल्कुल नए तरीके से शादियों व पार्टियों के लिए तैयार किया गया है समय के साथ बदलते हुए इस दौर में घोड़े की जगह इन कारों ने ले ली है पहले यह कारें दिल्ली, पंजाब हरियाणा, राजस्थान में होने बड़ी-बड़ी शादियों में देखने को मिलती थी इनका प्रचलन दिनों दिन बढ़ता जा रहा है क्योंकि युवा पीढ़ी अपनी शादियों को यादगार बनाने के लिए कुछ अलग दिखाने की कोशिश करती है इसलिए यह गाड़ी अब छोटे शहरों तक पहुंच रही हैं पहले यह गाड़ी दिल्ली ,पंजाब, हरियाणा, राजस्थान से लाखों खर्च करने के बाद किराए पर आती थी लेकिन इस शादी के मौसम में पहली बार यह गाड़ियां मथुरा तक दीक्षित गाड़ी वाले पाली खेड़ा सोंख रोड़ मथुरा के माध्यम से मिलेगी।

## 10 मीटर एयर रायफल में मथुरा की ज्योति ने जीता गोल्ड मेडल

**मथुरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के तत्वावधान में आयोजित निशानेबाजी प्रतियोगिताओं का समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में मथुरा के केआर महाविद्यालय की छात्रा ज्योति शर्मा को 10 मीटर एयर राइफल में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। निशानेबाज ज्योति को खेल निदेशक अखिलेश सक्सेना व मीनाक्षी ने मेडल प्रदान करके सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में आगरा .मथुरा, मैनपुरी. इटावा. एटा .फिरोजाबाद आदि के शूटरों ने प्रतिभाग किया। गोल्ड मेडल जीतकर केालेज आने पर ज्योति का प्रोफेसर अनुपम ,डॉ. रवि शंकर, बिल्लू चौहान आदि ने ज्योति के उत्तम भविष्य की कामना की वा आगामी स्प्रधाओं के लिए के लिए बधाई दी।

# मथुरा में भी बच्चों को गरम भोजन वितरण की व्यवस्था शुरू

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** अयोध्या में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले तीन से छह वर्ष के बच्चों को गर्म पका भोजन देने की योजना का शुभारंभ किया गया। प्रातः कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, महिला कल्याण एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ,राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला एवं विभाग की प्रमुख सचिव वीणा कुमारी के संबोधन का सीधा प्रसारण बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ,जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य समस्त स्टाफ़ ने हृढ्ढष्ट में बैठकर देखा । संबोधन समाप्त होने के उपरांत जनपद के आंगनबाड़ी केंद्र - बाजना ,बाल विकास परियोजना - मथुरा ग्रामीण ,के आंगनवाड़ी केंद्र पर योजना का शुभारंभ राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष द्वारा बच्चों को भोजन वितरित करके किया गया। ज्ञातव्य है कि प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को वितरित किए जाने वाले स्श्वरू के मेन्यू के अनुसार ही आंगनवाड़ी केंद्र पर आने वाले 3 से 6 वर्ष के बच्चों को भी भोजन वितरण हॉट कुकड मील योजना के अंतर्गत किया जाना है ।मेन्यू के अनुसार आज केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा सब्ज़ी युक्त तहरी /खिचडी बनायी गई थी ।बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ,ब्लॉक प्रमुख एवं ग्राम प्रधान ,जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती बुद्धि मिश्रा एवं विभाग की सुपरवाइज़र एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में बच्चों को भोजन वितरित किया गया तो बच्चों के चेहरे ख़ुशी से खिल उठे ।तहरी के साथ ही बच्चों को मौसमी सलाद भी परोसा गया बिस्कुट भी वितरित किए गए ।जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि योजना को एक दिसंबर से प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे किन्तु आज मुख्यमंत्री द्वारा इस योजना का शुभारंभ अयोध्या में किया गया है उसी क्रम में जनपद में भी आंगनबाड़ी केंद्र पर योजना की सांकेतिक शुरुआत कर दी गई है । बाल विकास परियोजना राया के आंगनवाड़ी केंद्र झंडीपुर एवं बाल विकास परियोजना फ़रह के आंगनवाड़ी केंद्र सोनौरा पर भी संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं ब्लॉक प्रमुख द्वारा बच्चों को भोजन वितरित करके योजना का शुभारंभ किया गया चूँकि अभी तक ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में संचालित सभी नॉन को लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नगर निगम ,नगर पंचायतों एवं ग्राम प्रधानों के सहयोग से बर्तन ,गैस चूल्हा ,सिलेंडर इत्यादि सामान का क्रय पूरा नहीं हो पाया है इसलिए अन्य केंद्रों पर योजना की शुरुआत अगले माह से ही हो पाएगी। 30 नवम्बर तक सभी केंद्रों पर यह सामान क्रय कर लिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री के बाद अब संघ प्रमुख भागवत आएंगे मथुरा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के ठीक पांच दिन बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का मथुरा आगमन हो रहा है। डा.मोहन भागवत 28 नवंबर को दोपहर दो बजे मथुरा के फरह स्थित दीनदयाल गऊ ग्राम परखम में दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र सहित एडमिन ब्लॉक, क्लास रूम और बायोगैस जनरेटर का लोकार्पण और पशु चिकित्सालय, अनुसंधान केंद्र और छात्रावास का शिलान्यास करेंगे। यह जानकारी ब्रज प्रांत के सह प्रचार प्रमुख कीर्ति कुमार ने सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर जुबली पार्क में कामधेनु गौशाला समिति द्वारा निर्मित दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के लोकार्पण कार्यक्रम के सम्बंध में आयोजित पत्रकार वार्ता में। उन्होंने बताया यह कार्यक्रम समाज में परिवर्तन की दृष्टि से बनी छह गतिविधियों में से एक गौ सेवा और संरक्षण गतिविधि के अन्तर्गत हो रहा है। गौ पालन लाभ हानि के हिसाब से नहीं, बल्कि कामधेनु की सेवा के भाव से किया जाता है। इस बात पर कोई संघर्ष करता है तो निश्चित रूप से पीड़ा होती है। भारत का किसान और असंख्य गौ भक्त गौ माता की रक्षा मानव कल्याण हेतु करता है। इसी उद्देश्य को लेकर इस संस्थान का लोकार्पण करने मोहन भागवत आ रहें हैं। प्रोजेक्ट 100 एकड़ में बनना प्रस्तावित है।

# 11 दिन में 12 मौत, जिम्मेदार कौन, सभी मौन

**अवधनामा संवाददाता**

■ राया आतिशबाजी हादसे में एक और मौत, मृतकों की संख्या 12 हुई

**मथुरा।** दीपावली के दिन राया में हुए आतिशबाजी अग्निकांड में मृतकों की संख्या 12 हो गई है। अग्निकांड में झुलसे एक और युवक ने इलाज के दौरान एक और युवक ने दम तोड दिया। अग्निकांड में 11 दिन में 12 मौत के बाद भी जिम्मेदार कौन हैं इस पर सभी मौन हैं। यहां तक कि इस मामले में अभी तक कोई रिपोर्ट तक दर्ज नहीं हुई है। राया के आतिशबाजी हादसे में गुरुवार शाम एक और दुखद खबर सामने आने से लोग दुखी हो गये हैं। जिसमें राया क्षेत्र के एक युवक की मृत्यु के बाद मृतकों की संख्या एक दर्जन हो गयी। थाना राया क्षेत्र के गांव नगला पीता निवासी दीपक उर्फ दीपू पुत्र राम रामहरी ने हादसे के 11 दिन बाद दम तोड़ दिया। दीपक दीपावली के दिन राया के आतिशबाजी बाजार में आतिशबाजी खरीदने के लिए पहुंचा था।

इसी दौरान हुए हादसे में वह घायल हो गया। हादसे के करीब 11 दिन बाद दीपक ने दम तोड़ दिया। इससे पहले इस हादसे में घायल 11 लोगों की मौत हो चुकी थी। दीपक का उपचार आगरा में चल रहा था। दीपक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। हादसे के बाद जिलाधिकारी ने एक जांच कमेटी का गठन किया था।

# बद्दुआऐं : समाज और दानघाटी मन्दिर के सभी सत्यानाशियों की मर जाएं लुगाई

**अवधनामा संवाददाता**

■ गुधेनियां समाज दे रहा है दुहाई

■ गुधेनियाँ समाज का जिन्होंने किया विनाश उनके घर परिवारों का हो जाए सत्यानाश : व्हाट्सएप विश्व विद्यालय समूह



**गोवर्धन (मथुरा)।** विश्व विख्यात श्री कृष्ण युगीय श्री गिरी गोवर्धन पर्वत जिसे खुद भगवान श्री कृष्ण ने नख पर धारण कर समूचे बृज की रक्षा कर इंद्र देव का मान मर्दन कर अपना स्वरूप दिया और दीपावली पर्व के दूसरे दिन गिरी गोवर्धन पर्वत की भूमिका में एक रूप से अपने आप को गिरी गोवर्धन पर्वत के रूप में पूजा कर अन्न कूट खाया था जो कि परंपरा बन गई और आज भी समूचे देश भर में घर घर में गिर्राज जी स्वरूप बना कर अन्न कूट तैयार कर पूजा अर्चना होती चली आ रही है उसी गिरी गोवर्धन पर्वत के विश्व विख्यात गिरी गोवर्धन दानघाटी मंदिर के सेवायत परिवारों में से कुछ परिवार तो भुखमरी की दहलीज पर खड़े हुए हैं तो युवकों की शादी विवाह नहीं हो रहे हैं और कन्याओ विवाह आदि में अड़चने आ रही है और वृद्ध महिला पुरुषों को मिलने वाली विधवा पेंशन अथवा बृद्धावस्था पेंशन योजना बंद हो जाने के कारण समय से दवाएं और उपचार नहीं मिल पा रहा है तो बच्चों को पढ़ाई लिखाई आदि को मिलने वाली राशि न मिलने पर उचित शिक्षण संस्थानों में शिक्षा से वंचित रहना पढ़ रहा है और योग्यता अयोग्यता की तरफ अग्रसर हो रही है और इन सब के पीछे कुछ गुधेनियां समाज में जन्मे जयचंदो और मीर जाफरो की भूमिका जिंबेदार है क्योंकि उक्त लोगों को यह भ्रम है कि उक्त श्री गिर्राज दानघाटी मुखारबिंद मंदिर को उनकी लुगाइयां अपने अपने मायकों से दहेज में लेकर आई है और इसलिए उक्त दानघाटी मुखारबिंद मंदिर परिसर पर सिर्फ और सिर्फ उक्त लोगों का ही अधिकार है और इस कारण अपने आप को मंदिर परिसर का श्यमभू स्वामी मानते हुए वर्षों से 1999 से दीवानी वाद चलाए हुए हैं नतीजन तथाकथित जयचंदों और मीर जाफरों की वजह से न सिर्फ मंदिर परिसर का सत्यानाश हो गया अपितु सेवायत गुधेनियाँ परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं से भी वंचित होना पड़ गया है और रेवड़ियों को बंदर बड़े चाव से वर्षों से खा रहे हैं और मौज उड़ा रहे हैं। एक छोटी सी कोठरी में विराजमान सेवा श्रृंगार को आश्रित दानघाटी मंदिर को कस्बे के सबसे पहले स्नातक डिग्री धारी एक देव पुरुष द्वारा उक्त दानघाटी मुखारबिंद मंदिर परिसर को मात्र छोटी सी जगह में भव्य इमारत के रूप मे खड़ी कर भव्यता प्रदान करते समय गुधेनिया समाज और सेवायत परिवारों को आजीवन सुविधाओं के लिए लाभ मिलता रहेगा और समाज और गुधेनियाँ परिवार दिन दूनी तरक्की कर मिशाल कायम कर सके जैसे विचार की लेकर प्रमुख भूमिका निभाने वाले उक्त युग पुरुष द्वारा सपने में भी नहीं सोचा होगा कि भव्यता मिलते ही उक्त मीर जाफर और जयचंद अपने असली रूप में सामने आ जायेंगे और गुधेनियाँ समाज के साथ साथ अन्य हजारों लोगों को मिलने वाली सुविधाओं से महरूम कर मंदिर परिसर और कस्बे का सत्यानाश कर डालेंगे।



श्री गिरी गोवर्धन पर्वत स्थित दानघाटी मुखारबिंद मंदिर को भव्यता प्रदान होते ही जयचन्दों और मीर जाफरों की फौज खड़ी होकर स्वामित्व और वर्चस्व को लेकर खड़ी हो गई और भ्रम पाल बैठी कि उक्त दानघाटी मुखारबिंद मंदिर गुधेनियाँ समाज का न होकर उनकी लुगाइयां दहेज में अपने अपने मायकों से लेकर आई है और अपनी उस गलत फहमी में वाद प्रस्तुत कर दिए गए नतीजन कभी कोई तथाकथित रिसीवर बन बैठा तो कोई प्रबंधक तो कोई सहायक प्रबंधक के रूप मंदिर परिसर की व्यवस्था देख रेख के नाम पर अधिकार जमा बैठा और उक्त सारी योजनाओं को बंद कर अपनी औकात भूल बंदरों को रेवड़ियां बांट कर समाज का सत्यानाश करने में लग गया और वर्तमान संस्करण में सात बाहरी बंदरों के हाथों में कमान सौंपी गई है जिसमें से एक को सरकारी सुविधा उपलब्ध हो गई और उक्त ने त्याग पत्र भी दे दिया गया।

# स्नैक्स के हैं शौकीन तो कच्चे आलू की बनाएं ये टेस्टी रेसिपी, मेहमान भी करेंगे तारीफ

अगर आप भी मेहमानों के लिए झटपट बन जाने वाली कोई रेसिपी की तलाश में हैं, तो आज हम आपके साथ आलू की मदद से बनने वाले स्नैक्स की रेसिपी शेयर करने जा रहे है। इन्हें खाकर मेहमान भी खुद को आपकी तारीफ करने से नहीं रोक पाएंगे।

अक्सर हमारे घर पर अचानक से जब मेहमान आ जाते हैं। तो कई बार हमें यह समझ नही आता कि उनको नाश्ते में क्या खिलाएं। अगर आप भी मेहमानों के लिए झटपट बन जाने वाली कोई रेसिपी की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ आलू की मदद से बनने वाले स्नैक्स की रेसिपी शेयर करने जा रहे है। यह बनाने में भी काफी आसान है और इन्हें खाकर मेहमान भी खुद को आपकी तारीफ करने से नहीं रोक पाएंगे। तो आइए जानते हैं कच्चे आलू की इस रेसिपी को बनाने का तरीका...

***कच्चे आलू के स्नैक्स सामग्री***

मीडियम साइज के कच्चे आलू- 4 या 5
*कॉर्न स्टार्च- 2 चम्मच*
*मैदा- 2 चम्मच*
*बारीक कटी हरी मिर्च- 2 या 3*
*बारीक कटा हरा धनिया*
*नमक स्वादानुसार*

***ऐसे बनाकर करें तैयार***

आलू के स्नैक्स बनाने के लिए आलू को छील लें और इसको पानी में ही ग्रेट करें। इससे यह काफी क्रिस्पी बनेगा स्टार्च नहीं होगा। सबसे पहले आलू को अच्छे से धो लें। फिर दो तीन पानी से धो कर साफ कर लें। इस तरीके से ग्रेट किए हुए आलू से सारा स्टार्च साफ हो जाएगा। इसके बाद ग्रेट किए हुए आलू में सारे मसाले मिक्स कर लें।

आप चाहें तो अपने हिसाब से चिली फ्लेक्स भी डाल सकते हैं। फिर इसमें एक चम्मच मैदा और कॉर्न स्टार्च मिलाकर थोड़ी देर के लिए रख दें। लेकिन अगर आपको यह ज्यादा गीला लग रहा है, तो आप इसमें थोड़ा और मैदा व स्टार्च दोनों बराबर मात्रा में मिला दें। फिर अपनी पसंद का शेप देकर इनको डीप फ्राई कर लें। इस दौरान ध्यान रखें कि आपको इन्हें पहले लो फ्लेम में पकाना है।

# सर्दियों में बेहद कारगर हैं ये दादी-नानी के नुस्खे, सर्दी-जुकाम और जकड़न हो जाएगी छूमंतर

सर्दियों में खांसी-जुकाम होने पर काम में ज्यादा मन नहीं लगता है। सर्दियों के मौसम में दादी-नानी के नुस्खे काफी याद आते हैं। सर्दियों में हमारी दादी-नानी कई ऐसे नुस्खे आजमाती थीं, जिनसे हम सर्दी में बार-बार बीमार नहीं पड़ते थे।

सर्दियों के मौसम में हम सभी लोगों के अंदर ज्यादा आलस आ जाता है। वहीं इस दौरान सर्दी के कारण रजाई व कंबल से बाहर निकलने का मन नहीं होता है। लेकिन सर्दी के मौसम में अपनी सेहत का खास ख्याल रखना पड़ता है। क्योंकि इस मौसम में सर्दी-जुकाम व खांसी आदि आसानी से हो जाती है।

वहीं सर्दियों के मौसम में हमारी दादी-नानी सर्दी से बचने के लिए कई कारगर नुस्खे आजमाती थीं। वर्तमान समय में भी यह नुस्खे काफी ज्यादा कारगर हैं। ऐसे में अगर आप भी सर्दी के मौसम खुद को फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं, तो आपको भी यह कारगर नुस्खे जरूर अपनाने चाहिए।

***सरसों का तेल है कारगर***

जैसा कि आप सभी जानते हैं सरसों के तेल में औषधीय गुण पाए जाते हैं। वहीं हमारे यहां सभी घरों में सरसों का तेल इस्तेमाल किया जाता है। हम सभी सरसों के तेल को कड़वा तेल भी कहते हैं। ऐसे में जिन लोगों के पैर सर्दियों में ठंडे रहते हैं, उनके लिए दादी-नानी का यह नुस्खा रामबाण इलाज है। ऐसे लोगों को सरसों के तेल में लहसुन की कलियां या फिर मेथी डालकर पका लेना चाहिए। फिर इस तेल से पैरों की मालिश करनी चाहिए। इससे आपको पैर दर्द में भी राहत मिलेगी।

***लौंग का तेल है फायदेमंद***

हमारी दादी-नानी अक्सर लौंग के गुणों का बखान करती थीं। वहीं सर्दी को कम करने में भी लौंग काफी फायदेमंद होती है। वहीं सर्दी के मौसम में अक्सर सीने में जकड़न की समस्या होती है। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए आप सरसों व नारियल के तेल में लौंग डालकर उसे सीने पर लगाएं। यह नुस्खा जकड़न को कम करने में मददगार होता है।

***ज्यादा गर्म पानी से ना नहाएं***

आपने भी दादी को अक्सर यह कहते हुए सुना होगा कि ठंडे पानी से नहाने से आपकी सुस्ती चली जाएगी। लेकिन बता दें कि गर्म पानी से नहाने के कई नुकसान होते हैं। अधिक गर्म पानी से नहाने से हमारी त्वचा ड्राई होती है और इससे त्वचा का मॉइश्चर चला जाता है। इसलिए गर्म पानी से नहीं नहाना चाहिए। क्योंकि इससे हमारी स्किन ड्राई होती है।

***पेट की समस्याओं के लिए रामबाण है अदरक***

दादी-नानी का यह नुस्खा काफी कारगर है। शहद और अदरक में औषधीय गुण पाए जाते हैं। शहद और अदरक को एक साथ खिलाने से पेट दर्द और गैस आदि की समस्या कम हो जाती है। इसलिए हम सभी को सर्दियों में अदरक वाली चाय पसंद आती है।

# शिफ्टिंग के लिए मूवर्स एंड पैकर्स बुक करते समय इन टिप्स पर दें ध्यान

जब भी आप मूवर्स एंड पैकर्स को बुक करें तो पहले ऑनलाइन थोड़ी रिसर्च जरूर कर लें। आप अलग-अलग कंपनियों की सर्विसेज से लेकर उनके ऑनलाइन रिव्यूज के बारे में पढ़ लें। इससे आपको कंपनी व उनकी सर्विस के बारे में काफी हद तक अंदाजा हो जाता है।

घर शिफ्ट करना इतना भी आसान नहीं होता है। सभी सामान को सही तरह से पैक करना और उसे शिफ्ट करने में बहुत अधिक मेहनत लगती है। हालांकि, अब शहरी क्षेत्रों में इस झंझट को दूर करने के लिए मूवर्स एंड पैकर्स की सुविधा उपलब्ध है। ये सामान की पैकिंग और शिफ्टिंग में काफी मदद करते हैं। आजकल हर कोई घर शिफ्ट करते समय इन्हें बुक करना पसंद करता है। लेकिन कभी-कभी इन्हें बुक करना काफी झंझट भरा हो सकता है। इसलिए, इन्हें बुक करते समय कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है, जिसके बारे में आज हम इस लेख में आपको बता रहे हैं-

जब भी आप मूवर्स एंड पैकर्स को बुक करें तो पहले ऑनलाइन थोड़ी रिसर्च जरूर कर लें। आप अलग-अलग कंपनियों की सर्विसेज से लेकर उनके ऑनलाइन रिव्यूज के बारे में पढ़ लें। इससे आपको कंपनी व उनकी सर्विस के बारे में काफी हद तक अंदाजा हो जाता है। अगर आपके किसी दोस्त, रिश्तेदार या फिर जानने वाले ने हाल ही में घर शिफ्ट किया है तो आप उनसे भी मूवर्स एंड पैकर्स की जानकारी ले सकते हैं।

***प्राइस करें कंपेयर***

हर कंपनी अपनी सर्विसेज के लिए अलग चार्ज करती है। इसलिए, किसी भी कंपनी की सर्विस लेने से पहले आप पांच अच्छी कंपनियों की लिस्ट बना लें और उनसे प्राइस के बारे में जान लें। सामान की पैकिंग व अनपैकिंग से लेकर ट्रांसपोर्टेशन चार्जेस आदि के बारे में बात कर लें। इससे आपके लिए बजट फ्रेंडली कंपनी को बुक करना काफी आसान हो जाएगा।

***सामान की दें जानकारी***

जब भी आप किसी मूवर्स एंड पैकर्स को बुक करते हैं तो वे आपसे जरूरी व बड़े सामान के बारे में जरूर पूछते हैं। इस दौरान आपको उन सामान की सही जानकारी देनी चाहिए, जिसे आप शिफ्ट करने वाले हैं। कई बार लोग सामान थोड़ा कम बताते हैं, जिससे बाद में चार्जेस को लेकर बहसबाजी होती है। आपके साथ लास्ट मूमेंट में ऐसा कुछ ना हो, इसलिए आप सभी जानकारी सही-सही दें।

***कैंसिलेशन व रिशेड्यूलिंग पॉलिसीज को जानें***

अमूमन मूवर्स एंड पैकर्स कंपनियां एडवांस बुकिंग करती हैं और इसके लिए वे पैसे पहले ही ले लेती हैं। इसलिए, किसी भी कंपनी की सर्विसेज को बुक करने से पहले आपको कैंसिलेशन व रिशेड्यूलिंग पॉलिसीज के बारे में जान लेना चाहिए। जीवन में कभी भी कुछ भी हो सकता है। यह संभव है कि आपको उन्हें कैंसिल करना पड़ जाए या फिर उन्हें रिशेड्यूल करने की जरूरत महसूस हो। ऐसे में आप कभी भी नहीं चाहेंगे कि आपके पैसे यूं ही वेस्ट हो जाएं।

# वीकेंड पर ट्राई करना चाहती हैं नई रेसिपी तो ट्राई करें लौकी का डोसा, सेहत के साथ मिलेगा स्वाद

अगर आप भी इस वीकेंड कुछ खास डिश बनाना चाहते हैं, तो लौकी का डोसा बना सकते हैं। बता दें कि यह डिश हेल्दी होने के साथ-साथ टेस्टी भी होती है। साथ ही आप कुछ हटकर ट्राई भी कर पाएंगी। इस डिश को बनाने के लिए आपको बहुत ज्यादा सामग्री की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर आप भी इस वीकेंड कुछ खास डिश बनाना चाहते हैं, तो लौकी का डोसा बना सकते हैं। बता दें कि यह डिश हेल्दी होने के साथ-साथ टेस्टी भी होती है। साथ ही आप कुछ हटकर ट्राई भी कर पाएंगी। इस डिश को बनाने के लिए आपको बहुत ज्यादा सामग्री की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन इस वीकेंड पर आप इस कुछ हेल्दी खाना चाहती हैं, तो इस डिश को ट्राई कर सकती हैं। लौकी का डोसा आप बेहद आसानी से बनाकर तैयार कर सकती हैं। वहीं वेट लॉस की डाइट में भी आप इसे शामिल कर सकती हैं। तो आइए जानते हैं लौकी डोसा बनाने की इस आसान रेसिपी के बारे में...

***लौकी डोसा बनाने की सामग्री***

*मूंग दाल*
*चावल*
*लौकी*
*हरा धनिया*
*हरी मिर्च*
*अदरक*

आपको सबसे पहले एक कप मूंग दाल और 1 चम्मच चावल को करीब 4 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रखना है। वहीं लौकी के टुकड़े, हरा धनिया, हरा मिर्च और अदरक डालें। फिर इन सारी चीजों को अच्छे से ब्लेंड करके एक बैटर तैयार कर लें। अब एक पैन में थोड़ा सा तेल लगाकर इसमें ऑयल फैला लें। अब पैन पर बैटर डालकर फैला दें। इसको पकाकर गर्मागर्म परोसें। इस तरह से लौकी डोसा बनकर तैयार हो जाएगा। अब आप इसे हरी चटनी और नारियल चटनी के साथ सर्व कर सकती हैं। यह खाने में टेस्टी होने के साथ हेल्दी भी होता है। बता दें कि लौकी में पानी की मात्रा अधिक होती है। वहीं गर्मियों में यह आपके शरीर को ठंडा रखती है। लौकी के सेवन से हमारे शरीर को कई अन्य फायदे भी होते हैं। लौकी से सेवन से आप स्ट्रेस फ्री रह सकते हैं और इससे बीपी भी कंट्रोल में रहता है। अगर आप अनिद्रा जैसी समस्या से परेशान रहते हैं तो आपको अपनी डाइट में लौकी शामिल करनी चाहिए। यह आपकी स्किन को भी हेल्दी बनाती है।

# पिंपल्स और एक्ने ने छीन ली है चेहरे की खूबसूरती, तो इन घरेलू उपायों से मिलेगी सॉफ्ट स्किन

आमतौर पर मुंहासे की समस्या तैलीय त्वचा पर ज्यादा होती है। वहीं टीनएज में हार्मोनल परिवर्तन के कारण भी फेस पर एक्ने की समस्या होती है। लेकिन बता दें कि एक्ने की शुरूआत ब्लैकहेड्स से होती है। अगर आप ब्लैकहेड्स पर ध्यान नहीं देती हैं तो यह स्किन के आसपास के टिश्यू को ट्रिगर करते हैं। जिसकी वजह से सूजन हो जाती है और यह मुंहासों और पिंपल्स के लिए स्टेज तैयार कर देता है।

एक मुंहासे या पिंपल्स का मतलब एक्ने नहीं होता है। क्योंकि एक्ने में इन्फेक्शन और बैक्टीरियल एक्टिविटी पायी जाती है। जिसकी वजह से व्हाइटहेड्स, ब्लैकहेड्स, सिस्ट और मवाद वाले दाने होते हैं। ऐसे में अगर आप भी टीनएजर हैं और एक्ने की समस्या से जूझ रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक्ने को कंट्रोल करने के कुछ आसान तरीके बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप एक्ने की समस्या से काफी हद तक निजात पा सकते हैं।

***बेहद काम की हैं नीम की पत्तियां***

यह बात तो आप सभी जानते होंगे कि नीम की पत्तियां स्वास्थ्य ले लिए लाभकारी होती हैं। आप इन पत्तियों का इस्तेमाल चेहरे पर भी कर सकती हैं। इनमें एंटी-सेप्टिक गुण पाए जाते हैं। इसके लिए आप मुठ्ठी भर नीम की पत्तियां और पानी चाहिए होगा।

***कैसे बनाएं***

एक बर्तन में पानी गर्म कर लें।

गर्म हो रहे पानी में एक मुठ्ठी नीम की पत्तियां डाल दें।

कम आंच पर इन पत्तियों को 15-20 मिनट के लिए उबलने दें।

फिर पानी को ठंडा कर स्प्रे वाली बोतल में छान लें।

***कैसे करें अप्लाई***

इस पानी को एक्ने वाली जगह पर स्प्रे करें।

फिर इसे सूखने के लिए छोर दें।

नीम के पानी का रोजाना इस्तेमाल करने से एक्ने कम हो जाएंगे।

***चंदन का पेस्ट***

चंदन का पाउडर- 2 चम्मच
गुलाब जल- 3-4 चम्मच

***ऐसे बनाएं***

चंदन पाउडर में गुलाब जल को अच्छे से मिक्स कर लें।

इस पेस्ट को आप एक्ने वाली जगह पर उपयोग कर सकती हैं।

***कैसे करें अप्लाई***

इस पेस्ट को कॉटन में भिगो लें।

फिर उस रूई को एक्ने वाली जगह पर लगा दें।

जब यह पूरी तरह से सूख जाए तो साफ पानी से फेस धो लें।

***जरूर फॉलो करें ये टिप्स***

बता दें कि रात को भी फेस के क्लींज करना चाहिए। चेहरे से तेल, मेकअप और गंदगी आदि को साफ करने के बाद ही सोना चाहिए। वहीं एक्ने की समस्या से निजात पाने के लिए मार्केट में आपको कई मेडीकेटेड साबुन और क्लींजर मिल जाएंगे। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो आपको मॉइश्चराइजर और ऑयली क्रीम का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

# दमकती त्वचा पाने के लिए करें देसी घी का इस्तेमाल, ग्लो ऐसा कि देखते रह जाएंगे लोग

हर भारतीय घर में देसी की का इस्तेमाल होता है। देसी घी का सबसे ज्यादा इस्तेमाल खाने में किया जाता है। आप स्किन पर घी का इस्तेमाल अलग-अलग तरीके से कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन साफ होती है।

हर भारतीय घर में देसी की का इस्तेमाल होता है। देसी घी का सबसे ज्यादा इस्तेमाल खाने में किया जाता है। लेकिन क्या आप जानती हैं, त्वचा पर घी का इस्तेमाल करने से स्किन ग्लोइंग और हेल्दी बनती है। क्योंकि घी में विटामिन और हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं। यह स्किन को मॉइश्चराइज करने का काम करता है। स्किन में मौजूद पिंपल्स और ड्राई स्किन की समस्या से निजात दिलाने में मदद करता है। आप स्किन पर घी का इस्तेमाल अलग-अलग तरीके से कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन साफ होती है। आइए जानते हैं आप स्किन पर घी कैसे अप्लाई कर सकती हैं।

***घी और बेसन का फेस पैक***

अगर आप पिगमेंटेशन की समस्या से परेशान हैं, तो आपको घी और बेसन का पैक बनाकर अपने चेहरे पर अप्लाई करना चाहिए। इसे फेस पैक को बनाना काफी आसान है। इस फेस पैक को अप्लाई करने से आपको किसी तरह की समस्या नहीं होगी।

***घी और बेसन पैक की सामग्री***

*घी- 2 चम्मच*
*बेसन- 2 चम्मच*
*ऐसे बनाएं फेस पैक*

सबसे पहले एक कटोरी में बेसन और घी को मिक्स करें।

इस मिश्रण को अच्छे से मिक्स कर लें।

आप चाहें तो इसमें हल्दी भी मिला सकती हैं।

इसके बाद इसे फेस पर 10-15 मिनट के लिए अप्लाई करें।

***फिर नॉर्मल पानी चेहरे को धो दें।***

इस फेस पैक को अप्लाई करने के बाद चेहरे पर साबुन न लगाएं।

***घी और केसर का फेस पैक***

कई महिलाओं व लड़कियों की स्किन काफी ड्राई और डल होने लगती है। ऐसे में आप चेहरे पर इन चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन पर निखार आता है।

सामग्री
घी- 1 चम्मच
केसर- 2 चम्मच
हल्दी- 1/4

***ऐसे बनाएं फेस पैक***

सबसे पहले एक कटोरी में केसर, हल्दी और घी को मिक्स कर लें।

***इसके बाद इसे अपने चेहरे पर अप्लाई करें।***

10-15 मिनट तक लगाए रखने के बाद चेहरा पानी से साफ कर लें।

आप चाहें तो गर्दन पर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

# इन टिप्स को अपनाकर बनाएं डिलिशियस थेपला

अगर आप सॉफ्ट थेपला बनाना चाहते हैं तो ऐसे में आटा गूंथते समय पानी के तापमान का भी ख्याल रखें। ठंडे पानी के बजाय गर्म पानी का इस्तेमाल करना अधिक अच्छा रहता है। गर्म पानी आटे में मौजूद ग्लूटेन को सक्रिय करने में मदद करता है।

गुजरात में थेपला बेहद ही पॉपुलर है और अक्सर लोग इसे नाश्ते में खाना बेहद पसंद करते हैं। गुजरात की इस फेवरिट डिश को अब देश के अन्य राज्यों में भी उतने ही चाव से खाया जाता है। इसे गेहूं के आटे, मसालों और कभी-कभी मेथी के पत्तों या पालक जैसी सामग्री के साथ इसे तैयार किया जाता है। अगर आप भी अपने घर पर बेहद ही टेस्टी और सॉफ्ट थेपला बनाना चाहते हैं तो कुछ आसान टिप्स को फॉलो करें-

***गर्म पानी का करें इस्तेमाल***

अगर आप सॉफ्ट थेपला बनाना चाहते हैं तो ऐसे में आटा गूंथते समय पानी के तापमान का भी ख्याल रखें। ठंडे पानी के बजाय गर्म पानी का इस्तेमाल करना अधिक अच्छा रहता है। गर्म पानी आटे में मौजूद ग्लूटेन को सक्रिय करने में मदद करता है। इससे आटा अधिक लचीला हो जाता है और जिसके परिणामस्वरूप थेपला नरम हो जाता है।

***आटे की कंसिस्टेंसी पर दें ध्यान***

थेपला बनाते समय उसकी आटे की कंसिस्टेंसी भी बेहद अहम् है। सुनिश्चित करें कि आटा नरम और चिकना हो, लेकिन बहुत चिपचिपा न हो। इसलिए, जब आप आटा गूंथे तो धीरे-धीरे पानी डालें और इसे कुछ मिनटों तक अच्छी तरह गूंथें।

***घी का करें इस्तेमाल***

घी एक ऐसा इंग्रीडिएंट है, जो आपके थेपले को नरम बनाए रखने में मददगार है। इसलिए, इसका इस्तेमाल अवश्य करें। एक बार जब आप आटा गूंथ लेते हैं तो इसमें थोड़ा घी मिलाएं। घी थेपला को नरम रखने में मदद करता है और उन्हें सूखने से बचाता है। आप थोड़ी मात्रा में घी मिलाएं और इसे आटे की सतह पर समान रूप से फैलाएं। आटे को फिर से धीरे से गूंथ लें, जिससे कि उसमें घी अच्छी तरह मिल जाए।

***आटे को करने दें रेस्ट***

एक बार जब आप आटा गूंथ लेते हैं तो एकदम से थेपला बनाना शुरू ना करें। बल्कि आटे को करीबन 15-20 मिनट के लिए रेस्ट करने दें। ऐसा करने से आटा अधिक मैनेजेबल हो जाता है। इतना ही नहीं, इससे बाद में थेपला खाने में भी काफी सॉफ्ट लगता है।

***बेलने की टेक्निक पर दें ध्यान***

जब आप थेपला बेल रहे हैं तो उसे सही तरह से बेलना भी उतना ही आवश्यक है। कई बार हम उसे बेलते समय बहुत अधिक दबाव डालते हैं। हालांकि, आप ऐसा करने से बचें, क्योंकि इससे थेपला सख्त हो सकता है।

# डैंड्रफ से छुटकारा दिलाने के लिए कारगर नुस्खा है लहसुन, जानिए कैसे करें इस्तेमाल

बालों में डैंड्रफ की समस्या होना आम बात है। प्रदूषण, गलत खानपान, खराब जीवनशैली धूल-मिट्टी के कारण बालों में डैंड्रफ हो जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि लहसुन की मदद से आप रूसी की समस्या से निजात पा सकती हैं।

बालों में डैंड्रफ की समस्या होना आम बात है। प्रदूषण, गलत खानपान, खराब जीवनशैली धूल-मिट्टी और बालों को सही ढंग से सफाई ना करने के कारण डैंड्रफ की समस्या हो जाती है। बालों में डैंड्रफ होने से सिर में खुजली के साथ स्कैल्प पर सफेद पपड़ी पड़ जाती है। वहीं बालों में रूसी होने के कारण बालों की जड़ें कमजोर हो जाती हैं और बाल तेजी से झड़ने लगते हैं। रूसी से छुटकारा पाने के लिए लोग कई तरह के अलग-अलग शैंपू का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स में हानिकारक केमिकल मिले होते हैं, जो आपके बालों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही कमजोर कर देता है।

ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से निजात पाना चाहती हैं, तो आप लहसुन का इस्तेमाल कर सकती हैं। क्योंकि लहसुन में एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। यह स्कैल्प पर जमा गंदगी और संक्रमण साफ कर देता है।

साथ ही लहसुन की मदद से आप डैंड्रफ और हेयर फॉल की समस्या से भी निजात पा सकते हैं। बता दें कि लहसुन में सल्फर और सेलेनियम पाया जाता है। यह बालों को मजबूत बनाने का काम करता है। इससे न सिर्फ बाल झड़ने कम हो जाते हैं, बल्कि नए बाल भी आने लगते हैं। आइए जानते हैं कि लहसुन की मदद से आप डैंड्रफ से किस तरह से निजात पा सकते हैं।

***लहसुन का पेस्ट***

अगर आपके बालों में भी रूसी की समस्या हो गई है तो आप लहसुन का पेस्ट लगा सकती हैं। इसको बालों में लगाने के लिए लहसुन की कलियों को मिक्सी में अच्छे से पीस लें। फिर इस पेस्ट को सिर के स्कैल्प में 30-35 मिनट तक के लिए लगा लें। इसके बाद माइल्ड शैंपू से बालों को धो लें। सप्ताह में एक बार इस उपाय को करने से आपको बेहतर रिजल्ट प्राप्त होंगे।

***लहसुन और शहद***

अगर आप भी डैंड्रफ की समस्या से परेशान हैं, तो आपको अपने बालों में शहद और लहसुन का हेयर मास्क अप्लाई करना चाहिए। इस हेयर मास्क को बनाने के लिए लहसुन की 7-8 कलियों को पीसकर पेस्ट बना लें। फिर इसमें 2 चम्मच शहद अच्छे से मिक्स कर लें। अब इस हेयर मास्क को स्कैल्प पर 20-30 मिनट के लिए अप्लाई कर लें। इसके बाद बालों को किसी माइल्ड शैंपू से धो डालें। सप्ताह में 2 से 3 बार इस नुस्खे को अपनाने से आपको बेहतर रिजल्ट मिलेगा।

***लहसुन और एलोवेरा***

डैंड्रफ को हटाने के लिए लहसुन और एलोवेरा का मिश्रण भी काफी कारगर माना जाता है। एलोवेरा में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण मौजूद होता है। जो बैक्टीरिया और संक्रमण को खत्म करता है और हेयर फॉल की समस्या को भी काफी हद तक कम करता है। इस पेस्ट को बनाने के लिए 2 चम्मच लहसुन के पेस्ट में 2 चम्मच एलोवेरा जेल मिक्स कर लें। इस पेस्ट को 30 मिनट के लिए स्कैल्प पर अप्लाई करें।

लहसुन और नारियल तेल

लहसुन को नारियल तेल के साथ मिलाकर लगाने से डैंड्रफ की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए 7-8 लहसुन की कलियों को पीस लें और नारियल तेल में मिलाकर इसे हल्का सा गर्म कर लें। इसे अपने स्कैल्प पर मालिश करते हुए लगाएं। फिर करीब 1 घंटे बाद माइल्ड शैंपू से बालों को धो दें। इस तरह से आप सप्ताह में 1-2 बार इस उपाय को कर सकते हैं। यह डैंड्रफ हटाने के साथ ही बालों की खोई चमक भी वापस लाता है।

# कोई आरोप कानून के अनुरूप नही

## सीबीआई केस वापस लेने के प्रस्ताव पर बोले डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने गुरुवार को उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसमें डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के खिलाफ चल रही सीबीआई जांच को रद्द करने की बात कही गई थी। इस पर शिवकुमार ने कोई भी टिप्पणी देने से इनकार कर दिया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्होंने राज्य मंत्रिमंडल के बारे में मीडिया रिपोर्टें देखी हैं, जो कानून के अनुरूप नहीं है।

कर्नाटक कांग्रेस के प्रमुख शिवकुमार, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में भी मौजूद नहीं थे। माना जा रहा है कि अब कांग्रेस सरकार इस मामले में सीबीआई को दी गई सहमति वापस लेने का आदेश जारी कर सकती है। शिवकुमार ने मीडिया से कहा, मैंने अखबार में देखा, मैं कल कैबिनेट बैठक में शामिल नहीं हो सका, इसको लेकर जिसे जो बोलना है, वह बोले। शिवकुमार चुनाव प्रचार के लिए दो दिनों के लिए तेलंगाना

**बैठक**

**कर्नाटक कांग्रेस के प्रमुख शिवकुमार, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में भी मौजूद नहीं थे।**

जा रहे हैं, इसको लेकर उन्होंने कहा, अगर पार्टी मुझसे प्रचार विस्तार करने के लिए करेगी, तो मुझे करना होगा। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में मुकदमा चलाने के लिए पिछली सरकार द्वारा सीबीआई को दी गई मंजूरी के खिलाफ शिवकुमार द्वारा दायर अपील की सुनवाई बुधवार को 29 नवंबर तक

के लिए स्थगित कर दी। सीबीआई ने 15 नवंबर को उच्च न्यायालय को सूचित किया कि सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय को जांच एजेंसी द्वारा दायर आवेदन पर सुनवाई करने का निर्देश दिया है, जिसमें अपील पर लगी रोक को दो सप्ताह के भीतर हटाने की मांग की गई है। इससे पहले एकल न्यायाधीश पीठ ने शिवकुमार की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उन पर मुकदमा चलाने के लिए सरकार द्वारा 25 सितंबर, 2019 को दी गई मंजूरी को चुनौती दी गई थी। इसके बाद शिवकुमार ने इसे खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी, जिसने एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगा दी थी। इस रोक को हटाने के लिए सीबीआई ने अर्जी दाखिल की थी। 2017 में शिवकुमार के घर और कार्यालयों पर आयकर विभाग के तलाशी अभियान के आधार पर, प्रवर्तन निदेशालय ने उनके खिलाफ अपनी जांच शुरू की। ईडी की जांच के आधार पर, सीबीआई ने उनके खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए राज्य सरकार से मंजूरी मांगी।

राज्य सरकार ने 25 सितंबर, 2019 को मंजूरी दे दी थी। सीबीआई ने 3 अक्टूबर, 2020 को उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। सीबीआई ने दावा किया है कि शिवकुमार ने 74.93 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की, जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक है। 1 अप्रैल, 2013 से 30 अप्रैल, 2018 तक, जब वह तत्कालीन सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार (2013-2018) में ऊर्जा मंत्री थे।

### रानीपेट जिले की फैक्ट्री में टूटा केमिकल टैंक, फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची

**रानीपेट (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के रानीपेट जिले में एक बड़ा हादसा होने से टल गया। दरअसल, यहां एक केमिकल फैक्ट्री में केमिकल टैंक टूट गया, जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। रानीपेट अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने धुएं पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया है। इस दौरान किसी भी फैक्ट्री कर्मचारी के घायल होने की जानकारी नहीं मिली है। फिलहाल, अन्य जानकारी की प्रतीक्षा है।

जानकारी के मुताबिक, हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस और अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर सावधानीपूर्वक स्थिति को काबू में कर लिया है।

### कतर में मौत की सजा के खिलाफ पूर्व भारतीय नेवी के अफसरों को राहत की उम्मीद

**नई दिल्ली।** कतर की एक अदालत ने आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को मौत की सजा के खिलाफ अपील स्वीकार कर ली है। पूर्व नेवी अफसरों को मौत की सजा को लेकर भारत की ओर से अपील दायर की गई थी। सभी को पिछले महीने जासूसी के एक कथित मामले में सजा सुनाई गई थी। पिछले दिनों विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया था कि फैसला गोपनीय बना हुआ है। मामले में अपील दायर की गई है।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने मामले को संवेदनशील बताते हुए किसी भी तरह की अटकलों से बचने का भी आग्रह किया है। इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अपने एक बयान में कहा था कि कतर की अदालत ने अल दारा कंपनी के 8 कर्मचारियों से जुड़े मामले में 26 अक्टूबर को फैसला सुनाया है। बागची ने बताया था कि अदालत ने जिन आरोपों में मौत की सजा सुनाई है, उन्हें अभी तक आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक नहीं किया गया है।

आपको बता दें, मामले में विदेश मंत्रालय कतर के अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। इसके अलावा, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पूर्व नौसेना कर्मियों के परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की है, जिन्हें सजा सुनाई गई है। बागची ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान बताया था कि 7 नवंबर को दोहा में भारतीय दूतावास को consular access प्राप्त हुआ था।

कतर की एक कोर्ट ने 26 अक्टूबर को आठ भारतीयों को मौत की सजा सुनाई थी। कोर्ट के इस फैसले को भारत सरकार ने चौंकाने वाला बताया था। साथ ही मामले में सभी कानूनी विकल्प तलाशने की बात कही थी। कोर्ट के फैसले के कुछ दिनों बाद एक अपील दायर की गई थी। बागची ने बताया कि मामला फिलहाल कतर की कानूनी प्रक्रिया में है।

### भारत और अफगानिस्तान के रिश्तों में दरार

**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते अब आधिकारिक तौर पर खत्म हो गए हैं। दरअसल, नई दिल्ली में बना अफगानी दूतावास स्थायी तौर पर बंद हो गया है। नई दिल्ली में अपने राजनयिक मिशन को बंद करने पर एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए अफगान दूतावास ने कहा कि भारत सरकार की लगातार चुनौतियों के कारण 23 नवंबर 2023 से ये प्रभावी हो गया है। दूतावास द्वारा यह निर्णय 30 सितंबर को संचालन बंद करने के बाद लिया गया है। यह कदम इस उम्मीद में उठाया गया कि मिशन को सामान्य रूप से संचालित करने के लिए भारत सरकार का रुख अनुकूल रूप से बदल जाएगा।

दूतावास ने अपने बयान में कहा कि पिछले दो वर्षों और तीन महीनों में भारत में अफगान समुदाय में बड़ी गिरावट देखी गई है। अफगान शरणार्थियों, छात्रों और व्यापारियों के देश छोड़ने के साथ अगस्त 2021 के बाद से यह संख्या लगभग आधी हो गई है। दूतावास ने कहा कि इसी कारण इस अवधि के दौरान बहुत ही सीमित नए वीजा जारी किए गए।

बयान में कहा कि दुर्भाग्य से तालिबान द्वारा नियुक्त राजनयिकों की उपस्थिति और काम को उचित ठहराने के लिए हमारी छवि को खराब करने और राजनयिक प्रयासों में बाधा डालने के प्रयास किए गए हैं। इन चुनौतियों का सामना करते हुए, हमारी प्रतिबद्ध टीम ने सबसे कठिन परिस्थितियों में भी प्राथमिकता देते हुए लगन से काम किया।

अब भारत में अफगानिस्तान का कोई राजनयिक नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी में सेवा करने वाले लोग सुरक्षित रूप से तीसरे देशों में पहुंच गए हैं, दूतावास ने बताया कि भारत में मौजूद एकमात्र व्यक्ति तालिबान से जुड़े राजनयिक हैं, जो उनकी नियमित ऑनलाइन बैठकों में भाग ले रहे हैं।

### कहीं 12 तो कहीं 900 के पार वायु प्रदूषण का स्तर, साफ हवा में सांस लेने को तरसे दिल्ली के लोग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण के स्तर में किसी तरह की गिरावट देखने को नहीं मिल रही है। सरकार की कई कोशिशों के बाद भी कई शहरों का एक्यूआई 300 के पार ही दर्ज किया जा रहा

है। दिल्ली के प्रदूषण को लेकर राज्य के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आने वाले 2-3 दिनों में प्रदूषण में कमी होगी, इसलिए अब भी ग्रेप-3 लागू है, जिसके कारण कई चीजों पर पाबंदी बनी हुई है। हालांकि, भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से प्रदूषण की गंभीर स्थिति से थोड़ी राहत जरूर मिली है। कई शहरों में एक्यूआई 300 के नीचे रहा है। दरअसल, हवा की दिशा बदलने के कारण अब पराली का धुआं दिल्ली-एनसीआर में प्रवेश नहीं कर रही है, जिस कारण स्थिति में सुधार देखा जा रहा है। हालांकि, अब भी कई शहरों का एक्यूआई स्तर 300 के पार ही देखा जा रहा है।दिल्ली में प्रदूषण की चादर घनी हो गई है, जिसके कारण कई जगहों पर विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम है। सफर ऐप के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली का आज AQI 388 रिकॉर्ड किया गया है। वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, गुरुवार सुबह, जहांगीरपुरी में 434, बुराड़ी में 441, बवाना में 441, द्वारका में 412, आनंद विहार में 387, अशोक विहार में 386 एक्यूआई दर्ज किया गया है। इसके अलावा, नोएडा में´ AQI 363, ग्रेटर नोएडा में 369, गुरुग्राम में आज AQI का आंकड़ा 321 और फरीदाबाद में एक्यूआई 417 दर्ज किया गया है। एक्यूआई हवा की गुणवत्ता आंकने का एक सूचकांक है, जिससे यह पता लगाया जाता है कि एक शहर की हवा कितनी प्रदूषित है।

## मुख्यमंत्री विजयन ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**कोझिकोड (केरल)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने राज्य सरकार के चल रहे नव केरल सदा कार्यक्रम का बहिष्कार करने के फैसले के लिए शुक्रवार को विपक्षी कांग्रेस पर कटाक्ष किया। इस दौरान विजयन ने कहा कि इसका नेतृत्व अपनी पार्टी के सदस्यों को भी इस बारे में समझाने में विफल रहा है।

**प्रयास**

**मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि नगर पालिका के खिलाफ विपक्ष के नेता की कार्रवाई को स्थानीय स्व-सरकारी निकायों पर नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास माना गया।**

विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीसन की आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता ने सरकारी कार्यक्रम के लिए एक लाख रुपये आवंटित करने के

लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र में परवूर नगर पालिका के अध्यक्ष को धमकी दी।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि नगर पालिका के खिलाफ विपक्ष के नेता की कार्रवाई को स्थानीय स्व-सरकारी निकायों पर नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास माना गया, जिससे उनके स्वतंत्र कामकाज में बाधा उत्पन्न हुई। विजयन ने ये बयान इस उत्तरी जिले में नव केरल सदास के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए दिया। उन्होंने दावा किया कि यह सरकार के आउटरीच कार्यक्रम के लिए धन आवंटित करने के लिए लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित नगरपालिका परिषद द्वारा एक सर्वसम्मत निर्णय था। मुख्यमंत्री ने कहा, कार्यक्रम के लिए धन की अनुमति देने पर चेयरपर्सन को पद से हटाने की उनकी धमकी अस्वीकार्य है।

उन्होंने कहा कि सतीसन, जो कि निर्वाचन क्षेत्र के विधायक भी हैं, को ऐसी कार्रवाई नहीं करनी चाहिए थी। इस मामले पर मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए उन्होंने यह भी कहा कि चेयरपर्सन को डरा-धमकाकर और काउंसिल बुलाकर नगर पालिका का फैसला वापस लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय स्वशासन प्रणाली में संकीर्ण और दुर्भावनापूर्ण इरादे से अलोकतांत्रिक तरीके से हेरफेर किया गया था। नव केरल सदास को आम कांग्रेस कार्यकर्ताओं के समर्थन का दावा करते हुए विजयन ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व द्वारा किए गए आउटरीच कार्यक्रम के बहिष्कार के फैसले को उनके स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी स्वीकार नहीं किया। उन्होंने विपक्षी नेताओं का मजाक उड़ाते हुए कहा, वे अपनी पार्टी के सदस्यों को भी समझाने में विफल रहे।

विजयन ने दावा किया कि नव केरल सदन में भाग लेने वाले लोग मजबूरी के कारण ऐसा नहीं कर रहे हैं, बल्कि इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वे राज्य सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न जन-समर्थक पहलों को पहचानते हैं।

## सांस की बीमारी से क्यों जूझ रहा चीन?

**शंघाई।** चीन में कोविड के बाद एक बार फिर नई बीमारी कहर बरपा रही है। अस्पतालों में बच्चों की कतारें लग गई हैं, जिस स्थिति को देखते हुए चीन ने शुक्रवार को स्कूलों और अस्पतालों में सांस की

**मामले**

**बीजिंग और लियाओनिंग प्रांत जैते उत्तरी क्षेत्रों के बच्चों में मामले विशेष रूप से नजर आ रहे हैं।**

बीमारियों के बढ़ने के कारण सतर्कता बरतने का आह्वान किया है।

दिसंबर में सख्त कोविड -19 प्रतिबंध हटाए जाने के बाद से चीन सांस संबंधी बीमारियों में वृद्धि से जूझ रहा है। बीजिंग और लियाओनिंग प्रांत जैते उत्तरी क्षेत्रों के बच्चों में मामले विशेष रूप से नजर आ रहे हैं। अस्पतालों और स्कूलों में लगातार चेतावनी दी जा रही है। राज्य परिषद ने कहा कि इस सर्दी और वसंत में इन्फ्लूएंजा अपने चरम पर होगा और भविष्य में कुछ क्षेत्रों में माइकोप्लाज्मा निमोनिया का संक्रमण भी फैल सकता है। साथ ही, कोविड संक्रमण के दोबारा

बढ़ने के जोखिम के बारे में भी चेतावनी दी गई है। स्टेट काउंसिल ने एक बयान में कहा, सभी इलाकों को संक्रामक रोगों पर सूचना रिपोर्टिंग को मजबूत करना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सूचना समय पर और सटीक तरीके से दी जाए। हालिया स्थिति के बारे में तब पता चला, जब ह्यूमन राइट्स वॉच ने बच्चों में अज्ञात निमोनिया के समूहों पर प्रोग्राम फॉर मॉनिटरिंग इमर्जिंग डिजीज की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए चीन से अधिक जानकारी मांगी। चीन और ह्यूमन राइट्स वॉच दोनों को 2019 के अंत में केंद्रीय शहर वुहान में सामने आए शुरुआती COVID-19 मामलों पर रिपोर्टिंग की पारदर्शिता के बारे में सवालों का सामना करना पड़ा है। गुरुवार को, WHO ने कहा कि चीन ने उसके अनुरोध का जवाब दिया है और उसके द्वारा प्रदान किए गए डेटा से पता चलता है कि मामले माइकोप्लाज्मा निमोनिया जैसे ज्ञात रोगजनकों के प्रसार के साथ-साथ कोविड प्रतिबंधों को हटाने से जुड़े थे। दरअसल, माइकोप्लाज्मा एक सामान्य जीवाणु संक्रमण है, जो आमतौर पर बच्चों को प्रभावित करता है।

### खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक तलाशी अभियान के दौरान पुलिस और वांछित आतंकवादियों के बीच गोलाबारी हो गई। इस दौरान दो स्कूली छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि गुरुवार को टैंक जिले के कोट आजम इलाके में खुफिया जानकारी के आधार पर तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान हुई गोलीबारी में वांछित आतंकवादी मारा गया। वहीं, क्रॉस फायरिंग के दौरान फंसने से आठवीं कक्षा के दो छात्रों की भी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से एक सब-मशीन गन, गोला-बारूद, दो हथगोले और एक मोटर साइकिल बरामद किया गया है।

## नेपाल में राजशाही समर्थकों की पुलिस से झड़प के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा

**काठमांडू (नेपाल)।** राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प के एक दिन बाद नेपाल ने अपनी राजधानी काठमांडू के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है।

स्थानीय प्रशासन ने आगे बढ़ने से रोकने के लिए कई स्थानों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं क्योंकि आगामी

दिनों में और विरोध प्रदर्शन की योजना की घोषणा की गई है।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विवादास्पद व्यवसायी दुर्गा प्रसाई के भक्तपुर आवास के आसपास सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है, जबकि उनके समर्थकों को काठमांडू के विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। काठमांडू के मुख्य जिला अधिकारी जितेंद्र बस्नेत ने कहा, कल के कार्यक्रम और प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमा को पार कर दिया था। हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति की तोड़फोड़ और आगजनी का संकेत देने वाले उत्तेजक बयान सुने गए।

बयान के बाद, अधिकारी ने दावा किया कि समूह को टिंकुने क्षेत्र में एक सामूहिक बैठक आयोजित करने की अनुमति देने से तनाव और बढ़ सकता है, जिससे हवाईअड्डे को संभावित रूप से खतरा हो सकता है।

बासनेट ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है।

स्थानीय प्रशासन ने बल प्रयोग करके भीड़ को तिनकुने इलाके में पहुंचने से रोकने की रणनीति तैयार की है, जैसा कि मौखिक रूप से विरोध करने वाली पार्टी को बताया गया है।

पुलिस ने त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास, तिनकुने क्षेत्र के आस-पास छिपे प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई की, जहां गुरुवार की झड़प के बाद दूसरे दिन विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई गई थी। पुलिस ने संदिग्ध राहगीरों के सामान की भी तलाशी ली।

कल के विरोध प्रदर्शन के दौरान, प्रसाई ने कथित तौर पर वर्तमान संघीय प्रणाली के खिलाफ बात की, जिसके विफल होने का उनका दावा है।

प्रसाई ने गणतांत्रिक व्यवस्था को उखाड़ फेंकने और राजशाही को बहाल करने की धमकी दी है, जिसे 2008 में समाप्त कर दिया गया था। प्रसाई राष्ट्र, राष्ट्रीयता, धर्म, संस्कृति और नागरिक बचाव अभियान शीर्षक से एक अभियान चला रहा है।

### उत्तरी मारियाना द्वीप क्षेत्र में तेज भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 7.1 मापी गई तीव्रता

**वाशिंगटन।** अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि शुक्रवार को प्रशांत क्षेत्र में उत्तरी मारियाना द्वीप क्षेत्र के पास काफी तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.1 मापी गई है।

जीएफजेड ने कहा कि भूकंप 12.4 किमी (7.71 मील) की गहराई पर था। भूकंप के बाद सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। फिलहाल, अन्य अपडेट की प्रतीक्षा की जा रही है।

## म्यांमार में चीनी नागरिकों से बड़ी रकम की धोखाधड़ी

**बीजिंग।** म्यांमार के अधिकारियों ने 31,000 दूरसंचार धोखाधड़ी के संदिग्धों को चीन को सौंप दिया है। बता दें कि दोनों देशों के कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने सितंबर में ऑनलाइन घोटालों पर कार्रवाई शुरू की थी। सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय

**अपराध**

**चीन ऑनलाइन जुआ सहित सीमा पार अपराध से निपटने के लिए म्यांमार के साथ काम करने के लिए तैयार है।**

ने एक बयान में मंगलवार को बताया कि, संदिग्धों में 63 फाइनेंसर और अपराध सिंडिकेट के सरगना शामिल हैं जिन्होंने चीनी नागरिकों से बड़ी रकम की धोखाधड़ी की है। चीनी राज्य मीडिया ने बताया कि म्यांमार में कम से कम 1,000 घोटाला केंद्रों में प्रतिदिन 100,000 से अधिक लोग दूरसंचार धोखाधड़ी में संलग्न होते हैं, जो दक्षिण पश्चिम चीन के साथ सीमा साझा करता है। चीनी पुलिस ने सितंबर में धोखाधड़ी पर नकेल कसना शुरू कर दिया और इस महीने, पुलिस ने म्यांमार में अपराध गिरोहों पर तेज हमले शुरू

किए। चीनी पुलिस ने कहा कि म्यांमार के एक गिरोह के सरगना ने पिछले हफ्ते म्यांमार के अधिकारियों से भागते समय आत्महत्या कर ली। उसके गिरोह के तीन सदस्यों को बाद में चीनी पुलिस को सौंप दिया गया है। बता दें कि म्यांमार में चीनी नागरिकों को निशाना बनाने वाले दूरसंचार घोटाले के मामले बढ़ते ही जा रहे है।

इन सभी के बीच सहायक विदेश मंत्री नोंग रोंग ने इस महीने म्यांमार का दौरा किया और कहा कि चीन ऑनलाइन जुआ सहित सीमा पार अपराध से निपटने के लिए म्यांमार के साथ काम करने के लिए तैयार है। नोंग ने यह भी कहा कि चीन अपनी साझा सीमा पर स्थिरता बनाए रखने में म्यांमार का समर्थन करता है। म्यांमार की सत्तारूढ़ सेना को अपनी सीमा पर कई मोर्चों पर हमलों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि जातीय अल्पसंख्यक विद्रोही समूहों का गठबंधन लोकतंत्र समर्थक सेनानियों के साथ मिलकर जुंटा के शासन को चुनौती दे रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को कहा, चीन ने शांति का आह्वान किया है। चीन शांति वार्ता को बढ़ावा देने के लिए अपने तरीके से रचनात्मक भूमिका निभा रहा है और संबंधित पक्षों से लोगों के हितों को पहले रखने, संघर्ष विराम करने और जल्द से जल्द युद्ध समाप्त करने का आग्रह कर रहा है।

### चीन में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से बूस्ट होगी इकोनॉमी, 5जी बेस स्टेशनों की संख्या बढ़कर 3.22 मिलियन हुई

**बीजिंग।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि चीन ने अर्थव्यवस्था के डिजिटल परिवर्तन को गति देने के अपने प्रयासों के तहत अक्टूबर के अंत तक लगभग 3.22 मिलियन 5ज बेस स्टेशन बनाए, जो उसके सभी मोबाइल बेस स्टेशनों का 28.1 प्रतिशत है। उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि चीन अपनी वास्तविक अर्थव्यवस्था में डिजिटल और बुद्धिमान परिवर्तन को बढ़ावा देने के प्रयास में अपने 5जी नेटवर्क के निर्माण में लगातार प्रगति कर रहा है।

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने कहा कि चीन की तीन सरकारी दूरसंचार कंपनियों चाइना मोबाइल, चाइना टेलीकॉम और चाइना यूनिकॉम - के पास अक्टूबर के अंत तक कुल मिलाकर 754 मिलियन 5जी मोबाइल फोन उपयोगकर्ता थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि मंत्रालय के आंकड़ों में कहा गया है कि पहले दस महीनों में दूरसंचार उद्योग ने इस क्षेत्र की कंपनियों का संयुक्त व्यवसाय राजस्व लगभग 1.4 ट्रिलियन युआन (लगभग 197.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर) साल दर साल 6.9 प्रतिशत अधिक था। 5ज के विकास को चीन के सभी क्षेत्रों के डिजिटल परिवर्तन की कुंजी के रूप में देखा गया।

जीएसएमए लिमिटेड के सीईओ जॉन हॉफमैन ने कहा, चीन विशेष रूप से वर्टिकल में 5ज के उपयोग को बढ़ाने, सभी क्षेत्रों में व्यापक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नए बिजनेस मॉडल स्थापित करने और खनन से लेकर बंदरगाहों और विनिर्माण तक हर चीज में डिजिटल परिवर्तन को तेज करने में बहुत सक्रिय रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे 5G बढ़ेगा सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में अनंत संभावनाएं लाएगा।

## चीन में मस्जिदों को बंद करने का अभियान तेज

**हॉन्ग कॉन्ग।** चीन ने अपने यहां मस्जिदों को बंद करने का अभियान तेज कर दिया है। वह अब शिनजियांग प्रांत के बाहर भी मस्जिदों के विरुद्ध अभियान चला रहा है। कहता है कि ये धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन कर रही हैं। ह्यूमन राइट वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन शिनजियांग में वर्षों से अल्पसंख्यक मुस्लिमों के विरुद्ध कार्रवाई कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, चीनी प्राधिकारियों ने उत्तरी निंग्जिया क्षेत्र के साथ-साथ गांसु प्रांत में मस्जिदों को बंद करना शुरू कर दिया है। यहां हुई मुसलमानों की बड़ी आबादी रहती है। यह सार्वजनिक दस्तावेजों, उपग्रह चित्रों पर आधारित है। स्थानीय प्राधिकारी पहले से ही इन मस्जिदों से उनकी वास्तुशिल्प विशेषताएं हटा रहे हैं, जिससे वे अधिक चीनी दिखें। कम्युनिस्ट पार्टी इस क्षेत्र में धर्म पर नियंत्रण कर शासन के लिए संभावित चुनौतियों को समाप्त करना चाहती है। राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 2016 में धर्म के सिनिसाइजेशन यानी आस्थाओं को चीनी स्वरूप देने का आह्वान किया। इससे एक कार्रवाई शुरू हुई जो बड़े पैमाने पर शिनजियांग के पश्चिमी क्षेत्र पर केंद्रित है। यहां 1.1 करोड़ से

अधिक उइगर और अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यक निवास करते हैं। संयुक्त राष्ट्र की पिछले वर्ष आई एक रिपोर्ट में कहा गया था कि चीन शिनजियांग में मानवता के विरुद्ध अपराध करने में लगा है। वह मुस्लिम अल्पसंख्यकों को प्रशिक्षण देने व जागरूक करने के नाम पर शिविरों में यातना दे रहा है। आकलन है कि इन शिविरों में 10 लाख से अधिक उइगर, हुइ, कजाख और किर्गिज समुदाय के लोग रह रहे हैं। इस रिपोर्ट पर चीन के विदेश मंत्रालय की फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं आई है। ह्यूमन राइट वॉच की चीन की कार्यवाहक निदेशक मया वांग ने कहा कि चीन सरकार दावा करती है वह उन्हीं मस्जिदों को बंद कर रही है जो धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन कर रही हैं।

# 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराना पुनीत कार्यः सीमा

**सामूहिक विवाह मे 51 जोड़ों का कराया गया विवाह**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (सुजानगंज)** स्थानीय क्षेत्र के राष्ट्रीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुजानगंज में शुक्रवार को स्वर्गीय मुरलीधर पाठक की पुण्यतिथि पर 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। काशी से आए 51 विद्वानों ने मंत्रोच्चारण के साथ यह विवाह संपन्न कराया। विवाह के लिए कुल तेरह मंडप बनाए गए थे एक मंडप में चार चार जोड़े बैठाए गए। ढोल नगाड़े बजाकर सभी नव दंपतियों का स्वागत किया गया। नव दंपति जोड़ों को उपहार स्वरूप में बक्सा,साड़ी, ज़ेवर, आलमारी, बेड, पंखा आदि भेंट किया गया। पूरे विद्यालय परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया। आयोजक प्रमोद पाठक ने सभी जोड़ों की आगवानी की। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि इससे पुनीत कार्य कुछ हो नही सकता। ऐसी मान्यता है कि बिना कन्यादान के जीवन सफल नहीं होता लेकिन यहां इक्यावन विवाह संपन्न करवाकर प्रमोद पाठक ने अपने पिता को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। इस प्रकार के आयोजन से सुजानगंज की धरती गौरवान्वित है। विधायक अजगरा टी. राम ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है। एक मंडप के नीचे अमीर गरीब, जाति धर्म रहित विवाह कराना पुनीत कार्य है। विधायक सकलडीहा, चंदौली सुशील सिंह ने कहा कि सामूहिक विवाह से क्षेत्र के तमाम लोगों के भार कम हो जायेंगे। गरीबों की लड़की की शादी कराने का जिम्मा अब एक ऐसे नौजवान ने उठाया है जो सभी गरीबों की शादी कराएगा। विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने कहा कि इस पुनीत कार्य का साक्षी मैं भी बना इस पर गर्व की अनुभूति हो रही है। इस प्रकार के आयोजन प्रति वर्ष कराया जाय। इससे पुनीत कार्य कुछ हो नही सकता। कार्यक्रम को विधायक बदलापुर रमेश मिश्र, पूर्व विधायक सुषमा पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष जौनपुर मनोरमा मौर्य, नगरपालिका अध्यक्ष मुंगरा बादशाहपुर कपिल मुनि गुप्त, सतीश सिंह, पूर्व प्रमुख सजल सिंह समेत अन्य लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आनंद त्रिपाठी ने किया।

# पुण्य तिथि पर याद किये गए पूर्व प्रबन्धक स्वर्गीय रामशिरोमणि यादव

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** बैजनाथ यादव इंटर कालेज के संस्थापक स्वर्गीय बैजनाथ यादव के बड़े भाई व बिद्यालय के प्रबन्धक रहे स्वर्गीय राशिरोमणि यादव की 9वी पुण्य तिथि बैजनाथ यादव ईन्टर कालेज जमालपुर मदारपुर जौनपुर के परिसर मे मनायी गयी, इस अवसर पर बिद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय बैजनाथ यादव के सुपुत्र श्री राम कृष्ण यादव व कृष्ण मोहन यादव तथा बहू इन्द्र कला यादव व सुनीता यादव प्रधानाचार्या बैजनाथ यादव ईन्टर कालेज व विद्यालय के सरंक्षक पचंम राम यादव तथा सभी अध्यापक गण के द्वारा स्वर्गीय प्रबन्धक के तैल चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि समर्पित किये। इस अवसर पर अपने भावान्जलि व्यक्त करते हुए रामकृष्ण यादव द्वारा कहा गया कि स्वर्गीय बड़े पिताजी एक नेक दिल,करूणावान इंसान थे, वे सदैव लोगो की सहायता के लिए तत्पर रहते थे। हमेशा सच्चाई के साथ खड़े रहते थे। उनका हम सभी को असमय छोड़कर चले जाना हम लोगो की अपूरणीय क्षति है।बडी बहू इन्द्र कला यादव द्वारा कहा गया कि बाबू जी विद्यालय के लिए हमेशा सोचते रहते थे, बच्चो उन्हे प्रेम से गोरे बब्बा कहते थे। कृष्ण मोहन यादव द्वारा कहा गया कि बड़े पिताजी अनुशासन प्रिय व समय के पावन्द व्यक्ति थे, उन्होने कभी आलस्य नही किया। श्रीमती सुनीता यादव प्रधानाचार्य द्वारा कहा गया कि बाबूजी का विद्यालय के प्रति समर्पण तथा उनकी जीवनचर्या हम लोगो के लिये अनुकरणीय है।अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए सरंक्षक द्वय पचंम राम यादव व श्रीनाथ यादव भाव विह्वल हो गये,और उनके मुख से कोई शब्द ही नही निकला। परिवार के वरिष्ठ सदस्य जयप्रकाश यादव भी अपनी भावाजंलि दिये। इस अवसर पर शिक्षक गण राजेश यादव, रविशंकर तिवारी, प्रेम चन्द्र मौर्य, रोहित प्रजापति, कपिलदेव गौतम, तथा छात्र/छात्राए श्रेया यादव, गोकुल, छोटू,आदि उपस्थित रहे।

## पंकज सिंह बनाये गये कोटेदार संघ के तहसील अध्यक्ष

**जौनपुर।** जनपद जौनपुर के नगर स्थित मंदाकिनी रेस्टोरेंट में ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलरशिप संगठन (कोटेदार संघ) की एक सांगठनिक बैठक जिला अध्यक्ष हरसु सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उक्त बैठक में मुख्य अतिथि रूप में प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी एवं जनपद जौनपुर के कार्यकारी जिला अध्यक्ष दयाशंकर निगम एवं जौनपुर संघ के कोटेदार पदाधिकारी बंधुओ की उपस्थिति में सदर तहसील विकास खंड सिकरारा के चाँदपुर निवासी कोटेदार पंकज कुमार सिंह को कोटेदार संघ का सदर तहसील अध्यक्ष सर्व सहमति से मनोनीत किया गया।

# योग तन- मन दोनों को रखता है स्वस्थः प्रो. वंदना

**विश्वविद्यालय में योग शिविर का आयोजन**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के ध्यानचंद इनडोर स्टेडियम में मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य संवर्धन हेतु आर्ट ऑफ लिविंग, बेंगलुरु के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह के साथ विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने योग किया।कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि स्वस्थ रहना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता हो गई है। योग हमारे तन और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। विश्वविद्यालय के सभी सदस्य स्वस्थ और ऊर्जावान रहे इसलिए इस शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी इस शिविर में बढ़- चढ़ कर प्रतिभाग करें। ध्यानचंद्र इनडोर स्टेडियम में सुबह शुरू हुए इस शिविर में आर्ट ऑफ़ लिविंग के जय सिंह ने वार्मअप, कटिचक आसन हस्तपात, उत्कटासन, मलासन, तितली आसन, जॉइन्ट रोटेशन, बॉडी स्ट्रेचिंग, योगासन एवं ध्यान कराया। योग शिविर के समन्वयक डॉ मनोज पाण्डेय रहे।

इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक वी एन सिंह, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. अजीत, सहायक कुलसचिव दीपक सिंह, बबिता सिंह, डॉ. मिथिलेश यादव,राजेंद्र सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों को विधिक सहायता की पीयू के शिक्षकों ने दी जानकारी

**दत्तोपंत ठेंगड़ी विधिक सहायता एवं सेवा केन्द्र ने ग्रामीणों को किया जागरूक**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के विधि संस्थान में संचालित दत्तोपंत ठेंगड़ी विधिक सहायता एवं सेवा केन्द्र द्वारा ग्राम पंचायत देवकली के पंचायत भवन पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मंगला प्रसाद यादव ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डॉ दिनेश कुमार सिंह ने विधिक सहायता केंद्र द्वारा प्रदान किये जा रहे विधिक सहायता एवं सेवा के बारे में उपस्थित ग्रामीणों को विस्तार से बताते हुए लाभान्वित होने के लिए आमंत्रित किया। विधि के छात्र-छात्राओं ने भी छोटी-छोटी व जरूरी विधिक जानकारियां प्रदान की एवं लाभप्रद सरकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। डॉ इंद्रजीत सिंह ने सुलह-समझौता एवं मध्यस्थता के बारे में जागरुक करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में देवकली ग्राम के ग्राम प्रधान महेश सोनकर सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें एवं लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम में विधि संस्थान के शिक्षक श्रीप्रकाश यादव एवं विधि के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को उनके विवाद के समाधान के सम्बन्ध में विधिक राय एवं सहायता भी प्रदान किया।

# जागरूक करने की शपथ दिलायी

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा के द्वारा यातायात माह नवम्बर जागरुकता अभियान के दौरान विद्यालय राष्ट्रीय पब्लिक इण्टर कालेज हुँसेपुर कबूलपुर, मे जागरुकता कार्यक्रम किया गया व शहर के प्रमुख चैराहा तिराहों पर लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रवर्तन की कार्रवाई में 314 वाहनों का चालान किया गया। जिलाधिकारी ,, पुलिस अधीक्षक , क्षेत्राधिकारी यातायात देवेश सिंह, प्रभारी थानाध्यक्ष जलालापुर राजेश यादव, प्रभारी निरीक्षक यातायात जी0डी0 शुक्ला के द्वारा यातायात माह नवम्बर 2023 के दौरान राष्ट्रीय पब्लिक इण्टर कालेज हुँसेपुर कबूलपुर, जौनपुर में जागरुकता कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया और उनको अपने पास-पड़ोस के लोगों को भी जागरुक करने की शपथ दिलायी गयी, तथा बच्चों द्वारा यातायात जागरूकता से सम्बन्धित रैली, क्विज, संभाषण, रंगोली, चित्रकला, पोस्टरकला एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित किया गया। था। साथ ही साथ शहर के प्रमुख चैराहा तिराहों परलोगों को सड़क पर वाहनों को खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने व जाम लगाने वाले वाहनों के मालीकों को ऐसा न करने की चेतावनी दिया गया, तथा यातायात नियमों के उलंघन करने पर प्रवर्तन की कार्रवाई में 314 वाहनों का चालान किया गया।

# देव स्पोर्ट्स क्लब ने जीता उद्घाटन मुकाबला

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** देव स्पोर्ट्स क्लब ने विप्लव स्पोर्टिंग क्लब को पांच विकेट से हराकर मनीष देब/स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट लीग का उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया। इस जीत में शिवम पटवा की अचूक गेंदबाजी (8-2-19-5) की अहम भूमिका रही। परेड मैदान पर शुक्रवार से शुरू हुई प्रतियोगिता में विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने 28.4 ओवर में 97 रन (हर्ष शुक्ल 17, अब्बास अली 12, शिवम पटवा 5/19, शिवराज सिंह 2/06) बनाये। जवाब में देव स्पोर्ट्स क्लब ने 18.3 ओवर में 5 विकेट पर 98 रन (शिव पाल 51, आर्यन प्रजापति 4/17) बना लिये। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व राहुल सिंह अंपायर और प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि मध्य क्षेत्र के पूर्व क्रिकेटर के.बी.काला ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। इलाहाबाद के वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी उत्पल दास ने मुख्य अतिथि को गुलदस्ता भेंट किया। एसीए के संयुक्त संयोजक (लीग एवं मंडल) एलबी काला ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर एसीए के निदेशक आरपी भटनागर, संयुक्त संयोजक (प्रबंधन), सोमेश्वर पांडेय, अजय कुशवाहा और अंकित पांडेय उपस्थित रहे।

# तीन लाख दीयों की रोशनी से जगमग होंगे संगम के घाट

**कुंभ नगरी में 27 नवंबर को आयोजित होने वाले देव दीपावली उत्सव को भव्य और दिव्य स्वरूप देगी योगी सरकार**

**संगम में बनेंगे सेल्फी पॉइंट्स और सैंड आर्ट**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में त्रिवेणी के तट लगने जा रहे महाकुंभ को योगी सरकार भव्य और दिव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए संकल्पित है। कुंभ और माघ मेले के अलावा योगी सरकार ने संगम किनारे दीपोत्सव के आयोजन की नई परंपरा की भी शुरुआत की है। इस वर्ष भी 27 नवंबर को इस पर्व को भव्य रूप में आयोजित करने की तैयारी में जिला प्रशासन लगा हुआ है। संगम तट पर 27 नवंबर में आयोजित होने वाले देव दीपावली उत्सव को योगी सरकार भव्य स्वरूप दे रही है। संगम किनारे देव दीपावली दीप उत्सव मनाने की परंपरा की शुरुआत योगी सरकार के समय से ही हुई है और इसे हर साल भव्य और नव्य स्वरूप दिया जा रहा है। प्रयागराज के जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बताया कि 27 नवंबर को आयोजित होने वाले देव दीपावली उत्सव पर संगम के किनारे तीन लाख से अधिक दीप जगमग किए जाएंगे। डीएम प्रयागराज नवनीत सिंह चहल का कहना है कि आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला प्रशासन के साथ-साथ अन्य लोगो का भी सहयोग लिया जाएगा। दीपोत्सव को व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न करने के लिए संगम क्षेत्र में सेक्टर व्यवस्था की गई है। संगम क्षेत्र में इसके लिए 11 सेक्टर बनाए गए हैं। सभी घाटों के लिए नोडल अधिकारी भी नामित कर दिए गए हैं। आयोजन स्थल पर एम्बुलेंस के साथ-साथ सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराई जाएंगी। शहर से संगम जाने वाले सभी मार्गों पर साइनेज और वाहनों के पार्किंग आदि की व्यवस्था भी की जाएगी। पार्किंग प्लान बनाकर व्यवस्थित ढंग से गाड़ियों के पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक यातायात की 12 पुलिस कर्मियों की टीम वहां लगाई जाएगी। अग्निशमन की आधा दर्जन गाडियां और पुलिस कर्मी भी मौके पर तैनात रहेंगे। नगर निगम को साफ-सफाई एवं पानी के टैंकर, मोबाइल टॉयलेट्स की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गए हैं। दीपोत्सव देखने आने वाले लोगों के लिए इस आयोजन और अधिक आकर्षक बनाने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। संगम के घाटों को रोशनी से जगमग करने के साथ संगम क्षेत्र में कई सेल्फी पॉइंट्स भी बनाए जाएंगे जहां लोग अपनी स्मृतियों को सहेज सकते हैं। डीएम का यह भी कहना है कि संगम की रेत पर खूबसूरत सैंड आर्ट भी बनाए जाएंगे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट्स के छात्रों की टीम इस कार्य को अंजाम देगी। सैंड आर्ट प्रयागराज के धार्मिक महत्व के विषयों को संगम की रेती पर उकेरा जाएगा।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम और भव्य लेज़र शो का होगा आयोजन**

**प्रयागराज।** संगम किनारे तीन घंटे तक आयोजित होने वाले इस दीपोत्सव को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम और एक लेज़र शो का आयोजन भी किया जाएगा। डीएम प्रयागराज बताते हैं कि संगम के वीआईपी और किला घाट में इस अवसर पर एक लेज़र शो का आयोजन भी किया जाएगा। किले की दीवारों का इसके लिए इस्तेमाल किया जाएगा। लेज़र शो के अलावा संगम क्षेत्र में देव दीपावली सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न धार्मिक प्रस्तुतियों को जगह दी जाएगी।

# रेशम नगरी मुबारकपुर में कुछ लोगों द्वारा शान्तिभंग की हुई नाकाम कोशिश

अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** कस्बा मुबारकपुर में अमन और शांति के बीच चल रहे भाई चार को कुछ लोगों की निगाहें लगी हुई है यह कथन मुबारकपुर के कुछ लोगों ने चाय की दुकानों पर चर्चा करते देखने को मिला बात यह है कि एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र में एक खबर लगी थी जिसमें मुबारकपुर बूचड़खाने में धड़ल्ले से कट रहा मांस की खबर छापने से लोक चर्चा कर रहे हैं लोगों का कहना है कि 2 वर्ष पूर्व की फोटो लगाकर खबर को प्रकाशित किया गया है और साथ ही साथ को मास का भी जिक्र किया गया है जो सरा सर निराधार है कस्बे वासियों का कहना है कि ना तो कस्बे में कभी गो मांस दिखा था और नहीं बिक रहा है ऐसी स्थिति में ऐसे में कुछ लोग गलत अफ्वाह फैला कर कस्बे को धूमिल कर रहे हैं इस संबंध में लोगों से जानकारी की गई को पता यह चला कि जिस व्यक्ति का फोटो समाचार पत्र में मांस बेचते हुए प्रकाशित किया गया था वह व्यक्ति लगभग 3 वर्षों से कैंसर से पीड़ित हैं और कई महीनो से अस्पताल से घर आकर डेट पर पड़ा हुआ है लोगों ने एक स्वर में कहा कि कस्बा अमन और शान्ति से चल रहा है कुछ खुरपात लोग कश्मीर को बदनाम कर रहे हैं ना तो मुबारकपुर कस्बे में कभी गो मांस बिका था और ना ही बिक रहा है शादी विवाह के मौके पर पड़वा का ही इस्तेमाल होता है जो फोटो छपी है वह तीन साल पुरानी है । इस संबंध में बताने वाले मुख्यरुप से मोहम्मद शाहिद, हबीब, आमिर, बिलाल अहमद, मोहम्मद फैसल, सोहेल आदि।

# प्रयागराज में भी हॉट कुक्ड योजना का शुभारंभ

**मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का देखा सजीव प्रसारण**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री प्रदेश द्वारा आज प्रदेश के आगनबाड़ी केन्द्रों के पंजीकृत 03 से 06 वर्ष के बच्चों के लिए ''हॉटकुक्ड मील'' योजना का शुभारम्भ एवं नव स्वीकृत 'आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का शिलान्यास पूर्वान्ह 10:30 बजे जनपद अयोध्या से किया गया। प्रयागराज में भी जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट के संगम सभागार में जिला प्रशासन के माध्यम से एवं जनपद के समस्त परियोजनाओं पर विकास खण्ड परिसर स्थित सभागार में संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण स्थानीय सांसद, महापौर, विधायक, ब्लाक प्रमुख आदि गणमान्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए एवं उनके मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिला मुख्यालय के कार्यक्रम में सांसद रीता बहुगुणा जोशी, महापौर उमेश चन्द्र 'गणेश केसरवानी' एवं अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत सिंह चहल द्वारा सभी का स्वागत किया गया एवं भोलानाथ कन्नौजिया प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी प्रयागराज, जिला कार्यक्रम अधिकारी, कन्वर्जेंस विभाग यथा-पंचायतीराज एवं बेसिक शिक्षा के अधिकारी व बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर-प्रथम एवं द्वितीय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ उपस्थित रहे। सांसद रीता जोशी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिलट्स से बने रेसिपी के स्टॉल का अवलोकन किया गया। रेसिपी के माध्यम से स्वास्थ्य घटकों को केन्द्र में रखते हुए लाभार्थियों के स्वास्थ्य सुधार द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की गई। मुख्यमंत्री द्वारा अयोध्या से कुल 3401 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का शिलान्यास किया गया, जिसमें जनपद प्रयागराज के 441 केन्द्र जो प्रदेश में सर्वाधिक हैं, सम्मिलित रहा। जनपद के कुल 2995 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों पर हाटकुक्ड मील का शुभारम्भ भी इस अवसर पर किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम का संचालन दिनेश सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा संजिता सिंह एवं ओम प्रकाश यादव बाल विकास परियोजना अधिकारी क्रमशः शहर-प्रथम एवं द्वितीय के सहयोग से किया गया। इसी प्रकार परियोजनाओं में संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

# मॉडल फार्मिंग, चीनी मिल और पेपर मिल से यमुनापार में बढ़ेगा रोजगारः कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के परिवार से ताल्लुक रखने वाले कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह ने अवधनामा संवाददाता प्रिया सिंह से बात करते हुए अपनी प्रगतिशील योजनाओं का खुलासा किया। इलाहाबाद लोकसभा सीट से दर्जनों उम्मीदवार बीजेपी से तैयारी कर रहे हैं उसमें से एक किसान नेता के रूप में वीपी सिंह परिवार से कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह ने पहले सवाल के जवाब में कहा कि बीजेपी एक सेकुलर दल है, बीजेपी देश निर्माण की बात करती है, कहीं से ऐसे आरोप गलत लगते हैं कि बीजेपी कि विचारधारा सेक्युलर नहीं है, लगातार जनता के काम हो रहे हैं।

कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह ने कहा कि यमुनापार को एक अलग जिला के रूप में होना चाहिए, ताकि लोगों को जिला अस्पताल, जिला मुख्यालय, आरटीओ आदि नजदीक मिल सके, यमुनापार जिला होने से बहुत सी सुविधाएँ बढ़ेंगी और जनता के लिए सहूलियत भी होगी। एक सवाल के जवाब में बीजेपी नेता ने कहा कि यमुनापार में सरकारी योजनाओं के अलावां उनके अपने निजी प्लान भी हैं, वे छोटे उद्योग के हिमायती हैं जिसको आम जनता कर सके इसमें हर ब्लॉक में मॉडल फॉर्मिंग कि ट्रेनिंग होनी चाहिए, यमुनापार में एक चीनी मिल कि उनकी योजना है इसके अलावां यमुनापार औद्दोगिक एरिया है तो एक पेपर मिल की बेहद जरूरत है इससे स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

अपनी पार्टी बीजेपी के वायदों का बचाव करते हुए बीजेपी नेता कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह ने कहा कि वायदे पूरे किये गए, जिसने केवल एजुकेशन के बाद नौकरी करने कि सोची वह निराश हो सकता है लेकिन जिसने स्टडी के बाद रोजगार खोजै वह बैठा नहीं है क्योंकि ऐसा माहौल बनाया गया और प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बुनियाद राखी गयी, देश में रोजगार के औसर बढे, आज का भारत एक अलग भारत है, दुनिआ में भारत का नाम हुआ जो सरकार कि नीतियों कि वजह से हुआ। वैश्विक समस्या कि वजह से मंहगाई नहीं कम हो पायी जिसके लिए जनता अगला पांच साल मोदी को देने जा रही है।इंडिया गठबंधन पर बात करते हुए बीजेपी नेता ने कहा कि विपक्ष को रचनात्मक काम करना चाहिए, लेकिन उत्तर प्रदेश या देश का विपक्ष समाज को बांटने में लगा हुआ है जो सही नहीं है।

एक अन्य सवाल के जवाब में बीजेपी नेता कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह का कहना था कि नेता को जनता से दूर नहीं होना चाहिए और जो भी निधि मिलती है उसका पायी पायी जनता के काम में प्रयोग होना चाहिए।

आप को बता दें कि इलाहाबाद लोकसभा सीट से वर्तमान में सांसद बीजेपी कि डॉ रीता जोशी हैं लेकिन विधानसभा चुनाव के दौरान उनके लड़के मयंक जोशी को टिकट नहीं मिल पाया और मयंक जोशी समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए, उसके बाद अनुमान लगाया जा रेहा है की बीजेपी इलाहाबाद लोकसभा से दूसरे विकल्प पर विचार कर साकची है जिसमें से कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह एक हो सकते हैं।

## केशव प्रसाद मौर्य को नोटिस, चार हफ्ते में मांगा जवाब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ दाखिल आपराधिक पुनरीक्षण अर्जी पर नोटिस जारी किया है।

साथ ही पुनरीक्षण अर्जी दाखिल करने में 327 दिन की देरी माफी अर्जी पर चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का समय दिया है। याचिका पर अगली सुनवाई 21 दिसंबर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजबीर सिंह ने प्रयागराज निवासी दिवाकर नाथ त्रिपाठी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका पर अधिवक्ता रमेश चंद्र द्विवेदी और कमल कृष्ण राय ने बहस की। याचिका में अधीनस्थ अदालत प्रयागराज और किशोर न्याय बोर्ड के आदेशों सहित केशव प्रसाद मौर्य की ओर से फर्जी दस्तावेज के जरिए लाभ लेने के मामले में एफआईआर दर्ज करने की अर्जी निरस्त करने के आदेश की वैधता को चुनौती दी गई है। इससे पहले याचिकाकर्ता ने अधीनस्थ अदालत में अर्जी दाखिल की थी।

# वंचित व लाभार्थियों को कार्यक्रम के अंतर्गत जोड़ने का काम करेगे हमः दिनेश

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** शासन के निर्देश के क्रम में प्रमुख योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने एवं इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभ और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच बनाने जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आज जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायत में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्रथम पाली में रानी की सराय ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोटला में जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकसित भारत बनाने की संकल्प भी दिलाई गई। सांसद आजमगढ़ दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि गांव-गांव में यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वंचित रह गए लाभार्थियों को इस कार्यक्रम के अंतर्गत जोड़ा जाएगा। इसी क्रम में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत विकास खण्ड अजमतगढ़ में प्रथम पाली में शाहपुर नेवादा एवं द्वितीय पाली धौरहरा, तहबरपुर में प्रथम पाली में लखमनपट्टी बादल राय एवं द्वितीय पाली भानीपुर, रानी की सराय में द्वितीय पाली में घाटीपट्टी, मेंहनगर में प्रथम पाली में सिंहपुर एवं द्वितीय पाली गुरेहथा, लालगंज में प्रथम पाली में चन्देवरा एवं द्वितीय पाली अछिछि, ठेकमा में प्रथम पाली में हदिशादयालपुर एवं द्वितीय पाली असवनिया, पवई में प्रथम पाली में मित्तूपुर एवं द्वितीय पाली सौदमा, फूलपुर में प्रथम पाली में भोरमऊ एवं द्वितीय पाली कनेरी, हरैया में प्रथम पाली में बछउर खूर्द एवं द्वितीय पाली इसरापार, मार्टीनगंज में प्रथम पाली में भादों एवं द्वितीय पाली सैयदबहाउद्दीनपुर, पल्हना में प्रथम पाली में पित्थौरपुर एवं द्वितीय पाली में धरनीपुर रानीपुर में वैन भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन कराया गया।

# एचपी के अध्ययन में सामने आई तस्वीरः भारत में बढ़ रहे हैं गेमिंग के क्षेत्र में आय और करियर के अवसर

**घोषणा**

**फ्री ऑनलाइन गेमिंग पाठ्यक्रम के लिए एचपी ने की एचपी गेमिंग गैराज की घोषणा**

**नई दिल्ली।** भारत में ईस्पोर्ट्स इंडस्ट्री में हो रही प्रगति ने देश के गेमर्स को बहुत फायदा पहुंचाया है। अब उनके पास इस इंडस्ट्री में करियर के अवसर बढ़े हैं और उन्हें ज्यादा आय पाने का मौका भी मिल रहा है। एचपी इंडिया गेमिंग लैंडस्केप स्टडी 2023 में यह बात सामने आई है। इस अध्ययन में 15 शहरों के 3,000 गेमर्स को शामिल किया गया। इसमें सामने आया कि आनंद और सुकून के साथ-साथ गेमर्स अब गेमिंग की मदद से पैसा और पहचान भी कमा रहे हैं। इस अध्ययन में पहली बार 500 अभिभावकों को भी शामिल किया गया। इसमें सामने आया कि पिछले कुछ साल में भारत में गेमिंग को लेकर माता-पिता की सोच में भी सकारात्मक बदलाव आया है।

एचपी इंडिया मार्केट की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर इप्सिता दासगुप्ता ने कहा, भारत वैश्विक स्तर पर तीसरा पीसी गेमिंग देश बनकर सामने आया है। इस विकास के साथ कदम मिलाते हुए हम लगातार इनोवेशन एवं अत्याधुनिक टूल्स की मदद से गेमर्स को सशक्त एवं सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अध्ययन से हमें गेमिंग की दुनिया को गहराई से समझने का मौका मिला है और गेमर्स के उत्साह एवं उनकी महत्वाकांक्षा की तस्वीर भी सामने आई है।

भारत में 2022 की तुलना में इस साल गेमिंग से आय बढ़ी है। अध्ययन में हिस्सा लेने वाले करीब आधे सीरियस गेमर्स ने बताया कि गेमिंग से उन्हें सालाना 6 से 12 लाख रुपये तक की कमाई हो रही है।

स्पॉन्सरशिप और ई-स्पोर्ट्स टूर्नामेंट आय का उल्लेखनीय स्रोत बनकर सामने आए हैं, जिससे गेमिंग कम्युनिटी की बढ़ती महत्ता भी सामने आ रही है। भारत में गेमिंग इंडस्ट्री गेमर्स को कई करियर विकल्पों में हाथ आजमाने का मौका भी दे रही है। अध्ययन में शामिल प्रतिभागियों ने बताया कि गेमर होने के अलावा भविष्य में वे इन्फ्लूएंसर के रूप में या ईस्पोर्ट्स मैनेजमेंट में करियर पर भी नजर बनाए हुए हैं।

एचपी इंडिया मार्केट के सीनियर डायरेक्टर पर्सनल सिस्टम्स विक्रम बेदी ने कहा, यह देखना उत्साहजनक है कि ईस्पोर्ट्स इंडस्ट्री बढ़ रही है और इससे गेमर्स को कई तरह के करियर के विकल्प भी मिल रहे हैं। हमें विश्वास है कि भारतीय युवाओं में न केवल देश को ग्लोबल ईस्पोर्ट्स एरेना बनाने की क्षमता है, बल्कि वे इस इंडस्ट्री में उद्यमिता के अवसर भी सृजित कर सकते हैं। एचपी में हम एचपी गेमिंग गैराज जैसी पहल के माध्यम से उनके विकास में मदद कर रहे हैं और नए गेमर्स को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

अध्ययन में सामने आया है कि भारत में गेमिंग को लेकर माता-पिता के नजरिये में भी सकारात्मक बदलाव आ रहा है। अध्ययन में शामिल 42 प्रतिशत अभिभावकों ने गेमिंग को शौक के रूप में स्वीकृति दी। 40 प्रतिशत अभिभावकों ने माना कि पिछले कुछ साल में गेमिंग को लेकर उनकी सोच में सकारात्मक बदलाव आया है। ऐसा विशेष रूप से इस इंडस्ट्री में हो रही प्रगति के कारण हुआ है।

# अपकमिंग आईकू12 में पहले से कहीं अधिक स्मूथ एंड्रॉयड 14-बेस्ड फनटच ओएस होगा

**नई दिल्ली।** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने अनाउंस किया है कि अपकमिंग फ्लैगशिप आईकू12 में बिल्कुल नया एंड्रॉइड 14 बेस्ड फनटच ओएस होगा। यह एंड्रॉइड के नए एडिशन दिए गए सभी खूबियों के साथ आता है, इसमें बेहतर और हमेशा शानदार यूजर एक्सपीरियंस प्रदान करने के लिए एक यूनिक आईकू ट्विस्ट भी है। आईकू12 आउट ऑफ द बॉक्स एंड्रॉयड 14 देने वाला पहला नॉन-पिक्सल स्मार्टफोन होगा। मेमोरी मैनेजमेंट, मल्टीटास्किंग कैपबिलटीज, कस्टमाइजेशन, प्राइवेसी और सिक्योरटी में सुधार के साथ-साथ अधिक क्रिएटिविटी और फ्लेक्सिबिलिटी देने के लिए नए वीडियो एडिटिंग टूल की पेशकश पर ध्यान देने के साथ, फनटच ओएस 14 सुनिश्चित करता है कि यूजर अपने डिवाइस के साथ हर इंटरैक्शन का आनंद लें सकें। आईकू 12 में ओएस में इंटीग्रेशन यह सुनिश्चित करेगा कि डिवाइस में कोई हॉट ऐप्स या गेम न हों। इसके अलावा आईकू 12 यूजर को 3+4 साल के एंड्रॉइड और सिक्योरिटी अपडेट्स भी प्रदान करेगा।

**स्मूद एनविज़न स्मूद, एवरी टाइम**

फनटच ओएस 14 स्मूथ एनविजन पेश करता है, एक इनोवेटिव अप्रोच है जो ओएस एक्सपीरियंस को अंदर और बाहर से बेहतर बनाता है। निरंतर प्रोसेस की संख्या को कम करके और रैम उपयोग को ऑप्टिमाइज करके, फनटच ओएस 14 सिस्टम परफॉर्मेंस, रिस्पांसिव और एक साथ अधिक ऐप्स को एक्टिव रखने की क्षमता को बढ़ाता है। यह एडवांस रैम सेवर सुविधा 8 जीबी और उससे अधिक रैम कॉन्फ़िगरेशन वाले डिवाइस में उपलब्ध रैम स्पेस में 600 एमबी तक जोड़ती है, जिससे मल्टीटास्किंग आसान हो जाती है। अतिरिक्त सुविधा के लिए, एक नया ऐप रिटेनर फीचर यह सुनिश्चित करता है कि व्हाइटलिस्ट वाले ऐप्स जिन्हें मैन्युअल रूप से बंद नहीं किया गया है उन्हें हमेशा अंतिम इंटरफ़ेस पर रिस्टोर किया जा सकता है ताकि यूजर आसानी से वहीं से अपना काम जारी रख सकें जहां उन्होंने छोड़ा था।

## सोने की कीमतों में 50 रुपये की गिरावट, चांदी 200 रुपये फिसली

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 50 रुपये टूटकर 62,120 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 62,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी भी 200 रुपये की गिरावट के साथ 76,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का हाजिर भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 62,120 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट के साथ 1,992 डॉलर प्रति औंस रह गया जबकि चांदी 76.200 डॉलर प्रति औंस के लगभग अपरिवर्तित भाव पर कारोबार करती दिखी। इस बीच वायदा कारोबार में एमसीएक्स पर सोने का दिसंबर अनुबंध 108 रुपये की तेजी के साथ 61,180 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

## टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेंद्रन को आईआईएम-जेआरडी अवार्ड, खनन क्षेत्र में योगदान के लिए मिला सम्मान

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन को भारतीय धातु संस्थान (आईआईएम) की ओर से शुक्रवार को 77वीं वार्षिक तकनीकी बैठक में मेटलर्जिकल इंडस्ट्रीज में कॉरपोरेट लीडरशिप की उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित आईआईएम-जेआरडी टाटा पुरस्कार (2023) से सम्मानित किया गया।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह सम्मान खनन और धातु उद्योग में नरेंद्रन के महत्वपूर्ण योगदान के कारण दिया गया है। यह अवार्ड स्थिरता, नवाचार और जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति टाटा स्टील की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 2006-07 में संस्थान की ओर से शुरू किए गए इस पुरस्कार के जरिए जेआरडी टाटा की विरासत को याद किया जाता है। इस अवार्ड के जरिए समुदाय और राष्ट्र में बड़े पैमाने पर बदलाव लाने वाले समूह के उनके दृष्टिकोण को सम्मान दिया जाता है। आईआईएम जिसका मुख्यालय कोलकाता में है, एक प्रमुख पेशेवर संगठन है।

## आर्थिक स्थिति पर छलका वित्त मंत्री शमशाद अख्तर का दर्द, कहा- राजनीतिक अस्थिरता इसके लिए जिम्मेदार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राजनीतिक-आर्थिक हालात जगजाहिर हैं। पाकिस्तान आर्थिक संकट से जूझ रहा है, देश में राजनीतिक अस्थिरता इसके लिए जिम्मेदार हैं। पाकिस्तान के कार्यवाहक वित्त मंत्री शमशाद अख्तर इस बात से सहमत है। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, हम नकदी संकट से जूझ रहे हैं, जिससे आर्थिक वृद्धि पर रोक लगी इस तरह की स्थिति के लिए राजनीतिक अस्थिरता ही जिम्मेदार है।

सतत विकास सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, पिछले दशक में आधारभूत संरचनाओं में देरी, बड़े आर्थिक झटके, मामलों की लम्बी कार्रवाईयों ने स्थिति कठिन कर दी है। अंतरराष्ट्रीय कमोडिटी की कीमतों में वृद्धि, तरलता की सख्ती ने स्थिति कमजोर कर दी है। इन्हीं कारणों के चलते पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट बाजारों से बाहर हो गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की साख में गिरावट आई है।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा, अस्थिर ऋण स्थिति के कारण जोखिम ज्यादा बढ़ गया है। दो दशकों में बड़े राजकोषीय, व्यापार गाटे ने ऋण की स्थिति को निर्बल कर दिया है। वित्त वर्ष 2023 में ऋण भुगतान की लागत एफबीआर राजस्व के 74 प्रतिशत तक बढ़ गई है। पाकिस्तान जलवायु परिवर्तन के लिए कर्ज के रास्तों को ढूंढ रहा है।

विश्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा, यदि देश में आर्थिक स्थिर सुदृढ़ की जाए तो 2047 में देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023 में 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2047 तक दो ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो जाएगी। लेकिन इसके लिए हमें संरचनात्मक सुधारों पर काम करना होगा। चालू वित्त वर्ष में जीडीपी 2 से 3 प्रतिशत के आसपास रहेगी।

## अदाणी मामले की जांच के लिए और समय नहीं मांगेगा सेबी, नियामक ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग रिपोर्ट से जुड़ी सुनवाई के मामले में सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि सेबी इस मामले में जांच के लिए और समय नहीं मांग रहा है। इससे जुड़े 24 मामले हैं। 24 मामलों में से 22 मामलों में जांच पूरी हो चुकी है।

बता दें कि इस हफ्ते की शुरुआत में अधिवक्ता विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी, जिसमें अदाणी-हिंडनबर्ग मामले में तय समय सीमा के भीतर अपनी जांच पूरी करने में विफल रहने के लिए सेबी के खिलाफ अवमानना कार्यवाही का अनुरोध किया गया था।

तिवारी ने अपनी याचिका में कहा कि सेबी ने दी गई समय सीमा भीतर अदालत के निर्देश का पालन नहीं किया और अंतिम निष्कर्ष या रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफल रहा।

तिवारी द्वारा दायर याचिका में कहा गया, रिट याचिका सिविल 162/2023 और अन्य संबंधित मामलों में 17-5-2023 के आदेश में इस न्यायालय द्वारा तय समयसीमा के उल्लंघन के लिए सेबी के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की जानी चाहिए।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने सेबी के लिए इस मामले पर अपनी रिपोर्ट पेश करने की समयसीमा 14 अगस्त तक बढ़ा दी थी।

इसस पहले 11 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से अदाणी समूह से जुड़े स्टॉक मूल्य हेरफेर के आरोपों की जांच की उस समय की स्थिति के बारे में पूछताछ की थी।

इसके जवाब में सेबी ने अदाणी-हिंडनबर्ग मामले में अपनी जांच पर एक प्रगति रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें खुलासा किया गया कि उसे उन जगहों से महत्वपूर्ण जानकारी का इंतजार है, जिन्हें टैक्स हेवन के रूप में जाना जाता है।

उच्चतम न्यायालय ने सेबी से पूछा है कि वह भविष्य में शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव ना हो यह सुनिश्चित करने के लिए क्या करेगा? इसके बाद एसजी मेहता ने अदालत को विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बारे में जानकारी दी।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आज सुप्रीम कोर्ट को सेबी के खिलाफ अवमानना याचिका के बारे में अवगत कराया और कहा कि केवल 10 दिनों तक अदालत के आदेश का पालन नहीं किया गया था और अब अर्ध-न्यायिक प्रक्रिया शुरू हो गई है।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट में कई तथ्यात्मक खुलासे हुए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसे हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर विचार करने की जरूरत नहीं है और यही कारण है कि उसने सेबी से जांच करने को कहा

भूषण ने इस मामले में सेबी की भूमिका पर संदेह जताते हुए कहा कि 2014 में उसके पास काफी सूचना उपलब्ध थी।

# नथिंग बिफोर कॉफी खोलेगी लखनऊ का पहला और देश का 47वां आउटलेट, 25 नवंबर को होगा कॉफ़ी स्टोर का होगा भव्य उद्घाटन

**लखनऊ।** देश की प्रसिद्ध कॉफ़ी चेन नथिंग बिफोर कॉफी (एनबीसी) अब उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के फ़िज़ा में भी कॉफ़ी का महक घोलने जा रही है। नथिंग बिफोर कॉफी लखनऊ में अपना पहला और भारत में 47वां आउटलेट खोलने जा रही है। एनबीसी का यह कदम क्विक सर्विस रेस्तरां उद्योग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

2017 में चार स्कूली दोस्तों अक्षय केडिया, आनंद जैन, अंकेश जैन और शुभम भंडारी के सहयोग से स्थापित - एनबीसी त्वरित और आनंददायक कॉफी अनुभव को लोगों तक पंहुचा रहा है। एनबीसी की सफलता का रहस्य दोस्ती, दृढ़ता और कॉफ़ी के प्रति अटूट प्रेम के सही मिश्रण में निहित है। एनबीसी के मेनू में 100 से अधिक पेय पदार्थों का संकलन है जो हर उम्र, स्वाद और मूड को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

बता दें कि एनबीसी की शानदार यात्रा की शुरुआत ऐतिहासिक शहर जयपुर से हुई थी। अब तक 12 राज्यों के 26 शहरों में लोगों को

कॉफी पिलाने के बाद एनबीसी ने देश भर में अपनी जड़ें जमा ली हैं, और अब, नवाबों के शहर लखनऊ में भव्य उद्घाटन के साथ देश का 47वां आउटलेट खोलने को तैयार हैं।

एक छोटे स्टार्टअप से राष्ट्रव्यापी सनसनी तक एनबीसी की यात्रा, नैतिक मूल्यों, वैश्विक गुणवत्ता, स्थानीय मूल्य निर्धारण के प्रति प्रतिबद्धता और सभी आयु समूहों के ग्राहकों की मांग को पूरा करने की दृष्टि से प्रेरित रही है। एनबीसी का सबसे फेमस और पसंद किये जाने वाला ड्रिंक Shrappe 7 श्रैप, एक गाढ़ा और स्वादिष्ट पेय है जो बेहतरीन फ्रैप्पे और शेक का मिश्रण है। यह पेय नए बदलाव और ग्राहक की संतुष्टि के प्रति एनबीसी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

अब जब लखनऊ का भव्य उद्घाटन नजदीक आ रहा है, इस मौके पर एनबीसी के सह-संस्थापक अक्षय केडिया ने अब तक अपने साथ रहे दोस्तों और बिजनेस पार्टनर के साथ इस मील के पत्थर को साझा करने के उत्साह को दर्शाते हुए एक हार्दिक नोट में अपना आभार व्यक्त किया।

को-फाउंडर केडिया ने एनबीसी के ग्राहकों को दिल से धन्यवाद देते हुए कहा, हमें बार-बार चुनने और हमें इतना आगे बढ़ाने के लिए मेरे पास आपको धन्यवाद देने के लिए शब्द नहीं हैं। यह हमने सपने में भी नहीं सोचा था कि एक छोटी सी शुरुआत इतनी बड़ी हो जाएगी। हमारे द्वारा बेचे जाने वाले प्रत्येक कप के साथ, ग्राहकों के प्रति हमारा प्यार और भी अधिक बढ़ जाता है।

बता दें कि ग्राहकों को उच्च कोटि की कॉफ़ी पिलाने के लिए एनबीसी ने कभी भी गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया है।

## सिटी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन ओवरसीज बैंक पर लगा 10.34 करोड़ रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को सिटी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन ओवरसीज बैंक पर कुल 10.34 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि जमाकर्ता शिक्षा व जागरूकता कोष योजना से जुड़े नियमों और वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग के मामले में आचार संहिता का अनुपालन नहीं करने के कारण सिटीबैंक एनए पर सबसे अधिक पांच करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एक अन्य विज्ञप्ति में कहा गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा पर लॉर्ज कॉमन एक्सपोजर के केंद्रीय भंडार के निर्माण से संबंधित कुछ निर्देशों के उल्लंघन के लिए 4.34 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। चेन्नई स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता इंडियन ओवरसीज बैंक पर ऋण और अग्रिम से संबंधित निर्देशों के उल्लंघन के लिए एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। रिजर्व बैंक ने कहा कि इन तीनों मामलों में जुर्माना नियामकीय अनुपालन में कमियों के कारण लगाया गया है और इसका मकसद बैंकों की ओर से अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर सवाल उठाना नहीं है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने खराब संचालन मानकों के कारण अभ्युदय सहकारी बैंक के निदेशक मंडल को एक साल के लिए भंग कर दिया है। आरबीआई ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक सत्य प्रकाश पाठक को एक साल की अवधि के लिए मुंबई स्थित बैंक के मामलों का प्रबंधन करने के लिए प्रशासक बनाया गया है। इसके साथ ही प्रशासक को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सहायता करने के लिए सलाहकारों की एक समिति नियुक्त की गई है। आरबीआई ने अभ्युदय सहकारी बैंक के निदेशक मंडल को भंग करते हुए कहा, बैंक में खराब संचालन मानकों के कारण उत्पन्न कुछ भौतिक चिंताओं के कारण यह कार्रवाई की गई है।

## देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 5.08 अरब डॉलर का इजाफा, 595.40 अरब डॉलर पर पहुंचा आंकड़ा

**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 नवंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 5.08 अरब डॉलर बढ़कर 595.40 अरब डॉलर हो गया। इससे पहले 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 590.32 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 17 नवंबर को समाप्त हफ्ते के दौरान विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 4.39 अरब डॉलर बढ़कर 526.39 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर में अभिव्यक्त किए जाने वाले एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में वृद्धि या कमी का प्रभाव भी शामिल होता है।

उक्त हफ्ते के दौरान देश का स्वर्ण भंडार 52.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 46.04 अरब डॉलर हो गया। दूसरी ओर से एसडीआर (विशेष आहरण अधिकार) 12 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.13 अरब डॉलर हो गया। 17 नवंबर को समाप्त हफ्ते के दौरान देश का आईएमएफ के साथ रिजर्व पॉजिशन 4.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.83 अरब डॉलर हो गया।

बता दें कि अक्तूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के उच्चतम स्तर 645 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

# बड़ौदा किसान पखवाड़ा-भारतीय किसानों के लिए एक वार्षिक संपर्क कार्यक्रम के छठे संस्करण का उद्घाटन

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) ने बड़ौदा किसान पखवाड़ा के छठे संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की, जो बैंक का वार्षिक, एक पखवाड़े तक चलने वाला वृहद् संपर्क कार्यक्रम है एवं जिसका लक्ष्य भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था का विकास है। किसान संपर्क कार्यक्रम 16 नवंबर, 2023 से शुरू होकर 30 नवंबर, 2023 को बड़ौदा किसान दिवस समारोह के साथ समाप्त होगा।

लखनऊ अंचल ने बड़ौदा किसान पखवाड़ा के तहत शुक्रवार, 24 नवंबर, 2023 को अयोध्या में एक वृहद किसान मेला 2023 का आयोजन किया । लखनऊ अंचल जिसमें अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर, रायबरेली, वाराणसी, प्रयागराज, अंबेडकर नगर, लखनऊ, सुल्तानपुर और फ़तेहपुर सहित उत्तर प्रदेश का पूर्वी भाग शामिल है , में बड़ौदा किसान पखवाड़ा में विभिन्न कृषक संपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 1,00,000 किसानों तक पहुंचने और उनको बैंक से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है 7

अयोध्या में वृहद किसान मेले का उद्घाटन बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यकारी निदेशक श्री अजय के खुराना और बैंक ऑफ बड़ौदा के लखनऊ अंचल के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्री समीर रंजन पंडा ने किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यकारी निदेशक, अजय के खुराना ने कहा, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास किसानों व कृषि ग्राहकों का एक निष्ठावान और मजबूत आधार है 7 बैंक ऑफ़ बड़ौदा कृषि क्षेत्र की सेवा करने वाले अग्रणी बैंकों में से एक है । हमें अयोध्या में इस मेगा किसान मेले का आयोजन करते हुए बहुत खुशी हो रही है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ अंचल की 675 से अधिक शाखाएँ इस वर्ष के बड़ौदा किसान पखवाड़ा में भाग लेंगी। हम किसान बैठकें, चौपाल और किसान मेले जैसे कई कार्यक्रम आयोजित करेंगे, जो हमें कृषक समुदाय के साथ जुड़ाव बढ़ाने और हमारे सम्मानित किसानो व कृषि ग्राहकों की बैंकिंग और वित्तपोषण आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेंगे।

बैंक ऑफ बड़ौदा की लखनऊ अंचल में 859 शाखाएँ हैं, जिनमें से 605 अर्ध-शहरी/ग्रामीण शाखाएँ हैं। 30 सितंबर 2023 तक लखनऊ अंचल में कृषि क्षेत्र को प्रदान किए गए ऋण में वर्ष-दर-वर्ष 10.67त्न की वृद्धि हुई है। लखनऊ अंचल में 2022 में आयोजित बड़ौदा किसान पखवाड़ा के दौरान, बैंक ऑफ बड़ौदा ने किसान बैठकों जैसे कुल 2,933 संपर्क कार्यक्रम ,मेले, चौपाल, मृदा परीक्षण और मवेशियों और किसानों के लिए स्वास्थ्य शिविर आदि का आयोजन किया और इस अवधि के दौरान 91,000 से अधिक किसानों को अपने साथ जोड़ने में सफल रहा तथा 240 करोड़ रूपये से अधिक के कृषि ऋण स्वीकृत किये गये।

# बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन क्या होता है? समझिए इसके बारे में सबकुछ

**लखनऊ।** बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन यानी अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण, जिसे हेमेटोपोएटिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण (एचएससीटी) भी कहा जाता है, एक जटिल और लाइफ सेविंग प्रक्रिया है। इसमें क्षतिग्रस्त या रोगग्रस्त अस्थि मज्जा को स्वस्थ स्टेम कोशिकाओं से बदला जाता है। अस्थि मज्जा हड्डियों के केंद्र में पाया जाने वाला नरम, स्पंजी टिशू होता है, जो लाल रक्त कोशिकाओं, सफेद रक्त कोशिकाओं और प्लेटलेट्स सहित रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, साकेत (नई दिल्ली) में ऑन्कोलॉजी, अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण, हेमेटोलॉजी ऑन्कोलॉजी के सीनियर डायरेक्टर डॉक्टर रियाज अहमद का कहना है कि हाई स्किल्ड हेमेटोलॉजिस्ट और प्रत्यारोपण विशेषज्ञों की हमारी टीम अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण की आवश्यकता वाले मरीजों के लिए विश्व स्तरीय केयर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**इलाज**

**अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण का उपयोग आमतौर पर विभिन्न प्रकार के ल्यूकेमिया के इलाज के लिए किया जाता है**

कब किया जाता है बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन

**ल्यूकेमिया** अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण का उपयोग आमतौर पर विभिन्न प्रकार के ल्यूकेमिया के इलाज के लिए किया जाता है, जिसमें तीव्र लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (एएलएल), तीव्र माइलॉयड ल्यूकेमिया (एएमएल), और क्रोनिक माइलॉयड ल्यूकेमिया (सीएमएल) शामिल हैं। (ब्लास्टक्राइसिस में सीएमएल)

**लिंफोमा** कुछ प्रकार के लिंफोमा, विशेष रूप से दोबारा हुए हॉजकिन्स लिम्फोमा और गैर-हॉजकिन्स लिंफोमा में भी इसकी जरूरत पड़ती है।

**मल्टीपल मायलोमा** यह कैंसर है जो अस्थि मज्जा में प्लाज्मा कोशिकाओं को प्रभावित करता है। ज्यादातर युवा 2 फीट मायलोमा में अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण का संकेत दिया जाता है।

**अप्लास्टिक एनीमिया** यह दुर्लभ स्थिति तब होती है जब अस्थि मज्जा आवश्यक संख्या में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण करने में विफल हो जाती है। अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण स्वस्थ स्टेम कोशिकाओं की आपूर्ति को फिर से भर सकता है।

**वंशानुगत ब्लड डिसऑर्डर** थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया और गंभीर संयुक्त इम्युनोडेफिशिएंसी (एससीआईडी) जैसी कुछ आनुवंशिक बीमारियों का इलाज बीएमटी से किया जाता है।

**बीएमटी के प्रकार**

**ऑटोलोगस ट्रांसप्लांट** इस मामले में, उच्च खुराक कीमोथेरेपी या रेडिएशन से गुजरने से पहले मरीज की अपनी स्वस्थ स्टेम कोशिकाओं को इकट्ठा किया जाता है। एक बार जब कीमोथेरेपी/रेडिएशन ट्रीटमेंट पूरा हो जाता है, तो अस्थि मज्जा को फिर से भरने के लिए संग्रहीत स्टेम कोशिकाओं को फिर से पेश किया जाता है।

**एलोजेनिक ट्रांसप्लांट** एलोजेनिक ट्रांसप्लांट में, स्वस्थ स्टेम कोशिकाएं एक मिलते-जुलते डोनर से ली जाती हैं, जैसे कि भाई-बहन या असंबंधित डोनर। जोखिम को कम करने के लिए डोनर की कोशिकाओं का सावधानीपूर्वक मिलान किया जाता है।

एलोजेनिक स्टेम सेल ट्रांसप्लांट 3 प्रकार के होते हैं

-मैच्ड सिबलिंग ट्रांसप्लांट (एमएसडी)- आम तौर पर 10/10 या 12/12 एचएलए पर मरीज के भाई या बहन का मिलान होता है।

# विंकुलम से जुड़ा आगरा का जूता कारोबारः बदलाव की नई दिशा!

**आगरा।** विंकुलम सॉल्यूशंस, एक जानी-मानी ग्लोबल सॉफ्टवेयर कंपनी, ने आगरा में अपने पहले मेगा इवेंट 'ऑनलाइन व्यापार उत्सव' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस इवेंट का आयोजन होटल हॉलिडे इन, आगरा में किया गया था, जहाँ शहर के 100 से अधिक प्रमुख जूता निर्माताओं और ई-कॉमर्स विक्रेताओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में 80 प्रतिशत से अधिक भागीदारों ने विंकुलम के सॉफ्टवेयर समाधानों को लाभकारी पाया और इसे अपनाने का निर्णय लिया। विंकुलम की यह पहल आगरा के जूता उद्योग में एक नयी क्रांति सिद्ध हो सकती है। कंपनी के सॉफ्टवेयर समाधानों में भुगतान सुलह, इन्वेंटरी प्रबंधन, और कैटलॉग प्रबंधन जैसी सेवाएँ शामिल हैं, जो निर्माताओं और विक्रेताओं को उनके वित्तीय और संचालनात्मक कार्यों में नई कुशलता और सुधार लाने में मदद करेंगी।आगरा, जो कि भारत का प्रमुख जूता उत्पादन केंद्र है, अब विंकुलम की तकनीकी मदद से अपने उद्योग को और भी ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए तैयार है। इस क्षेत्र में विंकुलम के सॉल्यूशंस को अपनाने वाले निर्माताओं की संख्या अब तेजी से बढ़ रही है।

## सीएम योगी ने किया जीडीए की 175 करोड़ की 116 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास

# सबका जीवन सुगम बनाना सरकार की प्राथमिकता

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ईज ऑफ लिविंग (जीवम सुगमता) के मानक लक्ष्यों के अनुरूप सबका जीवम सुगम बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी

- सीएम के हाथों हुई खोराबार टाउनशिप एवं मेडिसिटी योजना के भूखंडों व फ्लैट्स की ई-लॉटरी
- मुख्यमंत्री योगी ने किया जीडीए के मोबाइल एप को लांच

प्राथमिकता पर आगे बढ़ते हुए प्रदेश में विगत साढ़े छह साल में 55 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना से मुफ्त पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई है।

जीवन सुगमता के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ही विकास प्राधिकरणों और आवास विकास परिषद को सभी बुनियादी सुविधाओं से युक्त आवासीय योजनाएं बनाने को निर्देशित किया गया है। सीएम योगी शुक्रवार शाम

योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में 175 करोड़ रुपये के 116 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास कर रहे थे। यह सभी विकास कार्य गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) से संबंधित हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जीडीए की खोराबार टाउनशिप एवं मेडिसिटी योजना के लाभार्थियों के बीच भूखंडों तथा फ्लैट्स की ई-लॉटरी की प्रक्रिया भी संपन्न की। इस अवसर पर सीएम योगी ने छह आवंटियों को अपने हाथों से आवंटन प्रमाण पत्र सौंपा। सीएम ने समारोह के मंच से जीडीए के मोबाइल एप को भी लांच किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का समय अर्थव्यवस्था का समय है। देश-प्रदेश समृद्ध विरासत के साथ आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे तो प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ेगी। इससे बुनियादी जरूरतें पूरी होंगीं और खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में गांव स्वावलंबी और आत्मनिर्भर होते थे। पर, आज के दौर के अनुरूप स्कूल, मार्केट, कनेक्टिविटी, रोजगार, परिवहन जैसी सुविधाएं शहरी जीवन में ही संभव हैं। यदि कोई व्यक्ति विकास प्राधिकरणों या आवास विकास परिषद से मकान खरीदता है तो उसे आवास, स्कूल, पार्क, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, हेल्थ केयर आदि की बेहतर सुविधा उपलब्ध होती हैं। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से अपील की कि वे सोच समझकर मकान खरीदें। सरकार के विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद या फिर सरकार से अप्रूव्ड योजना में ही आवास खरीदना ठीक रहेगा। मुख्यमंत्री ने अब तक लांच हुई आवासीय योजनाओं में आवास पाने से वंचित लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि गोरखपुर में सबके आवास का सपना पूरा होगा। इसके दृष्टिगत नया गोरखपुर विकसित करने के लिए सरकार ने छह हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब, पत्रकार, अधिवक्ता, शिक्षक, चिकित्सक, व्यापारी, कलाकार, वंचित नहीं रहेगा। सबको आवास की बेहतरीन सुविधा मिलेगी।

### लखपति हो गए 55 लाख गरीब परिवार: सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना से प्रदेश में 55 लाख ऐसे गरीब परिवार लखपति हो गए जिनके पास सिर ढकने की जगह नहीं होती थी। आज उन्हें उपलब्ध कराए गए आवासों की कीमत कम से कम 10 लख रुपये है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में पौने तीन करोड़ परिवारों को शौचालय की भी सुविधा दी गई है। बड़ी संख्या में लोगों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, पेंशन आदि से लाभान्वित किया गया है। यह सभी कदम ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्य को प्राप्त करने और नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के प्रयास हैं। उन्होंने प्राधिकरणों को जीवन सुगमता लक्ष्य के अनुरूप कदम बढ़ाने का निर्देश देते हुए कहा कि लगातार प्रयास के शानदार परिणाम आते हैं।

### शहर अच्छा लगेगा तो हर व्यक्ति आएगा: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर शहर में हुए विकास और यहां आए बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि शहर अच्छा लगेगा तो यहां हर व्यक्ति आएगा। उन्होंने कहा कि आज से दस-बीस वर्ष पहले लोग गोरखपुर के नाम से डरते थे। आज यहां के निखरे रामगढ़ताल क्षेत्र में फिल्मों की शूटिंग होती है। गोरखपुर में एम्स अपनी सेवा दे रहा है। खाद कारखाना फिर से चल रहा है। पिपराइच में चीनी मिल शुरू हो चुकी है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज बेहतरीन हो चुका है। गोरखपुर में चिड़ियाघर खुल चुका है। यहां सड़कों की बेहतरीन कनेक्टिविटी से जाम की समस्या का काफी हद तक समाधान हो चुका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीघ्र रामगढ़ताल में क्रूज चलने और यहां वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाओं को पंख लगने की बात कहते हुए कहा कि रामगढ़ताल में मुंबई और चेन्नई जैसी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## आंवला वृक्ष के नीचे भोजन कर मुख्यमंत्री योगी ने किया एकादशी व्रत का पारण

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार दोपहर बाद गोरखनाथ मंदिर परिसर में आंवले के पेड़ के नीचे भोजन प्रसाद ग्रहण कर एकादशी व्रत का पारण किया। मुख्यमंत्री कार्तिक शुक्ल एकादशी (देव उठनी एकादशी) पर गुरुवार को व्रत पर थे। द्वादशी को उन्होंने परम्परागत रूप से आंवले के पेड़ के नीचे भोजन किया। मुख्यमंत्री योगी के साथ सांसद रवि किशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष, पूर्व कुलपति प्रो. यूपी सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह समेत मंदिर परिवार के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने मठ के कार्यालय के सामने बने बगीचे में आंवले के पेड़ के नीचे भोजन प्रसाद ग्रहण किया। मान्यता है कि आंवले के पेड़ के नीचे बैठने और भोजन करने से रोगों का नाश होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार आंवला में मां धात्री का निवास होता है और यह अमृत का स्रोत है। इस दिन आंवला वृक्ष के नीचे भोजन पकाने व खाने से वह अमृतमय हो जाता है।

## तेज रफ्तार वाहन के चपेट में आने से किशोर घायल

**खैरेटवा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बभनौली में सड़क हादसे के दौरान 12 वर्षीय किशोर बुरी तरह से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कल्लू यादव पुत्र राजेश यादव उम्र लगभग 12 वर्ष निवासी कारी टोला अपने पिता से मिलने बभनौली स्थित सेफ्टी टैंक फैक्ट्री पर गया था जहा उसके पिता राजेश कार्य करता था अभी सड़क पार कर ही रहा था कि अचानक रामकोला के तरफ से आ रहे तेज रफ्तार महिन्द्रा टीयू ने अपना नियंत्रण खोते हुए किशोर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे कि कल्लू बुरी तरह घायल हो गया। हादसा होते ही लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि गाड़ी चालक और उसके साथी फरार हो गए हैं और किशोर मूर्क्षित अवस्था में गिरा था लोगों ने बताया कि गाड़ी की गति लगभग 150 किलोमीटर प्रतिघंटा की थी घायल कल्लू को तत्काल ही स्थानीय लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कप्तानगंज ले गए जहां डॉक्टरों ने हालात नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## भगवान शालिग्राम की बारात शोभायात्रा में हजारों की संख्या में उमड़े श्रद्धालु

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** कान्हा सेवा संस्थान द्वारा भगवान शालिग्राम जी का विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद मदन मोहन मंदिर से बारात बड़ी धूमधाम से निकाली गई। मुख्य अतिथि रूप में आरएसएस के प्रान्त प्रचारक सुभाष जी भाई साहब, महानगर अध्यक्ष भाजपा राजेश गुप्ता, पूर्व महापौर सत्या पाण्डेय, राज्य मंत्री पुष्प दंत जैन ने भगवान शालिग्राम की आरती किया।

भगवान श्री शालिग्राम जी का बारात आर्यनगर चौराहे से थवई का पुल, दीवान बाजार ,चरनलाल चौक होते हुए पुनः डीबी स्कूल होते हुए गर्ग इवेंट में पहुंची । रास्ते में श्रद्धालुओं ने जगह पर बारात पर पुष्प वर्षा किया। लोग भजवान शालिग्राम तथा माता तुलसी की जयकारा लगाते हुए भजन गाते हुए बारात में चल रहे थे। बारात जब विवाह स्थल पर पहुंची तो वैदिक मंत्रों के बीच भगवान श्री शालिग्राम जी का मंडप द्वार पर द्वार पूजन हुआ। उसके पश्चात माता तुलसी जी भगवान श्री शालिग्राम जी को जयमल पहनाया गया जहां पर सभी महिलाओं द्वारा परछावन हुआ फिर विधि विधान से माता तुलसी एवं श्री शालिग्राम भगवान का विवाह वैदिक मंत्रों के बीच आचार्य गण द्वारा संपन्न कराया गया।

## 29 नवम्बर तक प्रस्तुत करें आपत्ति एवं शिकायत

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा अनुभाग लखनऊ द्वारा वर्ष-2024 में आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण हेतु ऑनलाइन नीति निर्धारित की गयी है जिसके क्रम में परीक्षा वर्ष-2024 हेतु परीक्षा केन्द्र की प्रस्तावित सूची परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर अपलोड की गयी है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जनपद के सभी विधि मान्य संस्थाओं के प्रबन्धक प्रधानाचार्य छात्र अभिभावक को सूचित किया है कि वह बोर्ड के वेबसाइट पर अपने विद्यालय के परीक्षार्थियों के आवंटन अवधारण का अवलोकन कर लें। यदि इस सम्बन्ध में कोई विसंगति आपत्ति संज्ञान में आती है तो अपनी आपत्तियों शिकायतों के प्रत्यावेदन संगत साक्ष्यों एवं सुझावों सहित अन्तिम तिथि 29 नवम्बर तक जिला विद्यालय निरीक्षक अमेठी की ई-मेल आईडी boardexam2024.amethi@gmail.com पर निर्धारित तिथि तक प्राप्त कराना सुनिश्चित करें एवं निर्धारित तिथि के उपरान्त कोई भी प्रत्यावेदन ग्राह्य नही होगा।

## बालू लदी नाव को एसडीएम ने तोड़वाया

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र से होकर बहने वाली छोटी गंडक नदी के टेडिया घाट पर एसडीएम कप्तानगंज ने शुक्रवार की सुबह

- ठंड का फायदा उठाकर रातभर अवैध खनन कर रहे खनन माफिया

छापेमारी किया। छापेमारी की भनक लगते ही खनन माफिया भाग निकले। वहीं बालू लदी नाव को जेसीबी मशीन से बाहर निकलवाकर तोड़वा दिया। प्रशासन के इस कार्यवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

छोटी गंडक नदी के टेडिया घाट पर अवैध बालू खनन की सूचना पर उप जिलाधिकारी कप्तानगंज व्यास नारायण उमराव शुक्रवार की सुबह तड़के उक्त घाट पर पहुंच गए। खनन माफिया भागने में तो सफल हो गए लेकिन बालू लदी नाव को छोड़ गया। एसडीएम ने मौके से जेसीबी मशीन से

टेडिया घाट पर नाव तोड़वाते एसडीएम व्यास नारायण

नाव को तोड़वाया और घाट पर खनन कर डंप किए गए बालू को नदी में डलवा दिया। प्रशासन के इस कार्यवाई से खनन कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि ठंड का फायदा उठाते हुए खनन माफिया रातों रात अवैध खनन तेजी से कर रहे है और रातों रात गंतव्य तक पहुंचा दे रहे है। तहसील क्षेत्र के सुअरहा घाट पर अवैध खनन शबाब पर है। इसके अलावा क्षेत्र के विभिन्न चर्चित घाटों पर रातभर खनन किया जा रहा है।

### कप्तानगंज थाने में 19 वाहनों की होगी नीलामी

कप्तानगंज। विभिन्न मामलों में लंबित वाहनों की नीलामी न्यायालय के आदेश पर कल 26 नवंबर को कप्तानगंज थाना परिसर में तहसीलदार कप्तानगंज के नेतृत्व में 19 चार पहिया व दो पहिया वाहनों होगी। कप्तानगंज प्रभारी निरीक्षक राजकुमार बरवार ने बताया कि विभिन्न मामलों में लंबित वाहन की नीलामी 26 नवंबर को तहसीलदार कप्तानगंज कृष्ण गोपाल त्रिपाठी के नेतृत्व में होगी। इच्छुक लोगों से आग्रह है कि समय पर आकर नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा लें।

## अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करें

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद न्यायालय के समस्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सिविल जज (सी0डी0) के साथ जनपद न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में प्री-ट्रॉयल बैठक आहूत की गयी। माननीय जनपद न्यायाधीश श्री देवेन्द्र सिंह ने समस्त न्यायाधीशगणों को निर्देशित करते हुये कहा कि अभी से न्यायालय में लम्बित मामलों को चिन्हित करने की आवश्यकता हैं ताकि लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निस्तारण किया जा सकें। समस्त सम्बन्धित मामलों में पक्षकारों को नोटिस भेजा जायें तथा संबंधित थानों से नोटिसों को ससमय तामिला कराने हेतु निर्देशित किया जायें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया की सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबें ने कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 दिसम्बर को आयोजित किया जाना हैं जिसमें अन्य वादों के अलावा विशेषतः विशिष्ट विषय-अपराधिक शमनीय वाद, 138 धारा पराक्रम लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, विद्युत एवं जल, पारिवारिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद सर्विस में वेतन एवं भत्ते सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यायादेश विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि के लम्बित मामलें एवं प्री-लिटिगेशन विवादों का भी निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की हुई शुरुआत

## प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर अतिथियों ने किया रवाना

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत आज बैतालपुर विकासखंड अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गोद लिए गए प्राथमिक विद्यालय रुच्चापार में हुई।

इस दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही सदर सांसद डॉक्टर रमापति राम त्रिपाठी, जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय एवं भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा विभिन्न योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, घरौदी योजना, कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति एवं प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कृषि मंत्री एवं सांसद सहित अन्य अतिथियों को बुके प्रदान कर उनका स्वागत जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। कृषि मंत्री श्री शाही ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत आज जनपद में रुच्चापार से शुरू की जा रही है। इस यात्रा के माध्यम से अगले 25 वर्ष के लिए प्रधानमंत्री जी ने देश को विकसित रखने का एक संकल्प रखा है और उस संकल्प को पूरा करने के लिए भारत सरकार ने पिछले वर्षों में विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई है। उज्जवला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता बनाए रखने के लिए शौचालय बनाए जाने का कार्यक्रम, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, इसी प्रकार से पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से ऐसे बेरोजगार जो अपना उद्योग चलाना चाहते हैं उनके लिए दस दस हजार रूपए सिक्योरिटी के रूप में दिया जाना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, ऐसे सभी योजनाओं के माध्यम से जो अंतिम पायदान पर खड़े हैं, उनके जीवन में खुशहाली लाने का कार्य केंद्र व राज्य सरकार कर रही है। संचालित योजनाओं का तेजी से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार हो इसके माध्यम से वंचित लोगों को लाभ मिले। बाल विकास परियोजना के तहत हॉट कुक्ड मील कार्यक्रम की शुरुआत भी आज की गई है, इसके माध्यम से आंगनबाड़ी के जो बच्चे हैं उनको खाने के लिए गर्म भोजन कैसे दिया जाए। बच्चे कुपोषण से मुक्त हो इसके लिए और भी कार्य किया जाएगा।

## बिना रिपर चल रहे दो कंबाइन मशीन सीज, पांच किसानों पर लगा जुर्माना

**हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के पगरा में शुक्रवार को बिना रिपर धान की फसल काट रहे दो कंबाइन मशीन को एसडीएम ने सीज

करा दिया। वहीं पराली जलाने के मामले में सेटेलाईट से मिली जानकारी के अनुसार पांच किसानों पर 25 सौ रुपए का जुर्माना लगाया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को हाटा तहसील क्षेत्र के पगरा में दो कंबाइन मशीन बिना रिपर चल रही थी जिसकी सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी हाटा हीरालाल, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, नायब तहसीलदार आशीष रंजन व राजस्व निरीक्षक राजेंद्र यादव तथा पुलिस टीम मौके से पहुंच गई। टीम ने मौके से दोनों कंबाइन मशीनों को सीज कर दिया। एसडीएम ने बताया जो कंबाइन मशीने सीज की गई है उसमे हरिश्चन्द्र पुत्र रामबेलास पासवान निवासी ग्राम देउरवीर, तहसील बासगांव तथा विजय नारायण सिंह पुत्र उमराव सिंह निवासी ग्राम सकरौली तहसील हाटा के है। इसी क्रम में तहसील क्षेत्र में सेटेलाइट द्वारा 5 किसानों पर पराली जलाए जाने पर चिन्हित करते हुए 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिसमें संतोष पुत्र सामदेव निवासी मंगलपुर, कुसुम देवी पत्नी श्रीकांत निवासी रोहुआ मछरगावा, छांगुर पुत्र ठाकुर निवासी हरपुर सुखण, फुलवासी पत्नी महंगू निवासी हासखोर व लालजी पुत्र रामप्यारे निवासी हासखोर शामिल है।

# नमो कबड्डी प्रतियोगिता से खिलाड़ी होंगे प्रोत्साहित: राधेश्याम पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा दिसम्बर माह में आयोजित किये जाने नमो कबड्डी प्रतियोगिता की तैयारी बैठक भाजपा जिला कार्यालय औरा-चौरी में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित हो रही नमो कबड्डी प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

उन्होंने कहा कि पूरे देश के प्रत्येक जिले मे इस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भाजपा किसान मोर्चा द्वारा किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि नमो कबड्डी प्रतियोगिता में जनपद के गांवों में रहने वाले किसान परिवारों के युवा कबड्डी के माध्यम से अपनी खेल क्षमता का

प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा आयोजित नमो कबड्डी प्रतियोगिता ऐतिहासिक होगी और इससे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि आगामी दिसम्बर माह 1 दिसम्बर से 7 दिसम्बर के बीच भाजपा किसान मोर्चा द्वारा नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में जनपद की 16 टीमें प्रतिभाग करेंगी, जिले की फाइनल विजेता टीम को लखनऊ में प्रदेश नेतृत्व के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र राय उर्फ कुँवर, जिला मंत्री भगवान यादव, सोशल मीडिया प्रभारी आशीष सिंह, दिवाकर यादव,मुकेश रॉय, अरुण मिश्र, विक्रांत सिंह, रमेश यादव, प्रभुनाथ पाण्डेय, बलवन्त सिंह, सुमन्त चतुर्वेदी, देवेंद्र राय, मिथिलेश सिंह, अनवर अहमद उपस्थित रहे।

## रामकोला चीनी मिल पेराई सत्र के भुगतान में अव्वल

अवधनामा संवाददाता

**रामकोला, कुशीनगर।** नगर स्थित त्रिवेणी चीनी मिल वर्तमान गन्ना पेराई सत्र 2023-24 में गन्ना पेराई के शुभारंभ के साथ- साथ भुगतान के मामले में भी मण्डल में सबसे आगे है। चीनी मिल रामकोला के प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि चीनी मिल रामकोला द्वारा वर्तमान पेराई सत्र 2023-24 में मिल द्वारा 9 नवम्बर से 13 नवम्बर तक सप्लाई किए गए गन्ने का भुगतान बैंकों को भेजा जा चुका है। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि सभी किसान भाई पर्ची का एसएमएस मिलने के बाद ही गन्ने की छिलाई करावें, तथा मिल को साफ-सुथरा, ताजा एवं मिट्टी तथा पत्ती रहित गन्ने की सप्लाई करें। प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने किसानों से यह भी अपील किया कि चीनी मिल द्वारा 50त्न अनुदान पर किसान भाईयों को गन्ने की

कटाई, छिलाई तथा अन्य कृषि यंत्र दिया जा रहा है। उन्होंने किसान भाईयों से यह भी अनुरोध किया कि रेड राट से ग्रसित गन्ने को छिलाई के समय ही उन्हें अलग छांटकर खेत में ही जला दें तथा जिन किसान भाईयों को प्रेसमड की आवश्यकता हो वे अपने क्षेत्र के गन्ना सुपरवाइजर से मिलकर डेट ले लें। गन्ना भुगतान शुरू होने से किसानों में खुशी की लहर है। वहीं दूसरी तरफ किसानों में इस बात की आशंका बढ़ती जा रही है कि पेराई सत्र प्रारंभ होने तथा पिछले साल के रेट से भुगतान प्रारम्भ होने के बाद भी अभी तक राज्य सरकार द्वारा गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया जबकि खाद, बीज एवं डीजल का दाम बढता जा रहा है।

## नवंबर के आखिरी सप्ताह में हुई कोहरे की शुरुवात

**अमेठी।** मौसम ने अपना करवट बदल लिया है इसी के साथ-साथ आधी रात के बाद कोहरा पड़ना शुरू हो गया है। शुक्रवार सुबह होते ही देखा गया कि पूरे जिले ने कोहरे की चादर ओढ़ ली है जिसके कारण सड़कों पर पारदर्षिता भी कुछ कम नजर आई। नवंबर माह के आखिरी सप्ताह से ही सर्दी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है गर्म कपड़ों के बाजार सज गए हैं। पिछले वर्ष की अपेक्षा रजाई कंबल और रुई के मूल्य में काफी इजाफा हुआ है। वही स्वेटर जर्सी मफलर टोपी जैकेट मोजे और जूते के भाव भी आसमान छूने लग गए हैं। आर्थिक तंगी के माहौल में भी लोग सर्दी से निपटने का इंतजाम करते दिखाई दिए सुबह शाम अच्छी ठंड पड़ने लगी है बाइक पर चलना भी मुश्किल हो रहा है इसलिए एहतियात से लोग स्वयं को गर्म कपड़ों में ढककर निकल रहे हैं बड़े बुजुर्ग घरों में अलाव जलाकर सुबह शाम सर्दी भगाते नजर आने लगे हैं। दिन में धूप होने के कारण सर्दी का एहसास कम होता है शाम ढलते ही कँपकपाती ठंड शुरू हो जाती है।

## महिलाओं को हर स्तर पर जागरूक रहने की आवश्यकता: पाखी हेगड़े

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** भोजपुरी फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेत्री एवं समाजसेवी पाखी हेगड़े जी द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए उनके एवं उनके फाउंडेशन के द्वारा सामाजिक कार्यों में दिए जा रहे योगदान के लिए एक प्रेसवार्ता का आयोजन स्थानीय होटल में किया गया। इस अवसर पर हुए पाखी हेगड़े ने कहा कि महिलाओं को स्वालंबी बनाने के लिए हमारी संस्था शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में काम कर रही है साथ ही साथ महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में भी पहल कर रही है उन्होंने कहा कि हमारी संस्था दवे कुचले महिलाओं को जहां पर आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है वहीं पर लोगों में जागरूकता भी फैला रही है। पाखी हेगड़े ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए महिलाओं को हर स्तर पर जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारी टीम की पूरी कोशिश है की महिलाओं को हर स्तर पर स्वावलंबी बनाते हुए सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करें हेगड़े ने कहा कि मौजूदा समय में वर्तमान की सरकार महिलाओं की सुरक्षा को हर स्तर पर मजबूत बनाने के लिए कार्य योजनाओं को अमली जामा पहना रही है। पाखी हेगड़े ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में हमारी संस्था उन महिलाओं को सशक्तिकरण का अमली जामा पहनाएगी जहां पर कमजोर असहाय बेबस लोग हैं। वहां पर हमारी संस्था जाकर उनको हर तरीके से प्रेरित करने का कार्य करेगी। कार्यक्रम के संयोजक मित्रत गोरखपुर ने बताया कि इस अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया।

## कालेसर आंगनबाड़ी केंद्र पर शुरू गरम भोजन योजना

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पिपरौली ब्लॉक के ग्राम पंचायत कालेसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर शुक्रवार को ब्लाक प्रमुख दिलीप यादव द्वारा तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को पूरी, सब्जी, खीर वितरित कर गरम भोजन योजना का शुभारंभ किया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि गरम भोजन मिलने से बच्चों में आंगनबाड़ी केंद्र के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। मुख्य सेविका उषा रानी ने बताया कि परियोजना में कुल 164 आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को गरम भोजन योजना से लाभान्वित किया जाएगा। इस योजना के संचालन के लिए कन्वर्जन कास्ट की धनराशि ग्राम प्रधान व आंगनबाड़ी द्वारा संचालित संयुक्त खाते हाट कुक्ड फूड निधि में उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था हुई है। दिलीप यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी केंद्रों को सशक्त और सुसज्जित बनाने का सराहनीय पहल किया है । आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे जमीन पर बैठने के बजाय कुर्सी मेज पर बैठकर खेल खिलौनों का आनंद ले रहे हैं। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोंदभराई और छह माह के बच्चों काअन्नप्राशन कराया गया।

# सीसीटीवी फुटेज ने दिखाई राह रेप का आरोपी सोनू पचासा गिरफ्तार

**सरकार द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन त्रितेत्र का बहराइच में दिखा प्रभाव**

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में सरकार द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन त्रितेत्र की सफलता का उदाहरण देखने को मिला पुलिस कप्तान प्रशान्त वर्मा के निर्देशन में घटी एक घटना में पुलिस ने एक अपराधी को पकड़ कर उसके पास से वारदात में इस्तेमाल किए गए ऑटो को भी बरामद कर लिया था और पकड़े गए आरोपी बबलू को जेल भेज दिया था।आज उसी घटना के दूसरे अपराधी को भी सीसीटीवी के चार सौ फुटेज देखने के बाद पुलिस ने पूरे घटनाक्रम का खुलासा पुलिस लाईन के सभागार में करके आरोपियों को जेल भेज दिया।

उत्तर प्रदेश के बहराइच में एक युवती का अपहरण कर उसके साथ दो लोगो ने रेप की जघन्य वारदात को अंजाम दे दिया गया था और युवती को बदहवास हालत में रोडवेज पर छोड़ कर ऑटो चालक और उसका साथी फरार हो गए थे जिसके बाद युवती को बहराइच मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था जहां पीड़िता का अभी भी इलाज चल रहा है।इस घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था,पुलिस के आला अधिकारी पीड़िता से मिलने और घटना की जानकारी के लिए बहराइच मेडिकल कालेज पहुंचे थे जिसके बाद पुलिस की 6 टीमें बना कर अपराधियों तक पहुंचने की कोशिशें तेज हो गई थी। जिसके क्रम में पुलिस ने एक अपराधी को पकड़ कर उसके पास से वारदात में इस्तेमाल किए गए ऑटो को भी बरामद कर लिया था और पकड़े गए आरोपी बबलू को जेल भेज दिया था,लेकिन मुख्य आरोपी सोनू उर्फ पचासा अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर था आज पुलिस ने दूसरे आरोपी सोनू उर्फ पचासा को भी गिरफ्तार कर लिया है,पुलिस ने लगभग 400 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद दोनो आरोपियों को दबोच कर जेल भेज दिया है।

### टैम्पो ई रिक्शा चालक के वेश में वाहन चला रहे अपराधियों की होगी जांचः प्रशान्त वर्मा

**बहराइच।** जनपद के पुलिस लाइन सभागार में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रेप की एक घटना का अनावरण करते हुए पुलिस कप्तान प्रशान्त वर्मा द्वारा जनहित और समाज हित में एक बहुत बड़ी बात कह डाली श्री वर्मा ने बताया की एक आटो चालक द्वारा इस तरह का जघन्य कृत्य किया गया है इसके लिए पूरे ऑटो रिक्शा चालकों पर उंगली नही उठाई जा सकती बैट्री रिक्शा और ऑटो को चलाकर अपने और अपने परिवार का भरण पोषण करने में लगे सभी को इसका दोषी नही माना जा सकता है।इसके लिए थाना चौकी स्तर पर अभियान चलाया जाएगा और ऑटो रिक्शा चालकों के वेश में आटो रिक्शा चालकर अपराध कर रहे अपराधियों के चिन्हित करके उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### नाबालिग ऑटो या टैंपो चलाते मिले को वाहन स्वामी पर कार्यवाहीः एसपी

**सीसीटीवी कैमरों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस्तेमाल करे नागरिक**

**बहराइच।** जनपद के पुलिस लाइन सभागार में आज एक घटना का अनावरण करते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने बताया कि जनपद में नाबालिगो द्वारा ई रिक्शा और ऑटो चलाए जाने का मामला जानकारी में आया है जो गंभीर विषय है इसपर अंकुश लगाए जाने के लिए सभी थानों को हिदायत दे दी गई है अगर नाबालिग टैंपो या रिक्शा चलाते पाए जाते हैं तो वाहन को ज़ब्त करने के साथ साथ वाहन स्वामी के विरुद्ध 336आईपीसी के तहत मामला पंजीकृत करके कठोर कार्यवाही करने के साथ साथ गिरफ्तार भी किया जा सकता है।इसके बाद पुलिस कप्तान प्रशान्त वर्मा द्वारा लोगो से अपील की गई कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में सीसीटीवी कैमरे को लगाकर अपने और अपने परिवार के साथ समाजहित के लिए बेहतर कार्य करे।

### द्वितीय पुण्यतिथि पर शंकर त्रिपाठी को दी गयी श्रद्धांजलि

**आजमगढ़।** शिक्षाविद बजरंग त्रिपाठी के छोटे भाई एफ्सीआई के मैनेजर रहे स्वर्गीय शिव शंकर त्रिपाठी की द्वितीय पुण्यतिथि संस्कार पाठशाला इटौरा चंदेश्वर पर मनाई गई। इस अवसर मशहूर एडवोकेट रविंद्र त्रिपाठी डेंटल कॉलेज के अध्यक्ष कृष्ण मोहन त्रिपाठी एवं संस्कार पाठशाला के प्रबंधक राजीव त्रिपाठी उर्फ पप्पू एवं एफ्सीआई के एजीयम आशीष त्रिपाठी आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडे मुंबई से आए समाजसेवी सुनील गिरी प्रणव सिंह समाजसेवी अशोक सिंह पूर्व महाप्रधान किशोर यादव जगत तिवारी राजीव अग्रवाल, गौरव दुबे इत्यादि लोगों ने स्वर्गीय शिव शंकर त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में प्रबंधक राजीव त्रिपाठी ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा बाबूजी की जो सामाजिक सोच थी उसको मैं आगे बढ़ने का प्रयास करूंगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 26 नवंबर को अजय राय का होगा जनपद आगमन

**सुल्तानपुर।** 26 नवंबर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जनपद सुल्तानपुर पहुंच रहे हैं। जहां जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा द्वारा 189 जयसिंहपुर (सदर) विधानसभा क्षेत्र के मोतिगरपुर ब्लॉक अंतर्गत पारसपट्टी (बड़ी दलित बस्ती) में आयोजित दलित गौरव संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय 26 नवंबर (रविवार) को जनपद के मोतिगरपुर ब्लॉक में आयोजित दलित गौरव संवाद व सहभोज (रात्रि चौपाल) कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। उक्त कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### चटपटा माता की पुरुष दुरदुरिया का आयोजन

**कुड़वार सुल्तानपुर।** स्थानीय कुड़वार ब्लाक क्षेत्र के तिरछे निरसहिया गांव में शुक्रवार को चटपटा माता की सामूहिक पुरुष दुरदुरिया का आयोजन किया गया। इसमें 16विवाहित पुरुषों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पुरुषों ने चटपटा मैया की कथा सुनाया और प्रसाद का वितरण हुआ। अगरबत्ती,धूप और फूलों की महक से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पुरूष चटपटा माता की दुरदुरिया का क्षेत्र में पहला कार्यक्रम आयोजन था।आयोजक तिरछे गांव निवासी शिशिर मिश्रा कई दिनों से तैयारी में जुटे थे। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि हमें अपनी प्राचीन धार्मिक परंपराओं को और मान्यताओं को सहेजने की जरूरत है। इससे आध्यात्मिक शक्ति का विकास होता है। इस सामूहिक पुरुष दुरदुरिया में वेद प्रकाश मिश्रा, ज्ञान प्रकाश मिश्रा,जय प्रकाश दूबे, दिव्य प्रकाश मिश्रा, महिमा शंकर दूबे, शिवा नंद दूबे, कुलदीप मिश्रा,संजय दूबे,पिंटू मिश्रा,अखिलेश दूबे (पूर्व प्रधान) सहित 16विवाहित पुरुषों ने हिस्सा लिया।

### मंडलायुक्त की बैठक कल

**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष देव पाण्डेय ने बताया है कि विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अवसर पर मंडलायुक्त के द्वारा 26 नवंबर को पूर्वाहन 11ः00 बजे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन संबंधी बैठक संगम सभागार, कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई है। बैठक के उपरांत मंडलायुक्त के द्वारा संबंधित मतदेय स्थलों का निरीक्षण भी किया जाएगा।

### दलित गौरव संवाद कार्यक्रम का आयोजित

**आजमगढ़।** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा दलित गौरव संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के फ्राश टोला स्थित आजमगढ़ पब्लिक स्कूल में दलित गौरव संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर की छाया पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर रहमतुल्लाह ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा जिस पर रहमतुल्ला का शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर शहर सचिव कांग्रेस कमेटी रियाजुल हसन ने कहा कि दलितों का अधिकार वापस दिलाने के लिए कांग्रेस आज फिर संविधान के रास्ते पर चल पड़ी है। और यह प्रेरणा लिया गया है कि दलितों का उनका हक दिला कर रहा जाएगा। इसी क्रम में दलित गौरव संवाद का मांग पत्र भी भरवाया गया।

# पूर्व मंत्री व उनकी पत्नी ने भी किया अलग-अलग क्षेत्र भ्रमण

**दर्जनों वैवाहिक कार्यक्रमों में दोनों लोग अलग अलग शामिल, कराया अपनत्व का अहसास**

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह अपने कृषि विज्ञान केंद्र स्थित आवास पर क्षेत्र से आए लोगों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ लोगों से मुलाकात की, बल्कि उनकी समस्यायों का निस्तारण भी करते नजर आए। इसके बाद विधायक विनोद सिंह क्षेत्र भ्रमण के लिए हुए रवाना हुए। शुरुवात इटवा मोलनापुर गाँव से हुई जहां प्रधान शेर बहादुर सिंह के यहां आज वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हो उन्होंने शुभकामनाएं दी। इसके बाद वे सराय गोकुल गाँव में सुदर्शन सिंह की बिटिया के शादी समारोह में उपस्थित हो बिटिया को आशीर्वाद दिया। यहां के बाद पूर्व मंत्री विनोद सिंह राम नगर कोट गांव में जगदम्बा निषाद की बिटिया की शादी में शामिल हो अपनी शुभकामनाएं दी। यहां के बाद वे इमिलिया खुर्द गाँव के प्रधान सुभाष सिंह के यहां चल रही भागवत कथा में शामिल हो आशीर्वाद ग्रहण किया।वही बगल मे अमिलिया खुर्द गाँव मे सतीश कुमार सिंह के पुत्र के तिलकोत्सव समारोह समारोह और बगल मे ही प्रदीप सिंह की बेटी शादी समारोह में उपस्थित होकर आशीर्वाद दिया। इसके बाद विधायक विनोद सिंह सेमर घाट पहुंचे और ग्राम प्रधान शंभू निषाद के बड़े भाई के निधन पर शोक जताया और अपनी संवेदना व्यक्त की। इसके बाद वे खैंचिला गाँव मे नन्हे लाल प्रजापति की बिटिया के शादी समारोह मे हुए शामिल हुए और आशीर्वाद दिया। साथ ही खैंचिला गाँव मे संदीप कुमार शर्मा की लड़की के वैवाहिक समारोह में शामिल होकर शुभकामनाएं दी। वहीं विधायक विनोद सिंह दादूपुर प्रधान नागेंद्र सिंह के भतीजे के तिलकोत्सव कार्यक्रम में, दिखौली गांव में राधेश्याम सिंह के पुत्र के तिलक समारोह मे, बहरौली गाँव मे स्व राम आधार पाल की बेटी शादी समारोह में, उतुरी गाँव में नागेश्वर उपाध्याय के नातिन शादी समारोह में, प्रधान सरवन शैलेंद्र सिंह के भाई विवाहोत्सव कार्यक्रम में, वही बगल मे ही भोला सिंह की बेटी की शादी समारोह में उपस्थित हो विधायक विनोद सिंह ने अपनी शुभकामनाएं दी।

वहीं विधायक विनोद सिंह के साथ साथ उनकी पत्नी आशा सिंह भी नगर के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुई। उनकी शुरुवात शहर के जलसा मैरिज लॉन में हुई, जहां भैरोपुर शंकरगढ़ पंडित रामसुख मिश्रा की नातिन शादी समारोह में शामिल हो आशा सिंह ने बिटिया को अपना आशीर्वाद दिया। इसके बाद वे गभड़िया स्थित सिद्धिविनायक मैरिज लॉन पहुंची और हरिराम पांडेय की बेटी की शादी समारोह में शामिल हो उन्होंने आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता सुदामा मिश्रा पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम बहादुर पांडेय, बहरौली प्रधान सोनू सिंह,अहिमाने प्रधान राम राज वर्मा, चकरपुर प्रधान दीप चंद्र जायसवाल, देहली आशीष कोरी समाज सेवी, शैलेंद्र सिंह, वैदहा प्रधान शैलेश सिंह डीकू, उत्तम सिंह, पायगीपुर, अनिल सिंह, लाल जी शर्मा,सहित तमाम भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सांसद आज दिव्यांगों को वितरित करेंगी सहायक उपकरण

अवधनामा संवाददाता

**सांसद के कार्यक्रम को लेकर पंत स्टेडियम में तैयारी को दिया गया है अंतिम रूप, संसद का तीन दिवसीय दौरा, 25 व 26 नवंबर को लगेगा जनता दरबार**

**सुल्तानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी तीन दिवसीय संसदीय क्षेत्र दौरे पर शुक्रवार 24 नवम्बर को पहुंच गई है।श्रीमती गांधी आज 25 नवम्बर को प्रातः 11:00 बजे पंत स्टेडियम में 212 दिव्यांगो को मोटराईज्ड ट्राई साईकिल सहित कुल 1243 दिव्यांगजनों को 2361 कृत्रिम सहायक उपकरण वितरित करेंगी।कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पंत स्टेडियम परिसर में परियोजना निदेशक केके पांडेय, सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार,भाजपा नेता शशीकांत पाण्डे, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने एलिम्को टीम के साथ तैयारी का जायजा लिया।मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया सांसद मेनका गांधी के पहल पर सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की एडिप योजना के तहत एलिम्को की विशेषज्ञ टीम ने 22 जून से 28 जून तक पांच तहसीलों व जिला पंचायत परिसर में दिव्यांगजन परीक्षण शिविर लगाकर लाभार्थी चयनित किये थे।इसी क्रम में 25 नवम्बर को सांसद श्रीमती गांधी 212 दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साईकिल, 533 ट्राई साइकिल,75 कान की मशीन,214 फोल्डिंग व्हील चेयर सहित कुल 1243 दिव्यांगों को 1 करोड़ 86 लाख रूपए के 2361 सहायक उपकरण का वितरण करेंगी।श्रीमती गांधी तीन दिवसीय दौरे के दौरान संसदीय क्षेत्र में 26 नवम्बर को 2:30 बजे तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद सड़क मार्ग से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी। श्रीमती गांधी 25 एवं 26 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से 9:30 बजे तक जनता दरबार के माध्यम से जन शिकायतों का निस्तारण भी करेंगी।

# नामदेव समाज एकजुट होकर विकास कर सकता है

**माँ वैष्णो दरबार की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ हुयी स्थापना**

**संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयन्ती पर तीन दिवसीय कार्यक्रम हुये संपन्न**

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** श्री नामदेव समाज मंदिर समिति रजि. के तत्वाधान में संत नामदेव की जयन्ती बड़े ही धूमधाम से मनायी गयी। तीन दिवसीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग आयोग उ.प्र. के सदस्य राधेश्याम नामदेव रहे। कार्यक्रम के तीसरे दिन मंदिर परिसर में माँ वैष्णों देवी दरबार की स्थापना बड़े ही धूमधाम से की गयी। वहीं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष दीपक नामदेव पटवारी व महामंत्री अखिलेश नामदेव ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने बड़ी ही मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान तनिष्क नामदेव ने श्रीहनुमान चालीसा का गायन कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं जनपद भर के सजातीय बंधुओं ने प्रतिभाग करते हुये कार्यक्रम को और अधिक भव्य बना दिया। इस दौरान श्रीगुरूसिंह सभा कीर्तन मण्डली का भव्य स्वागत किया गया। वहीं एक सप्ताह तक आयोजन किये जाते रहने की घोषणा की गयी। कार्यक्रम में राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राधेश्याम नामदेव ने कहा कि सामाजिक एकता और अच्छी शिक्षा के साथ धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए। अन्य वक्ताओं ने संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज के जीवन से जुड़ी रोचक घटनाओं को प्रस्तुत किया एवं उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। तीन दिनों के आयोजन में कलश यात्रा एवं शोभायात्रा, माँ वैष्णों देवी दरबार की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा की गयी। वहीं सुन्दर काण्ड पाठ, श्री सत्यनारायण भगवान की कथा, हवन पूर्ण आहूति के अलावा भजन संध्या, मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान मंच से किया गया। वहीं वरिष्ठ अतिथियों व पत्रकारों का सम्मान किया गया।

# आदिवासी समुदाय प्रकृति के वास्तविक संरक्षकः संतोष शर्मा

अवधनामा संवाददाता

**विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर गोष्टी सम्पन्न**

**जल, जंगल, जमीन और जानवरों के संरक्षण के बिना विरासत का संरक्षण संभव नहीं**

**ललितपुर।** विश्व धरोहर सप्ताह ( 19 से 25 नवंबर) के अवसर पर क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई झांसी (उत्तर प्रदेश संस्कृत विभाग )इंटैक ललितपुर चैप्टर, बुंदेलखंड इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति शोध समिति के संयुक्त तत्वावधान में हमारी धरोहर विषयक व्याख्यान ,प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं सहरिया जनजाति समागम का आयोजन मड़ावरा के अटल सभागार में बुंदेलखंड सेवा संस्थान द्वारा किया गया। जिसमें मदनपुर मड़ावरा धवारी सकरा पिसनारी सोरे , लखंजर पापड़ा बरेली ,दारू ताला ,भाटी जालंधर के सैकड़ो महिला पुरुष बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने न केवल बुंदेलखंड के प्राचीन स्मारकों का छायाचित्र बनाया अपितु उनके संदर्भ में निबंध लिखकर स्मारक के बारे में अवगत करवाया ललितपुर इंटैक चैप्टर के संयोजक संतोष कुमारशर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बुंदेलखंड के ऐतिहासिक धरोहरों के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की उन्होंने बुंदेलखंड में अनेकों प्राचीन स्मारकों उनकी ऐतिहासिकता और उनके महत्व के बारे में अवगत कराया उन्होंने कहा कि प्राचीन समय से आदिवासी जल जंगल जमीन ,अपनी प्राचीन विरासतों पर्यावरण एवं जल को संरक्षित करने में अपना पूरा जीवन लगा देते हैं।

विरासत संरक्षण में इनका योगदान नकारा नहीं जा सकता आज आवश्यकता है आदिवासियों के जो जड़ी बूटी व पर्यावरण का ज्ञान इनको है उनसे सारे समाज को लाभ लेना चाहिए ताकि हमारी पीढ़ी पर्यावरण और अपने विरासतों की प्रति जागरूक हो सके। प्रभारी क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डॉ मनोज कुमार यादव ने विश्व धरोहर सप्ताह के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए भारत की गौरवशाली संस्कृति सभ्यता इतिहास के मूर्त एवं अमूर्त स्वरूप के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की आदिवासी समाज से संबंधित नारी शक्ति के रूप में उपस्थित महिलाओं को उनके अमूर्त संस्कृति उनके गीत संगीत बोली भाषा तीज त्यौहार इत्यादि उत्सव पर जो उनकी अमूर्त धरोहर है उसके संदर्भ में अवगत कराया और उनसे अनुरोध किया कि उन्होंने जो अपने पूर्वजों से परंपराओं में शामिल गीत संगीत सीखा है वह अपनीआगे आने वाली पीढ़ी को भी अवगत कराये जिससे कि भारत की अमूर्त संस्कृति यथावत बनी रहे मूर्त संस्कृति के संदर्भ में बात करते हुए उपस्थित छात्रों शिक्षकों से आवाहन किया कि स्मारकों के भ्रमण के दौरान स्मारकों अपने प्राचीन धार्मिक स्थलोंको विनष्ट होने से बचाने हेतु वह इस परिसर में अतिक्रमण गंदगी या किसी भी मंदिर मस्जिद या किसी भी धार्मिक स्थल पर होने वाले प्रदूषण से रोकने हेतु लोगों को जागरूक करें जिससे कि हमारी संस्कृति एवं सभ्यता बनी रहे।

# श्री सत्य साई बाबा जी का 98वाँ जन्म दिवस हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** श्री सत्य साई बाबा जी का 98वाँ जन्म दिवस हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। श्री सत्य साइन सेवा समिति के तत्वाधान में स्थानीय प्रशांति विद्या मंदिर में कार्यक्रम आयोजित कर श्री सत्य साइन बाबा का 98वाँ जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर समिति के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बाबा के जीवन एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों का विस्तार से वर्णन किया। अशोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि श्री सत्य साई बाबा द्वारा अपने जीवन काल में मानव सेवा को ही सर्वोत्तम सेवा बताया गया। उन्होंने कहा बाबा ने सबको प्रेम सबको सेवा का संदेश हम सबको दिया है। उन्होंने कहा बाबा ने जो कुछ हमें संदेश के रूप में दिया वह करके भी बताया है। आज पूरी दुनिया बाबा के 98वें जन्मदिन को बड़े उत्साह पूर्वक मना रही है। इस अवसर पर हरीश कपूर टीटू ने कहा कि बाबा ने अपने जीवन में हमें संदेश दिया है कि हमें सेवा अपने आप को बेहतर बनाने के लिए करना चाहिए ना कि किसी के दिखाने के लिए नहीं। उन्होंने विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए अपनी बात को रखा। स्वामी अनुराग अमर ने कहा सत्य साई बाबा का जीवन उनका संदेश था, और बाबा चाहते थे कि उनके अनुयाई भी उसी रास्ते पर चलकर अपने जीवन को और लोगों के लिए अनुकरणीय बनाएं। जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा बाबा ने अपना पूरा जीवन मानवता की सेवा के लिए लगाया, उन्होंने हमें प्राणी मात्र से सेवा और प्रेम करने का संदेश दिया। आज पूरी दुनिया में लोग बाबा को भगवान की तरह पूजा करते हैं एवं उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर अपने जीवन को धन्य कर रहे हैं। इस अवसर पर विजय कुमार श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, इंजीनियर हाकिम सिंह, महेंद्र, लक्ष्मी नारायण, भारत लाल सेन, मोहन सैनी, ध्रुव साहू, सीताराम, बृजेश, जगदीश, राम गोविंद, मोहन सिंह यादव, बृजेश, उत्कर्ष, रमर्न, रमेश, राजेश, अखिलेश झा, रवि झा, मेघराज, आशा, शांति , निशा, साधना, पूजा, मोहिनी, खुशबू, आदि ने प्रमुख रूप से प्रतिभागी किया।

### विदाई के साथ संपन्न हुआ तुलसी शालिग्राम विवाह महोत्सव

**प्रयागराज।** श्री तुलसी विवाह महोत्सव के तत्वाधान में माता तुलसी एवं भगवान शालिग्राम जी के विवाह के उपरांत माता तुलसी जी की पूरी रीति रिवाज के साथ विदाई की रस्म निभाई गई। इस अवसर पर समिति के संयोजक आचार्य संतोषानंद महाराज एवं अध्यक्ष कृष्ण भगवान केसरवानी ने कार्यक्रम स्थल बाबा तारा राम पीली संगत मालवीय नगर में खिचड़ी भोग का रस्म निभाते हुए माता तुलसी की विदाई की और तुलसी शालिग्राम विवाह के संदर्भ में आयोजित विष्णु महायज्ञ का समापन पूर्णाहुति हवन के साथ समाप्त की गई। तत्पश्चात प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुशील यादव, बसंत लाल आजाद, राजेश केसरवानी, विजय वैश्य, सारिका यादव, डॉक्टर मोनी, प्रीति रावत, रानी, डॉ0 विशाल, गोपाल, सतीश, चंद्र केसरवानी, राकेश जायसवाल, शालिग्राम अग्रहरि, डॉ0 अतुल जायसवाल एवं सैकड़ो भक्तगण उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा में आयोजित हुआ किसान मेला व कृषक गोष्ठी

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत उद्यान विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, नानपारा में आयोजित किसान मेला/कृषक गोष्ठी का मुख्य अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा व विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. द्वारा शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मौजूद प्रगतिशील कृषकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री वर्मा द्वारा अन्य अतिथियों के साथ औद्यानिक फसलों में विशेष योगदान करने वाले प्रगतिशील कृषकों मिल्कीत सिंह, सोमवर्धन पाण्डेय, हुकुमचन्द्र वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार, राम कुमार सोनकर, निरंजन लाल वर्मा, राजू मौर्य, राम प्रवेश मौर्य, राम बचन, चन्दूलाल, गुरूवन्त सिंह, कालिका प्रसाद इत्यादि को अंगवस्त्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए कृषकों का आहवान किया कि जनपद में संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूक्ष्म लघु उद्योग योजना का भरपूर लाभ उठायें। श्री चौधरी ने कहा कि योजना में धन की कमी नहीं है। गोष्ठी के दौरान कृषि वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. एस.बी. सिंह, प्रगतिशील कृषक राम प्रवेश मौर्या व बोनसाई विशेषज्ञ सोमवर्धन पाण्डेय ने औद्यानिक फसलों तथा एसडीओ कृषि डॉ. शिशिर वर्मा ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया। क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, इफको सर्वजीत वर्मा ने उर्वरकों के नैनो तकनीक के बारे में जागरूक करते हुए कृषकों को अधिकाधिक नैनो यूरिया, डीएपी का प्रयोग करने की सलाह दी। जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम सिंह ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार कृषकों की उन्नति के लिए दृढ़ संकल्पित है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**'ई-टेन्डर'**

**निविदा सूचना संख्या-एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/16/2023**

मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति के ओर से ई-टेन्डर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेंडर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरणः एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/16/2023, कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के गोंडा स्टेशन पर गोंडा-बुढ़वल थर्ड लाइन कार्य के सम्बन्ध में डिस्ट्रिब्यूटेड इलेक्ट्रानिक इन्टरलॉकिंग प्रणाली कार्य के परिप्रेक्ष्य में आर.डी.एस.ओ. **स्पेसिफिकेशन** सं. RDSO/SPN/192/2019 VER.2 अथवा नवीनतम (नवीनतम **संशोधन** के साथ) के SIP के अनुसार आंशिक सामग्री की आपूर्ति के साथ ही साथ इन्डोर एवं आउटडोर कार्य के साथ-साथ डिजाइन, प्रोग्रामिंग संस्थापन, टेस्टिंग एवं **कमीशनिंग** का कार्य, **बयाना राशि** (₹)ः ₹ 10,47,700.00, **अनुमानित लागत** (₹)ः ₹ 17,95,38,133.81, **स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह, **निविदा बन्द होने की तिथिः** दिनांक 14.12.2023 को 15:00 बजे। **नोटः** ● इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजर अदांज कर दिया जाएगा। ● पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। ● निविदा दाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। ● सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये।

उपमुसिदूइं/निर्माण
मुजाधि/सिगनल-76
लखनऊ

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

# पति व पत्नी दोनों को आवास योजना का लाभ देनें का मामला आया सामनें

**मामले की जांच शुरू जल्द कार्यवाही होनें की उम्मीद**

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** सरकारें गरीब परिवारों को आवास दे कर उन का उत्थान करना चाहती हैं लेकिन विकासखंड सुमेरपुर के ग्राम पंचायतों में कार्यरत सचिवों नें कुछ और इरादे कर रखें हैं। जिन्हें किसी का डरखौफ है ही नही। एक परिवार की परिभाषा होती है कि जिस के सभी सदस्य एक चूल्हे में खाना बनाते है अर्थात एक छत/छप्पर के नीचे रहते है ऐसे ही परिवार को आवास योजना का लाभ दिया जाना चाहिए न कि पती और पत्नी दोनों को देदिया जाए ऐसा करना सरासर गलत है ऐसा मामला सुमेरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत अमिरता में सामनें आया है जहाँ आवास लाभार्थियों से सांठगांठ बनाकर वित्तीय वर्ष 21-22 में पतियों को सीएम आवास तथा वर्ष 22-23 में पत्नियों को पीएम आवास थमा दिए गये। दोहरा लाभ देने की जानकारी होने पर प्रशासन में हड़कंप मच गया। अब संबधित सचिव के खिलाफ कार्यवाही की तैयारी की जा रही है।

ग्राम पंचायत अमिरता की आवास सूची की वेबसाइट में वित्तीय वर्ष 2021-22 की सूची में गांव निवासी आसाराम, रामकैलाश, हरिया, पंकज, रामखेलावन, रामकेश, मनफूल, गयादीन व भूरा को मुख्यमंत्री आवास प्रदान किए गए। इसके बाद वित्तीय वर्ष 22-23 में इनकी पत्नियों राजेश्वरी, सुशीला, बउआ, रमाकांती, कंची, शिवकली, शिवपति, पसुनिया, मंजू को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि तत्कालीन पंचायत सचिव ने लाभार्थियों से सांठगांठ बनाकर एक ही परिवार को योजना का दोहरा लाभ दिया है। जिला विकास अधिकारी व प्रभारी खंड विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की गहनता के साथ जांचकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## ई रिक्शा पलटने से पांच घायल, दो रेफर

**मौदहा हमीरपुर।** गुरुवार देरशाम मेला देखने जा रहे लोग ई रिक्शा पलटने से घायल हो गए जिन्हें तत्काल प्रभाव से कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहां से दो लोगों को सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। कस्बे के मोहल्ला इलाहीतालाब निवासी तौफीक (22), तौकीर (20) पुत्रगण शफीक, निशा (17) पुत्री शफीक, सितारा (55) पत्नी शफीक और शम्मो(40)पत्नी मुन्ना ई रिक्शा से मेला देखने कम्हरिया जा रहे थे तभी सिलौली के निकट सामने से आ रहे लोडर को बचाने के कारण एक आटो ने रिक्शा की साईड सटा दिया जिससे रिक्शा सड़क किनारे झाड़ियों में जाकर पलट गया जिसमें सभी लोग घायल हो गए।सभी घायलों को दूसरे आटो के माध्यम से कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहां से सम्मो और निशा को सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# कूड़े के वाहन को चेयरमैन व ईओ ने दिखाई हरी झंडी

**कूड़े की न केवल छंटनी करनी है बल्कि इसका निस्तारण भी है करना**

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/चोपन।** नगर में रोजाना सैकड़ो टन कूड़ा निकलता है। घरों से लेकर, बाजारो, दुकानों, मिलो, ऑफिस आदि जगहों से कूड़ा इकट्ठा होकर एम आर एफ सेंटर जाता है जहा कूड़े को प्रोसेस किया जाता है जिससे कि इसका सही निपटारा हो सके परंतु कुछ कूड़ा ऐसे होते है जिसका निपटारा सेंटर पर नहीं हो पाता है जिसके निपटारे के लिए कंपनी ने नगर के कूड़े को जबलपुर के वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में भेजने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को कूड़े से लोड वाहन को नगर पंचायत के अध्यक्ष उस्मान अली व अधिशाषी अधिकारी देवहूति पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन लोगो ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जहां देशभर के शहरों ने अपशिष्ट प्रबंधन और स्रोत पृथक्करण के माध्यम से कचरा खत्म करने पर ध्यान केंद्रित किया, वहीं इन प्रयासों के बीच अपशिष्ट को अनेको प्रकार के कार्यों में लिया जा सकता है। हालांकि इस दौरान विभिन्न शहरी स्थानीय निकाय कचरे को ऊर्जा में परिवर्तित करने के लिए कई तरह के इनोवेशंस पर काम कर रहे है।अब हम विकसित देशों की तरह कचरे से ऊर्जा उत्पादन करने की दिशा में भी अग्रसर हैं। वही नगर पंचायत चोपन में कचरे की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। पूरे नगर का कचरा उठाकर प्रितनगर गढ़हिडीह स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में डंप तो कर दिया जाता है लेकिन यहां इस कचरे को पूरे तरीके से मैनेज नही हो पाता है तो इको गेटवे प्रा. लिमिटेड प्रयागराज की कंपनी के संयुक्त प्रयास से नगर का प्लास्टिक/ आर डी एफ कचड़ा वेस्ट टू एनर्जी प्लांट जबलपुर मे भेजने की योजना बनाई है।

## दबंगों के अवैध कब्जे की एसपी से शिकायत

**बांदा।** गांव के दबंगों ने खेत में अवैध कब्जा करते हुये खेतिहर मालिकानो को जान से मार देने की धमकिया भी दी है कई मर्तबा गाली गलौज और मारपीट की वारदात को अंजाम दिया जा चुका है। मुकामी ओरन चौकी और विसण्डा थाना पुलिस ने घटना को अंजाम देने वालो के खिलाफ कभी कोई कार्यवाही नही की है जिससे उनके हौसले बुलन्दी पर है इस बाबत पीडित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

एसपी को दिए शिकायती पत्र में विसण्डा थाना के तेन्दुरा मजरा के शंकरपुरवा गांव निवासी प्रेमचन्द्र पुत्र अयोध्या ने बताया है कि एसडीएम के निर्देश में जांचोपरान्त हमारे पक्ष में निर्णय हुआ इसके बाद भी दबंगो ने दबंगई के चलते दहशत फैलाने को लेकर गाली गलौज और मारपीट की वारदात को अंजाम दिया। मुकामी पुलिस को लिखित रूप से तहरीर दी गई, लेकिन अभद्रता का बर्ताव करने वालों के खिलाफ कोई दण्डात्मक कार्यवाही नही की जा सकी, जिससे उनके हौसले बुलन्द होते चले गये है।

# शिक्षक भर्ती को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**मुस्करा हमीरपुर।** शिक्षक भर्ती को लेकर माननीय हाई कोर्ट की डबल बेंच लखनऊ के आदेश के अनुक्रम में भर्ती को जल्द से जल्द गतिमान कराए जाने के लिए अभ्यार्थीयो ने क्षेत्रीय विधायक के आवास पहुच कर ज्ञापन दिया। बताते चले कि 12460 शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया को माननीय हाईकोर्ट की (डबल बेंच) में लंबित होने के कारण बीते 5 वर्षो से रुकी हुई है।वही उत्तर प्रदेश सरकार की विशेष अपील के साथ अन्य अपीलों को स्वीकार करते हुए माननीय हाईकोर्ट की (डबल बेंच)ने एक ऐतिहासिक आदेश पारित किया है। जिसमें सरकार की जीत हुई है जिससे समस्त आवेदक अत्यंत खुश हो गए थे।आदेश में यह पारित किया गया है की रिक्त 6470 पदों के सापेक्ष (0+ 51) पुनः एक कॉमन मेरिट बनाकर अंतिम पदो तक भर्ती की जाए जिसके क्रम में आपके द्वारा पुनःकाउंसलिंग कराने हेतु शेड्यूल जारी किया जाना है।जो अभी तक जारी नहीं किया गया है।जिसको देखते गांव खड़ेही लोधन निवासी शारदा राजपूत के नेतृत्व में आदित्य राजपूत,जीतू राजपूत,मुरतध्वज पांचाल ने आज दिन शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी के आवास राठ में पहुच कर ज्ञापन देते हुए कहा कि अभ्यार्थीयो के भविष्य को ध्यान में रखते हुए नया शेड्यूल जारी करवाते हुए जल्द से जल्द काउंसलिंग तिथि व नई नियुक्ति दिलाये जाने का ज्ञापन दिया।जिस राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने बेसिक शिक्षा सचिव प्रताप सिंह बघेल से फोन पर वार्ता कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है।

## ओवर लोड के विरुद्ध चले अभियान से सम्पर्क मार्गों में घुसे ट्रक

**सुमेरपुर हमीरपुर।** ओवरलोड के खिलाफ मुख्यालय में खनिज अधिकारी द्वारा धर पकड़ अभियान शुरू कर देने से राठ रोड से गुजरने वाले दर्जनों ओवरलोड ट्रैक इंगोहटा मार्ग में घुस आए और पहले से ही खस्ता हाल सड़क को बुरी तरह से जमींदोज कर दिया। शुक्रवार को जिला खनिज अधिकारी वशिष्ठ यादव ने ओवरलोड के खिलाफ सघन अभियान चलाया। खनिज अधिकारी की धर पकड़ की सूचना पाकर राठ मार्ग से होकर मुख्यालय की तरफ जाने वाले दर्जनों ओवरलोड ट्रक छानी होकर इंगोहटा मार्ग में घुस आए और ट्रैको को सड़क किनारे खड़ा करके भूमिगत हो गए। ओवरलोड ट्रैको के अचानक छानी इंगोहटा मार्ग में घुस आने से पूर्व से ही खस्ता हाल सड़क बुरी तरह से जमींदोज हो गई।

# खाद्य सुरक्षा व पुलिस की संयुक्त छापेमारी में गुटखा की बड़ी खेप बरामद

अवधनामा ब्यूरो

**हमीरपुर।** खाद्य विभाग की टीम ने छापा मारकर बड़ी मात्रा में अवैध गुटखा पकड़ा। छापेमारी में उपजिलाधिकारी मौदहा राजेश कुमार मिश्र ,सीओ मौदहा विवेक यादव और बिवाँर थाना प्रभारी निशिकांत रॉय के साथ पुलिसबल भी मौजूद रहा। शुक्रवार दोपहर लगभग दो बजे खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने पुलिस बल के साथ बिवाँर थाना क्षेत्र के उमरी गाँव में छापा मारकर बड़ी मात्रा में तम्बाकू मिश्रित बिना रजिस्ट्रेशन का अवैध गुटखा बरामद किया।खाद्य आयुक्त रामऔतार यादव ने बताया कि अवैध गुटखा के बड़ी मात्रा के भंडारण की सूचना मुखबिर द्वारा मिली थी जिस पर कार्यवाही कर उमरी गाँव के मुन्नायादव पुत्र स्व0 रघुनाथ यादयव और भतीजे आकाश यादव पुत्र लक्ष्मीप्रसाद की किराना की दुकान/गोदाम में छापा मारा गया जहाँ से एमजी सुपारी , लौंग छाप गुटखा और कलम नाम के अवैध गुटखा की बारह झाल बरामद की गई , जिनकी बाजारू कीमत एक लाख से भी अधिक आँकी गई है।थाना प्रभारी ने बताया दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना बिवाँर में धारा 269 ,272 ,273 ,खाद्य सुरक्षा अधिनियम 59 का मुकदमा दर्ज किया गया है ,दोनों आरोपी भी हिरासत में ले लिए गए हैं। बताया कि सूचना अवैध गुटखा फैक्ट्री की थी जिसकी सघन तलाशी की गई लेकिन वहाँ सिर्फ भंडारण ही मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### मेला देख रहे युवक पर लोहे के राड से हमला

**मौदहा हमीरपुर।** कम्हरिया मेला देख रहे युवक पर दो लोगों ने लोहे के राड से हमला कर दिया जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कम्हरिया निवासी तनवीर पुत्र लईक ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि शुक्रवार दोपहर वह मेला देख रहा था तभी गांव के अकील अहमद पुत्र वली मोहम्मद सहित एक अन्य अज्ञात ने उसपर लोहे के राड से हमला कर दिया।पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बस ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला

**सुमेरपुर हमीरपुर।** बांदा सुमेरपुर मार्ग में गुरुवार की रात 11बजे यात्रियो को लेकर गुजराज जा रही एक बस ग्राम पंधरी के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से जाकर टकरा गई, संयोग ही था कि बस में सवार कोइ यात्री हताहत नहीं हुआ, वरना कुछ भी हो सकता था। ग्रामवासी जुग्गी लाल गुप्ता ने बताया कि ट्रक और बस की टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के सभी लोग मौके पर पहुंचे और यात्रियों के हाल चाल पूंछे तो सभी यात्री सकुशल थे, किन्तु उनके अंदर घबराहट अवश्य थी, इस तरह से एक बड़ा हादसा होते होते टल गया।

### नाजायज तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

**सुमेरपुर हमीरपुर।** पुलिस ने कस्बे के रानी लक्ष्मीबाई तिराहा के समीप से कस्बे के एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा है। कस्बा इंचार्ज प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कस्बे के रानी लक्ष्मीबाई तिराहा के पास से कस्बे के लखनापुरवा मुहाल निवासी अजय उर्फ दिलवर अनुरागी को एक अदद तमंचा 315 एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा है।

### दो गावों में शिविर लगाकर लाखों रुपए वसूले

**मुस्कुरा हमीरपुर।** बिजली विभाग के अधिकारियो ने क्षेत्र के दो पावर हाउसों के अलग-अलग गांवों में कैंप लगाकर बिजली के बकायेदारों से 55 ओटीएस के माध्यम से दो लाख सैंतालीस हजार का राजस्व जमा कराया। मुस्करा व इमिलिया पावर हाउस के अवर अभियंता वैष्णो कुमार सिंह ने बताया अधिक से अधिक बिल जमा करने के उद्देश्य के तहत मुस्करा पावर हाउस में कैंप 28 ओटीएस के माध्यम से एक लाख 54हजार जमा कराए। गए वहीं दूसरी तरफ इमिलिया पावर हाउस के गहरौली गांव के पंचायत भवन में कैम्प लगाया जिसमें 10 खराब बिजली बिलों को ठीक किया गया तो इसके अलावा 27 लोगों के ओटीएस के द्वारा एक लाख छह हजार रुपये जमा कराए गए। इस मौके पर संदीप कुमार, सूरज कुमार लिपिक, हरिश्चंद्र,सहित विभाग के तमाम कर्मचारी मौजूद है।

### चार दिवसीय दो सौ कुण्डीय यज्ञ आरंभ

**सुमेरपुर हमीरपुर।** महर्षि दयानंद सरस्वती जी के जन्म के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कस्बे में आर्य समाज द्वारा आयोजित 200 कुण्डीय महायज्ञ में प्रथम दिन विश्व कल्याण की कामना की आहुतियां प्रदान की गई। आर्यसमाज ने महर्षि दयानंद सरस्वती के 200 वर्ष पूर्ण होने पर कस्बे में 200 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन कराया है। महायज्ञ के प्रथम दिन रोहतक हरियाणा से आए आचार्य सत्यव्रत जी महाराज ने विश्व कल्याण की कामना के साथ महायज्ञ कराया। यजमान के रूप में कमल किशोर आर्य, दिनेश आर्य, गंगासागर आर्य, श्री राम आर्य, बलवीर कुशवाहा, कृष्ण कुमार मिश्रा ने सपत्निक मौजूद होकर यज्ञ में आहुतियां प्रदान की। इसके पश्चात रेडियो सिंगर श्वेता आर्य ने भजनों की शानदार प्रस्तुत प्रदान की। बिजनौर से आए आचार्य विष्णु मित्र ने वेदों के साथ मंत्रों की व्याख्या करके शांति का संदेश दिया। कार्यक्रम में आर्य समाज से जुड़े सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### परौर थाने स्थित सरकारी आवास में एसआई ने फांसी लगाकर की आत्महत्या।

**शाहजहांपुर।** परौर थाने में तैनात एसआई बरुण कुमार ने शुक्रवार रात थाने स्थित सरकारी आवास के रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वरुण कुमार हल्का नंबर एक में तैनात थे। मौत की खबर से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एस आई की मौत से पूरे स्टाफ की आंखों में आंसू थे सभी उनके अच्छे आचरण की चर्चा करने के साथ खुद को दिलासा देने का प्रयास कर रहे है। वह इस आवास में अकेले ही रहते थे। हालांकि पुलिस को अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। मामले की जांच की जा रही है। वरुण के घरवालों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

# सांसद पकौड़ी लाल ने हाट कुक्ड मील योजना का किया शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी परिसर में स्थापित आंगनबाड़ी केंद्र में हाट कुक्ड मील योजना का शुभारंभ सांसद पकौड़ी लाल कोल द्वारा आज दीप प्रज्जवलित कर किया गया, सांसद पकौड़ी लाल ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत 03 से 06 वर्ष के बच्चों को गर्म पका भोजन उपलब्ध कराए जाने हेतु हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारंभ व नये आंगनबाड़ी भवनों का शिलान्यास आज जनपद अयोध्या से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलो द्वारा किया गया है। हॉट कुक्ड मील योजना के शुभारंभ के मौके पर सांसद पकौड़ी लाल कोल, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, व मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को बिस्कुट व टाफी बांटकर आंगनबाड़ी केन्द्र में आने के लिए प्रेरित किया और बच्चों के साथ बैठकर पका गर्म भोजन भी किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी संचालिका से बच्चों के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि इन बच्चों को अच्छी शिक्षा भी दिया जाये, ताकि यहां से निकलकर जब कक्षा-1 में पढ़ने के लिए स्कूलों में दाखिला हो तो पढ़ने-लिखने का ज्ञान हो सके। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चों को बढ़ने के लिए स्लेट व किताब की भी व्यवस्था की जाये, जिससे उनका बौद्धित स्तर शुरू से ही मजबूत हो सके, इस मौके पर जिलाधिकारी ने कुछ बच्चों से एबीसीडी बुलवाया जो बच्चों ने सहीं ढंग से सुनाया भी। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से वार्ता कर उनके बौद्धिक स्थिति को भी जाना और उन्हें आंगनबाड़ी केन्द्र में किसी प्रकार की समस्या न होने पाये, इसके लिए आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दियें। उन्होंने कहा कि बच्चों को मौसमी फल सब्जी के सेवन, स्वच्छता संबंधी आदतें अपनाने पोलीथीन के प्रयोग को रोकने, गुटखा पान मसाला का सेवन न करने, समुचित खानपान के मार्गदर्शन एवं परामर्श दिये जाने पर बल दिया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान लोढ़ी राजकुमार, लोढ़ी की आंगनबाड़ी, सहायिका आंगनबाड़ी सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# नशे में युवक ने सल्फास खा दी जान

अवधनामा संवाददाता

**दो माह से जेब में सल्फास की गोली लेकर घूमता था**

**बांदा।** नशे के साथ युवक ने जहरीला पदार्थ मिलाकर पी लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्ट लिए भेज दिया। नरैनी कोतवाली क्षेत्र चौकी पुरवा गुढ़ाकला निवासी रमेश (22) पुत्र अर्जुन निषाद ने गुरूवार की दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को जानकारी हुई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घरवालों ने उसे यहां लकर भर्ती कराया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पिता अर्जुन निषाद ने बताया कि रमेंश नशे का आदी था। वह दो माह से जेब में सल्फास की गोली लेकर घूम रहा था। कई बार उसे समझाया गया। लेकिन वह नही मानता था। उसकी पत्नी बिट्टी निमंत्रण में कर्वी चली गई थी। वह दोपहर में नशे में घर आया। शराब के साथ उसने जहरीला पदार्थ मिलाकर पी लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक मजदूरी करता था। अचानक हुई इस घटना से परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मेडिकल कालेज के निर्माण कार्यों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**मेडिकल कालेज के निर्माण कार्य में लाये तेजी, निर्माण कार्य हेतु नामित एजेन्सियों से समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य को शीघ्र किया जाये पूर्णः जिलाधिकारी**

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज पुलिस लाईन चुर्क के पास निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेडिकल कालेज परिसर में सड़क निर्माण, भवन निर्माण व विभिन्न संकायों के भवनों के निर्माण कार्यों के प्रगति को देखा और निर्माण एजेन्सी के प्रतिनिधि से कराये जा रहे निर्माण कार्यों के प्रगति के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेडिकल कालेज के एकेडमी, ट्रेनिंग हाल,मेडीसीन लैब, इलेक्ट्रीक कक्ष, बायो कमेस्ट्री लैब, लेक्चर थियेटर, गर्ल्स हास्टल, शौचालय आदि के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि निर्माणाधीन मेडिकल कालेज भवन के निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाया जा रहा है और शिथिलता बरती जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा कि मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किय जाये, निर्माण कार्य में बेहतर गुणवत्ता वाले सामग्रियों का इस्तेमाल किया जाये, इसमें शिथिलता व लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही हेतु उच्च स्तर पर पत्राचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज के निर्माण में निर्धारित मानक के अनुरूप लेबर, मिस्त्री, कारपेन्टर आदि को और अधिक संख्या में लगाया जाये, जिससे जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा किया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मेडिकल कालेज के कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों के साथ एक आवश्यक बैठक की, इस दौरान कराये जा रहे निर्माण कार्यों के इन्वेन्ट्री सूची का जायला लिया और बारी-बारी से अब तक किये गये कार्यों का मिलान करते हुए जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने सम्बन्धितों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य को शीघ्र ही पूर्ण किया जाना है, इसके लिए किसी भी समस्या के समाधान के लिए वार्ता कर कार्यों में तेजी लाया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये अन्यथा की दशा में सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान पाया गया कि बी0एम0सी0 द्वारा निर्माण कार्यों में ठीक ढंग से निगरानी नहीं किया जा रहा है, जिसे अपने कार्यों में सुधार लाते हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में निर्माणाधीन मेडिकल कालेज के निर्माण कार्यों को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर गहनता पूर्वक विचार-विमर्श किया गया और निर्देशित किया गया कि तकनीकी कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाये, ताकि आगे भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने पायें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, मेडिकल कालेज के प्रिन्सिपल डॉ0 सुरेश कुमार, रेहान अली खान, डी0एम0 के स्टेनो राम आधार सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# 01 जनवरी से कोई भी गोवंश सड़कों पर न दिखे: धर्मपाल

**प्रदेश में 12 लाख से अधिक निराश्रित गोवंशो को संरक्षण, सरकार द्वारा प्रति माह रू. 82 लाख गो संरक्षण हेतु खर्चः पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री**

अवधनामा संवाददाता

**31 दिसम्बर तक शतप्रतिशत निरश्रित गोवंशों को अश्रय स्थलों में संरक्षित करने हेतु कड़े निर्देश**

**प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर खेती से ही नही पशुओं से भी होगी किसानों की आय दोगुनी**

**शाहजहाँपुर।** पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंशों के सरक्षण हेतु बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान मंत्री ने कहा कि निराश्रित गोवंश सरक्षण सरकार की प्राथमिकता है, शासन इसके प्रति गंभीर है। उन्होने सख्त निर्देश दिये कि 01 जनवरी, 2024 से कोई भी गोवंश सड़को पर न दिखे, 31 दिसम्बर तक शतप्रतिशत निरश्रित गोवंशों को अश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाये। यदि गाये सड़को पर निराश्रित पायी गयी तो संबधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होने कहा कि 31 दिसम्बर तक विशेष गो संरक्षण अभियान के दौरान जनपद में 6000 से अधिक निराश्रित गायो को संरक्षित किया जायेगा। संरक्षण उपरान्त सड़क पर मिलने वाली गायों को काजी हाउस में भिजवाने हेतु निर्देश दिया। उन्होने कहा कि काजी हाउस का खर्च तथा किसान का नुकसान सम्बन्धित से वसूल किया जायेगा। उन्होने समस्त ब्लाक प्रमुखो को गोशालाओं के ठीक प्रकार रखारखाव की जिम्मेदारी दी। मा0 मंत्री ने समस्त गोआश्रय स्थलों में भूसा, चारा, पानी, प्रकाश व्यवस्थ हेतु मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होने गोवंश बहुल क्षेत्रों को चिन्हित करने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होने गायो के गोबर का भी सही उपयोग करने हेतु निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि गाय में 33 करोड़ देवी देवता निवास करते है, गाय करूण का प्रतीक है। उन्होने बताया कि देसी गायों में भ्रूण प्रत्यारोपण के माध्यम से गायों की नस्लों में सुधार किया जाएगा। इससे दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा और पशुपालकों की आय में बढ़ोतरी होगी। कहा कि ज्यादातर देसी गाय कम दूध देती हैं। इसलिए जब गाय दूध देना बंद कर देती हैं तो पशु पालक उन्हें बेसहारा छोड़ देते हैं। उन्होंने कहा कि अब देसी गायों का भ्रूण प्रत्यारोपण के जरिए ज्यादा दुधारू बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि देसी गाय का दूध अमृत के समान है। साथ ही उन्होने लघु पशुपालक के लिए दस बकरी और एक बकरा पालने के लिए योजना के बारे में जानकारी दी। जिसमें किसान को 17 हजार खर्च करने होंगे। बाकी 90 प्रतिशत ऋण मिलेगा तथा 50 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रतिदिन तीन करोड़ अंडों की जरूरत है और सिर्फ एक करोड़ अण्डों का उत्पादन ही हो पाता है, जिसको पूर्ति करने के लिए मुर्गी पालन की योजना भी है। इससे किसानों की आय दोगुनी होगी।

# देव दीपावली को लेकर तैयारीया युद्ध स्तर पर

**27 नवंबर को सोन नद में होगा दीपदान**

अवधनामा संवाददाता

**चोपन/सोनभद्र।** विगत वर्षों के भाती इस वर्ष भी नगर का महत्वपूर्ण कार्यक्रम का रूप ले चुके देव दीपावली की तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है जहां आगामी 27 नवंबर को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ सोन नद में आरती पूजन के साथ दीपदान किया जाएगा जिसको लेकर छठ पूजा के बाद नगर पंचायत के साथ सोन सेवा समिति तैयारी को लेकर लगातार कार्य कर रही है। शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली एवं सोन सेवा समिति के अध्यक्ष संजीव त्रिपाठी ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर हो रहे तैयारीयो का जायजा लिया साथ ही कार्यक्रम के दिन हजारों की संख्या में लोग दीपदान कार्यक्रम में सम्मिलित होते हैं ऐसे में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसको लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही चारों तरफ साफ सफाई रंगरोपन का कार्य लगातार किया जा रहा है। बताते चले की 2014 से सोन सेवा समिति बनाकर सोन नद के सोमेश्वर महादेव घाट पर साफ सफाई का अभियान चलाया गया एवं देव दीपावली के दिन दीपदान का कार्यक्रम की शुरुआत किया गया जो देखते ही देखते मौजूदा समय में नगर का महत्वपूर्ण कार्यक्रम बन चुका है। ऐसे में आगामी 27 नवंबर को पुनः एक बार 21000 दिए से सोमेश्वर घाट जगमग किया जाएगा। साथ ही अगल-बगल के घाटों पर भी साफ सफाई के साथ दीपदान के आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर है। बताते चले की 26 नवंबर को सुबह 5:00 बजे से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन होगा तत्पश्चात 27 नवंबर को सुबह हरि कीर्तन समापन के पश्चात सभी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# हर जिले के टॉप 10 अपराधियों को जल्द मिले गुनाहों की सज़ा

- सीएम योगी ने गृह विभाग को दिए निर्देश
- गौतमबुद्धनगर में सबसे ज्यादा अपराधियों को दिलायी गयी सजा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग को हर जिले के टॉप 10 अपराधियों को कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर कड़ी सजा दिलाने के निर्देश दिये हैं। सीएम योगी के निर्देश को अमल में लाते हुए प्रमुख सचिव (गृह) ने सभी जनपदों के जिलाधिकारियों, एसपी व पुलिस कमिश्नरों को पत्र जारी करते हुए कहा है कि वे अपने-अपने जनपद के टॉप-10 अपराधियों को सजा दिलाने के लिए कोर्ट में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही, उन्होंने कार्रवाई से शासन को अवगत कराने के निर्देश दिये हैं ताकि इसकी नियमित समीक्षा कर मुख्यमंत्री के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सके। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने जिले के चिन्हित टॉप-10 अपराधियों को सजा दिलाने के लिए कोर्ट में शत-प्रतिशत गवाहों की उपस्थिति कराने, गवाही कराने व प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं, ताकि उन्हे सलाखों के पीछे भेजा जा सके। उन्होंने प्रदेश के 46 जिलों द्वारा टॉप-10 अपराधियों को दोषसिद्ध कराने को लेकर रुचि न लेने पर नाराजगी जाहिर करते हुए शासन के आदेशों का पालन कड़ाई से करने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि अभियोजन निदेशालय द्वारा 25 मार्च 2022 से लेकर 31 अक्टूबर 2023 तक सिद्धार्थनगर में 7, मेरठ में 6, कौशाम्बी में 6, उन्नाव में 4, रायबरेली में 4, अयोध्या में 4, प्रयागराज में 3, हापुड़ में 3, देवरिया में 4, लखनऊ में 3, बलरामपुर में 2, कन्नौज में 2, इटावा में 2, गौतमबुद्धनगर में 102, फतेहपुर में 2, मुरादाबाद में 2, ललितपुर में 2, जालौन में 2, अमेठी में 2 सजा कराई गई है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण विशेष अभियान कल से

- भाजपा, सपा सहित सभी दलों ने झोंकी ताकत

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची तैयार करने के लिए चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में 25-26 नवंबर को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। भाजपा, सपा सहित अन्य राजनीतिक दलों ने मतदाता बढ़ाने में पूरी ताकत झोंक दी है। निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें विशेष अभियान 25-26 नवंबर और 2-3 दिसंबर को संचालित किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी को होना है। लोकसभा चुनाव इसी मतदाता सूची से होना है लिहाजा चुनाव की तैयारियों मे जुटे सभी दल मतदाता बढ़ाने में सक्रिय हैं। भाजपा ने प्रत्येक बूथ पर 100 और विधानसभा क्षेत्र में 20,000 मतदाता बढ़ाने का लक्ष्य दिया है। पार्टी की ओर से सभी जिलाध्यक्षों और मंडल अध्यक्षों को वोटर चेतना अभियान के तहत शनिवार और रविवार को प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संदिग्ध लोगों के नाम हटवाने के लिए युद्ध स्तर पर काम करने का संदेश भेजा गया है। युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की और शिक्षण संस्थानों में युवाओं से संपर्क कर उनके नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन पत्र भरवाए जाएंगे। उधर, जानकारी के मुताबिक सपा के कार्यकर्ता भी मतदाताओं के नाम जुड़वाने में सक्रिय रहेंगे। सपा के संभावित प्रत्याशियों के समर्थक भी बड़ी संख्या में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने में सक्रिय है।

# आजीविका मिशन के विभिन्न कैडरों के मानदेय का भुगतान समय से किया जाये: केशव मौर्य

- स्वयं सहायता समूहों के सभी लक्षित परिवारों की फीडिंग सखी ऐप पर करायी जाये
- लखपति महिला के लक्ष्यों को समय से हासिल किया जाए
- मनरेगा व आवास योजनाओं के लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाये

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के विभिन्न कैडरों के कर्मचारियों के मानदेय का भुगतान समय से किया जाय।स्वयं सहायता समूहों के सभी लक्षित परिवारों की फीडिंग निर्धारित समय सीमा के अन्दर सखी ऐप पर करायी जाय। लखपति महिला के लक्ष्यों को समय से हासिल किया जाए और मनरेगा श्रमिकों, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को नियमानुसार स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाय। उप मुख्यमंत्री के इन निर्देशो के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा सभी जिलाधिकारियों/मुख्य विकास अधिकारियों को इस सम्बन्ध में व्यापक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि ग्रामीण आजीविका मिशन के विभिन्न कैडरों के मानदेय का भुगतान योजनाओ की विधिवत समीक्षा करते हुये किया जाए। समीक्षा कर जनपदों में उपलब्ध धनराशि का अविलम्ब व्यय एवं मुख्यालय भेजी जाने वाली मांग का प्रेषण सुनिश्चित कराया जाये। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जनपद हेतु आवंटित हाउस होल्ड सेचुरेशन के लक्ष्य को अभियान चलाकर पूर्ण किया जाये तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी परिवारों के पात्र महिला सदस्यों को, जो स्वयं सहायता समूहों में नहीं जुड़े हैं उन्हें अभियान चलाकर कन्वर्जेंस ऐप के माध्यम से जोड़ा जाये।

# योगी सरकार ने घटाया एसी बसों का किराया

अवधनामा ब्यूरो

- 16 दिसंबर से 28 फरवरी 2024 तक प्रभावी रहेंगी दरें

**लखनऊ।** शीतकाल में बसों के लोड फैक्टर को देखते हुए योगी सरकार ने किराए में कमी करने का निर्णय लिया है। शरद ऋतु में लोड फैक्टर में संभावित गिरावट व वातानुकूलन संयंत्र के कार्यशील न रहने के कारण परिवहन निगम को किराए में कमी के निर्देश दिए गए हैं। इस निर्णय से बड़ी संख्या में बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। संशोधित दरें 16 दिसंबर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक लागू रहेंगी। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दया शंकर सिंह ने बताया कि वातानुकूलित सेवाओं को भी लाभप्रद बनाए जाने के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है। साथ ही लोगों को भी शीतकाल में काम खर्च में ठंड से बचाव के साथ यात्रा का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि बसों के किराए में 16 दिसंबर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक छूट प्रदान की जाएगी। वातानुकूलित 3×2 सीटर बसों में प्रति किलोमीटर 1.47 रुपए, 2×2 सीटर बसों का किराया 1.74 रुपए प्रति किलोमीटर, वातानुकुरित शयनयान का 2.33 रुपए, एवम वाल्वो (हाई एंड) का किराया 2.58 रुपए प्रति किलोमीटर होगा।

## मजलिसे चेहलुम रविवार को

**लखनऊ।** स्वर्गीय मोहम्मद अहसन के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे चेहलुम रविवार को सआदतगंज के मस्जिद घसीटी बेगम में आयोजित होगी। स्वर्गीय के पुत्र मोहम्मद दानिश ने बताया कि सआदतगंज के टापे वाली गली, मैदान एलएचखां स्थित मस्जिद घसीटी बेगम में सुबह 10 बजे तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस को मौलाना हबीब हैदर खिताब करेंगे। वहीं महिलाओं की मजलिस स्वर्गीय के टापे वाली गली स्थित आवास पर सुबह 9:30 बजे होगी।

## मेगा ऋण वितरण कैम्प का आयोजन आज

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में 25 नवम्बर को अपरान्ह 12.30 बजे से जूपिटर हाल, इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमतीनगर, लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मेगा बैंक क्रेडिट लिंकेज, मेगा ऋण वितरण कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस कैम्प में 01 दर्जन से अधिक जिलों से स्वयं सहायता समूहों की लगभग डेढ़ हजार महिलाएं व विभिन्न बैंकों के उच्च स्तरीय अधिकारी प्रतिभाग करेंगे।

# प्रदेश में कांग्रेस सरकार आई तो हम पुरानी पेंशन योजना लागू करेंगे: अजय राय

- पुरानी पेंशन सेवानिवृति के बाद जीवन जीने के लिए सम्मानजनक आधार था

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश के सभी सरकारी कर्मचारियों व शिक्षकों के नाम संदेश देते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार आई तो हम पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए वचनबद्ध हैं।

अजय राय ने कहा कि जिस तरह कांग्रेस ने राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन योजना लागू की है और जल्द ही कर्नाटक में भी योजना को कार्यरूप दिया जाने वाला है उसी तरह प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर पुरानी पेंशन योजना लागू की जाएगी। श्री राय ने कहा कि पुरानी पेंशन सेवानिवृत्ति के बाद जीवन जीने के लिए सम्मानजनक आधार था। लेकिन केन्द्र की तत्कालीन भाजपा सरकार ने पिछली 1 जनवरी 2004 के बाद से पुरानी पेंशन योजना खत्म कर नई पेंशन योजना लागू कर दी। नई पेंशन योजना के तमहत कार्यरत कर्मचारियों और शिक्षकों की संरक्षित धनराशि पूंजीपतियों के संचालित कोष में निवेशित हो रही है, जिसकी कोई गारण्टी नहीं है। पार्टी प्रवक्ता मनीष हिंदवी ने कहा कि जननेता राहुल गांधी ने केन्द्र में सरकार आने पर पुरानी पेंशन योजना बहाली का वादा किया है। कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि पुरानी पेंशन योजना सेवानिवृत्त कर्मचारी का सामाजिक व पारिवारिक सम्मान अक्षुण्ण बनाए रखती है और हम इसे लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

**लखनऊ।** कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा में आस्था व पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी के जनहित के मुद्दों पर किये जा रहे संघर्षों से प्रेरित होकर समाजवादी पार्टी के किसान नेता लखीमपुर खीरी के नेता हरजिंदर सिंह ने समर्थकों सहित कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने हरजिंदर सिंह के गले में तिरंगा पट्टिका पहनाई और सदस्यता कार्ड देकर विधिवत शामिल कराया। इस मौके पर संगठन सचिव अनिल यादव, प्रवक्ता डॉ. सी.पी. राय, नितान्त सिंह सहित अन्य नेता शामिल थे। हरजिंदर सिंह के साथ कांग्रेस में शामिल होने वालों में अमन पाल सिंह, दया सिंह, गुरुमुख सिंह, लखविन्दर सिंह, गुरमेज सिंह, संजय कुमार एडवोकेट, संतोष कुमार यादव एडवोकेट, दिनेश प्रताप वर्मा एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में समर्थक शामिल थे।

# सहारा श्री के श्राद्ध में शामिल हुईं नामचीन हस्तियां

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सहारा इंडिया परिवार के संस्थापक, प्रणेता, मुख्य अभिभावक और समूह के प्रबंध कार्यकर्ता व चेयरमैन सुब्रात रॉय सहारा के आद्श्राद्ध में हरियाणा के उपमुख्य मंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव, मंत्री जितिन प्रसाद, राकेश सचान, जेपीएस राठौर, बेबी रानी मौर्या, दयांशंकर सिंह, सांसद, प्रमोद तिवारी, जया बच्चन, डा. दिनेश शर्मा, डिम्पल यादव, पूर्व सांसद राज बब्बर, प्रसिद्ध रंगकर्मी नादिरा बब्बर, पूर्व मंत्री डा. महेन्द्र सिंह, अरिवन्द सिंह गोप, अम्बिका सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद,विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह, विधायक नीरज बोरा, पूर्व मुख्य सचिव अतुल गुप्ता, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम, रिटायर्ड आईएएस जयशंकर सिंह, कैप्टन एसके द्विवेदी, पूर्व विधायक राकेश यादव, एमएलसी जासमीर अंसारी, रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे, फिल्म कलाकार शत्रुध्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा, अभिनेता राजपाल यादव, पार्श्व गायिका सपना मुखर्जी आदि सम्मिलित हुए।

## गोकुल पुरस्कार के लिये 55.73 लाख रूपये स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गोकुल पुरस्कार के वितरण हेतु 55.73 लाख रूपये (पचपन लाख तिहत्तर हजार रूपये) की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। गोकुल पुरस्कार के तहत प्रदेश के 75 जनपदों में सहकारी दुग्ध समितियों के माध्यम से दुग्ध संघ को सर्वाधिक दुग्ध आपूर्ति करने वाले दुग्ध उत्पादक सदस्य एवं इन सर्वाधिक दुग्ध आपूर्ति करने वाले दुग्ध उत्पादकों में से प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले दुग्ध उत्पादक को प्रदेश स्तर के पुरस्कार से क्रमशः रू0 2.00 लाख, रू0 1.50 लाख एवं शेष 73 जनपदों के दुग्ध उत्पादक विजेताओं को रू0 51000/- की दर से नगद पुरस्कार एवं पीतल धातु की एक- एक शील्ड प्रदान की जाती है।

# यूनिटी कॉलेज में फाउण्डर्स डे का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रख्यात शिक्षाविद् एवम् पदमभूषण से सम्मानित स्वर्गीय मौलाना डॉ. कल्बे सादिक़ की तीसरी पुण्य तिथि के अवसर पर यूनिटी कॉलेज में शुक्रवार को 'फाउण्डर्स डे' का आयोजन किया गया। मौलाना डॉ. कल्बे सादिक़ की याद में ग़रीब, बेसहारा एवम् अशिक्षित बच्चों को कपड़े और स्टेशनरी देने के साथ-साथ विभिन्न अस्पतालों में जाकर बीमारों का हालचाल पूछा गया और विभिन्न सामग्रियाँ वितरित की गईं। यूनिटी कॉलेज के प्रधानाचार्य फ्रांसिस केस्टीलीनो ने कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी लोगों का हार्दिक अभिनन्दन किया। इस अवसर पर 'शान्ति एवम् एकता के विकास में धर्म का योगदान' विषय पर अत्यन्त गम्भीरता से चर्चा करते हुये सामाजिक सुधार, ग़रीबी, एकता, शिक्षा एवम् शान्ति के क्षेत्रों में डॉ. कल्बे सादिक़ द्वारा किये गये कार्यों को याद करते हुये विभिन्न गणमान्य अतिथियों ने उनके प्रति भावभीनी श्रंद्धाजलि अर्पित की। 'फाउण्डर्स डे' के अवसर पर विभिन्न गणमान्य अतिथि स्वामी मुक्तिनाथानन्द (फाउण्डर विवेकानन्द हास्पिटल एवम् रामकृष्ण मठ, लखनऊ), प्रोफेसर कमालुद्दीन अकबर (सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ इलाहाबाद), रिवरेन्ट फादर फ्रांसिस डेनिस नरेश लोबो (विकार जनरल केथोलिक डाइओसिस ऑफ लखनऊ), जगदीश गाँधी (फाउण्डर सिटी मॉन्टेसरी स्कूल), राजयोगिनी ब्रह्म कुमारी राधा बहन, सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा (प्रबन्धक, नाका गुरूद्वारा, लखनऊ) एवम् मैनेजिंग कमेटी के गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारम्भ कुरान,मद् भगवत् गीता एवम् बाइबिल के पवित्र उच्चारण के साथ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये जिनमे यूनिटी कॉलेज सेकेंड शिफ्ट के बच्चों द्वारा एक्शन साँग उर्दू में स्पीच एवम् ऑफिस सुपरिटेंडेंट शाहिद हुसैन द्वारा रचित नज़्म अत्यन्त मोहक ढंग से प्रस्तुत की गई।

# जया ने आईआरआईटीएम का किया दौरा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय रेलवे की मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा सिन्हा ने भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान आईआरआईटीएम लखनऊ का दौरा किया। संस्थान के महानिदेशक हरि शंकर वर्मा और अतिरिक्त महानिदेशक संजय त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया और उन्हें सेवारत रेलवे अधिकारियों और परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए संस्थान की ओर से संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से अवगत कराया गया। श्रीमती सिन्हा ने वर्तमान में फाउंडेशन कोर्स कर रहे 2022 बैच के भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा आईआरएमएस प्रोबेशनर्स के पहले बैच के साथ बातचीत की। उन्होंने संस्थान में चल रहे सीनियर डीओएम सम्मेलन के प्रतिभागियों को भी संबोधित किया और सभी सीनियर डीओएम को भारतीय रेलवे को भारत के सर्वश्रेष्ठ और सबसे भरोसेमंद ब्रांडों में से एक बनाने के लिए नवीन विचारों के साथ आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। सम्मेलन के प्रतिभागियों ने अपने रेलवे डिवीजनों में की जा रही उत्कृतष्ठय प्रचलनों को साझा किया। ीमती सिन्हा ने संस्थान द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन किया और आईआरएमएस प्रोबेशनर्स और अन्य प्रशिक्षु अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के लिए इन पुस्तकों को तैयार करने और प्रकाशित करने में संस्थान के महानिदेशक हरि शंकर वर्मा के नेतृत्व में टीम आईआरआईटीएम की ओर से की गई मेहनत की सराहना की।

## अब गोमतीनगर स्टेशन पर मिलेगा ज़ायकेदार खाना

**लखनऊ।** अब गोमतीनगर वासियों को पत्रकारपुरम से चंद कदम की दूरी पर पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के गोमतीनगर स्टेशन के प्रथम एंट्री पर रेल कोच रेस्टोरेंट में खानपान का जायका मिलेगा। यह रेस्टोरेंट आधुनिक साज सज्जा से युक्त है जिसमें यात्री एवं स्थानीय जनता रेस्टोरेंट पर 24 घंटे सर्विस में नाश्ता एवं शाकाहारी स्वादिष्ट लजीज व्यंजनों का आनंद उठा सकेंगे। रेल यात्रियों को स्वादिष्ट भारतीय तथा चाइनीज व्यंजनों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए गोमतीनगर स्टेशन परिसर में पुराने रेल कोच को मॉडीफाई कर रेस्टोरेंट के रूप में सुसज्जजित किया गया है। यह एक वातानुकूलित रेस्टोरेंट है। रेल यात्रियों को अनोखेपन का अहसास एवं लजीज व्यंजनों के साथ साथ वाईफाई की भी सुविधा उपलब्ध है। रेल कोच रेस्टोरेंट में एक साथ अधिकतम 70 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। रेल कोच रेस्टोरेंट के सामने ओपेन पार्क एरिया भी प्रदान किया गया है। रेल कोच रेस्टोरेंट का रंगरोगन एवं साज सज्जा रेस्टोरेंट संचालक ने व्यवसायिक दृष्टिकोण से करवाकर इसे आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है।

## रेल प्रबंधक ने पढ़ाई संविधान की प्रस्तावना

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम कार्यालय में मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने शाखा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्र की एकता एवं अखंडता तथा मौलिक कर्तव्यों को सुनिश्चित करने के लिए संविधान की प्रस्तावना पढ़ाई। आदित्य कुमार ने कहा कि हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अंखडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प लेते हैं। संविधान दिवस पर पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के विभिन्न स्टेशनों, कार्यालयों, हेल्थ यूनिटों, कोचिंग डिपों आदि स्थानों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मौलिक कर्तव्यों की सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना पढ़ाई गई।